चैत्र कृष्ण पक्ष एकादशी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 5 अप्रैल 2024
वर्ष -34, अंक -69, पृष्ठ -16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य -5 रुपये

अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

वैज्ञानिकों ने की ब्रह्मांड के दुर्लभ कण की खोज 16

शाहरुख के साथ कभी आईपीएल मैच नहीं देखती हूं 15

हिमाचल समते उत्तर भारत के कई हिस्सों में भूकंप के झटके

शिमला/चंडीगढ़, एजेंसी

हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले में गुरुवार को 5.3 तीव्रता का भूकंप आया और उत्तर भारत के कई हिस्सों में इसके झटके महसूस किये गये। अतिरिक्त मुख्य सचिव (राजस्व एवं आपदा) ओंकार शर्मा ने बताया कि भूकंप के केंद्र पांगी के नजदीकी गांवों में संचार नेटवर्क प्रभावित हुआ है और क्षेत्र में कई टीम भेजी गई हैं।

उन्होंने कहा कि हालांकि, किसी तरह के जान-माल के नुकसान की कोई सूचना नहीं है। शर्मा के अनुसार, भूकंप के झटके चंबा के इलाकों में काफी देर तक महसूस किए गए, खासकर भूकंप के केंद्र पांगी के नजदीकी इलाकों में। शिमला में मौसम विभाग के अधिकारियों ने कहा कि भूकंप चंबा जिले में 10 किलोमीटर की गहराई में आया। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने बताया कि भूकंप का झटका रात नौ बजकर 34 मिनट पर महसूस किया गया। उसने कहा कि चंडीगढ़ के साथ ही पंजाब और हरियाणा के विभिन्न हिस्सों में भी भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए।

चंडीगढ़ निवासी संजय कुमार ने कहा, मुझे कुछ सेकंड तक भूकंप का तेज झटका महसूस हुआ।

जल बोर्ड धनशोधन मामला

ईडी आरोपियों को दे आरोप पत्र की प्रति

नयी दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने दिल्ली जल बोर्ड के ठेके देने में कथित अनियमितताओं से संबंधित धनशोधन मामले में आरोपियों को आरोप पत्र की एक प्रति प्रदान करने का प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को गुरुवार को निर्देश दिया। सुनवाई के दौरान दो आरोपियों बोर्ड के पूर्व मुख्य अभियंता जगदीश अरोड़ा और ठेकेदार अनिल अग्रवाल को बुधवार को पारित अदालत के आदेशों के अनुसार, जेल अधिकारियों द्वारा अदालत के समक्ष पेश किया गया। बुधवार को आरोप पत्र पर संज्ञान लेते हुए अदालत द्वारा जारी किए गए समन के अनुपालन में, एक अन्य आरोपी तेजिंदर सिंह भी अदालत के सामने पेश हुए।

तीनों आईएसआई के सहयोग से हिज्बउल मुजाहिद्दीन के कैंप में ट्रेनिंग ले चुके हैं

नेपाल सीमा से भारत में प्रवेश कर रहे तीन आतंकवादी गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: एटीएस ने बुधवार को नेपाल सीमा से भारत में प्रवेश कर रहे एक काश्मीरी सहित तीन आतंकियों को गिरफ्तार किया है। एटीएस के मुताबिक तीनों प्रशिक्षण लेकर भारत में बड़ी घटना को अंजाम देने के उद्देश्य से घुस रहे थे। एटीएस की फील्ड इकाई गोरखपुर को आतंकियों को सीमा के तटवर्ती गांव शेख फरेंदा होते हुए भारत में प्रवेश करने की सूचना थी। सर्विलांस से सूचना देकर टीम ने तीनों को सोनौली सीमा पर गिरफ्तार कर लिया।

मो. अल्ताफ भट | सैय्यद गजनफर | नासिर अली

- एटीएस के मुताबिक, तीनों प्रशिक्षण लेकर भारत में बड़ी घटना को अंजाम देने के उद्देश्य से घुस रहे थे

गिरफ्तार आतंकियों में मोहम्मद अल्ताफ भट पुत्र खिजर मोहम्मद भट पाकिस्तान के रावलपिंडी, दूसरा सैयद गजनफर पुत्र सैयद मोहम्मद सैयद भी इस्लामाबाद का है। तीसरा नासिर अली पुत्र गुलाम अहमद अली श्रीनगर का निवासी है। पूछताछ में पता चला कि तीनों को भारत पहुंचने के बाद बड़ी घटना को अंजाम देने वाले थे। भारत में इनको कौन टारगेट दे रहा था? किससे मिलने का निर्देश था? इसके जवाब एटीएस खंगाल रही है। एटीएस ने तीनों के खिलाफ लखनऊ एटीएस थाने में रिपोर्ट दर्ज कर न्यायालय में पेश कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

दो पाकिस्तानी समेत 3 आतंकियों की रिमांड मंजूर

लखनऊ। भारत में गुप्त रास्ते से प्रवेश कर आतंकी घटनाओं को अंजाम देने के प्रयास के आरोपियों को एटीएस प्रभारी न्यायाधीश पुष्कर उपाध्याय ने छह दिन के लिए पुलिस कस्टडी में दिए जाने का आदेश दिया है। कोर्ट ने कहा है कि पुलिस रिमांड अवधि 5 अप्रैल को प्रात: 10 बजे से 10 अप्रैल को शाम 6 बजे तक प्रभावी होगी। विशेष लोक अभिलेख नागेंद्र गोस्वामी एवं एमके सिंह ने अदालत को बताया कि दोनों पाकिस्तानी नागरिकों को कश्मीर के नासिर अली के साथ शेख फरेंदा गांव के चौराहे से पकड़ा गया, जहां से नासिर उन्हें कश्मीर ले जाता। दोनों पाकिस्तानियों ने फर्जी आधार कार्ड बनवाया था तथा उनका उद्देश्य आतंकी घटनाओं को अंजाम देना था। पाकिस्तानी व भारतीय पासपोर्ट व पाकिस्तानी पहचान पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस फ्लाइट की टिकट तथा नेपाल, बांग्लादेश, भारत एवं अमेरिका की करेंसी भी मिली थी। आरोपियों को रिमांड पर लेकर उनसे गुप्त रास्ते की जानकारी, आईएसआई एवं हिजबुल मुजाहिदीन के बारे में पूछताछ, मोबाइल डाटा बरामद करना, बैंक खातों के बारे में भी जानकारी करना है। इस मामले में एटीएस निरीक्षक विजय प्रताप सिंह ने एटीएस के थाना गोमती नगर में दर्ज कराई है।

एक नजर

सोनिया और वैष्णव सहित 14 सांसदों ने ली शपथ

नई दिल्ली। कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव समेत 14 सांसदों ने गुरुवार को राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ ली। उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने नए संसद भवन में उन्हें शपथ दिलाई। सोनिया गांधी ने राजस्थान से उच्च सदन के सदस्य के रूप में जबकि वैष्णव ने ओडिशा से राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ ली। कर्नाटक से कांग्रेस नेता अजय माकन और सैयद नासिर हुसैन, यूपी से भाजपा नेता आरपीएन सिंह और प. बंगाल से भाजपा के समिक भट्टाचार्य उन 14 नेताओं में शामिल हैं।

पूर्वोत्तर भारत में सात अप्रैल तक बारिश के आसार

नई दिल्ली। देश के पूर्वोत्तर हिस्सों में सात अप्रैल तक गरज के साथ बारिश के आसार हैं। भारतीय मौसम विज्ञान केंद्र (आईएमडी) ने गुरुवार को यह जानकारी दी।अरुणाचल में चार से सात अप्रैल तक बारिश और बर्फबारी के आसार हैं। असम और मेघालय में पांच अप्रैल को भारी बारिश का अनुमान है। मौसम विभाग के अनुसार, अरुणाचल में छिटपुट गरज और बिजली के साथ मध्यम वर्षा का अनुमान है।असम, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में अगले सात दिनों में हल्की से मध्यम वर्षा के आसार हैं।

प्रदेश में मानक पर खरे उतरने वाले मदरसे कर सकेंगे संचालन

छात्रों के समायोजन एवं अन्य अर्हताओं के लिए 5 सदस्यीय कमेटी बनाने के निर्देश

जीशान कदीर, लखनऊ

अमृत विचार : मदरसों से जुड़े छात्रों के लिए खबर राहत भरी है, इनके लिए जल्द ही नए विद्यालय स्थापित किये जाएंगे। जनपद स्तर पर नए विद्यालयों की स्थापना के साथ प्रवेश के लिए सीटों का भी निर्धारण किया जाएगा। सीटें बढ़ाकर छात्र-छात्राओं को समायोजित किये जाने के निर्देश दिये गए हैं। इसके अलावा सबसे मुख्य बात ये है कि उप्र में जो मदरसे यूपी बोर्ड या अन्य बोर्ड से मान्यता प्राप्त करने के लिए मानक पूरे कर रहे हैं, वे मान्यता लेकर मदरसों का संचालन कर सकते हैं। इसको लेकर मुख्य सचिव की ओर से आदेश जारी किये गए हैं। प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे पांच सदस्यीय समिति बनाकर उन छात्रों का विद्यालयों में समायोजन करें, जो मानकों से इतर मदरसों में अध्ययनरत रहे हैं।

- मुख्य सचिव ने दिए सभी जिलाधिकारियों को आदेश
- इन मदरसों के छात्रों को बेसिक माध्यमिक में प्रवेश दिलाया जाए

मासिक बैठक के सहारे तय होगा खाका

मदरसे के छात्रों को समायोजित कर जिलावार बैठकें होंगी। जिलाधिकारी मासिक बैठकों के सहारे छात्रों के भविष्य निर्धारण का खाका तैयार करेंगे। इसकी समीक्षा अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ विभाग, बेसिक शिक्षा और माध्यमिक शिक्षा विभाग करेगा।

मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र की ओर से अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव बेसिक व माध्यमिक शिक्षा विभाग, निदेशक अल्पसंख्यक कल्याण और जिलाधिकारियों को आदेश जारी किये गए हैं। उच्च न्यायालय के आदेशों का हवाला देते हुए कहा गया है कि प्रदेश के जो मदरसे, विभिन्न मानकों के आधार पर यूपी बोर्ड/ सीबीएसई बोर्ड/आईसीएसई बोर्ड आदि से मान्यता प्राप्त करने के लिए अर्ह हैं। ऐसे मदरसे बोर्ड से मान्यता प्राप्त करके प्राथमिक व माध्यमिक विद्यालयों का संचालन कर सकते हैं। जो इससे इतर हैं, उनका संचालन स्वतः समाप्त हो जाएगा। इन मदरसों में पढ़ने वाले छात्रों को बेसिक, माध्यमिक में प्रवेश दिलाया जाए। इसको लेकर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय समिति भी बनाई जाए। इसमें मुख्य विकास अधिकारी के अलावा जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी और जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारियों को शामिल किया जाना है।

> मान्यता प्राप्त मदरसों के संचालन को लेकर मुख्य सचिव की ओर से आदेश जारी किये गए हैं। जिसमें उन्होंने कहा कि जो मदरसे जो यूपी बोर्ड, सीबीएसई बोर्ड अथवा आईसीएसई बोर्ड की मानकता को पूरा करते हैं। वे उन बोर्डों से अनुमति अनुमति प्राप्त करके मदरसों का संचालन कर सकते हैं। दिये गए आदेशों में मदरसा शिक्षा परिषद के पूर्व छात्र और छात्राओं की प्रवेश प्रक्रिया भी सुनिश्चित की जानी तय की गई है।
> – **डॉ. प्रियंका अवस्थी**, रजिस्ट्रार, उप्र मदरसा बोर्ड

स्वामी प्रसाद व संघमित्रा समेत 5 के खिलाफ गैर जमानती वारंट

लखनऊ, विधि संवाददाता

अमृत विचार : बिना तलाक़ दिए दूसरी शादी की कथित आरोपी सांसद संघमित्रा व मारपीट, गाली-गलौज, जानमाल की धमकी व साज़िश रचने के आरोपी पूर्व सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्या, नीरज तिवारी, सूर्यप्रकाश शुक्ला उर्फ़ चिंटू तथा रितिक सिंह कोर्ट में हाज़िर नहीं हो रहे थे। इसे गंभीर मानते हुए एमपी-एमएलए कोर्ट के विशेष एसीजेएम अम्बरीश श्रीवास्तव ने सभी के विरुद्ध गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। मामले की अगली सुनवाई के लिए 16 अप्रैल की तारीख़ तय की गई है।

अदालत द्वारा आरोपियों के विरुद्ध भेजे गए सभी जमानती वारंट आदेश के पीछे पुलिस द्वारा चस्पा किया गया था कि वारंट की तामीला के लिए आरोपी के घर जब जाया गया तो वह नहीं मिले। अदालत ने कहा है कि जमानती वारंट की तामीला रिपोर्ट से ऐसा प्रतीत होता है कि अभियुक्तगण वारंट की तामीला से बच रहे हैं। अदालत ने सभी आरोपियों की उपस्थिति के लिए उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी करने का आदेश दिया है । पत्रावली के अनुसार यह मामला सुशांत गोल्फ सिटी के रहने वाले वादी दीपक कुमार स्वर्णकार ने अदालत में संघमित्रा, स्वामी प्रसाद मौर्या, उत्कृष्ट मौर्या, शिवा मौर्या,नीरज तिवारी, सूर्यप्रकाश शुक्ला एवं रितिक सिंह के ख़िलाफ़ दाखिल किया है।

- संघमित्रा पर तलाक बिना दूसरी शादी का मामला
- मारपीट, धमकी व साज़िश के आरोपी नहीं हुए थे हाज़िर

सातवें दोषी को भी मिली उम्र कैद

राजूपाल हत्याकांड

लखनऊ। प्रयागराज के चर्चित पूर्व बसपा विधायक राजूपाल हत्याकांड के सातवें एवं अंतिम आरोपी इसरार अहमद ने सीबीआई की विशेष न्यायाधीश कविता मिश्रा ने उम्र कैद की सजा के साथ एक लाख नब्बे हजार के जुर्माने की सजा सुनाई है। 29 मार्च को अदालत ने आबिद, जावेद, रंजीत पाल, अब्दुल कवि, गुल हसन एवं फरहान को सजा सुनाई थी जबकि दोषी इसरार के मौजूद न होने पर अदालत ने हाजिरी माफी अर्जी को खारिज करते हुए गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। सोमवार को इसरार अपने अधिवक्ता के माध्यम से अदालत में आत्म समर्पण किया था जिसे अभिरक्षा में लेने के बाद अदालत ने सजा के प्रश्न पर सुनने को 4 अप्रैल के लिए तलब किया था। सजा के प्रश्न पर सुनवाई के समय विशेष लोक अभियोजक दीप नारायण एवं वादिनी पूजा पाल के अधिवक्ता प्रांशु अग्रवाल तथा मिथिलेश चौधरी ने अदालत को बताया कि अभियुक्त ने अन्य अभियुक्तों के साथ मिलकर क्रूरतम रूप से घटना को अंजाम देकर अंधाधुंध गोलियां चलाते हुए विधायक राजू पाल एवं दो अन्य की हत्या कर दी थी तथा तीन लोगों को घायल कर दिया था। अदालती पत्रावली के अनुसार 25 जनवरी 2005 को इलाहाबाद पश्चिम से बसपा विधायक राजू पाल की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस गोलाबारी में देवीपाल एवं संदीप यादव की भी मौत हो गई थी तथा दो लोग गंभीर रूप से घायल हुए थे। इस घटना की रिपोर्ट राजू पाल की पत्नी पूजा पाल ने थाना धूमनगंज में दर्ज कराई थी जिसमें अतीक अहमद उसके भाई अशरफ उर्फ खालिद आदिम को भी नामजद किया गया था।

इरफान का टूटा सब्र, बोले- जानवर, जानवर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार : सीसामऊ से सपा विधायक इरफान सोलंकी के खिलाफ गुरुवार को आगजनी मामले में कोर्ट का फैसला पांचवीं बार टल गया। एमपीएमएलए सेशन कोर्ट ने कुछ बिंदुओं पर स्पष्टीकरण के लिए अगली तिथि 6 अप्रैल निर्धारित की। पुलिस महाराजगंज जेल से सपा विधायक को लाई लेकिन उससे पूर्व करीब तीन घंटे तक उन्हें पुलिस लाइन में रखा गया। इस पर इरफान खासे नाराज नजर आए और मीडिया के सामने खुद की ओर इशारा करते हुए पांच बार जानवर, जानवर, जानवर कहा।

जाजमऊ डिफेंस कॉलोनी निवासी नजीर फातिमा की झोपड़ी जलाने के मामले में चार बार के सपा विधायक इरफान सोलंकी, उनके भाई रिजवान, शौकत पहलवान, इजरायल आटेवाला, मो. शरीफ समेत अन्य आरोपियों को एमपीएमएलए सेशन न्यायाधीश सत्येंद्र नाथ त्रिपाठी की कोर्ट में पेश किया गया। गुरुवार को कोर्ट का फैसला आना था जो टल गया। इससे पहले 14 मार्च, 19, 22, 28 मार्च को भी फैसला टाल दिया गया था। बचाव पक्ष के अधिवक्ता सईद नकवी ने बताया कि कुछ बिंदुओं पर स्पष्टीकरण न होने के कारण कोर्ट ने सुनवाई की अगली तिथि छह अप्रैल निर्धारित की है। बता दें कि शहर में इरफान सोलंकी के खिलाफ कुल 18 केस दर्ज हैं। वे 2007 में आर्यनगर और 2012, 17, 2022 में सीसामऊ से सपा के विधायक हैं।

- पेशी पर आए सपा विधायक में पुलिस के खिलाफ दिखी नाराजगी
- तीन घंटे तक पुलिस लाइन में रखा गया तो भड़के इरफान
- आगजनी के मुकदमे में कोर्ट का फैसला पांचवीं बार टला

सहायक आयुक्त समेत आठ पर गिरी गाज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर कस्टम की गिरफ्त से भागे 29 तस्करों को लेकर सीसीटीवी खंगाले जा रहे हैं। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर ही कार्रवाई करते हुए डीआरआई (डायरेक्ट्रेट ऑफ रेवन्यू इंटेलीजेंस) ने सहायक आयुक्त कस्टम एके सिंह समेत आठ को हटा दिया है और नए अधिकारी तैनात कर दिए हैं।

बता दें कि बुधवार को मामले का खुलासा तब हुआ जब कस्टम की टीम ने थाना सरोजनीनगर में तस्करों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। कस्टम के मुताबिक शारजाह से लखनऊ पहुंची फ्लाइट से कुल 35 लोगों को तस्करी के संदेह में पकड़ा गया था। उनसे पूछताछ की जा रही थी कि तभी एक तस्कर बेहोश हो गया। इस दौरान दूसरे तस्करों ने हंगामा करते हुए नारेबाजी की। इस बीच कस्टम अफसर उसके इलाज में लग गए। जबकि तस्कर ठीक था और तस्कर दोबारा बेहोश हो गया। मौके का फायदा उठाते हुए 29 तस्कर भाग निकले। फरार हुए लोगों को अब कस्टम की टीम गिरोह मानकर जांच करेगी और उनके खिलाफ कार्रवाई करेगी। सूत्रों के अनुसार जो तस्कर फरार हुए हैं उनके पासपोर्ट कस्टम के पास ही हैं। ऐसे में उन्हें आसानी से पकड़ा जा सकेगा। उसी के आधार पर उनकी तलाश की जा रही है। वहीं उनके छह साथियों के पासपोर्ट भी कस्टम के कब्जे में हैं। सभी के पासपोर्ट निरस्त करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। सूत्रों की मानें तो पकड़े गए छह लोगों से कस्टम के अधिकारियों ने कड़ाई से पूछताछ की। पूछताछ में एक तस्कर ने बताया कि उसके पेट में तस्करी कर लाया गया 50 ग्राम सोना है, जिसे कस्टम ने बरामद किया है। यह सोना साढ़े तीन लाख रुपये से अधिक का है। जबकि इसी मामले में कस्टम की टीम तीन करोड़ रुपये से अधिक की सिगरेट बरामद कर चुकी है।

तस्करों के भागने का मामला

- बुधवार की देर रात ही डीआरआई ने तैनात कर दिए थे नए अधिकारी

केजरीवाल को सीएम पद से हटाने की दूसरी याचिका रद

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली हाईकोर्ट ने आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में ईडी द्वारा अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद उन्हें मुख्यमंत्री पद से हटाने का अनुरोध करने वाली जनहित याचिका पर सुनवाई से गुरुवार को इनकार कर दिया। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत पीएस अरोड़ा ने कहा, कई बार राष्ट्रीय हित को निजी हित से ऊपर रखना पड़ता है, लेकिन यह उनका व्यक्तिगत फैसला है। हमें अदालत के तौर पर कानून के अनुसार चलना होगा। आपका समाधान यहां नहीं, कहीं और है। आप सक्षम प्राधिकरण के पास जाइए। पीठ ने कहा कि उसने हाल में ऐसी ही जनहित याचिका खारिज की थी, जिसमें केजरीवाल को मुख्यमंत्री पद से हटाने का अनुरोध किया गया था और इसलिए वह कोई अलग रुख नहीं अपना सकती है। याचिकाकर्ता विष्णु गुप्ता के वकील ने कहा कि अदालत ने इस मामले में हस्तक्षेप से इनकार किया है तो उन्हें याचिका वापस लेने का निर्देश दिया गया है और वह उपराज्यपाल के समक्ष अपनी अर्जी लेकर जाएंगे।

- आपका समाधान यहां नहीं, आप सक्षम प्राधिकरण के पास जाएं

2024-25 के सत्र से 50 प्रतिशत रहेंगे दक्षता-आधारित प्रश्न

सीबीएसई ने बदला 11वीं 12वीं का एग्जाम फॉर्मेट

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने 2024-25 के शैक्षणिक सत्र से 11वीं और 12वीं की परीक्षा के प्रारूप में बदलाव करने की घोषणा की है। अधिकारियों का कहना है कि शैक्षणिक सत्र 2024-25 से 11वीं और 12वीं कक्षा की परीक्षाओं में दक्षता यानी कॉन्सेप्ट आधारित प्रश्न ज्यादा से ज्यादा शामिल किए जाएंगे। सीबीएसई अब अपना ध्यान पारंपरिक दीर्घकालिक प्रश्नों से हटाकर कॉन्सेप्ट वाले प्रश्नों पर केंद्रित करेगा। इसका मकसद यह पता लगाना है कि छात्र वास्तविक जीवन में पढ़े हुए अवधारणा (कॉन्सेप्ट) को कितना समझ पा रहा है।

- दीर्घ उत्तर सहित अन्य प्रश्न दस प्रतिशत घटकर रहेंगे 30 प्रतिशत

सीबीएसई के अधिकारियों के अनुसार बहु विकल्प प्रश्न (एमसीक्यू), मामले-आधारित प्रश्न, स्रोत-आधारित एकीकृत प्रश्न या अन्य प्रकार के दक्षता-आधारित प्रश्नों का प्रतिशत 40 से बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर दिया गया है जबकि लघु और दीर्घ उत्तर सहित अन्य प्रश्नों का प्रतिशत 40 से घटाकर 30 प्रतिशत कर दिया गया है। सीबीएसई (अकादमिक) के निदेशक जोसेफ इमैनुअल ने कहा, राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 के अनुसार बोर्ड ने स्कूलों में दक्षता आधारित शिक्षा के कार्यान्वयन की दिशा में कई कदम उठाए हैं, जिसमें दक्षता के आधार पर मूल्यांकन और शिक्षकों तथा छात्रों के लिए अनुकरणीय संसाधनों का विकास शामिल है। उन्होंने कहा, बोर्ड एक ऐसा शैक्षिक पारिस्थितिकी तंत्र बनाने पर मुख्य रूप से ध्यान केंद्रित कर रहा है, जिसका उद्देश्य रटने के विपरीत सीखने पर जोर देते हुए छात्रों की रचनात्मक सोच क्षमताओं को विकसित करना है ताकि वे 21वीं सदी की चुनौतियों से निपट सकें। इमैनुअल ने कहा कि बोर्ड शैक्षणिक सत्र 2024-2025 के लिए मूल्यांकन अभ्यास को एनईपी-2020 के साथ संरेखित करने के मद्देनजर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि 9वीं और 10वीं की कक्षाओं के परीक्षा प्रारूप में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

दोषसिद्धि दर को लेकर बंगाल सरकार ने कोर्ट में उठाए सवाल

कोलकाता। प. बंगाल सरकार ने राज्य में केंद्रीय एजेंसियों द्वारा जांच किए जा रहे मामलों में दोषसिद्धि की दर को लेकर गुरुवार को सवाल उठाया, जबकि ईडी ने राज्य सरकार पर जांच आगे बढ़ाने में सहयोग न करने का आरोप लगाया। उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखालि में महिलाओं का कथित यौन उत्पीड़न और जमीन हड़पने की जांच स्थानांतरित करने संबंधी अनुरोध का विरोध करते हुए, राज्य के महाधिवक्ता किशोर दत्ता ने मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवज्ञानम की खंडपीठ के समक्ष दावा किया कि केंद्रीय एजेंसियों ने भरोसा खो दिया है।

संस्कृति | लगभग 300 साल पहले कलाबाजी करते समय नट की हो गई थी मौत, उनके साथ जिंदा दफन हुई थी पत्नी

परंपरा के लिए दफन किए जाते हैं हिंदुओं के शव

ऋषिदेव गंगवार/हिमांशु उपाध्याय, बिसौली (बदायूं)

अमृत विचार : तेजी से बदलते दौर में लोग अपनी परंपराओं और संस्कृति को भूलते जा रहे हैं वहीं कुछ ऐसे लोग भी हैं जिन्होंने अपनी सामाजिक मान्यताओं और संस्कृति को जिंदा रखा है। हिंदू होने के बावजूद भुगोलिया नट जाति के लोग शवों का दाह संस्कार करने के बजाय दफनाते हैं। ऐसा वे अपनी पंरपरा को जिंदा रखने के लिए करते हैं। ये लोग अपने पूर्वजों की समाधियों पर नियमित पूजा भी करते हैं।

राजस्थान के भूगोलिया नट उत्तर प्रदेश के गोरखपुर, बरेली, रामपुर, बदायूं समेत कई जिलों में डेरा डालकर रहते हैं। कलाबाजी के करतब दिखाना इनका पुश्तैनी पेशा है। कभी राजाओं, नवाबों ने इनकी कलाकारी देखकर जागीरें बख्शीश में दे डालीं जिसके चलते भुगोलिया नटों के पूर्वज कई गांवों के जमीदार भी रहे हैं। धीरे-धीरे जमींदारी चली गई। अब इन लोगों ने कलाबाजी करना बंद कर दिया है। ज्यादातर लोग मजदूरी करके परिवार का पालन पोषण करते हैं। हिंदू होने के बाद भी वे शवों को दफनाते हैं।

- नट और उनकी पत्नी की याद में गांव के पास बनवाया सती मंदिर

सती मंदिर में स्थापित पति को गोद में लेकर बैठी महिला की मूर्ति।

पति के साथ जिंदा दफन हुई थी, तभी बना सती मंदिर

भुगोलिया नटों के अनुसार शवों को दफनाने का रिवाज तकरीबन 300 साल पुराना है। बुजुर्गों ने बताया कि लगभग 300 साल पहले कलाबाजों को बहुत सम्मान की नजर से देखा जाता था। उनके पूर्वजों ने गांव में डेरा डाला था। उस समय बिसौली की रियासत पर नवाब दूदे खां की हुकूमत थी। एक कलाबाज नट की रस्सी से गिरकर मौत हो गई। उसकी पत्नी ने नवाब के समक्ष पति के साथ जीवित दफन होने की इच्छा जताई। महिला को समझाया गया लेकिन वह जिद पर अड़ी रही। आखिरकार नवाब को महिला को पति के साथ दफन करने की इजाजत देखी पड़ी। महिला को उसके पति के साथ जिंदा दफना दिया गया। महिला व उसके पति की याद में करौली में सती मंदिर बनवाया गया। इस मंदिर में पति के शव को गोद में रखे महिला की मूर्ति है। भुगोलिया नट हर त्यौहार पर मंदिर में पूजा करते हैं। इसीलिए देश भर में भुगोलिया नटों में शवों को दफनाने की परंपरा कायम है।

एक नजर

यूपीएसएलडीसी ने जारी किये रोस्टर आदेश

अमृत विचार ,लखनऊ : यूपीएसएलडीसी ने गर्मी को देखते हुए कई जिलो में बिजली कटौती के रोस्टर आदेश जारी किये है। इस रोस्टर आदेश में राजधानी की बिजली सप्लाई भी शामिल है। अर्बन क्षेत्रों की रोस्टर में यहां दो घंटे तक बिजली की सप्लाई को आवश्यक होने पर बंद किया जायेगा।

कैंसर इंस्टीट्यूट की परीक्षा तिथियों में बदलाव

अमृत विचार, लखनऊ : चकगंजरिया फार्म समीप स्थित कल्याण सिंह कैंसर इंस्टीट्यूट में विभिन्न पदों के लिए संचालित नियुक्ति प्रक्रिया में बदलाव किया गया है। चुनाव आचार संहिता के चलते 25, 26 और 27 अप्रैल 2024 को प्रस्तावित परीक्षाएं, 27,28,29 और 30 अप्रैल 2024 को आयोजित की जायेंगी।

नंबर बढ़ाने के प्रलोभन से बचें विद्यार्थी व अभिभावक

यूपी बोर्ड परीक्षा परिणाम को लेकर अलर्ट जारी, परीक्षाफल आने के पहले बिचौलिये सक्रिय

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

अमृत विचार: माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से बोर्ड परीक्षा 10वीं व 12वीं का परिणाम जारी करने के तैयारी चल रही है। इसी बीच बिचौलिए भी सक्रिय हैं। बिचौलियों व दलालों को लेकर आये दिन माध्यमिक शिक्षा परिषद के अधिकारियों को शिकायतें मिल रही हैं। शिकायत यह भी कि दलालों की ओर से अभिभावकों को उनके बच्चे के नंबर बढ़वाने का प्रलोभन दिया जा रहा है। शिकायतों का संज्ञान लेते हुए माध्यमिक शिक्षा परिषद सचिव दिव्यकांत शुक्ला ने पत्र जारी का सभी को अलर्ट किया है।

▸▸ ठगों के खिलाफ दर्ज कराई गई थी प्राथमिकी

सचिव ने कहा कि वर्ष 2024 की हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा में शामिल हुए छात्र-छात्राओं के अंक बढ़ाने तथा उन्हें फेल से पास कराने का प्रलोभन देकर कुछ साइबर ठगों द्वारा परीक्षार्थियों एवं उनके अभिभावकों से धन की मांग कर उन्हें ठगने का प्रयास किया जा रहा है। बीते वर्षों में भी ऐसी घटनाओं के प्रति जनसामान्य को सचेत करते हुए इस प्रकार की ठगी का प्रयास करने वाले साइबर ठगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी। सचिव ने कहा कि सभी परीक्षार्थियों एवं उनके अभिभावकों को इस बात का ध्यान रखना होगा कि बोर्ड में नंबर बढ़ाने को कोई भी जुगाड़ नहीं चलता है। ऐसा में यदि कोई दलाल उनसे नंबर बढ़वाने के लिए संपर्क करता है तो इसकी सूचना तत्काल अपने जिले के डीआईओएस कार्यालय में दर्ज करायें साथ ही संबंधित थाने की पुलिस को भी इसकी सूचना दी जाये।

डीआईओएस भी दर्ज करायें एफआईआर

सचिव दिव्यकांत शुक्ला ने कहा कि यदि कोई अभिभावक इस संबंध में डीआईओएस कार्यालय में शिकायत लेकर आता है तो जिला विद्यालय निरीक्षकों को एफआईआर करानी होगी।

इन बातों का रखें ध्यान

- बोर्ड की ओर से कभी किसी बच्चे के घर पर फोन नहीं किया जाता।
- यदि फोन पर कोई संपर्क करे तो उसकी शिकायत करें।
- इसके अलावा आस-पास सक्रिय दलाल के झांसे में न आये।
- यदि कोई कोचिंग संचालक प्रलोभन देता है तो भी करें शिकायत।

बुलंदशहर में गंगा नदी पर पुल बनाने वाली कंपनी पर लगा प्रतिबंध

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: बुलंदशहर में गंगा नदी पर निर्माणाधीन पुल के बीम गिरने के मामले में शासन ने कार्रवाई करते हुए निर्माण कार्य करने वाली कंपनी को तीन साल के लिए बैन किया गया है। साथ ही ठेकेदार के खिलाफ एफआईआर के निर्देश दिए गए हैं।

बुलंदशहर से अमरोहा को जोड़ने के लिए नरसेना क्षेत्र के गांव गजरौला में गंगा नदी पर वर्ष 2021 से 83.18 करोड़ की लागत से 1062.65 मीटर लंबे पक्के पुल का निर्माण कार्य हो रहा है। 29 मार्च की रात अचानक पुल के 34 वें पिलर पर डाले गए तीन बीम गिर कर टूट गए थे। इसके बाद कंपनी के ठेकेदार ने घटना को छिपाने के लिए जेसीबी से गड्ढा खोदकर बीम को बालू में दबाने का भी प्रयास किया। मामले में मुख्यमंत्री के निर्देश पर शासन से तीन सदस्यीय जांच टीम भेजी गई। लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता एके अग्रवाल, सेतु निगम के प्रबंध निदेशक धर्मवीर सिंह और लोक निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता सदन लाल गुप्ता ने शासन को रिपोर्ट सौंपी है। प्राथमिक जांच रिपोर्ट के आधार पर शासन की ओर से पुल निर्माण कर रही कंपनी मैसर्स एडिकोन कंक्रीट एलएलपी को तीन साल के लिए निविदा प्रक्रिया में भाग लेने से रोकते हुए काली सूची में डाल दिया गया है। साथ ही ठेकेदार के खिलाफ एफआईआर के निर्देश दिए हैं।

▸▸ शासन से गई जांच टीम की रिपोर्ट पर हुई कार्रवाई एफआईआर का आदेश

जांच रिपोर्ट में नियमों की अनदेखी करते हुए पुल निर्माण की बात कही गई है। इस संबंध में सेतुनिगम के प्रबंध निदेशक धर्मवीर सिंह ने बताया कि एडिकोन कंपनी को तीन साल के लिए बैन किया है और लापरवाही पर एफआईआर भी कराई जा रही है।

अयोध्या, काशी के बाद अब वृंदावन पर नजर

सांसद प्रत्याशी हेमा मालिनी के लिए योगी ने किया प्रचार, गिनाईं उपलब्धियां

▸▸ योगी आदित्यनाथ ने मथुरा में विजय संकल्प नामांकन सभा को किया संबोधित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

मथुरा में विजय संकल्प नामांकन सभा के दौरान मुख्यमंत्री योगी व भाजपा प्रत्याशी हेमा मालिनी। अमृत विचार

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अयोध्या और काशी के बाद अब मथुरा और वृंदावन पर सरकार का पूरा फोकस है। उन्होंने कहा कि मथुरा-वृंदावन में विकास की गति को और तेज किया जाएगा। उन्होंने न्यायालयों में चल रहे मामलों में भी जीत मिलने की उम्मीद जताई। साथ ही कांग्रेस और इंडी गठबंधन के लोगों को चेतावनी भी दी कि मातृ शक्ति का अपमान करने वालों को पूरा देश सबक सिखाने के लिए तैयार है।

मुख्यमंत्री गुरुवार को मथुरा के सेठ बीएन पोद्दार इण्टर कॉलेज मैदान में आयोजित विजय संकल्प नामांकन सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने वर्तमान सांसद और भाजपा की ओर से लोकसभा प्रत्याशी हेमा मालिनी के पक्ष में प्रचार किया। योगी ने इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 10 साल के कार्यकाल की उपलब्धियां भी गिनाईं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें व्यक्तिगत रूप से कोई पसंद हो न हो, मगर हम कला, संस्कृति और जाति को टार्गेट नहीं कर सकते। अगर कोई ऐसा कर रहा है तो वो अपने लिए खुद गड्ढा खोद रहा है। इस मौके पर मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, चौधरी लक्ष्मी नारायण, राज्यसभा सांसद चौधरी तेजवीर सिंह, पार्टी जिलाध्यक्ष निर्भय पांडेयसमेत अन्य नेता, कार्यकर्ता मौजूद रहे।

चुनाव और युद्ध को आसान नहीं समझना चाहिए

अमृत विचार, लखनऊ : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को गोरखपुर पहुंचे। यहां उन्होंने गोरखपुर, बांसगांव व संतकबीरनगर लोकसभा के लिए भाजपा की चुनाव संचालन समितियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक में चुनाव जीतने का मंत्र दिया। यहां मुख्यमंत्री ने कहा कि लगातार तीसरी बार मोदी सरकार बनेगी, इसमें तनिक भी संदेह नहीं है। पर, चुनाव और युद्ध को कभी आसान नहीं समझना चाहिए। इसलिए हमें अति आत्मविश्वास से बचते हुए कार्य करना होगा। गोकुल अतिथि भवन में आयोजित बैठक में योगी आदित्यनाथ ने चुनाव संचालन समिति के जिम्मेदारों से कहा कि इस समय पूरे देश में भाजपा के पक्ष में जबरदस्त माहौल है। लोकसभा चुनाव का परिणाम भी इसी के अनुरूप आएगा। जरूरत बूथ स्तर तक सक्रियता, तत्परता और सजगता की है। बूथ जितना मजबूत होगा, परिणाम भी उतना ही जबरदस्त आएगा। बूथ को जीतना ही चुनाव जीतने का सबसे कारगर फॉर्मूला है। योगी के मुताबिक, सिर्फ आंकड़ों पर विश्वास करके निश्चिंत नहीं बैठना है बल्कि लोकसभा चुनाव में वोट और बूथ केंद्रित व्यवस्था पर अधिक ध्यान देना है। बूथ समिति, पन्ना प्रमुख और सामाजिक टोली भाजपा के लिए सबसे महत्वपूर्ण अंग हैं। उन्होंने कहा, बूथ समिति के पास संबंधित बूथ के एक एक वोटर का ब्योरा होना चाहिए। पन्ना प्रमुखों का उस ब्योरे के अनुरूप मतदाता से व्यक्तिगत संपर्क और संबंध होना चाहिए। हर मतदाता से अधिकाधिक और बारंबार संपर्क होना चाहिए। योगी ने कहा कि चुनाव में महिला मोर्चा के पास भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। महिला मोर्चा की पदाधिकारी महिलाओं के बीच जाकर सघन जनसंपर्क करें। इसी तर्ज पर युवाओं के बीच जाने के लिए भाजयुमो की टीम को लगाया जाए। साथ ही योगी ने निर्देश दिया कि, स्थानीय पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि मिलकर हर विधानसभा क्षेत्र में टिफिन बैठक करें। इस बैठक में चुनाव को लेकर अब तक हुए कार्य और आगे के कार्यों पर मंथन हो। इस मौके पर गोरखपुर के सांसद रविकिशन, बांसगांव के सांसद कमलेश पासवान, संतकबीरनगर के सांसद प्रवीण निषाद, गोरखपुर के महापौर डॉ मंगलेश श्रीवास्तव, तीनों लोकसभा प्रभारी आदि मौजूद रहे।

1.63 लाख बूथों पर मनेगा भाजपा का स्थापना दिवस

अमृत विचार, लखनऊ: भाजपा छह अप्रैल को प्रदेश के सभी 1.63 लाख बूथों पर अपना स्थापना दिवस मनाएगी। गुरुवार को हुई वर्चुअल बैठक में प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी और प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल ने स्थापना दिवस कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की।

चौधरी ने कहा कि इस बार स्थापना दिवस कार्यक्रम आम चुनाव के बीच में मनाया जा रहा है। इसके माध्यम से आम जनता के बीच जाकर फिर से मोदी की सरकार बनाने के लिए वोट की अपील की जाएगी। धर्मपाल ने कहा कि स्थापना दिवस का कार्यक्रम सभी बूथों पर मनाया जाना है। पार्टी के पदाधिकारी अपने बूथों पर रहकर स्थापना दिवस कार्यक्रम मनायेंगे। इसके बाद बूथों पर घर-घर संपर्क अभियान चलाया जाएगा। पदयात्रा निकालकर भाजपा के पक्ष में मतदान की अपील होगी। लोगों से आग्रह कर उनके घरों पर पार्टी का झंडा लगवाया जाएगा।

बड़े नेता कहेंगे तो मैनपुरी से जरूर लड़ूंगी चुनाव: अपर्णा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ हेमा मालिनी पर सुरजेवाला की टिप्पणी पर कार्रवाई की मांग

▸▸ कहा, महिलाओं का अपमान कांग्रेस के डीएनए में

अमृत विचार: भारतीय जनता पार्टी की नेता और सपा के संस्थापक रहे मुलायम सिंह यादव की बहू अपर्णा यादव ने गुरुवार को मैनपुरी से जेठानी डिंपल यादव के खिलाफ चुनाव लड़ने के सवाल पर कहा कि बड़े नेता कहेंगे तो जरूर लड़ूंगी। राहुल और प्रियंका के अमेठी रायबरेली से चुनाव लड़ने पर कहा कि वे हमेशा झूठ और लोगों को गुमराह करने की बातें करते हैं। ये लड़ने की परिस्थिति में नहीं हैं। अमेठी और रायबरेली भी भाजपा जीतेगी।

भाजपा के राज्य मुख्यालय पर गुरुवार को पत्रकारों से बात करते हुए अपर्णा ने कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला द्वारा मथुरा सीट से मौजूदा सांसद और प्रत्याशी हेमा मालिनी के खिलाफ की गई अभद्र टिप्पणी को लेकर जमकर निशाना साधा। कहा कि महिलाओं की अस्मिता और आत्मसम्मान को चोट पहुंचाने का कांग्रेस में पुराना कल्चर है।

महिलाओं का अपमान करना कांग्रेस के डीएनए में है। उन्होंने कहा कि भाजपा नारी का सम्मान करती है, महिला को सशक्त करती है, वहीं, कांग्रेस नेता महिलाओं को लेकर अपमानजनक टिप्पणी कर रहे हैं। हेमा मालिनी पर रणदीप सुरजेवाला की टिप्पणी निंदनीय है। चुनाव आयोग से अपील है कि इनकी टिप्पणी का संज्ञान लेते हुए करवाई हो। कांग्रेस के कई नेता इस तरह के बयान देते आए हैं। सुप्रिया श्रीनेत ने कंगना रनौत पर गलत टिप्पणी की। कांग्रेस आईटी सेल से जुड़े लोगों पर भी महिलाओं के प्रति अपमानजनक व्यवहार के उदाहरण सामने आए हैं।

सपा ने मेरठ से अतुल प्रधान का टिकट काटा, सुनीता वर्मा ने किया नामांकन

अमृत विचार, लखनऊ: समाजवादी पार्टी ने मेरठ लोकसभा सीट पर बदलाव करते हुए फिर टिकट बदला है। वहां दूसरी बार अपना उम्मीदवार बदलते हुए पार्टी ने नामांकन के अंतिम दिन अतुल प्रधान की जगह पार्टी ने पूर्व महापौर सुनीता वर्मा को प्रत्याशी बना दिया। गुरुवार को सपा के सिंबल के साथ पूर्व विधायक योगेश वर्मा की पत्नी सुनीता ने पर्चा भर दिया है। हालांकि अतुल प्रधान ने भी बुधवार को नामांकन कर दिया था। प्रधान से भी पहले अधिवक्ता भानु प्रताप सिंह को टिकट दिया गया था।

बीती रात अपना टिकट कटने की सूचना मिलते ही प्रधान ने पार्टी छोड़ने तक की चेतावनी दे दी लेकिन पार्टी नेतृत्व के समझाने पर उन्होंने इस निर्णय को स्वीकार कर लिया। गुरुवार को उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, जो राष्ट्रीय अध्यक्ष का निर्णय है, वह स्वीकार है।

रॉबर्ट वाड्रा ने दिए लोकसभा चुनाव लड़ने के संकेत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ भाजपा देश को विभाजित करने की कर रही राजनीति

अमृत विचार: कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी के दामाद रॉबर्ट वाड्रा ने लोकसभा चुनाव लड़ने के संकेत दिए हैं। उन्होंने कहा कि रायबरेली व अमेठी की जनता चाहती है कि उनका नेतृत्व गांधी परिवार करे।

एक मीडिया चैनल से बातचीत करते हुए रॉबर्ट वाड्रा ने कहा कि वह रायबरेली और अमेठी में 1999 से प्रचार कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि लोग जब देखते हैं कि कैसे भाजपा ईडी से उन्हें हमेशा चुनाव के समय निशाना बनाती है तो लोग मांग करते हैं कि उन्हें भी जवाब देने के लिए संसद में जाना चाहिए। रायबरेली या अमेठी के लोग जरूर चाहते हैं कि कोई न कोई गांधी परिवार का व्यक्ति उनका प्रतिनिधित्व करे और अब वे इस पर पछतावा भी करते हैं कि उन्होंने भाजपा की स्मृति ईरानी से राहुल गांधी को हरा दिया। हालांकि उन्होंने कहा कि अभी वक्त प्रियंका गांधी का है। पहले वह संसद में जाएंगी, उसके वह संसद में जाएंगे। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा देश को विभाजित करने की राजनीति कर रही है।

भ्रष्टाचारियों के लिए लोकतंत्र में कोई स्थान नहीं : भाजपा

अमृत विचार,लखनऊ : रॉबर्ट वाड्रा के चुनाव लड़ने की इच्छा जताने पर भाजपा ने तंज कसते हुए कहा कि भ्रष्टाचारियों के लिए लोकतंत्र में कोई स्थान नहीं है। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता राकेश त्रिपाठी ने कहा कि जमीनी पकड़ रखने वाले नेता कांग्रेस छोड़ रहे, इसलिए जमीनों से नाता रखने वाले रॉबर्ट वाड्रा मैदान में आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि रॉबर्ट वाड्रा के आने से कांग्रेस की जमीन कितनी मजबूत होगी, ये वक्त बताएगा, लेकिन इनको चुनाव हराने में मजा आएगा।

छापे डलवाकर भाजपा ने की चंदा वसूली

अमृत विचार, लखनऊ: समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव का आरोप है कि भाजपा ने चुनावी चंदा के नाम पर जमकर वसूली की है। सरकारी एजेंसियों ईडी, सीबीआई और आईटी से छापे डलवाकर डराकर तमाम कम्पनियों से वसूली की गई। उन्होंने कहा कि, कोरोना रोधी वैक्सीन बनाने वाली कम्पनी से भी वसूली कर ली।

सपा प्रमुख ने गुरुवार को यहां जारी एक बयान में कहा कि, भाजपा सरकार में इलेक्टोरल बांड का ऐसा भ्रष्टाचार हुआ है जिसकी कल्पना नहीं की जा सकती है। सरकार दबाव डालकर पैसा वसूलती हो ऐसा कभी नहीं हुआ। जब से भ्रष्टाचार का भंडाफूटा है तब से भाजपा में घबराहट है।

कश्मीर को भारत में देख बर्दाश्त नहीं कर पाता था

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ एटीएस की गिरफ्त में आए अल्ताफ ने खोला राज

▸▸ कारगिल युद्ध के बाद ट्रेनिंग लेने कश्मीर से पाकिस्तान गया था

अमृत विचार। एटीएस गोरखपुर टीम द्वारा की गई कार्रवाई में गिरफ्तार किए गए तीनों आतंकवादी भारत के कश्मीर में ही किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के मकसद में पहुंच रहे थे। भारत में इनको कौन संचालित कर रहा था, इसका पता लगाया जा रहा है। एटीएस द्वारा हुई पूछताछ में गिरफ्त में आतंकवादी अल्ताफ ने बताया कि कश्मीर को भारत का हिस्सा देख मैं बर्दाश्त नहीं कर पाता था। इसी वजह से मैं पाकिस्तान में मुजफ्फराबाद कैंप का रुख किया और ट्रेनिंग ली।

पूछताछ के दौरान अल्ताफ ने बताया कि उसका जन्म कश्मीर में हुआ था और कारगिल युद्ध के बाद वह हिजबुल मुजाहिद्दीन के एक मिलिटेंट के साथ जिहाद की ट्रेनिंग लेने के लिए पाकिस्तान चला गया। वह हमेशा से चाहता था कि भारत प्रशासित कश्मीर जल्द पाकिस्तान का हिस्सा बने, इसी उद्देश्य से उसने पाकिस्तान पहुंचकर आईएसआई के निर्देशन में हिजबुल मुजाहिदीन के मुजफ्फराबाद कैंप में प्रशिक्षण लिया था। अल्ताफ ने बताया कि पाकिस्तानी खूफिया एजेंसी आईएसआई, कश्मीर स्थित आतंकी संगठन हिजबुल मुजाहिदीन के साथ मिलकर भारत में आतंक फैलाने के उद्देश्य से भारतीय लोगों को अपनी तंजीम में जोड़ रहे हैं। अल्ताफ हिजबुल मुजाहिदीन का साहित्य पढ़कर तथा अन्य जेहादी संगठनों के अमीर उस्तादों की तकरीरें (भाषण) सुनकर उनसे प्रभावित हुआ। अल्ताफ ने हिजबुल के कैंप में असलहों की ट्रेनिंग की व लंबे समय तक कैंप में रहकर वहां के कमांडरों के दिशा-निर्देशन में काम किया। उसको को एचएम के मुजाहिदों से हिदायत मिली थी कि वह खुफिया तौर से नेपाल के रास्ते जम्मू-कश्मीर में पहुंचें, जहां पर उसे आगे के प्लान के बारे में बताया जायेगा।

जाली आधार कार्ड उपलब्ध कराया

अल्ताफ को नेपाल के काठमांडू में ही आईएसआई के हैंडलर के बताए अनुसार नासिर मिला था, जिसने अल्ताफ और गजनफर को जाली भारतीय आधार कार्ड उपलब्ध करवाए और नासिर ने ही इन दोनों को शेख फरेन्दा गांव के रास्ते भारत आने के लिए बताया था। नासिर अली कश्मीर का रहने वाला है और व्हॉट्सअप के जरिए इसका संपर्क पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के सलीम नाम के व्यक्ति से हुआ था। सलीम ने नासिर को बताया कि तुम्हारे मामू गजनफर के साथ एक और व्यक्ति को पाकिस्तान से भेज रहा है, जो काठमांडू, नेपाल में मिलेंगे, जिन्हें लेकर उसे जम्मू-कश्मीर जाना है।

आज से शुरू होगी अंशकालिक प्रशिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया

अमृत विचार, लखनऊ : शासन ने गुरुवार को प्रदेश में 354 अंशकालिक खेल प्रशिक्षकों की तैनाती को हरी झंडी दे दी है। खेल विभाग प्रदेश भर में इस आदेश की प्रति भेज कर शुक्रवार से अंशकालिक प्रशिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया शुरू करेगा। विभागीय अधिकारियों के अनुसार पिछले वर्ष में कार्यरत सभी प्रशिक्षकों का नवीनीकरण किया गया है। वे पहले की तरह जहां उनकी तैनाती थी, वहां पर प्रशिक्षण दे सकेंगे। उन्हें संबंधित जिले के खेल कार्यालय जाकर प्रार्थनापत्र देकर प्रशिक्षण शुरू करने की जानकारी देनी होगी। खेल प्रशिक्षकों के दो माह के बकाया वेतन (दिसंबर- जनवरी माह) का भुगतान भी आउटसोर्सिंग कंपनी को कर दिया गया है। जल्द ही प्रशिक्षकों के खाते में बकाया वेतन ट्रांसफर हो जाएगा। खेल निदेशक डॉ. आरपी सिंह ने बताया कि प्रदेश भर में समय से खेल प्रशिक्षण शिविर को शुरू करने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

मोहब्बत की दुकान में कांग्रेसी बेच रहे जहरीला सामान: पाठक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ प्रधानमंत्री का सिर फोड़ने की बात पर जताया आक्रोश

अमृत विचार: भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता व प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कांग्रेस नेता एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत द्वारा प्रधानमंत्री का सिर फोड़ने की बात पर आक्रोश जताते हुए निंदा की।

भाजपा के राज्य मुख्यालय पर गुरुवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर जनता का भरोसा बढ़ता ही जा रहा है, जिसे देखकर कांग्रेस पार्टी के नेता अपना मानसिक संतुलन खो चुके हैं। बताया कि कांग्रेस नेता एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने मोदी के लिए पुनः घटिया और आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग किया है। ईर्ष्या और द्वेष से प्रेरित कांग्रेस का बयान भारतीय राजनीति के लिए दुखद संकेत है। दरअसल इनके नेता राहुल गांधी मोहब्बत की दुकान में जहरीला सामान बेच रहे हैं। राहुल गांधी जिनकी शैडो ब्रांडिंग करते घूम रहे हैं।

मास्टर माइंड ने आगामी परीक्षाओं के लिए भी ले रखा था एडवांस

विनय सिंह, लखनऊ

▸▸ दिसंबर 2024 तक होने वाली कई परीक्षाओं को लेकर अभ्यर्थी थे संपर्क में

▸▸ दो सौ से अधिक परीक्षार्थियों का फंसा है पैसा, जांच में जुटी है एसटीएफ

अमृत विचार: यह तो गनीमत है कि सिपाही भर्ती परीक्षा का मास्टर माइंड राजीव नयन मिश्रा एवं उसके साथी गिरफ्तार हो गए, वरना आगामी होने वाली परीक्षाओं में भी पेपर लीक होना तय था। इन अपराधियों ने आगे के दिनों में यानी दिसंबर 2024 तक होने वाली कई परीक्षाओं में सैकड़ों अभ्यर्थियों से नौकरी दिलवाने के नाम पर पैसा उठा रखा है। एसटीएफ सूत्रों के मुताबिक इन अपराधियों की योजना सिर्फ सिपाही भर्ती परीक्षा तक नहीं थी, बल्कि आगे होने वाली परीक्षाओं के बयाने भी ले रखे थे। जाहिर सी बात है कि इससे वास्तविक अभ्यर्थियों का सपना टूट जाता।

गौरतलब हो कि उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की ओर से आयोजित सिपाही भर्ती परीक्षा का पेपर लीक हो जाने से सरकार की बहुत किरकिरी हुई थी। अभ्यर्थियों ने धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया था, जिससे सरकार पर हमला करने का मौका विपक्ष को भी मिल गया था।

मुख्यमंत्री ने तत्काल संज्ञान लेते हुए पूरी परीक्षा को निरस्त किया तथा आयोग को निर्देश दिया कि पुनः परीक्षा की तैयारी की जाए। एसटीएफ को निर्देश दिया कि परीक्षा लीक करने वाले अपराधियों को गिरफ्तार कर ऐसी सजा दी जाए जो नजीर बने। सक्रिय हुई एसटीएफ ने महीने भर के प्रयास में सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। उसी में पेपर लीक का मास्टर माइंड राजीव नयन को भी गिरफ्तार कर लिया।

चौंकाने वाली जानकारियां आ रहीं सामने

गिरफ्तारी के बाद एसटीएफ के सामने चौंकाने वाली जानकारियां आ रही हैं। यह आरोपी न सिर्फ सिपाही भर्ती पेपर का ठेका ले रखे थे, बल्कि आगामी होने वाली परीक्षाओं के लिए अभ्यर्थियों के संपर्क में थे। करीब दो सैकड़ा अभ्यर्थियों से इन्होंने पैसा उठा रखा था। एसटीएफ सूत्रों के मुताबिक स्टॉफ नर्स एलोपैथी, आरओ-एआरओ, टाउन प्लानर सहित अन्य कई परीक्षाओं के लिए अभ्यर्थियों ने मास्टर माइंड से संपर्क साध रखा था।

181 .57 लाख कीमत की मदिरा, ड्रग व नकदी जब्त

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: आदर्श आचार संहिता के अनुपालन में हो रही कार्रवाई के तहत 181.57 लाख रुपये कीमत की मदिरा, ड्रग व नकदी जब्त की गई। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि प्रदेश में प्रवर्तन एजेन्सियों व उड़नदस्तों की ओर से निर्वाचन आयोग के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। आबकारी, आयकर, पुलिस, नार्कोटिक्स विभाग व अन्य प्रवर्तन एजेंसियों की ओर से एक मार्च से तीन अप्रैल तक कुल 108.08 करोड़ रुपये कीमत की मदिरा, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं, मुफ्त उपहार व नगदी आदि जब्त किये गये हैं।

10,07,825 व्यक्ति पाबंद: पुलिस विभाग के जरिए 3662 बिना लाइसेंस के अवैध शस्त्र, 4058 कारतूस, 2060.5 किलोग्राम विस्फोटक व 204 बम बरामद किए गए हैं। अवैध शस्त्र बनाने वाले 71 स्थलों को सीज कर दिया गया है, जबकि 10,07,825 व्यक्तियों को पाबंद किया गया है।

64,97,283 प्रचार-प्रसार सामग्री हटाई गई

निर्वाचन अधिकारियों ने बताया कि आदर्श आचार संहिता के तहत हुई कार्रवाई में अब तक 64,97,283 प्रचार-प्रसार सामग्री हटाई गई। इसमें सार्वजनिक स्थानों से 39,33,973 व निजी स्थानों से 25,63,310 प्रचार-प्रसार सामग्री हटाई गई। इस दौरान सार्वजनिक स्थानों से वालराइटिंग के 4,23,777, पोस्टर के 18,40,791, बैनर के 11,30,748 व अन्य 5,38,657 मामलों में कार्रवाई की गई।

हर हाल में खत्म हो साइबरअपराध

राज्य मुख्यालय, लखनऊ

अमृत विचार: साइबर सिक्योरिटी को लेकर शासन और पुलिस विभाग ने मिलकर पहली बार ठोस कदम उठाया है। इसकी रोकथाम के लिए मुख्यसचिव की अध्यक्षता में पुलिस मुख्यालय में कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा ने कहा कि कंप्यूटर इंटरनेट और स्मार्टफोन का प्रयोग तेजी से बढ़ रहा है। इंटरनेट के माध्यम से तमाम पब्लिक सर्विसेज ऑनलाइन उपलब्ध हैं। ऐसे में साइबर सिक्योरिटी और साइबर क्राइम विषय बहुत महत्वपूर्ण है।

उन्होंने कहा कि दुनिया में सर्वाधिक डिजिटल ट्रांजक्शन भारत में हो रहा है। आज उत्तर प्रदेश के 75 जनपदों में साइबर थानों का गठन हो चुका है, किन्तु हमें साइबर सिक्योरिटी के लिए बहुत प्रभावी रूप से कार्य किये जाने की आवश्यकता है। जिससे की प्रदेश में हर हाल में साइबर अपराध को खत्म किया जा सके।

कार्यशाला में मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्र को स्मृति चिन्ह भेंट करते डीजीपी प्रशांत कुमार।

कार्यशाला के दौरान अपर सचिव इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार अभिषेक सिंह, भारतीय साइबर अपराध समन्वय केन्द्र की निदेशक रूपा, पुलिस उपमहानिरीक्षक साइबर क्राइम पवन कुमार, सीईओ सर्टिन भारत सरकार सुबोध कुमार, अपर पुलिस महानिदेशक फॉरेन्सिक जीके गोस्वामी द्वारा प्रस्तुतिकरण व व्याख्यान दिया गया।

साइबर क्राइम और सिक्योरिटी दानों प्रासंगिक:डीजीपी

पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने कहा कि साइबर क्राइम और साइबर सिक्योरिटी ये दोनों ही बहुत प्रासंगिक विषय है, साइबर क्राइम के बारे में आप सबको पता है कि इसकी कोई बाउण्ड्री नहीं होती। अमूमन जो क्राइम हम लोग आज तक देखते हुए आ रहे है उसमें एक सीमा होती है, लेकिन साइबर क्राइम वर्ड वाइड वेब से कन्ट्रोल होता है, जिसकी कोई सीमा नहीं होती है, ऐसी स्थिति में क्राइम करने वाले सस्पेक्ट के डिस्टेन्स के बारे में अनुमान लगा पाना, जब तक कि पूरा ज्ञान न हो सम्भव नहीं है।

SHIVENDRA'S ORTHO CLINIC
शिवेन्द्र ऑर्थो क्लीनिक
A UNIT OF HAMATE POLYCLINIC
जोड़ प्रत्यारोपड़ सर्जरी, स्पोर्ट्स इंजरी, फ्रेक्चर उपचार, ट्रामा सर्जरी, स्पाइन सर्जरी और कंधे का जाम हो जाना, फिजिओथेरपी, अस्थि टयूमर उपचार, समस्त हड्डी और जोड़ रोग उपचार
आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना व पंडित दीनदयाल योजना के अंतर्गत निःशुल्क इलाज की सुविधा
हड्डी रोग एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ | पूर्व (AIIMS) जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ | अत्याधुनिक विधि द्वारा दर्द रहित इलाज
क्या आप जोड़ों के दर्द से हैं परेशान?
आज ही सम्पर्क करें हड्डी रोग एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ
WE CARE YOUR BONES & JOINTS
8,000 से अधिक जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी का अनुभव
20 वर्षों से अधिक अनुभव
डॉ. शिवेन्द्र कुमार श्रीवास्तव
MBBS, M.S, Mch (Ortho)
Joint Replacement & ADV. trauma Surgeon
Fellow in Primary & Revision Joint Replacement (USA)

ए-733, कन्वेंशन सेंटर के पास, इंदिरा नगर लखनऊ,
फोनः 0522-3545321, 9839330666
Timings:-
Morning : 11am-2pm,
Evening : 5pm-8:30pm
24x7 Emergency

25वां रोजा

शिया
सहरी : 4:19 बजे
इफ्तार : 6:37 बजे

सुन्नी
सहरी : 4:26 बजे
इफ्तार : 6:28 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

शहर में आज

- गोमती नगर स्थित पद्मश्री मो. शाहिद हॉकी स्टेडियम में हॉकी के सेमीफाइनल मुकाबले – 8:00 बजे।
- अवध गर्ल्स डिग्री कॉलेज में नजराना–ए–अवध के अंतर्गत प्रतियोगिताओं का आयोजन – 11:00 बजे।
- निराला नगर स्थित रोटरी कम्युनिटी सेंटर में रोटरी क्लब के कार्यक्रम का आयोजन – 11:30 बजे।
- डालीबाग स्थित गन्ना संस्थान प्रेक्षागृह में सहज संवाद –12:00 बजे।
- खाटू श्याम मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा का वाचन – 4:00 बजे।
- संगीत नाटक अकादमी में अवध महोत्सव का समापन – 6:30 बजे।

बैंकॉक से आए पांच यात्रियों के बैग से सिगरेट की डिब्बी बरामद

अमृत विचार, सरोजनीनगर : कस्टम अधिकारियों की सक्रियता के बाद भी हवाई यात्रियों द्वारा बिना सीमा शुल्क चुकाए सोने व सिगरेट की तस्करी की जा रही है। गुरुवार को भी बैंकॉक से आए पांच यात्रियों के बैग से सिगरेट की डिब्बी बरामद हुई। इनमें दो लाख 12 हजार 400 सिगरेट थीं। अधिकारियों के मुताबिक इनकी कीमत 36 लाख 10 हजार 800 रुपये है।

नक्शे में पार्किंग, चल रहे शोरूम व अस्पताल

मुख्य मार्गों पर बाजारों में लगता है जाम, पार्किंग की जगह भी बेच डाली, बिल्डर व अभियंताओं की मिलीभगत से चल रहा खेल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : शहर के कई इलाकों में बने शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के नक्शे में पार्किंग है, लेकिन वहां शोरूम, दुकानें और अस्पताल चल रहे हैं। पार्किंग न होने से लोग सड़क पर वाहन खड़ा करते हैं, जिससे मुख्य मार्गों पर स्थित प्रमुख बाजारों में जाम लगता है।

बिल्डर और एलडीए के अभियंताओं की मिलीभगत से यह खेल चल रहा है। एलडीए के नियोजन विभाग के नियमानुसार कॉम्प्लेक्स, मॉल और अपार्टमेंट के बेसमेंट या परिसर में पार्किंग की व्यवस्था अनिवार्य है। इससे हटकर राजधानी में बहुत से ऐसे मॉल और कॉम्प्लेक्स बने हैं, जहां

पार्किंग के लिए जगह नहीं छोड़ी गई है। भूमिगत पार्किंग के लिए छोड़ी गयी जगह को भी बेच दिया गया है, जिसमें दुकानें और शोरूम खुल गए हैं। बिल्डर व अभियंताओं की मिलीभगत से कंपलीशन सर्टिफिकेट भी आसानी से मिल जाता है। जब पार्किंग न होने का मामला उठता है तो कागजी खानापूर्ति की जाती है। बाद में मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है।

हर कॉम्प्लेक्स में पार्किंग होना अनिवार्य है। कॉम्प्लेक्स का जो नक्शा पास होता है, उसमें भी पार्किंग दिखाने का प्रावधान है। यदि किसी ने पार्किंग नहीं बनाई है, तो उसे कंपलीशन सर्टिफिकेट नहीं दिया जाता है। यदि पार्किंग का दूसरे कार्य के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है तो उसे रोकने की जिम्मेदारी प्रवर्तन जोन के अभियंताओं की है।

–केके गौतम, मुख्य नगर नियोजक, लखनऊ विकास प्राधिकरण

जांच रिपोर्ट का अब भी इंतजार : शहर में लगभग दो हजार अस्पताल व क्लीनिक में पार्किंग की स्थिति जांचने के लिए एलडीए द्वारा कराई गई जांच लगभग दो वर्षों से दबी है। तत्कालीन एलडीए उपाध्यक्ष ने अभियंताओं से मानचित्र के अनुसार, पार्किंग में हो रहे संचालन की जांच करने के लिए सभी प्रवर्तन जोन के अधिशासी अभियंताओं को निर्देश दिए थे। अस्पताल संचालकों के रसूख और अभियंताओं की रिपोर्ट आज भी फाइलों में दफन है।

इन इलाकों में ज्यादा समस्या

गोमती नगर, गोमती नगर विस्तार, अलीगंज, जानकीपुरम, जानकीपुरम विस्तार, सीतापुर रोड, हरदोई रोड, आलमबाग, फैजाबाद रोड, आशियाना, ठाकुरगंज, चौक, अमीनाबाद, हुसैनगंज, नाका, रायबरेली रोड, पारा सहित शहर के कई अन्य इलाकों में बने अधिकांश कॉम्प्लेक्स बिना पार्किंग के संचालित हैं। जानकारी के अनुसार, लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा लगभग 8,000 से अधिक अवैध निर्माण को ध्वस्तीकरण का नोटिस जारी है।

इन इलाकों में लगता है जाम

शहर के पॉश इलाकों से लेकर पुराने लखनऊ में कॉम्प्लेक्स बनाने में जमकर नियमों का उल्लंघन किया जा रहा है। चौक, अमीनाबाद, ठाकुरगंज, लाटूश रोड, नाका, चारबाग, हुसैनगंज, चौक आदि इलाकों में पुराने मकानों में अवैध बेसमेंट खोदकर शोरूम और दुकानें बना दी गयी हैं। संकरी गलियों में बिना पार्किंग के अपार्टमेंट तेजी से बन रहे हैं। शिकायत होने पर ही एलडीए के प्रवर्तन जोन के अभियंता कार्रवाई करते हैं।

मध्यांचल ने चाइनीज कंपोनेंट लगे प्रीपेड मीटरों संबंधी रिपोर्ट भेजी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : मध्यांचल विद्युत वितरण निगम में स्मार्ट प्रीपेड मीटरों के चाइनीज कंपोनेंट के अनुमोदन के मामले को अमृत विचार हिंदी दैनिक समाचार पत्र ने प्रमुखता से प्रकाशित किया। इस पर निगम ने चाइनीज कंपोनेंट पर रिपोर्ट भेजकर कारपोरेशन से निर्देश मांगे हैं। उपभोक्ता परिषद अध्यक्ष अवधेश वर्मा ने अनुमोदन पर सवाल उठाते हुए जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग की है। सरकार के दिशा निर्देश के बाद भी मध्यांचल निगम ने चाइनीज कंपोनेंट लगे स्मीट प्रीपेड मीटरो का अनुमोदन कैसे किया, यह जांच का विषय है। सभी जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय कर कार्रवाई करनी चाहिए।

निगम ने चाइनीज कंपोनेंट पर रिपोर्ट भेजकर कारपोरेशन से मांगे निर्देश

अमृत विचार में चार अप्रैल को चाइनीज कंपोनेंट लगे स्मार्ट मीटरों की खरीद मामले में खबर प्रकाशित की थी। घेरे में आए मध्यांचल वितरण निगम ने लीपापोती शुरू कर दी है। परिषद के अध्यक्ष अवधेश वर्मा ने बताया कि पावर कारपोरेशन प्रबंध निदेशक को भेजे जवाब में मध्यांचल विद्युत वितरण निगम प्रबंधन ने माना है कि निगम में पोलारिस कंपनी और इंटली के स्मार्ट प्रीपेड मीटरों को लगाने का आर्डर दिया गया है। जीटीपी को अनुमोदित किया गया था। उसमें पोलारिस मीटर निर्माता कंपनी के प्रमुख 21 में 13 कंपोनेंट में चीनी निर्माता और अन्य देश के नाम लिखे गये हैं।

कस्टम की कहानी, सीआईएसएफ की सुरक्षा में झोल

सोना तस्कर भागने के मामले में तीसरे दिन भी पुलिस को नहीं दिए सीसीटीवी के फुटेज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से 30 सोना तस्करों के भागने में काफी झोल है। कस्टम टीम की कहानी और केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की सतर्कता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। तस्करों के भागने के मामले में प्राथमिकी दर्ज कर सरोजनीनगर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। सर्विलांस से तस्करों की लोकेशन रामपुर में मिली है। पुलिस रात रामपुर रवाना हो गई। पुलिस ने एयरपोर्ट प्रशासन को सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध कराने के लिए पत्र भी लिखा लेकिन अभी तक फुटेज पुलिस को उपलब्ध नहीं कराए गए हैं। कस्टम टीम के खिलाफ भी जांच शुरू हो गई है।

सरोजनीनगर पुलिस के मुताबिक कस्टम के अधिकारी ने 30 तस्करों में एक के बेहोश होने की बात कही और सीआइएसएफ को धक्का देकर भाग निकले। सूत्रों के अनुसार सीआइएसएफ को कस्टम ने आपरेशन में शामिल ही नहीं किया था। कस्टम को तस्करों को रोकने की सूचना सीआइएसएफ को देनी चाहिए थी। भले ही सीआइएसएफ को आगमन गेट से बाहर निकले यात्री को रोकने का अधिकार नहीं है, लेकिन एक साथी को छोड़कर भागे संदिग्धों को पकड़ने की जिम्मेदारी तो बनती ही है। घटना लखनऊ एयरपोर्ट के डेढ़ किमी. परिसर की सुरक्षा पर सवाल भी खड़े कर रही है।

चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से भाग निकले थे 30 सोना तस्कर

पहले भी हुई थी चूक

करीब 11 महीने पहले 26 मई को लखनऊ एयरपोर्ट पर वाराणसी का रहने वाले सादिक ने सुरक्षा घेरा तोड़ दिया था। वह रनवे तक पहुंच गया था। इसके बाद से एयरपोर्ट की सुरक्षा एजेंसियों के होश उड गए थे। इसके कुछ दिन बाद ही सीआइएसएफ का एक फर्जी दारोगा भी एयरपोर्ट पर पकड़ा गया था। वह अपनी सेल्फी खींचकर परिवार को भेजता था।

एक वर्ष में धरे गए सोने के 70 तस्कर

अमृत विचार, लखनऊ : चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर लगातार सामने आ रहे तस्करी के मामलों ने सभी को हैरत में डाल दिया है। एक वर्ष के अंदर सोने की तस्करी में 70 लोगों को धरा गया। जबकि चार माह में सिगरेट की तस्करी में 110 लोगों को पकड़ा जा चुका है। बता दें कि यहां से 2016 में आठ देशों के लिए सीधी उड़ान सेवाएं शुरू हुई थीं। विभिन्न देशों के लिए उड़ान सेवाएं शुरू होने के साथ ही तस्करी के मामले भी बढ़ गए हैं। पिछले एक वर्ष में लगभग 70 बार सोने की तस्करी पकड़ी गई एयरपोर्ट के अधिकारियों ने 40 किलो से अधिक सोना बरामद किया। सोना अधिकतर शारजाह, दुबई, मस्कट, बैंकाक और सउदी अरब से लाया जाता है। तस्करी में रामपुर, बिहार और राजस्थान के गैंग सक्रिय हैं। तस्कर अगर तस्करी का सोना एयरपोर्ट से बाहर निकालने में सफल रहते हैं तो सड़क मार्ग से गंतव्य तक पहुंचाया जाता है। सोने और सिगरेट की तस्करी में लगे लोगों को पकड़कर 35 करोड़ से अधिक का माल बरामद किया जा चुका है। सूत्रों की मानें तो उक्त एयरपोर्ट पर यात्रियों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। यात्रियों की बढ़ती संख्या के बीच पर्याप्त अधिकारियों और कर्मियों के न होने के कारण भी तस्करी की घटनाएं बढ़ रही हैं।

हजरतगंज के 10 कोचिंग सेंटरों को नोटिस

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : राजधानी में संचालित मानक विहीन कोचिंग संस्थानों पर शिकंजा कसने लगा है। गुरुवार को क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी ने हजरतगंज क्षेत्र के कई कोचिंग संस्थानों की जांच की। उन्हें 10 बड़े कोचिंग संस्थानों में मानक पूरे नहीं मिले। इन सभी को नोटिस जारी कर एक सप्ताह में मानक पूरे करने के निर्देश दिए गए हैं। निर्देशों का पालन न करने वाले संस्थान को बंद करा दिया जाएगा।

क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी डॉ सुधीर कुमार कहा कि अवैध कोचिंग सेंटरों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा। बिना पंजीकृत सेंटर संचालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जायेगी। पंजीकृत कोचिंग संस्थानों को भी मानक पूरे करने होंगे। अग्निशमन यंत्र और आग से बचने सभी उपाय हर सेंटर संचालक को रखने होंगे।सीसीटीवी कैमरे लगे होने चाहिए। छात्र-छात्राओं के लिए अलग-अलग शौचालयों की व्यवस्था में होनी चाहिए।

इन कोचिंग के मानक नहीं मिले पूरे : रेडियल क्लासेज, न्युटन क्लासेज, वेद फिजिक्स, अनएकेडमी, एस.वी. फिजिक्स, समर्पण कोटा क्लासेज, ज्वीटर इन्स्टीट्यूट, बाई.आर. क्लासेज, एलेन कोटा, इन्फीनिटी लर्न बाई चैतन्य एजूकेशनल इन्स्टीटयूशन, हजरतगंज।

हजरतगंज में गुरुवार को कोचिंग संस्थानों का निरीक्षण करते क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी डॉ. सुधीर कुमार। अमृत विचार

क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी के निरीक्षण में मिलीं कई खामियां

निरीक्षण में ये मानक नहीं मिले पूरे

- बोर्ड पर पंजीकरण संख्या अंकित नहीं थी
- छात्रों के लिए शुद्ध पेयजल की व्यवस्था नहीं
- प्रकाश व्यवस्था की भी कमी मिली
- विद्युत की वैकल्पिक व्यवस्था नहीं
- शौचालय व अग्निशमन यंत्र दुरुस्त नहीं
- सीसीटीवी कैमरे भी खराब मिले

अमृत विचार ने प्रमुखता से उठाया था मुद्दा

अमृत विचार ने लखनऊ में अवैध कोचिंग की मंडी में आपके बच्चों की जान कितनी सुरक्षित शीर्षक से 21 जून 2023 को प्रमुखता से खबर प्रकाशित की थी। हजरतगंज प्रिंस कंपलेक्स, अमीनाबाद, अलीगंज कपूरथला, हुसेडिय़ा चौराहा गोमती नगर, जैसे क्षेत्र में चल रही मानकविहीन कोचिंग में किसी तरह आप घुस तो सकते हैं लेकिन आग लगे तो भाग नहीं सकते हैं सभी तथ्यों को उजागर करते हुए अमृत विचार ने भी मुद्दे को प्रमुखता से उठाते हुए ग्राउंड रिपोर्ट प्रकाशित की थी।

गोमती नगर रिवर फ्रंट का निरीक्षण करतीं मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब। अमृत विचार

चटोरी गली में सुव्यवस्थित पार्किंग कराएं : मंडलायुक्त

अमृत विचार, लखनऊ : मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने गुरुवार को गोमती नगर रिवर फ्रंट का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि चटोरी गली में सुव्यवस्थित पार्किंग कराएं। बेतरतीब पार्किंग के कारण जाम नहीं लगना चाहिए। रिवर फ्रंट एरिया में साफ–सफाई और लाइटिंग दुरुस्त रखें। झाड़ियां की कटाई–छटाई और टूट–फूट की मरम्मत तत्काल कराई जाए।

आधी–अधूरी तैयारी के बीच ऑनलाइन भुगतान सिस्टम लागू

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

अमृत विचार : आवास विकास परिषद में भुगतान के लिए ऑनलाइन सिस्टम लागू हो गया है। प्रदेश भर में यह व्यवस्था 1 अप्रैल से लागू हो गई है। जिसमें ठेकेदारों के भुगतान से लेकर कर्मचारियों, अधिकारियों व अभियंताओं के वेतन का भुगतान ऑनलाइन किया जाएगा।

नए वित्त नियंत्रक महेश चन्द्र पांडेय ने 1 अप्रैल से ऑफलाइन व्यवस्था से भुगतान करने पर फंड रिलीज करने पर रोक लगा दी थी। 31 मार्च 2024 तक ठेकेदारों व कर्मचारियों के वेतन का भुगतान चेक के माध्यम से आरटीजीएस द्वारा किया जाता था। आधी अधूरी तैयारी और बाबुओं के प्रशिक्षण बिना लागू की गयी इस व्यवस्था से बकाया भुगतान अटकने की संभावना है। मस्टर रोल पर लगाए गए कर्मचारियों के भुगतान में भी समस्या आएगी। विभागीय कर्मचारियों की मानें तो भुगतान की इस प्रणाली के लागू होने से अभी तक कर्मचारियों को वेतन नहीं मिला है। जबकि इससे पहले महीने की 1 या 2 तारीख तक वेतन खाते में आ जाता था। इंजीनियर्स एसोसिएशन के महासचिव शशांक पांडेय ने वित्त नियंत्रक को पत्र लिखकर इस व्यवस्था का विरोध जताया था।

आवास विकास में चेक से ठेकेदार व कर्मचारियों के वेतन भुगतान पर लगी रोक

ई-एमबी प्रणाली नहीं हो पायी लागू

दो वर्ष पहले आवास विकास में निर्माण कार्यों के लिए शुरू की गयी ई–एमबी प्रणाली अभी पूरी तरह लागू नहीं हो पायी है। इस व्यवस्था में अवर अभियंता को कार्य का मेजरमेंट ऑनलाइन करके सहायक अभियंता को भेजना था। सहायक अभियंता द्वारा ऑनलाइन मेजरमेंट अधिशासी अभियंता को भेजना था। अधिशासी अभियंता जांच करने के बाद भुगतान के लिए बिल भेजते थे। पुरानी प्रक्रिया में मेजरमेंट बुक (एमबी) में कार्य हो जाने के बाद बैक डेटिंग में बिल बनाकर भुगतान की संभावना रहती है।

कई इलाकों में गुल रहेगी बिजली, प्रभावित होंगे पांच लाख लोग

अमृत विचार, लखनऊ : शहर के उपकेंद्रों में ट्रांसफार्मर, फीडरों के मेंटीनेंस कार्य के चलते कई क्षेत्रों की बिजली शुक्रवार को बाधित रहेगी। इससे करीब पांच लाख की आबादी प्रभावित रहेगी। कमता उपकेंद्र से पोषित इंद्रलोक कॉलोनी, जानकीपुरम, अर्जुनगंज, वृंदावन सहित कई क्षेत्रों में बिजली सप्लाई सुबह 10 से शाम 5 बजे तक बंद रहेगी। कमता उपकेंद्र के सुरेन्द्र नगर, इस्माइलगंज और मल्हौर में सुबह 10 से शाम 5 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। राधाग्राम उपकेंद्र के कई इलाकों की आपूर्ति सुबह 10 से शाम 5 बजे तक बंद रहेगी। इंद्रलोक कॉलोनी उपकेंद्र से होने वाली सप्लाई सुबह 10 से शाम 5 बजे तक बाधित रहेगी। इससे आशुतोष नगर, मानस नगर, विजय नगर में बिजली आपूर्ति प्रभावित रहेगी। दारुलशफा उपकेंद्र से होने वाली सप्लाई भी सुबह 8.30 से 5 बजे तक बंद रहेगी। इससे झलकारी बाई अस्पताल, टीएन रोड, जीपीओ, जनपथ मार्केट, डीआरएम आफिस, जनपथ सचिवालय सहित कई इलाकों में आपूर्ति बाधित रहेगी। इंजीनियरिंग कॉलेज, जानकीपुरम सेक्टर–आई, जानकीपुरम विस्तार के सेक्टर–छह उपकेंद्र से पोषित सप्लाई सुबह 10 से शाम 5 बजे तक बाधित रहेगी। मालवीय नगर, सिंकदरपुर, साठ फिटा रोड, गौशाला, सेक्टर–दो, नौ सहित कई इलाके इससे प्रभावित रहेंगे।अर्जुनगंज उपकेंद्र के साईं दाता फीडर से होने वाली सप्लाई सुबह 10 से शाम 5 बजे तक बाधित रहेगी। वृंदावन के सेक्टर–तीन उपकेंद्र विहार, स्वास्थ्य विहार, न्यू एल्डिको, संस्कृति एन्क्लेव, रतनखंड, रजनीखंड, रश्मिखंड सहित आसपास के कई इलाकों में बिजली सप्लाई प्रभावित रहेगी।

अलविदा की नमाज पर आज इन मार्गों पर रहेगा बदलाव

सुबह 10 बजे से समापन तक लागू रहेगी बदली व्यवस्था, सिर्फ नमाज पढ़ने वाले ले जा सकेंगे वाहन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : 21वीं रमजान पर 5 अप्रैल को माह रमजान के आखिरी जुमे (अलविदा) पर सुबह 10 बजे से समापन तक कई इलाकों में डायवर्जन लागू किया गया है। डीसीपी ट्रैफिक सलमान ताज पाटिल ने बताया अलविदा की नमाज पर शिया व सुन्नी समुदाय के लोगों के आने-जाने के लिए अलग-अलग मार्ग निर्धारित किए गये हैं। आकस्मिक सेवाओं में एम्बुलेन्स, फायर सर्विस, स्कूली वाहन, शव वाहन प्रतिबंधित मार्गों से भी आवाजाही कर सकेंगे। इसके लिए ट्रैफिक कन्ट्रोल नंम्बर 9454405155 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

इन रास्तों पर लागू रहेगा डायवर्जन

- सीतापुर रोड से आने वाले वाहन डालीगंज रेलवे क्रासिंग तिराहे से पक्का पुल (टीले वाली मस्जिद) की ओर नहीं जा सकेंगे। वैकल्पिक मार्ग डालीगंज रेलवे क्रासिंग ओवरब्रिज से बाएं मुड़कर चौराहा नंबर 8 निरालानगर से आईटी चौराहा की ओर निकलेंगे।
- पक्का पुल खदरा साइड तिराहा से पक्का पुल (टीले वाली मस्जिद) की ओर आवाजाही बंद रहेगी। वैकल्पिक मार्ग पक्कापुल से पहले तिराहा से बन्धा रोड या नया पुल से होकर निकल सकेंगे।
- हरदोई रोड या बालागंज से बड़ा इमामबाड़े व टीले वाली मस्जिद के तरफ आवागमन बंद रहेगा। वैकल्पिक मार्ग कोनेश्वर मंदिर चौराहे से दाहिने चौक चौराहा, मेडिकल कॉलेज चौराहा होकर तय किया गया है।
- कोनेश्वर चौराहे से घंटाघर होकर बड़ा इमामबाड़ा, टीले वाली मस्जिद की ओर आवाजाही बंद रहेगी। वैकल्पिक मार्ग कोनेश्वर मंदिर चौराहे से चौक चौराहा, मेडिकल क्रास, शाहमीना तिराहा या नीबू पार्क चौराहे से नया पुल होकर तय किया है।
- नीबू पार्क चौराहे से बड़ा इमामबाड़ा व टीले वाली मस्जिद की ओर नहीं जा सकेंगे। वैकल्पिक मार्ग कोनेश्वर चौराहा या नींबू पार्क के पीछे नया पुल होकर तय किया है।
- नीबू पार्क ओवरब्रिज से उतरने वाले वाहन रूमी गेट की ओर नहीं जा सकेंगे। इनके लिये चौक चौराहा, ठाकुरगंज होकर या चरक चौराहा मार्ग तय किया है।
- चौक तिराहा से नीबू पार्क चौराहा नहीं जा सकेंगे। वैकल्पिक मार्ग कोनेश्वर चौराहा या मेडिकल क्रास मिलेगा।

अलविदा के दिन विक्टोरिया स्ट्रीट पर वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। आसिफी इमामबाड़ा और टीले वाली मस्जिद की ओर आवागमन करने वाले वाहनों को आवश्यकतानुसार मोड़ दिया जायेगा। शाहमीना रोड पर भी नमाज पढ़ने वालों व्यक्तियों के वाहनों के अलावा अन्य वाहन प्रतिबंधित रहेंगे।

यहां सिर्फ शिया समुदाय को अनुमति

- शिया समुदाय के लोग केवल विक्टोरिया स्ट्रीट पहुंचकर इमामबाड़ा जाने वाली नाला रोड से नींबू पार्क के समीप आसिफी इमामबाड़ा के पीछे के गेट से इमामबाड़ा के अन्दर पहुंचेंगे। इसके साथ ही इसी मार्ग से पुन: लौटेंगे। ठाकुरगंज, हुसैनाबाद इलाके में रहने वाले शिया समुदाय के लोग छोटा इमामबाड़ा के पीछे वाले गेट से प्रवेश करेंगे और इसी मार्ग से लौटेंगे।
- विक्टोरिया स्ट्रीट से सिर्फ शिया समुदाय के लोगों को आवागमन की अनुमति होगी। इस मार्ग से सुन्नी समुदाय के लोगों को आने–जाने की अनुमति नहीं दी जायेगी।

यहां सिर्फ सुन्नी समुदाय को अनुमति

- झवांई टोला, अकबरी गेट से सुन्नी समुदाय चौक, सर्राफा होकर कोतवाली चौक के सामने से शाहमीना रोड, छत्ते वाले पुल से बांये मुड़कर टीले वाली मस्जिद जा सकेगें। इस मार्ग का उपयोग बाजारखाला क्षेत्र के सुन्नी समुदाय के लोग ही कर सकेगें। इन्हें मेफेयर तिराहा से अकबरी गेट की ओर मोड़ दिया जायेगा।
- हुसैनाबाद की ओर आने वाले सुन्नी समुदाय के लोग ठाकुरगंज से हरदोई रोड होकर चौक जायेगें। शाहमीना रोड से छत्ते वाले पुल से बांये टीले वाली मस्जिद पहुंचेंगे। अमीनाबाद आदि क्षेत्र से आने वाले सुन्नी समुदाय के लोग सुभाष मार्ग से मेडिकल कालेज चौराहा होकर जायेंगे।

अलविदा आज, एडवायजरी जारी सड़कों पर नमाज न पढ़ने का निर्देश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : 5 अप्रैल को रमजान का आखिरी जुमा यानि अलविदा है। अलविदा के सम्बन्ध में सभी मस्जिदों में नमाज को लेकर तैयारी तेजी से चल रही है। इस्लामिक सेंटर ऑफ़ इंडिया ने द्वारा जारी एडवायजरी में कहा गया है कि अलविदा को हर नमाजी समय से पहले अपने घर से मस्जिद के लिए निकले और वहां समय से पहले पहुंच जाए। नमाजियों से ताकीद की गई है कि सड़कों पर नमाज अदा न की जाए।

एडवायजरी में कहा गया है कि नमाजी अपने और अपने घर वालों के साथ अपने देश की हिफाजत की दुआ करें। फिलिस्तीन में शान्ति वापस लौटे इसकी भी दुआ करें। इस्लामिक सेंटर ऑफ़ इंडिया के चेयरमैन मौलाना खालिद रशीद फिरंगीमहली ने बताया कि जामा मस्जिद ईदगाह में अलविदा की नमाज दोपहर 12.45 बजे होगी। नदवतुल उलेमा में दोपहर 1 बजे नमाज अदा की जायेगी। मस्जिद दरगाह शाहमीना शाह में दोपहर 1 बजे, अकबरी गेट स्थित एक मिनारा मस्जिद में दोपहर 12.35 बजे अलविदा की नमाज होगी। शहर की अन्य मस्जिदों में दोपहर 12.30 बजे से दोपहर 2.30 बजे तक अलविदा की नमाज होगी। वही राजधानी में जुमा पर अलविदा की नमाज को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुराने लखनऊ में एक हजार से ज्यादा पुलिस कर्मियों की तैनाती रहेगी।

एक नजर

आठ छात्रों का कैंपस प्लेसमेंट

अमृत विचार, लखनऊ : डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में आठ छात्रों का कैंपस प्लेसमेंट हुआ है। कार्यशाला प्रबन्धक डॉ. रणजीत कुमार ने बताया कि बीपीओ पाठ्यक्रम के कुल आठ छात्रों का बहुराष्ट्रीय कंपनियों में प्रोस्थेटिस्ट एवं आर्थोटिस्ट के पद पर प्लेसमेंट हुआ है। चयनित छात्रों में अच्युत क्रिशन नारायण, शुभम पटेल, अंबुज मिश्रा, अमृतांशु द्विवेदी, विकास शुक्ला, सौरभ सिंह, सत्यम सिंह, प्रीतु सिंह शामिल हैं।

पीएचडी प्रवेश के लिए प्रमाण पत्रों की जांच

अमृत विचार, लखनऊ : डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के पीएचडी में प्रवेश प्रक्रिया के तहत प्रवेश परीक्षा में चयनित छात्रों के प्रमाण पत्रों की जांच की गई। इसमें करीब 90 प्रतिशत छात्रों ने अपने प्रमाणपत्रों की जांच कराई। कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय ने बताया कि काउंसलिंग शुक्रवार को होगी। होमीभाभा रिसर्च कम टीचिंग फेलोशिप के तहत 25 सीटों का आवंटन इसी क्रम में पूरा होगा।

पीएचडी में फीस को लेकर लविवि ने जारी किए निर्देश

अमृत विचार, लखनऊ : पीएचडी को लेकर लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से निर्देश जारी किये गए हैं। विभागाध्यक्ष प्रोफेसर अनिल मिश्रा ने बताया है कि जिन छात्रों ने पीएचडी एडमीशन को लेकर फीस नहीं जमा कर सके हैं। वे छात्र 9 अप्रैल तक अपनी संपूर्ण प्रक्रियाएं पूर्ण कर लें। अध्ययन आरंभ होने से पहले सभी प्रपत्रों को विभाग में प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है।

छात्र नेता के निधन पर अखिलेश ने जताया शोक

अमृत विचार, लखनऊ : समाजवादी छात्र सभा के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आकाश लाल के आकस्मिक निधन पर सपा मुखिया अखिलेश यादव ने शोक व्यक्त किया है। लखीमपुर निवासी व लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्र नेता के निधन को लेकर विश्वविद्यालय के छात्रों ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की है। बता दें कि विवि के छात्र नेता आकाश लाल द्वारा छात्रों से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर कई बड़े प्रदर्शन भी किये जा चुके हैं।

राजधानी में 150 शिक्षकों को किया गया था संबद्ध

संबद्ध शिक्षकों के मामले में बेसिक शिक्षा परिषद के सचिव ने लिया संज्ञान, शिक्षकों की होगी वापसी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : राजधानी में मूल स्कूल को छोड़कर दूसरे स्कूल में किए गये 150 शिक्षकों के संबद्धीकरण के मामले का बेसिक शिक्षा परिषद सचिव ने भी संज्ञान लिया है। 2011 में एक स्कूल से दूसरे स्कूल में भेजे गये शिक्षकों की वापसी भी नहीं हो सकी है और बड़ी चालकी से तत्कालीन बाबूओं और खंड शिक्षा अधिकारियों की मिलीभगत से शिक्षकों का ब्योरा मानव संपदा पोर्टल पर संबद्ध वाले विद्यालय का भरवा दिया गया। ताकि हमेशा के लिए खेल खत्म हो जाये और शिक्षकों को वापस मूल स्कूल न जाना पड़े। देखने में ये लगे कि शिक्षकों की तैनाती की गई है।

पहले इस तरह के शिक्षकों की संख्या दो दर्जन बताई जा रही थी बाद में ये संख्या 150 से अधिक निकली है। अब जहां बेसिक शिक्षा अधिकारी राम प्रवेश ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी कर संबद्धीकरण की आख्या मांगी है वहीं दूसरी ओर सचिव परिषद सुरेन्द्र तिवारी ने भी संज्ञान लिया है। अमृत विचार में बीते दिनों भी खबर का प्रकाशन हुआ तो अधिकारी भी हैरान रह गये।

मानवीय आधार पर दूरी कम करने के लिए किया संबद्ध : शिक्षकों का जिस आधार पर संबद्धीकरण किया गया। उसमे जारी आदेश पर गौर करें तो सभी पर मानवीय आधार बताया गया है। ये खेल इसलिए किया गया कि शिक्षकों को अधिक दूरी वाले स्कूल न जाना पड़े। कहा ये भी जा रहा है कि इतने बड़े स्तर पर मामला होने के बाद भी अनदेखा किया गया तो जरूर तत्कालीन अधिकारियों की मिलीभगत के बिना ये संभव नहीं है।

13 साल बाद मूल स्कूल लौटेंगी संबद्ध शिक्षिकाएं

नियमानुसार एक साल ही हो सकती है दूसरे स्कूल में संबद्धता

रविशंकर गुप्ता, लखनऊ

अमृत विचार : बेसिक शिक्षा विभाग में शिक्षिकाएं 13 साल से संबद्ध स्कूल में पढ़ा रही हैं। वहीं से मानव संपदा पोर्टल पर अपना ब्योरा भी भर दिया। बेसिक की संबद्ध स्कूल से ही जारी हो रहा था। मामला पकड़ में आने पर बीएसए ने बीईओ को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। इसके साथ ही शिक्षकाओं को मूल विद्यालय में भेजने की तैयारी भी शुरू हो गई है। जल्द ही यह शिक्षिकाएं अपने मूल विद्यालय में भेज दी जाएंगी।

बेसिक शिक्षा परिषद के प्राथमिक और जूनियर विद्यालय के शिक्षकों को दूसरे स्कूल में संबद्ध करने की अधिकतम समय सीमा एक साल होती है। सचिव तिवारी ने इस संबद्धता पर रोक लगा दी है। इसके बावजूद अधिकतर राजधानी में करीब दो दर्जन शिक्षिकाएं 13 सालों से दूसरे स्कूल में संबद्ध हैं और अब उनका वेतन भी संबद्धता वाले स्कूल से निकल रहा है, जबकि ये विभागीय नियमावली के अनुसार नहीं है। नियमानुसार, शिक्षिकाओं की संबद्धता का समय पूरा होने पर मूल स्कूल में भेजा जाना चाहिए था। लेकिन शिक्षिकाओं ने ऑनलाइन मानव संपदा पोर्टल पर संबद्ध स्कूल से ही अपना ब्योरा अपलोड करवाया है। इस पर अधिकारियों ने भी ध्यान नहीं दिया और सभी का वेतन नियम विरुद्ध निकलता रहा है।

नगर क्षेत्र में बड़े स्तर पर हुआ खेल : लखनऊ में नगर निगम के हिसाब से 8 जोन हैं। बेसिक शिक्षा विभाग में अपने मानचित्र को चार जोन में विभाजित किया है। चारों जोन में शिक्षकों को मूल तैनाती वाले विद्यालय से दूसरे विद्यालयों में संबद्ध किया गया। 2011 में इनकी संबद्धता हुई थी। 13 साल बाद सोलहवीं शुरू होने पर विभाग की खामी सामने आई है।

खंड शिक्षा अधिकारियों से मांगा जवाब : नगर क्षेत्र के चारों जोन के खंड शिक्षा अधिकारियों से संबंधित सचिवालय ने बेसिक शिक्षा निदेशक के निर्देश पर बेसिक शिक्षा अधिकारी राम प्रवेश ने जवाब तलब किया है। अब बीईओ की जांच करके रिपोर्ट देनी होगी। इसके बाद संबद्ध शिक्षकाओं की मूल विद्यालयों में वापसी शुरू हो जायेगी।

ये शिक्षिकाएं 13 साल से हैं संबद्ध

- अर्चना सिंह तैनाती विद्यालय प्राथमिक तेलीबाग, संबद्ध गाजीपुर बस्तीलौ
- अर्चना श्रीवास्तव तैनाती प्राथमिक विद्यालय मोतिसागर, संबद्ध प्राथमिक विद्यालय मिनहट
- आरती तैनाती प्राथमिक विद्यालय स्कूल इंडिया, संबद्ध सरगपुर फरीदीनगर
- प्राची मिश्रा तैनाती प्राथमिक विद्यालय पारा, संबद्ध प्राथमिक इंद्रालय भरवारा प्रथम
- गीताशील तैनाती प्राथमिक विद्यालय गाजीपुर बस्तीलौ, संबद्ध गाजीपुर बस्तीलौ
- अलका गौड़ तैनाती प्राथमिक विद्यालय अमरई गांव, संबद्ध प्राथमिक विद्यालय सिधमऊपुर
- अर्चना गुप्ता तैनाती प्राथमिक विद्यालय गोसाईगंज, संबद्ध प्राथमिक विद्यालय गौसागंज
- अर्चना शुक्ला तैनाती प्राथमिक विद्यालय झाऊलाल, संबद्ध प्राथमिक विद्यालय पानी गांव
- शर्मिला मिश्रा तैनाती प्राथमिक विद्यालय केसरीखेड़ा संबद्ध उतरौंदिया जोन 3

अमृत विचार में प्रकाशित खबर। अमृत विचार

किसी भी शिक्षक को संबद्ध करने पर रोक है। मामला संज्ञान में आया है इसकी जांच कराई जायेगी। जो शिक्षक अटैच हैं उनको मूल स्कूल भेजा जायेगा। यदि मानव संपदा पोर्टल पर गलत डाटा फीड कराया गया है तो उसमें संशोधन कराया जायेगा, फिर शिक्षकों की वापसी होगी।

–सुरेन्द्र तिवारी, सचिव बेसिक शिक्षा परिषद

स्कूल छोड़कर विभाग के अन्य कार्यों में नहीं लगेंगे शिक्षक

महानिदेशक ने रिमांइडर आदेश जारी करते हुए सख्त चेतावनी दी है कि विद्यालय में कार्यरत प्रधानाध्यापकों, सहायक अध्यापकों को शिक्षण कार्य के अलावा किसी भी अन्य कार्य में न लगाया जाये। महानिदेशक ने बेसिक शिक्षा निदेशक, एससीईआरटी, समग्र शिक्षा, एमडीएम, साक्षरता, वैकल्पिक शिक्षा, उर्दू एवं प्राच्य भाषाएं और राज्य शैक्षिक प्रबन्धन एवं प्रशिक्षण संस्थान, प्रयागराज को ये आदेश जारी किए। महानिदेशक ने कहा कि जानकारी मिली है कि निदेशालय व उसकी

महानिदेशक ने जारी किया आदेश, जरूरी होने पर वीडियो कान्फ्रेसिंग से जुड़ेंगे शिक्षक

ईकाईयो में मास्टर ट्रेनर्स के रूप में अथवा मॉड्यूल तैयार करने, पाठ्यक्रम से सम्बन्धित कार्यों, प्रश्नपत्र तैयार करने तथा अन्य कार्यों में लगाया जाता है इससे जिस विद्यालय में शिक्षक तैनात है, वहां बच्चों की पढ़ाई पर भी असर पड़ रहा है। ऐसे में किसी भी दशा में शिक्षकों को संबद्ध न किया जाये। साथ ही कार्यों की आवश्यकता के आधार पर जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में कार्यरत प्रवक्ता सहायक अध्यापकों तथा निदेशालय में कार्यरत प्रवक्ता व अनुदेशक के रूप में कार्यरत अकादमिक कार्मिकों से ही कार्य लिया जाए। महानिदेशक ने स्पष्ट करते हुए कहा कि यदि शिक्षकों के फील्ड के अनुभव व इनपुट की आवश्यकता हो तो उसके लिए संबंधित प्राथमिक–उच्च प्राथमिक शिक्षकों से ऑनलाइन वीडियो कॉन्फेसिंग के माध्यम से सम्पर्क कर आवश्यक सहयोग प्राप्त किया जा सकता है।

मतदान को लेकर विविध आयोजन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय और उससे संबद्ध महाविद्यालयों में मतदान को लेकर विविध कार्यक्रम आयोजित किये गए। नवयुग महाविद्यालय में मतदान को लेकर छात्राओं द्वारा रैली निकालकर लोगों को शपथ दिलाई गई।

वहीं एपीसेन मेमोरिल गर्ल्स पीजी कॉलेज में प्राचार्य प्रोफेसर रचना श्रीवास्तव की अध्यक्षता में शिक्षिकाओं, कर्मचारियों और छात्राओं ने मतदाता शपथ ली। इस अवसर पर हस्ताक्षर अभियान भी चला। जिसमें काफी संख्या में लोगों ने भाग लिया और मतदान करने के लिए प्रेरित किया।

हस्ताक्षर अभियान में शामिल छात्राएं।

PUBLIC NOTICE

This is for general information that M/s Supreme Real Estate Developers Pvt. Ltd. has been accorded Environment Clearance by STATE LEVEL ENVIRONMENT IMPACT ASSESSMENT AUTHORITY (SEIAA), Uttar Pradesh for its Group Housing Project "**Shalimar Sky Garden**" at Plot No. TC - 47 & 48, VibhutiKhand,Gomti Nagar, Lucknow-226010, U.P. through EC Identification No. - EC24B038UP173623, File No.8297, Dated 02Feb 2024. The copy of clearance letter is available on website of SEIAA (http://www.seiaaup.in/).

केंद्रीय विवि की तर्ज पर मिलेगा पुनर्वास में प्रवेश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में संचालित स्नातक एवं परास्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए अब केन्द्रीय विश्वविद्यालय की तर्ज पर पंजीकरण होगा। नई व्यवस्था को अमल में लाने के लिए विश्वविद्यालय की विद्या परिषद की बैठक में अंतिम निर्णय लिया गया है।

पुनर्वास विवि के कुलपति प्रोफेसर हिमांशु शेखर झा बताते हैं कि विवि के विभिन्न संकायों के अन्तर्गत संचालित समस्त विभागों में स्नातक स्तर एवं परास्नातक स्तर पर संचालित पाठ्यक्रमों में शैक्षिक सत्र 2024-25 में प्रवेश प्रक्रिया को सुगम बनाए जाने के लिए नई व्यवस्था अमल में लाई गई है।

कॉमन यूनिवर्सिटी इंट्रेंस टेस्ट के आधार पर होगा पंजीकरण

केन्द्रीय विश्वविद्यालय एवं अन्य सहभागी राज्य विश्वविद्यालय की तरह इस विवि में भी कॉमन यूनिवर्सिटी इंट्रेंस टेस्ट के माध्यम से प्रवेश सम्बन्धी कार्रवाई पूर्ण कराई जाएगी। ऐसा निर्णय विवि की स्थायी प्रवेश समिति की बैठक में ले लिया गया है। अंतिम निर्णय के दौरान आयोजित बैठक में दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के निदेशक जयनाथ यादव, कुलसचिव रोहित सिंह सहित विभागाध्यक्ष और प्रोफेसर उपस्थित रहे।

दिव्यांगजनों के लिए होगा आरक्षण

विद्या परिषद की बैठक में प्रथम नियमावली को आधार बनाया गया। नोडल अधिकारी की ओर से तय किया गया कि प्रवेशों में आरक्षण को लेकर विभिन्न श्रेणी के दिव्यांगजन के लिए 50 प्रतिशत सीटें आरक्षित रहेंगी। कॉमन यूनिवर्सिटी इंट्रेस टेस्ट में ये पंजीकरण प्रक्रिया विवि के परिनियमावली में विहित आरक्षण व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए सम्पन्न की जाएगी।

सामाजिक भूमिका के सहारे खोजे मूल्यांकन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय में आयोजित दिव्यांगता और सामाजिक भूमिका मूल्यांकन को लेकर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के दूसरे दिन सामाजिक भूमिका मूल्यांकन की एक झलक और एक पूर्ण जीवन में इसका योगदान विषय पर चर्चा की गई।

आयोजित कार्यक्रम में दिव्यांगता से जुड़ै अमानवीय प्रभाव पर जोर दिया गया। प्रो. रानु उनियाल ने डिस्कएक्सलिटी को बढ़ावा देने और समावेशिता के बीजारोपण की अनिवार्यता पर जोर दिया। कार्यक्रम के दौरान लघु फिल्म की स्क्रीनिंग हुई। छात्रों, एसएससीएआर, वांछित शिक्षाविदों द्वारा प्रस्तुत किए गए रिसर्च पेपरों के साथ चर्चा की गई। आईईएस अदिति यादव ने छात्रों को प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर शोधार्थियों ने भी व्याख्यान प्रस्तुत किये गए।

अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में विषयवार की गई चर्चाएं

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम अजय कुमार से बदलकर अजय चौधरी रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। **अजय चौधरी पुत्र ज्ञान पासी ग्राम रेगी, पोस्ट सल्टौआ, गोपालपुर, जिला बस्ती**

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम मोहम्मद वारिस से बदलकर मोहम्मद वारिस अंसारी रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। **मोहम्मद वारिस अंसारी पुत्र अब्दुल गनी निवासी महादेवा तारायापारा, महुली, जिला सन्त कबीर नगर।**

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि चार भाई जमील अहमद, शफीक अहमद, रफीक अहमद व रफील अहमद हैं। रफील अहमद और उनके ससुर शमशुद्दीन से आए दिन विवाद होता रहता है जिसके कारण हमें अन्य भाइयों से को परेशानी होती है। भविष्य में यदि रफील अहमद के साथ किसी भी प्रकार की कोई लेन देन या घटना होती है तो हम अन्य भाइयों से कोई लेना देना नहीं रहेगा। **शफीक अहमद पुत्र वाजिद अली, ग्राम पनेरा, टोला खैरहवा, थाना मोहाना, जिला सिद्धार्थनगर।**

सूचना

सूचित हो कि मैं आकाश प्रताप सिंह पुत्र चन्द्रमान सिंह मूल निवासी – **ग्राम जिताई का पुरवा, पो0– बर्रा–ठर्रा, जनपद– कानपुर देहात** मेरा पैन कार्ड विपिन कुमार के नाम से था और आधार कार्ड और हाईस्कूल के प्रमाण पत्र अनुसार में आकाश प्रताप सिंह है। अतः पैन कार्ड में मेरा नाम संशोधित कर आकाश कुमार दर्ज किया जाय। **– आकाश प्रताप सिंह पुत्र चन्द्रभान सिंह, निवासी– ग्राम जिताई का पुरवा, पो0– बर्रा–ठर्रा, जनपद– कानपुर देहात**

सूचना

सूचित हो कि मैं **मालती देवी पुत्री रूपकिशोर, निवासिनी– घनश्यामपुर, पोस्ट– बहलोलपुर, तहसील व जिला फतेहपुर** मेरा हाईस्कूल वर्ष 2014 अनुक्रमांक 2223481 है तथा इन्टरमीडियट वर्ष 2016 अनुक्रमांक 1677957 का अंकपत्र व सह प्रमाणपत्र वास्तव में खो गया है।

सूचना

सूचित किया जाता है कि **द्वारिका प्रसाद पुत्र गुरू प्रसाद, निवासी– हसनापुर, परगना – हिसामपुर, तहसील– कैसरगंज** विगत 26 वर्षो से लापता है जिनकी भूमि हसनापुर व पारापरसरामपुर मे है इनके भाई राजामान पुत्र गुरू प्रसाद ने वरासत का दावा प्रस्तुत किया है यदि द्वारिका प्रसाद जीवित हैं तो एक माह मे साक्ष्य सहित तहसीलदार कैसरगंज जनपद बहराइच के न्यायालय मे प्रस्तुत हों

सूचना

सूचित हो कि पहले मेरा नाम SAROJ था अब मैने बदलकर अपना नाम SAROJ KUMAR रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। S/O: SANT LAL, VILL- TARSAND,POST- DHARMPUR, GAURABADA SHAHPUR, JAUNPUR, UTTAR PRADESH - 222001

सूचना

सूचित हो कि पालिसी संख्या 216160247 में त्रुटिवश मेरी पुत्री का नाम काव्या दर्ज है। जबकि अन्य सभी दस्तावेजों में वैष्णवी गुप्ता दर्ज है। जिसे दोनों नामों से जाना व पहचाना जाता है। **शिवप्रकाश निवासी – कस्बा मोहनलालगंज, लखनऊ।**

सूचना

सूचित हो कि मैं **प्रियंका सिंह पुत्री ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह, निवासिनी– मुंगारी, रामपुर, करछना, प्रयागराज,** मेरी हाईस्कूल वर्ष 2004 जीजीआईसी रामपुर, करछना, प्रयागराज, इंटरमीडिएट– 2006 बृजमंगल सिंह इंटर कालेज रामपुर, करछना, प्रयागराज, बीए–2006 कानपुर विश्वविद्यालय, एमए – 2008 सैम हिगिनबॉटम कृषि, प्रौद्योगिकी और विज्ञान विश्वविद्यालय, पूर्व में इलाहाबाद कृषि संस्थान,का मूल अंक पत्र व प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है।

सार-संक्षेप

लाइब्रेरी में असुविधाओं पर एनएसयूआई मुखर

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय की एनएसयूआई इकाई द्वारा विश्वविद्यालय की साइबर लाइब्रेरी में कई दिनों से इंटरनेट न चलने की समस्या को लेकर विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान हेड लाइब्रेरियन को ज्ञापन भी दिया गया।लविवि में अप्रैल माह के अंत में सेमेस्टर परीक्षाएं होना प्रस्तावित हैं। ऐसे में छात्रों को लाइब्रेरी में पढ़ने के दौरान असुविधाएं हो रही हैं। इसी को लेकर एनएसयूआई की विवि इकाई के पदाधिकारी और सदस्य लाइब्रेरी में एकजुट हुए। कई छात्रों से सवाल–जवाब करते हुए उनके वीडियो बनाए गए। फिर नेट की समस्या को आधार बनाकर लाइब्रेरी के बाहर धरना देते हुए प्रदर्शन किया गया। बाद में ज्ञापन भी दिया गया। छात्र संगठन की ओर से मांग की गई कि वर्तमान में परीक्षा करीब हैं। ऐसे में लाइब्रेरी से जुड़ी समस्याएं अविलंब निस्तारित की जाएं। नेट सहित अन्य व्यवस्थाएं भी सुचारु रूप से चालू कराई जाएं। इस अवसर पर विशाल सिंह, प्रिंस प्रकाश, शुभम खरवार, अंकुश चौहान, अरसलान, अमित, हर्षित, प्रीतम, रितेश, शिवम, अमितेश एवं अन्य छात्र मौजूद रहे।

भाषा और इंटीग्रल विवि के बीच हुआ एमओयू

अमृत विचार, लखनऊ : ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय और इंटीग्रल विश्वविद्यालय के मध्य एक समझौता हुआ। ऐसे में दोनों विवि के जिम्मेदारों द्वारा ज्ञापन पर हस्ताक्षर भी किये गए। भाषा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि एमओयू के सहारे नवाचार को बढ़ावा मिलेगा। इसी को बढ़ावा देने के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर किये गए हैं। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. भावना मिश्रा की उपस्थिति में भाषा विश्वविद्यालय और इंटीग्रल विश्वविद्यालय के मध्य एमओयू स्थापित किया गया। बताते हैं कि एमओयू विवि के सभी विषयों में शोध एवं प्रायोगिक ज्ञान को बढ़ाने के लिए कारगर साबित होगा। इससे उच्च शिक्षा के सभी विषयों में गुणवत्ता पूर्ण शोध एवं नवाचार को अग्रतर करने के लिए कार्य किया जा सकेगा। हस्ताक्षर के दौरान डॉ. भावना मिश्रा, वाणिज्य संकाय के प्रो. एहतेशाम अहमद और इंटीग्रल विवि के कुलसचिव प्रो. हारिस सिद्दिकी और प्रो. सबा सिद्दिकी मौजूद रहे। सभी ने मिलकर हस्ताक्षर किया।

बच्चों के बीच समय बिताकर मिला आनंद : डॉ. प्रीति सिंह

अमृत विचार, लखनऊ : साईंधाम मंदिर फाउंडेशन ट्रस्ट विभूतिखंड गोमतीनगर में गुरुवार को एडिशनल कमिश्नर आयकर विभाग डॉक्टर प्रीति सिंह ने सांई मंदिर में हवन पूजन किया। और मंदिर प्रांगण में पढ़ने वाले बच्चों में नाश्ता व स्कूल की स्टेशनरी का वितरण किया। एडिशनल कमिश्नर ने बच्चों को पढ़ाई–लिखाई का महत्व समझाया और संस्था के संस्थापक अमित शर्मा को हर शनिवार मंदिर में आकर बच्चों को विद्यादान करने का आश्वासन दिया। मंदिर में प्रीति ने बच्चों के साथ बातचीत करी और बच्चों के अभिवावकों से अपील करी की, आगामी लोकसभा के चुनावों में वे अपने मत का प्रयोग जरूर से करें। प्रीति सिंह ने बच्चों के माता–पिता से वादा लिया कि वे ज़िम्मेदारी से मतदान करेंगे भी और दूसरों को भी मतदान करने को प्रोत्साहित करेंगे। साईंधाम ट्रस्ट घरों व व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में नि:शुल्क हवनपूजन कार्य भी संपादित कर रही है।

बच्चों को स्टेशनरी का सामान वितरित करतीं आयकर विभाग की एडिशनल कमिश्नर डॉ. प्रीति सिंह।

अब ऑफलाइन के साथ ऑनलाइन शिक्षा

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ऑनलाइन शिक्षा देने के लिए तैयार है। इसको लेकर कुलपति ने कक्षों का आवंटन भी कर दिया है। माना जा रहा है कि ऑनलाइन सत्र से जुड़ा अध्ययन ऑफलाइन व्यवस्था के साथ ही आरंभ होगा। रजिस्ट्रार डॉ. विनोद कुमार सिंह बताते हैं कि ऑनलाइन शिक्षा को लेकर सभी व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई है। कक्ष आवंटन भी कुलपति के निर्देश पर किया जा चुका है। अध्ययन को लेकर ओएनजीसी बिल्डिंग में कार्यालय भी स्थापित कर लिया गया है। कक्ष संख्या 11 के सहारे अध्ययन कार्यों को निष्पादन किया जाएगा। ऑनलाइन शिक्षा से जुड़ी हर व्यवस्थाएं बिल्डिंग में समायोजित कर दी गई है। अध्ययन कार्य ऑफलाइन के साथ आरंभ किया जाएगा। ताकि निश्चित समय के भीतर ऑनलाइन और ऑफलाइन पढ़ाई को एक साथ पूरा किया जा सके।

सम्मान पाने वाले सेवानिवृत्त शिक्षक। अमृत विचार

शिक्षक देश की अमूल्य निधि, हर स्तर पर हो रक्षा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : कगाजों पर एक उम्र भले ही निर्धारित है लेकिन एक वास्तविक शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नहीं होता है। किसी भी देश के भविष्य में शिक्षकों का एक अहम योगदान होता है। शिक्षक देश की अमूल्य निधि भी है इसलिए इनकी हर स्तर पर रक्षा भी जरूरी है।

ये विचार राजधानी में बीते 31 मार्च को सेवानिवृत्त हुए बेसिक शिक्षकों के सम्मान में प्रस्तुत किए गये। इस सम्मान समारोह में करीब 150 शिक्षकों को सम्मानित किया गया। इस दौरान आधुनिक तकनीकी शिक्षा और शिक्षक की बदलती भूमिका" विषय पर संगोष्ठी भी हुई। सर्वजन हिताय संरक्षण समिति के तत्वाधान ये कार्यक्रम का आयोजन एसकेडी अकादमी वृंदावन ब्रांच के प्रागंण में किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में एसकेडी अकादमी के प्रबंध निदेशक एसकेडी सिंह ने मुख्य वक्ता के रूप में डायट लखनऊ के प्राचार्य व उप शिक्षा निदेशक अजय कुमार सिंह व सरोजिनी नगर के विधायक डॉक्टर राजेश्वर सिंह उपस्थित रहे। इस मौके पर सर्वजन हिताय संरक्षण समिति की महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष रीना त्रिपाठी ने सम्मान पाने वाले शिक्षकों के नामों की घोषणा की।

31 मार्च को सेवानिवृत्त हुए बेसिक शिक्षकों का हुआ सम्मान

प्रदेश में लखनऊ विवि को मिला चौथा स्थान

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय को एडु रैंकिंग में बढ़त मिली है। विश्वविद्यालय को प्रदेश में चौथा स्थान प्राप्त हुआ है। विवि ने एशियाई संस्थानों की रैंकिंग में भी बढ़त बनाई है।

लखनऊ विश्वविद्यालय का ग्राफ तेजी से एडु रैंकिंग में बढ़ा है। 5,830 एशियाई संस्थानों की सूची में इसको 454वां स्थान प्राप्त हुआ है। देश के राष्ट्रीय 876 संस्थानों में लविवि ने 29 वां स्थान प्राप्त किया है। वहीं उत्तर प्रदेश के शैक्षणिक संस्थानों में विवि ने चौथा स्थान प्राप्त किया है। लखनऊ विवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय बताते हैं कि विश्वविद्यालय के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कम्प्युटेशनल रसायन विज्ञान विषय में देश में 13वीं एवं एशिया में 124वीं रैंक मिली है। प्राणी शास्त्र विषय में देश में 16 वीं एवं एशिया में 244 वीं रैंक प्राप्त हुई है। परमाणु एवं आणविक भौतिकी विषय में देश में 25 वीं एवं एशिया में 225 वीं रैंक तथा विष विज्ञान विषय में देश में 27 वीं एवं एशिया में 153वीं रैंक प्राप्त हुई है। उत्कृष्ट प्रदर्शन को लेकर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कुलपति को बधाई दी है।

उत्कृष्ट प्रदर्शन को लेकर राज्यपाल ने कुलपति को दी बधाई

अनुपस्थित हुए तो कटेगा वेतन

अमृत विचार, लखनऊ : भाषा विश्वविद्यालय में अनुपस्थित रहने वाले शिक्षकों के विरुद्ध कार्रवाई भी की जाएगी। इसको लेकर कुलपति की ओर से दिये गए निर्देश के बाद रजिस्ट्रार ने सभी को पत्र भेजते हुए निर्देश जारी किये हैं। बता दें कि ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में बीते दिन रजिस्ट्रार डॉ. भावना मिश्रा द्वारा कक्षावार निरीक्षण किया गया था। ऐसें में कोई भी शिक्षक कक्षा में पढ़ाते हुए नहीं मिले। जिसको लेकर शिक्षकों से सवाल –जवाब किये गए। साथ ही उन्हें निर्देशित भी किया गया कि बिना अनुमति के कक्षाओं को छोड़ा तो वेतन भी काट लिया जाएगा।

अब घर बैठे आपके ज़ीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान

फ्री सलाह

अभी फोन करें :

GURU AADIL JI

9717810465

1% विश्वास आप करें 99% विश्वास हम बनाएंगे

स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

पूर्वोत्तर रेलवे

एसी 25000 वोल्ट कर्षण को चालू करना

"सड़क उपयोगकर्ताओं को चेतावनी"

जनसाधारण की सूचना के लिए अधिसूचित किया जाता है कि पूर्वोत्तर रेलवे के **फ्लैश वट साईडिंग लाइन नं. 01, 02, 03 तथा 04** तथा गोमती नगर स्टेशन लाइन नं.–19 सेक्शन विद्युतीकृत लाईन खण्ड पर 25000 वोल्ट एसी विद्युत कर्षण आरम्भ करने के लिए सभी समपारों पर सड़क सतह से 4.78 मीटर की स्पष्ट ऊँचाई पर ऊँचाई गेजे लगायी गयी है। ताकि बहुत अधिक ऊँचाई वाले लोडेड सड़क वाहन को विद्युतमय कर्षण तार की खतरनाक सन्निकटता या सम्पर्क में आने से रोका जा सके। जन साधारण को एतद् द्वारा अधिसूचित किया जाता है कि सड़क वाहनों के लदान के प्रयोजन के लिए उक्त विनिर्दिष्ट ऊँचाई का पालन करें और यह देखें कि सड़क वाहन में ढोये जा रहे लोड से किसी भी स्थिति में ऊँचाई गेजों का अतिक्रमण न करें। **अत्यधिक ऊँचाई के लोड के खतरे निम्नानुसार है–** 1. ऊँचाई गेज के लिए खतरा और उसके फलस्वरूप सड़क और रेलवे लाइन पर बाधा। 2. वाहन पर ले जायी जा रही सामाग्रियों या उपस्कर को खतरा। 3. चालकों की खतरनाक सन्निकटता या सम्पर्क के कारण आग लगने का खतरा और जीवन की हानि का खतरा।

वमंविइं/टीआरडी/लखनऊ

मुजाधि/विद्युत–03

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

आवश्यकता है

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित अमृत विचार को

रिपोर्टर /सब एडिटर/सीनियर सब एडिटर की

न्यूनतम योग्यता:– स्नातक

मुख्यधारा के अखबार में कम से कम 3 से 5 वर्ष काम करने का अनुभव

वेतन :- योग्यता अनुसार

बायोडाटा भेजें:–

hr@amritvichar.com 8476006584, 9518031113

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

हेड ऑफिस : नजदीक सेटेलाइट बस स्टैण्ड, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

प्रवेश प्रारम्भ

वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय

वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग

उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त

बी.एस.सी. नर्सिंग

(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)

शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ

पोस्ट बेसिक नर्सिंग

(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)

जी.एन.एम.

(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

ए.एन.एम.

(

कथक में 14 प्रतियोगियों ने किया प्रतिभा का प्रदर्शन

उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी की शास्त्रीय संगीत प्रतियोगिता का समापन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी की ओर से आयोजित प्रादेशिक शास्त्रीय संगीत प्रतियोगिता का गुरुवार को कथक नृत्य की प्रस्तुतियों के साथ समापन हो गया। संगीत नाटक अकादमी के निदेशक डॉ. शोभित कुमार नाहर ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की।

कथक नृत्य प्रतियोगिता में 14 प्रतियोगियों ने प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रख्यात कथक नृत्यांगना नलिनी-कमलिनी ने बतौर निर्णायक नई प्रतिभाओं को परखा। बाल वर्ग में प्रयागराज संभाग से चयनित परिधि घोष, सहारनपुर से मायरा जैन, गाजियाबाद से अद्विका शांडिल्य ने हिस्सा लिया।

किशोर वर्ग में कानपुर से पावनी मिश्रा, सहारनपुर से साइशा गुप्ता, आगरा से मर्यादा शर्मा ने प्रतिभाग किया। युवा वर्ग में गाजियाबाद से अवनी बालियान, मेरठ से रिया मल्होत्रा और लखनऊ से खुशी मौर्या ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बाल वर्ग में परिधि घोष को प्रथम, अलंकृता चौधरी को द्वितीय और मायरा जैन को तृतीय स्थान मिला। किशोर वर्ग में प्रियम यादव को प्रथम, आरुषि नरूला को द्वितीय और मर्यादा शर्मा तृतीय स्थान मिला।

युवा वर्ग में रिया मल्होत्रा को प्रथम, अवनी बालियान को द्वितीय और खुशी मौर्या को तृतीय स्थान मिला। अकादमी के निदेशक डॉ. शोभित कुमार नाहर के मार्गदर्शन और रेनू श्रीवास्तव के समन्वयन में पवन कुमार, आकांक्षा श्रीवास्तव, रंजना, शशि श्रीवास्तव, आयुष और मल्हू के सहयोग से यह प्रतियोगिता सम्पन्न कराई गई।

प्रादेशिक शास्त्रीय संगीत प्रतियोगिता में प्रस्तुति देतीं कलाकार। अमृत विचार

जिस पत्थर ने चोट सही वो मूरत बन गया, जो नहीं सह पाया वो सीढ़ी में जड़ा गया : हेमलता

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : गोमती तट स्थित खाटू श्याम मंदिर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन गुरुवार को देवी हेमलता शास्त्री ने दक्ष प्रजापति और सती से जुड़े प्रसंग सुनाए। मुख्य यजमान सुनीता अग्रवाल और जगदीश अग्रवाल, विनीता अग्रवाल, सुनील अग्रवाल तथा अंशु अग्रवाल ने भागवत की आरती की।

कथा वाचक हेमलता शास्त्री ने कहा कि शिव होना सहज नहीं है। अगर भोले का भगत होना है तो भोला बनना होगा। यह भोलापन सहज नहीं है। एक ही खान से निकले पत्थर में जिसने चोट सही वह मन्दिर की मूरत बन गया और जो सहन नहीं कर पाया वह सीढ़ी में जड़ दिया गया। उन्होंने कहा कि एक के चरणों में लोग शीश नवाते हैं और एक के ऊपर चरण रख कर जाते हैं।

खाटू श्याम मन्दिर में श्रीमद्भागवत कथा सुनातीं कथावाचक देवी हेमलता शास्त्री। अमृत विचार

हेमलता शास्त्री ने कहा कि मन को सुन्दर बनाना होगा। मन यदि मित्र बन गया तो वह आपको भगवान के चरणों तक ले जायेगा। वृत्तियों को व्यवस्थित कर जीवन को धन्य बनायेगा। कथा के दौरान प्रसंगानुकूल गोविन्द मेरो है गोपाल मेरो है, मेरा भोला है भण्डारी जैसे भजनों की सरिता भी प्रवाहित हुई। साथ ही वामन देव की मनमोहक झांकी भी देखने को मिली। इस अवसर पर गिरिजा शंकर अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, भारत भूषण गुप्ता, मनीष, राखी, सुशील, रश्मि, संजय, संदीप और सचिन सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

एक नजर

गृहकर में 15 प्रतिशत की छूट के लिए करना होगा अभी इंतजार

अमृत विचार, लखनऊ : 1 अप्रैल से गृहकर पर 15 प्रतिशत की छूट पाने के लिए भवन स्वामियों को कुछ दिन और इंतजार करना पड़ेगा। गृहकर जमा करने के लिए एनआईसी की साइट बंद चल रही है। सॉफ्टवेयर को अपडेट किया जा रहा है। सोमवार से भवन स्वामी गृहकर जमा करके 15 प्रतिशत छूट का लाभ उठा सकेंगे। महापौर सुषमा खर्कवाल की अध्यक्षता में आयोजित नगर निगम कार्यकारिणी बैठक में 1 अप्रैल से 30 जून तक गृहकर जमा करने पर 15 प्रतिशत छूट देने का निर्णय लिया गया था। अभी तक नगर निगम गृहकर जमा करने पर अधिकतम 10 प्रतिशत की छूट देता था। इस निर्णय से अधिक से अधिक भवन स्वामी अपना गृहकर जमा करेंगे। इससे नगर निगम की आय बढ़ेगी, साथ ही खजाना भी भर जाएगा।

धूप-छांव के बीच तापमान में आई गिरावट

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ और उसके आसपास गुरुवार को धूप-छांव का खेल चला। दिन में बादल छाने से तापमान में मामूली गिरावट देखने को मिली। मौसम अनुसंधान केन्द्र के वैज्ञानिक का अनुमान है कि 7 और 8 अप्रैल को बारिश हो सकती है। इस बीच मौसम साफ रहेगा। तापमान में बढ़ोतरी की संभावना है। मौसम में लगातार बदलाव हो रहा है। गुरुवार को सुबह तेज धूप निकली, लेकिन दोपहर में बादल छा गए। धूप और छांव के बीच तापमान में गिरावट देखने को मिली। दिन का तापमान 37 से घटकर 34 डिग्री सेल्सियस हो गया। मौसम वैज्ञानिक एम दानिश के मुताबिक, आगे मौसम में तेजी से बदलाव हो सकता है, तापमान बढ़ने से गर्मी बढ़ेगी। 7 और 8 अप्रैल को हल्की बारिश की संभावना बन रही है। उतार-चढ़ाव के कारण तापमान में बढ़ोतरी हो सकती है। आने वाले दिनों में तापमान का ग्राफ बढ़ेगा। मौसम विभाग ने बढ़ते तापमान को लेकर लोगों को जरूरी सलाह भी दी है।

डॉ. पूर्णिमा पांडेय को मिला हरकारा सम्मान

हरकारा सम्मान से सम्मानित हुईं प्रो. पूर्णिमा पाण्डेय। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : कला, संस्कृति व साहित्य सरोकारों को समर्पित संस्था हरकारे ने अपने वार्षिक आयोजन फागोत्सव में वरिष्ठ कथक नृत्यांगना डॉ. पूर्णिमा पांडेय को हरकारा सम्मान से सम्मानित किया। डॉ. पूर्णिमा पाण्डेय भातखंडे विश्वविद्यालय की पूर्व कुलपति और संगीत नाटक अकादमी की पूर्व अध्यक्ष हैं। डॉ. पूर्णिमा पाण्डेय को हरकारा सम्मान हरकारे समूह के संरक्षक वरिष्ठ व्यंग्यकार गोपाल चतुर्वेदी, वरिष्ठ साहित्यकार और पूर्व सांसद डॉ. उदय प्रताप सिंह तथा लखनऊ दूरदर्शन के कार्यक्रम प्रमुख आत्म प्रकाश मिश्र ने सम्मान पत्र, पुष्प गुच्छ और अंगवस्त्रम देकर सम्मानित किया।

राणा प्रताप मार्ग स्थित उत्सव में आयोजित फाग की पारंपरिक बैठकी में डॉ. पूर्णिमा पांडेय ने अपनी सृजन यात्रा व अनुभव साझा किए। दूरदर्शन के कार्यक्रम प्रमुख और समूह संरक्षक आत्म प्रकाश मिश्र ने डॉ. पूर्णिमा पांडेय से उनकी सृजन यात्रा पर बात की। संस्कृति प्रेमियों ने भी डॉ. पूर्णिमा से कई सवाल पूछे।

हरकारे समूह की फागोत्सव बैठकी में डॉ. पूर्णिमा ने अवध के पारंपरिक कथक घराने के कथकाचार्या बिंदादीन महाराज, पं. बिरजू महाराज, पं. लच्छू महाराज की बंदिशों पर भावपूर्ण उदाहरण दिए। उन्होंने शास्त्रीय नृत्य कथक में परन, तोड़े, तिहाई समेत कई उदाहरण पेश किये।

डॉ. पूर्णिमा पांडेय के शिष्य भातखंडे के छात्र वल्लरी नारायण व शशांक शेखर ने सुनील जोगी की रचना हम हिन्दू सत्य सनातन हैं... पर शानदार नृत्य संरचना पेश की। अंत में पेशे से वकील शशांक शेखर ने डॉ. पूर्णिमा पांडेय के निर्देशन में मुंशी प्रेमचंद की कहानी 31 दिसम्बर की रात पर भावपूर्ण नृत्य संरचना पेश की।

इस कार्यक्रम में इतिहासकार रवि भट्ट, पद्मश्री डॉ. विद्या बिंदु सिंह, पूर्व वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी निशा चतुर्वेदी, वरिष्ठ व्यंग्यकार सूर्यकुमार पांडेय, राजेश अरोरा शलभ, श्याम मिश्र, अलंकार रस्तोगी, वरिष्ठ गायिका पदमा गिडवानी, डीडी यूपी के प्रस्तुतकर्ता विवेक शुक्ल और शम्स नक़वी आदि मौजूद रहे।

शिखा के कथक व उर्मिला की कजरी की धूम

अवध महोत्सव : मुम्बई के रामशंकर का सूफी गायन व स्नेहा शंकर की बॉलीवुड नाइट रही आकर्षण का केंद्र

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : पर्यटन व संस्कृति विभाग के साथ ही संगीत नाटक अकादमी के संयुक्त तत्वावधान में संगीत नाटक अकादमी के लॉन में रामोत्सव के तहत आयोजित अवध महोत्सव की चौथी संध्या पर गुरुवार को नोएडा की शिखा खरे का कथक नृत्य, मीरजापुर की पद्मश्री उर्मिला श्रीवास्तव का कजरी गायन, मुम्बई के रामशंकर का सूफी गायन और मुम्बई की ही स्नेहा शंकर की बॉलीवुड नाइट आकर्षण का केन्द्र रही। मथुरा से आईं जया सक्सेना और साथियों ने अकादमी परिसर में मयूर नृत्य पेश कर आगंतुकों का स्वागत किया।

महोत्सव के चौथे दिन मुख्य अतिथि के रूप में विशेष सचिव पर्यटन ईशा प्रिया, विशिष्ट अतिथि के रूप में ललित कला अकादमी के क्षेत्रीय सचिव डॉ. देवेन्द्र त्रिपाठी, वरिष्ठ कथक नृत्यांगना नलिनी-कमलिनी, वरिष्ठ कथक नृत्यांगना नयनिका घोष, लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान के निदेशक अतुल द्विवेदी और उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी के निदेशक डॉ. शोभित कुमार नाहर ने अवध महोत्सव की सांस्कृतिक संध्या का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर किया।

महोत्सव की चौथी संध्या में शिखा खरे ने अंदाज-ए-अवध नाम से कथक नृत्य की प्रभावी प्रस्तुति दी। राम भजन अगणित जीवों को तार रही हे राम तुम्हारी रामायण से आधारित इस भजन के बाद शिखा ने सुदर्शन फ़ाकिर द्वारा लिखित और बेगम अख्तर द्वारा राग भैरवी में गायी गई ठुमरी हमरी अटरिया पे पर भावों का प्रभावी प्रदर्शन किया।

गुरु विक्रम सिंह, कपिला राज, पद्मविभूषण पं. बिरजू महाराज और पं. राममोहन महाराज की शिष्या शिखा ने भातखंडे विश्वविद्यालय से शास्त्रीय गायन की भी तालीम ली है। अवध के नवाब वाज़िद अली शाह की लोकप्रिय रचना बाबुल मोरा नैहर छूटो ही जाए पर उन्होंने बेहद भावुक अंदाज में नृत्य प्रस्तुत कर लोगों का दिल जीत लिया।

मीरजापुर से आईं पद्मश्री उर्मिला श्रीवास्तव का कजरी गायन लोगों ने पसंद किया। उन्होंने देवी गीत जय दुर्गे जगदम्बे भवानी के बाद प्रभु राम का सोहर घर-घर बजत बधैया, अयोध्या में राम जन्मे सुनाकर माहौल को राममय कर दिया। झूला गीत झूला धीरे से झुलाओ बनवारी, पिया मेंहदी मंगा द, आज बिरज में होरी रे रसिया और फागुन मस्त महीना ओ बालम सुनाकर लोगों के चेहरों पर मुस्कान बिखेर दी।

मुम्बई के रामशंकर ने अपने सूफी गायन के ज़रिये समां बांध दिया। मशहूर सूफी कव्वाल शंकर शंभू के पुत्र राम शंकर ने सबसे पहले मंदिर तुम्हारा राम जी तुम्हीं बना रहे हो को शानदार अंदाज में सुनाया।

इस क्रम में उन्होंने यारों सब दुआ करो यारों सब दुआ करो, मिलके फरियाद करो और ओ यारा वे सुनाकर शाम का रंग और भी चटख कर दिया। इसके साथ ही उन्होंने इश्क की ज़ंजीरों में गिरफ़्तार हो न जाए, प्यार हो न जाए सुना कर तालियां बटोरीं।

मुम्बई की ही स्नेहा शंकर की बॉलीवुड नाइट आज के आयोजन का प्रमुख आकर्षण रही। उन्होंने ऐ दिल है मुश्किल, सजदा, माही वे, मिले हो तुम हमको, मेरे रश्के कमर और दमादम मस्त कलंदर जैसे कई लोकप्रिय तराने सुनाकर महोत्सव को आसमान पर पहुंचा दिया।

अवध महोत्सव में साथियों के साथ मयूर नृत्य प्रस्तुत करतीं मथुरा की जया सक्सेना। अमृत विचार

नादरगंज के आसमान में उड़ीं पतंगें



नादरगंज मैदान में ऑक्सीजन मैन राजेश कुमार जायसवाल के संयोजन में पतंगबाजी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। गुरुवार की सुबह हुई पतंग प्रतियोगिता में चार टीमों ने भाग लिया। हर टीम में पांच-पांच प्रतिभागी थे। पतंगबाजों के हुनर से आसमान में बलखाती पतंगों ने लोगों को रोमांचित कर दिया।

- **वरिष्ठ कथक नृत्यांगना नलिनी-कमलिनी और नयनिका घोष ने अतिथियों संग की शुरुआत**
- **मथुरा से आईं जया सक्सेना ने साथियों संग मयूर नृत्य पेश कर आगंतुकों का किया स्वागत**

पुतुल कलाकारों ने प्रस्तुत किया पंच परमेश्वर

अकादमी परिसर में बने पुतुल मंच पर वाराणसी की अभिनव समिति की ओर से पंच परमेश्वर का प्रदर्शन किया गया। मुंशी प्रेमचन्द की प्रमुख कहानियों में से एक है पंच परमेश्वर। यह कहानी वर्ष 1916 में सरस्वती पत्रिका में प्रकाशित हुई थी। पंच परमेश्वर में शोभनाथ, प्रिया राय, सपना पटेल, महादेव, महेन्द्र कुमार, अमित कुमार, लालजी प्रसाद और प्रदीप कुमार ने पुतुल संचालन किया।

डॉक्टर की सेवा समाप्त, नोडल प्रभारी सीएचसी से संबद्ध

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : आयुष्मान योजना में गड़बड़ी करने में महिला डॉक्टर और जिला नोडल प्रभारी दोषी पाए गए हैं। डॉक्टर की सेवाएं समाप्त करने के साथ नोडल प्रभारी को इंदिरा नगर सीएचएसी संबद्ध कर दिया गया है। सीएमओ डॉ. मनोज ने आयुष्मान का डॉ. विपिन मिश्रा को नया नोडल अधिकारी बनाया है।

आयुष्मान योजना में जिले के निजी अस्पताल सूचीबद्ध हैं। आयुष्मान में संविदा पर एक महिला डॉक्टर तैनात थी। एमबीबीएस डिग्री धारक न होने के बावजूद वह निजी अस्पतालों की विजिट करती थी।

- **आयुष्मान योजना में गड़बड़ी मामले में नोडल अधिकारी व महिला डॉक्टर दोषी मिले**

इस पर बीते साल बखेड़ा हुआ था। अफसरों ने लीपापोती करके मामले को दबा दिया था।

आयुष्मान पैनल में निजी अस्पताल को शामिल करने में गड़बड़ी की शिकायत शासन तक पहुंची तो जांच कराई गई। जांच में मामला सही निकला। इसके बाद शासन ने कार्रवाई के आदेश दे दिए।

जानवरों के बाड़ों में कूलर, खुराक भी बदली गई

- **नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान में वन्य जीवों को गर्मी से बचाने के लिए किए गए इंतजाम**

कार्यालय संवाददाता,लखनऊ

अमृत विचार: नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान वन्य जीवों को गर्मी से बचाने के लिए इंतजाम कर लिए गए हैं। टाइगर समेत 25 जीव-जंतुओं के बाड़ों में कूलर और हिरणों के लिए स्प्रिंकलर की व्यवस्था की गई है। प्राणि उद्यान प्रशासन ने वन्यजीवों की खुराक में भी बदलाव किया गया है। खाने पीने में ताजे फल, फूल, सब्जी खीरा, ककड़ी, हरी पत्तेदार सब्जी और तरबूज दिया जाएगा।

नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान के निदेशक अदिति शर्मा ने बताया कि काकाटील, गोल्डेन फीजेन्टस, सिल्वर फीजेन्टस, सारस, लोहा सारस, नीले पीले मकाउ, मोर, सफेद मोर के बाड़ों में पानी की फुहार से वातावरण को ठंडा करने के लिए माइक्रो फॉगर लगाए गए हैं। गर्मी और लू से बचाने के लिए बाड़ो में चटाई सीट भी लगाई गई है। खुराक में बदलाव किया गया है। इसमें अंडे के अलावा सभी गरम खाद्य पदार्थ को बंद कर दिया गया है।

नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान में सांप घर में लगा कूलर। अमृत विचार

इनके बाड़ों में लगे कूलर

बब्बर शेर, टाइगर, सांप घर, शेर पूंद बंदर, चिम्पान्जी, व्हाइट टाइगर, मछलीघर, उल्लू घर के साथ वन्य जीव चिकित्सालय के वार्ड में रखे गये वन्य जीवो के लिए कूलर का इंतजाम किया गया है।

इनमें लगाए गए स्प्रिंकलर

काला हिरण, हॉग डियर, बारासिंघा, बार्किंग डियर, चीतल, के साथ ही पक्षियों के बाड़े और फीजेन्टस के बाड़ो मे स्प्रिंकलर लगाया गया है। इन्हें दोपहर 11 से 4 बजे के बीच रोटेशन के आधार पर चलाया जाता है। बाड़ों में पानी के बड़े गड्ढे भी हैं जिनमें पानी भरा गया है। टाइगर और व्हाइट टाइगर, हिमालयन भालू के बाड़ों में यह व्यवस्था की गई है।

ऑनलाइन पर्चा बनाने में बलरामपुर अस्पताल को प्रदेश में तीसरा स्थान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: आभा एप से ऑनलाइन पर्चा बनाने में बलरामपुर अस्पताल को प्रदेश में तीसरा स्थान और देश में छठवां स्थान मिला है।

अस्पताल के निदेशक डॉ. पवन कुमार और सीएमएस डॉ. एनबी सिंह ने बताया कि अस्पताल में 3084 पंजीकरण किए गए। इसमें 1505 पर्चे आभा एप से बनाए गए। यह आंकड़ा पंजीकरण का 50 फीसदी है। एमएस डॉ. हिमांशु चतुर्वेदी ने बताया कि आभा एप से पंजीकरण के लिए ओपीडी के लिए पर्चा काउंटर पर लाइन लगने की जरूरत नहीं होती है। मरीज या तीमारदार को आधार और उससे लिंक मोबाइल नंबर लाना होता है।

आभा एप काउंटर पर कर्मचारी बारकोड स्कैन कर और जरूरी जानकारी ऑनलाइन भरकर तुरंत पर्चा बना देते हैं। सारी डिटेल मरीज के मोबाइल नंबर पहुंच जाती है। निदेशक ने कहा कि ओपीडी कर्मचारियों को आभा एप पर अधिक पर्चे बनाने के निर्देश दिए गए हैं।

पशुधन बीमा के दावों में रंग, बाल और दूध का खेल

पशु का बीमा करने पर धूप में खींचते फोटो और मरने पर छांव में, बता देते अंतर

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

अमृत विचार : प्रदेश में पशुधन बीमा योजना के नाम पर कंपनी पशु पालक और सरकार से करोड़ों रुपये प्रीमियम लेकर कमाई कर रही हैं। एजेंट और सर्वेयर बीमा के दौरान पशुओं का फोटो धूप में खींचते और मरने पर छाया में।

इससे पशु के रंग में अंतर बताकर दावे निरस्त कर देते हैं। फोटो में पूछ का रंग कुछ और दावे के दौरान पहचान करने में बाल कुछ और रंग के दिखे तो भी दावा निरस्त होना तय है। यहीं नहीं बीमा के दौरान स्वास्थ्य परीक्षण में दूध की मात्रा अधिक होती तो पोस्टमार्टम रिपोर्ट में कम आने पर दावे निरस्त या फिर क्षतिपूर्ति घटाकर देना आम बात है। इसी तरह शरीर कमजोर होने पर फोटो में मिलान न होने पर कई दावा निरस्त किए गए। पशुओं के कानों में बिना ईयर टैग बीमा मान्य नहीं होता और गिरने पर क्लेम भी नहीं है। पशु पालकों को नियम तक नहीं बताए गए न ही पॉलिसी की मूल कॉपी है। इस तरह से प्रदेश में 50 प्रतिशत तक दावे काफी समय से लंबित हैं।

आगरा, मैनपुरी में दूसरे पशु का बीमा नहीं तो दावा निरस्त : उप्र पशुधन विकास परिषद के अधीन एक बीमा कंपनी थर्ड पार्टी के माध्यम से कार्य कर रही है। जो, गाइडलाइन के विपरीत और गुमराह कर चल रही है। नियमानुसार यदि पशु पालक एक पशु का बीमा कराते हैं तो मरने पर दूसरे पशु का बीमा न बताकर कई जिलों में दावे निरस्त किए हैं। आगरा और मैनपुरी में हाल में इस तरह के मामले सामने आए हैं। जिसमें कंपनी ने कम से कम दो पशुओं का बीमा कराना एमओयू में शामिल होना बताया है। जबकि ऐसी कोई गाइडलाइन नहीं है।

- **सरकार और पशु पालकों से योजना के नाम पर कमाई, जिलों पर नहीं विवरण**

> नियम में कोई बदलाव नहीं हुआ है। 50 प्रतिशत तक दावे लंबित हैं। इसमें सुधार के लिए मॉनीटरिंग कर रहे हैं। रिपोर्ट भी मांगी है। कंपनी की मनमानी नहीं चलेगी।
>
> **-नीरज गुप्ता,** सीईओ, उप्र पशुधन विकास परिषद

विभाग के पास नहीं विवरण, चिकित्सक अंजान

पशु चिकित्सकों के पास कंपनी की गाइडलाइन नहीं है। जबकि बीमा का लक्ष्य पूरा न होने पर जवाबदेही तय है। पिछले वर्षों की प्रगति जानने के लिए जिलों पर बीमा संबंधित कोई रिकार्ड नहीं दिए गए हैं। राजधानी की बात करें तो वर्ष 2023-24 में 3882 में 1296 पशुओं का बीमा किया गया। इसमें मात्र 14 दावे आए और क्लेम आठ को मिला है। बीमा एक से तीन साल तक का शामिल है। उप्र पशुधन विकास परिषद ने इस पर सख्ती दिखाई है।

लखनऊ विकास प्राधिकरण
(ISO 14001 : 2004, ISO 9001-2008 प्रमाणित संस्था)
प्राधिकरण भवन, विपिन खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ (उ.प्र.) फोन नं0: 0522-2307845, 2307839, 2307833, वेबसाइट "http://www.ldalucknow.co.in"

-: सार्वजनिक सूचना :-

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की आवासीय/व्यवसायिक/रेन्ट/नजूल/इम्प्रूवमेंट-ट्रस्ट योजनाओं के निम्नलिखित आवेदकों द्वारा उनके नाम के सामने अंकित सम्पत्ति का हस्तांतरण/नामान्तरण किये जाने हेतु प्राधिकरण में प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत किया गया है :-

क्र. सं.	मूल आवंटी का नाम	भूखण्ड/भवन/फ्लैट संख्या	योजना का नाम व सेक्टर/खण्ड	मृत्यु दिनांक	मूल आवंटी के उत्तराधिकारी अथवा आवेदक का नाम	उत्तराधिकारी के पक्ष में अनापत्तिकर्ताओं के नाम	मूल आवंटी से (मृतक) का संबंध
1	2	3	4	5	6	7	8
1.	श्री वीरेन्द्र कुमार तिवारी दान-विलेख श्री जमुना प्रसाद तिवारी	भूखण्ड सं0-6/8 रजनी खण्ड	शारदा नगर	21.09.2023	श्री नवनीत तिवारी श्री अंकित तिवारी	----	पुत्र, पुत्र
2.	स्व0 राज किशोर (मृतक)	भूखण्ड सं0-53	सेक्टर-एन, बसन्त कुन्ज हरदोई रोड योजना	12.12.2016	श्रीमती आभा राज कु0 सौम्या राज	----	पत्नी, पुत्री
3.	श्री गिरीजेश राव	भूखण्ड सं0-डी-3/125 विजयन्त खण्ड	गोमती नगर योजना	मृत्यु दिनांक-27.05.2021	1. श्रीमती नीतू राव	----	पत्नी
4.	श्रीमती लज्जा गुप्ता व श्री बद्री प्रसाद	भूखण्ड सं0-सी-8/105	सेक्टर-8 जानकीपुरम विस्तार योजना	02.07.2016 13.11.2019	श्री सजल गुप्ता	----	पुत्र
5.	स्व0 हरिदत्त जोशी	भवन संख्या-MM-194 सेक्टर-डी	अलीगंज योजना	दिनांक 24.05.2002	1-श्री योगेश कुमार जोशी-पुत्र	1- श्रीमती प्रेमा जोशी-पत्नी, 2- श्रीमती विनीता कर्नाटक-	पुत्र
	विवाहित पुत्री, 3- श्रीमती भारतीय उपाध्याय-विवाहित पुत्री, 4- श्रीमती आभा पाण्डेय-विवाहित पुत्री, 5- श्रीमती संगीता पाण्डेय-विवाहित पुत्री						

उपर्युक्त नामान्तरण के आवेदन के सम्बन्ध में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह साक्ष्य सहित प्रकाशन तिथि से 30 दिनों के अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्राप्त करा दें। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति प्राप्त न होने पर प्राधिकरण अभिलेखों में कॉलम-6 पर लिखित व्यक्ति का नाम दर्ज कर लिया जायेगा तथा उसके बाद किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

सचिव

एक नजर

गैंगस्टर विशाल यादव ने युवक को पीटा

अमृत विचार, लखनऊ : गैंगेस्टर विशाल यादव के खिलाफ पुलिस ने युवक को पीटने का मामला दर्ज किया है। वह कुछ माह पहले ही जेल से जमानत पर बाहर आया था। ताजा मामला 31 मार्च का है। अब विशाल साथियों संग आयुष कुमार गौतम को लाठी डंडों और बेल्ट से पीटा है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने विशाल यादव व अन्य पर रिपोर्ट दर्ज की है। बता दें अगस्त 2023 में भी इंदिरा नगर पुलिस ने विशाल यादव व उसके अन्य साथियों गुंडा एक्ट की कार्रवाई की थी। आपराधिक वारदात में उसे जेल भेजा गया था। आरोपी पर फोन कर रंगदारी मांगने, जमीनों में कब्जा करने के आरोप हैं।

मोबाइल लूटने वाले दो बदमाश गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : विभूतिखंड इलाके में दो मोबाइल लूट की घटनाओं को अंजाम देने वाले दो बदमाशों पुलिस ने 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया। डीसीपी पूर्वी प्रबल प्रताप सिंह ने वारदात का खुलासा किया। बताया कि पकड़े गए आरोपियों की पहचान चिनहट निवासी मुकेश सिंह उर्फ रवि प्रताप सिंह और तरुण के रूप में हुई। पूछताछ में बताया कि दोनों बेरोजगार हैं। बताया कि 2 अप्रैल को जेबीआर होटल के पास और एसआरएफ शोरूम के समीप लूट की थी। आरोपियों के पास से लूट के तीन मोबाइल बरामद किए। दोनों बदमाशों के खिलाफ 8 और 9 मुकदमें दर्ज हैं।

डीसीएम ने कार में मारी टक्कर, चालक घायल

अमृत विचार, बख्शी का तालाब : बख्शी का तालाब थाना अंतर्गत सीतापुर लखनऊ हाइवे पर बुधवार देर रात तेज रफ्तार डीसीएम ने कार में पीछे से टक्कर मार दी। तेज टक्कर से कार आगे चल रहे दूसरे वाहन से टकरा गई। हादसे में कार चालक मो .रियाजुद्दीन निवासी पुरानी बाजार इटौंजा घायल हो गए। पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया।

तमंचा लगा ज्वेलर्स से गहने लूट ले गए बदमाश

दुकान बंद कर बेटे के साथ बाइक से घर लौटते समय हुई वारदात, बंथरा थाना क्षेत्र का मामला

तीन बाइकों से आए थे पांच बदमाश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : बंथरा इलाके में गुरुवार शाम दुकान बंद कर बेटे के साथ बाइक से घर जा रहे ज्वेलर्स से तमंचा के बल पर बाइक सवार बदमाशों ने थैला लूट लिया। लूट की वारदात अंजाम देने बदमाश बाइक पर पीछे बैठे ज्वेलर्स के 13 वर्षीय बेटे को झाड़ियों में खींच ले गए। सूचना पर बंथरा पुलिस व एसीपी कृष्णानगर विनयकुमार द्विवेदी मौके पर पहुंचे। ज्वेलर्स के थैले में कितना माल था स्पष्ट नहीं हो पाया है।

वारदात के बाद मौके पर लोगों से बातचीत कर जानकारी लेती पुलिस टीम। अमृत विचार

बंथरा निवासी सुरेंद्र कुमार की बेहटा में वंश ज्वेलर्स के नाम से दुकान है। बताया जा रहा है कि सुरेंद्र गुरुवार की शाम करीब 6:30 बजे दुकान में ताला लगा 13 वर्षीय बेटे के साथ बाइक से घर आ रहे थे। उनके थैले समेत 60 हजार नकद व चेन, हार और झुमकी, मोबाइल व बाइक की चाभी लूट ले गये। सुरेंद्र लोनहा फाटक पार कर सुनसान इलाके में पहुंचे। इसी दौरान पल्सर सवार दो बदमाशों ने बाइक को ओवरटेक कर रोक लिया। वह कुछ समझ पाते इससे पहले ही पीछे से दो बाईकों से तीन और बदमाश आ गये। जो सुरेंद्र के बेटे वंश को झाड़ियां में करीब 100 मीटर दूर खींच ले गए। पल्सर सवार दो बदमाशों ने सुरेंद्र को ओवरटेक कर रोका था उन्होंने कमर में तमंचा सटा थैला लूट लिया। सर्राफ ने बदमाशों के मवई तिराहे की ओर भागने की बात कही है। पुलिस के अनुसार प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि तीन बाइकों से पांच लुटेरे होने की बात सर्राफ ने बताई है। बदमाश तिराहे की तरफ भाग निकले। तिराहे से एक सड़क पिपरसंड व दूसरी बंथरा गढ़ी चुनौटी की ओर गई है। अब बदमाश पिपरसंड या बंथरा रोड से भागे हैं इसका पता लगाया जा रहा है। एसीपी ने बताया तहरीर लेकर मामला दर्ज कर बदमाशों की गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है।

परिजन को दिखाने के बहाने सर्राफ से हार लेकर भागे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

चौक थाने में पीड़ित ने आरोपी पर दर्ज कराई रिपोर्ट

अमृत विचार: आर्डर पर हार बनवा सर्राफ को बुलाकर परिजन को दिखाने के बहाने दो लोग फरार हो गये। ठगी का एहसास होने पर पीड़ित ने चौके थाने में आरोपियों पर धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

चौक थाना अंतर्गत अमीनाबाद निवासी सर्राफ उज्जवल घाणोही ने बताया परिचित शम्भूनाथ वर्मा निवासी सुशांत सिटी कलावर रोड जयपुर गहने खरीदने आये थे। हार आर्डर कर बोले, तैयार हो जाये तो डिलीवरी कर रुपये ले लेना। दो अप्रैल को उन्हें कॉल कर हार ले जाने को कहा तो तो तबीयत खराब बता चौक थाना क्षेत्र के 407 कुसुमदीप बिल्डिंग पर बुलाया। दोपहर लगभग 2 बजे वह पहुंचे तो वहां एक अज्ञात व्यक्ति भी मौजूद था। शम्भूनाथ को हार दिया तो उज्जवल को बैठने बोला। कहा माल परिजन को अभी दिखाकर आता हूं। इसके बाद दोनों चले गये। काफी समय नहीं लौटने पर कॉल की तो नंबर बंद मिला। पीड़ित ने जालसाजी कर ठगी का आरोप लगा थाने में तहरीर दी है। चौक इंस्पेक्टर नागेश उपाध्याय ने बताया आरोपियों की तलाश की जा रही है।

अस्पताल में पत्नी ने जन्मा बेटा मोर्च्युरी में पहुंचा पिता का शव

संवाददाता, बख्शी का तालाब

पत्नी का प्रसव कराकर ससुराल जा रहे युवक की सड़क हादसे में मौत

अमृत विचार : जिस अस्पताल में पत्नी ने बेटे को जन्म दिया था। उसी अस्पताल की मोर्च्युरी में कुछ देर बात पिता का शव पहुंच गया। पिता बेटे का प्रसव होने के बाद रिश्तेदार के घर जाते समय हादसे का शिकार हो गया था।

महिंगवा थाना के अतरौरा गांव निवासी सर्वेश रावत (22) ने पत्नी सरोजनी का प्रसव मंगलवार को शाढ़ामऊ स्थित सौ शैया अस्पताल में कराया था। पत्नी ने लड़के को जन्म दिया था। बुधवार रात करीब 11.30 बजे वह पत्नी को अस्पताल में छोड़ बाइक से नजदीक में ही बाबा पुरवा गांव शंकर रावत के घर जा रहा था। तभी सीतापुर लखनऊ हाईवे पर बाबापुरवा के समीप पीछे से आये वाहन ने टक्कर मार दी। युवक की मौके पर मौत हो गई थी। पुलिस ने सर्वेश का शव राम सागर मिश्र अस्पताल की मर्चुरी में रखवा दिया। इसी अस्पताल के एक कक्ष में उसका नवजात बेटा मां के साथ था। पति की मौत की खबर सुनकर पत्नी अचेत हो गई।

धमकी : पति बोला- सउदी में बैठे-बैठे तीन तलाक दे दूंगा...

अमृत विचार, लखनऊ : सउदी में बैठे-बैठे तलाक दे दूंगा... तुम या तुम्हारे घर वाले मेरा कुछ नहीं बिगाड़ पाओगे। यह धमकी देने वाले पति समेत पांच लोगों के खिलाफ पत्नी ने मोहनलालगंज थाने में प्रताड़ना की रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाना अंतर्गत मोहनलालगंज कस्बा निवासी अफसाना ने बताया दो वर्ष पहले उसका निकाह उन्नाव के शुक्लागंज निवासी इरफान से हुआ था। शादी के बाद से ही पति समेत अन्य अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित करने लगे। बीमार होने पर उसे मायके भेज पति सउदी अरब चला गया। अब वहां से 10 लाख रुपये की मांग कर रहा है। मायके वालों की आर्थिक स्थित ठीक नहीं है। ससुरालवालों ने उसके गहने भी रख लिये हैं, वहां जाने पर जान से मारने की धमकी भी दे रहे हैं। जबकि पति इरफान फोन पर सउदी अरब से ही बैठे-बैठे तीन तलाक की धमकी दे रहा है। इंस्पेक्टर मोहनलालगंज ने बताया मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

ससुर-दामाद ने प्रापर्टी डीलर से 3 .9 करोड़ हड़पे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

डीसीपी के निर्देश पर रिपोर्ट दर्ज, क्राइम ब्रांच को जांच सौंपी

अमृत विचार : पीजीआई थाने में प्रापर्टी डीलर से 3.9 करोड़ की ठगी करने वाले जालसाज ससुर-दामाद पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। डीसीपी पूर्वी के निर्देश पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। जालसाजों पर कई लोगों से रुपये हड़पने का आरोप है।

पीजीआई के सरथुवां निवासी प्रापर्टी डीलर मनोज कुमार दुबे को सरथुवां के कुलदीप ने अपने ससुर राजाखेड़ा निवासी मेड़ीलाल के कार्यालय में मिलवाया था। दोनों ने पीड़ित को मोहनलालगंज में जमीन का सौदा तय कराया। मनोज ने मेड़ीलाल को 3. 9 करोड़ रुपये दिये थे। आरोपियों ने जमीन बैनामा करा दी। इसके बाद उसी जमीन का बैनामा अन्य के नाम करा दिया। इंस्पेक्टर पीजीआई बृजेश चंद्र तिवारी ने बताया मामले की जांच क्राइम ब्रांच को सौंपी गई है। उधर, मड़ियांव के त्रिवेणी नगर थर्ड निवासी पूर्व सैन्यकर्मी शिव किशोर से अल्लुपुर डिगुरिया निवासी सर्फुद्दीन ने जमीन का सौदा कर 10 लाख रुपये ले लिये। जमीन बैनामा कर दी, लेकिन कब्जा नहीं करा रहे हैं। पीड़ित ने थाने में मामला दर्ज कराया है।

एलडीए का बाबू बता टेंट कारोबारी व अन्य से ठगे एक करोड़

अमृत विचार, लखनऊ : गाजीपुर इलाके में एलडीए का फर्जी बाबू बन मकान दिलाने के नाम पर टेंट कारोबारी समेत 10 लोगों से एक करोड़ रुपये ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। मूलत: अयोध्या निवासी टेंट कारोबारी अविनाश जायसवाल से जानकीपुरम के सहारा स्टेट एक्सक्लूसिव बिहार निवासी मुस्ताक ने एलडी का बाबू बता योजना के आवास दिलाने की बात कही थी। झांसे में आये अविनाश ने मुश्ताक के दामाद काजी सैफ रहमान को रुपये दे दिये। आरोपियों ने कारोबारी को एलडीए का फर्जी लेटर पैड व डीडी बना थमा उनके नाम मकान आवंटन होना बता दिया। पीड़ित एलडीए कार्यालय पहुंचा तो जालसाजी का पता चला। आरोपियों को कॉल करने पर धमकी दी। पीड़ित ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि आरोपियों ने उसके परिचित समेत 10 लोगों के एक करोड़ रुपये ठग लिये। इंस्पेक्टर गाजीपुर विकास राय ने बताया मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

धोखाधड़ी और जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार, सरोजनीनगर : सरोजनीनगर की जयराजपुरी कॉलोनी निवासी बृजेंद्र पाल सिंह ने यहीं के गौरी में रहने वाले डॉ. घनश्याम सिंह के खिलाफ धोखाधड़ी, गाली गलौज और जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। बृजेंद्र पाल का कहना है कि करीब 15 साल पहले गौरी में श्याम हॉस्पिटल के मालिक डॉ. घनश्याम सिंह समेत तीनों ने मिलकर जमीन खरीद कर पैसा कमाने की योजना बनाई। जिसमें 50 फ़ीसदी भागीदारी में बराबर के हिस्सेदार और शेष 50 फीसदी में अरुण कुमार सिंह और उनके पक्षकार सादिक की हिस्सेदारी तय हुई। इसके बाद जमीन खरीद कर रुपये लगाये गये थे। मामले में बृजेंद्र पाल ने डॉ. घनश्याम सिंह पर धोखाधड़ी और छल कपट कर रुपए हड़पने के साथ ही मांगने पर धमकी देने का आरोप लगाया है। बृजेंद्र पाल की तहरीर पर सरोजनीनगर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

एपी सेन मेमोरियल गर्ल्स पीजी कॉलेज में प्राचार्या प्रोफेसर रचना श्रीवास्तव की अध्यक्षता में महाविद्यालय की शिक्षिकाओं, कर्मचारियों तथा छात्राओं ने ली मतदान करने को लेकर शपथ। अमृत विचार

ओवर स्पीड में 45,794 चालान फिर भी कम नहीं हो रही रफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

जनवरी से मार्च तक ट्रैफिक व सिविल पुलिस की कार्रवाई

जनवरी से मार्च तक क्या हुई कार्रवाई	
ओवर स्पीडिंग	45794
उल्टी दिशा	9578
बिना हेलमेट	42939
सिग्नल	11804
स्टाप लाइन	1170
नो-पार्किंग	110
तीन सवारियों में	844

अमृत विचार: राजधानी में औसतन रोजाना छोटे-बड़े पांच लाख वाहनों के आवागमन का अनुमान है। इसमें से बड़ी संख्या में चालक ओवर स्पीड में वाहन चलाते हैं। इससे लगातार लोग हादसे का शिकार हो रहे हैं। ओवर स्पीड चलने वालों के खिलाफ कार्रवाई की बात करें तो ट्रैफिक व सिविल पुलिस ने इस वर्ष जनवरी से मार्च माह तक तीन माह में महज खानापूर्ति कर 45,794 छोटे बड़े वाहनों का चालान किया है।

ओवर स्पीडिंग पर लगाम लगाने पुलिस दो बार-नियम तोड़ने वालों पर रिपोर्ट दर्ज कर रही है। लेकिन इसके बाद भी तेज रफ्तार थमने का नाम नहीं ले रही। हर रोज पांच सौ ज्यादा चालान सिर्फ ओवर स्पीडिंग में किये जा रहे हैं। पुलिस के आंकड़ों में तीन माह 45 हजार 794 वाहनों का ओवर स्पीड में चालान हुआ है। जबकि इनमें से सिर्फ 60 चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित किए हैं।

घर में घुस महिलाओं को पीटा, गोली चलाई

अमृत विचार, लखनऊ : चिनहट इलाके में घर में घुस महिलाओं पर ईंट-पत्थर चला शटर तोड़ दिया। विरोध पर गोली चला जान से मारने का प्रयास किया। पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। इंस्पेक्टर अश्वनी चतुर्वेदी ने बताया आरोपियों पर हत्या का प्रयास समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई। थाना अंतर्गत के हरदासी खेड़ा निवासी पीड़ित राम किशन ने बताया कि 3 अप्रैल की रात करीब 9 बजे पड़ोसी राजेश, मनोज, रोहित, मोहित, विनोद समेत अन्य लोग घर में घुस आए। बिना देखे सबको पीटा और दीवार व शटर तोड़ने लगे। विरोध पर बहू और पत्नी को जमकर पीटा, जिससे दोनों घायल हो गईं। आरोपियों ने गोली भी चलाई। गोली की आवाज से अफरा-तफरी मच गई। इंस्पेक्टर ने बताया कि मामले की जांच कर आरोपियों पर कार्रवाई की जा रही है।

सार-संक्षेप

कमांडेंट जनरल होमगार्ड के नाम पंजीकृत बाइक चोरी

अमृत विचार, लखनऊ : चिनहट थाने में आलमबाग के जेल रोड स्थित होमगार्ड मुख्यालय के बैरक नंबर तीन में रहने वाल अमित बच्चन गौड़ ने तहरीर दी। बताया बाइक नंबर यूपी 32बीजी 5763 कमाण्डेंट जनरल होम गार्ड के नाम पंजीकृत है। जिससे 1 अप्रैल को दोपहर 3 .30 बजे मैक्स पॉलीक्लीनिक बुआ के बेटे को दिखाने गये थे। बाइक बाहर खड़ी कर अंदर गये थे। जब तक लौटे बाइक चोरी हो चुकी थी। क्लीनिक में लगे सीसीटीवी कैमरे में चोर बाइक ले जाते कैद हो गया। पुलिस ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की है। चर्चा है कि बाइक सरकारी है। चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराने पुलिस उसे टरकाती रही। जब विभागीय अफसरों ने फोन किया तब रिपोर्ट दर्ज की गई। इंस्पेक्टर अश्वनी कुमार चतुर्वेदी ने इस बात से इनकार किया। कहा तहरीर मिलते ही मामला दर्ज किया गया।

दो घरों से 3.50 लाख नकदी और कई लाख के गहने चोरी

अमृत विचार, लखनऊ : चोरों ने दो घरों से 3 .50 लाख नकदी और कई लाख के गहने पार कर दिये। घटना ठाकुरगंज और माल थाना क्षेत्र की हैं। पीड़ितों ने संबंधित थाने में प्रार्थना-पत्र देकर माल बरामदगी की पुलिस से गुहार लगाई है। ठाकुरगंज थाना अंतर्गत रामनगर निवासी आलोक कुमार गुप्ता ने बताया 31 मार्च की दोपहर 2 बजे घर में ताला डालकर पूरा परिवार बाहर गया था। करीब 4 बजे लौटा तो मकान व अलमारी का ताला टूटा मिला। चोर 2 .80 लाख रुपये नकद, तीन चेन, दो लॉकेट, मंगल सूत्र, आठ अंगूठी, समेत अन्य सामान चुरा ले गये। उधर, माल थाना के जगदीशपुर गांव निवासी किसान श्याम के घर से बुधवार रात चोरों ने पीछे की दीवार में नकब लगा कर कमरे के बक्से का ताला तोड़ 70 हजार रुपये लाखों के गहने समेट ले गये। सुबह किसान की पत्नी घर की सफाई करने पहुंची तब घटना की जानकारी हुई। सूचना पर पहुची पुलिस ने निरीक्षण किया। पीड़ितों की तहरीर पर पुलिस ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर घटना का खुलासा का प्रयास कर रही है।

समीक्षा अधिकारी के खाते से पार किये रुपये

अमृत विचार, लखनऊ : साइबर अपराधियों ने समीक्षा अधिकारी के खाते से रुपये पार कर दिया। पीड़िता ने संबंधित थाने में मामला दर्ज कराया है। राजाजीपुरम निवासी समीक्षा अधिकारी क्षमा गुप्ता के मोबाइल पर 28 मार्च को केवाईसी अपडेट कराने का मैसेज आया था। झांसे में आकर उन्होंने प्रक्रिया पूरी कर ओटीपी नंबर बता दिया। इसके बाद उनके खाते से कई बार में 29990 रुपये पार हो गये। मोबाइल पर मैसेज आने पर ठगी का पता चला। उन्होंने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

दो पक्षों में मारपीट, छह लोग घायल

अमृत विचार, बख्शी का तालाब : बख्शी का तालाब थाना क्षेत्र में मारपीट में छह लोग घायल हो गये। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि दूसरे पक्ष के युवक ने उनके यहां की नाबालिग से छेड़छाड़ की। इसी को लेकर दोनों पक्षों में विवाद के बाद जमकर मारपीट हुई। इसमें छह लोग घायल हो गये। चौकी प्रभारी रावेंद्र सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों की तहरीर पर एफआईआर दर्ज कर जांच की जा रही है।

एक साल बाद भी नहीं चलाया वाटर कूलर

अमृत विचार, बख्शी का तालाब : नगर पंचायत ने एक वर्ष पहले थाने पर आने वाले फरियादियों के लिए लाखों रुपये की लागत से बोरिंग कराकर पानी की टंकी और वाटर कूलर लगवाया था। एक साल बाद भी इसे चालू नहीं कराया गया है। गर्मी शुरू होने पर पुलिस कर्मियों ने नगर पंचायत के अधिकारियों से कहा लेकिन वाटर कूलर को चालू कराने कराया गया है। गुरुवार को पुलिस कर्मियों ने मकैनिक बुलाकर दिखाया ।उसने बताया कि वाटर कूलर में फिल्टर नहीं लगे हैं।

गांव से लेकर शहर तक याद किए गए बाबू भगवती सिंह

अमृत विचार, बख्शी का तालाब : पूर्व मंत्री भगवती सिंह की तृतीय पुण्यतिथि पर चंद्रभानु गुप्त कृषि स्नातकोत्तर महाविद्यालय में कार्यक्रम हुआ। बाबूजी के अनुयायियों ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ सत्येंद्र कुमार सिंह ने बताया कि पुण्यतिथि पर हवन पूजन और भजन कीर्तन किए गए। अर्जुनपुर गांव के यशपाल प्रधान ने बताया कि बाबूजी का गांव से बहुत गहरा लगाव था। एमएलसी सीतापुर पवन सिंह चौहान ने बाबूजी के जीवन पर प्रकाश डाला। महाविद्यालय के अध्यक्ष डॉ फिदा हुसैन अंसारी, कोषाध्यक्ष डॉ अशोक बाजपेई, प्रबंधक तेज प्रकाश सिंह,प्रो योगेश कुमार शर्मा, शिक्षक एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

लोहिया संस्थान के निदेशक ने छात्रों से किया सीधा संवाद

अमृत विचार, लखनऊ : लोहिया संस्थान के निदेशक डॉ. सीएम सिंह ने एमबीबीएस छात्र-छात्राओं से सीधा संवाद किया। उन्होंने कहा कि संस्थान में कोई दिक्कत या शिक्षण कार्य में व्यवधान होने पर मुझसे कभी भी बात कर सकते हैं। समस्या का समाधान हर हाल में किया जायेगा। संस्थान प्रशासन, छात्रों की परेशानी दूर करने के लिए हर वक्त तत्पर है। अपने कार्यकाल का एक माह पूरे होने पर एकेडमिक्स ब्लॉक में निदेशक ने छात्रों से उनकी परेशानी पूछी। अधिकारियों से जल्द से जल्द छात्रों की समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने छात्र-छात्राओं से पाठ्यक्रम और हॉस्टल व भोजन आदि से जुड़ी जानकारी हासिल की। कई छात्रों ने व्यवहारिक दिक्कतों से अवगत कराया। निदेशक ने संबन्धित अधिकारियों से दिक्कतों के समाधान में सहयोग के निर्देश दिये। डीन डॉ. प्रद्युम्न सिंह ने कहा कि छात्र कल्याण, छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति से जुड़ी सभी सुविधाएं छात्रों को मुहैया कराई जा रही हैं। कॉर्डियक थौरेसिक सर्जरी विभाग के अध्यक्ष डॉ. एपी जैन ने कहा कि 150 से भी अधिक शोध पत्रों का प्रकाशन हुआ है। जिसमें लैनसेट व नेचर जैसे अंतरराष्ट्रीय ख्याति अनुसंधान प्रकाशन शामिल हैं।

आबकारी टीम ने छापामार कर 10 लीटर कच्ची शराब बरामद की

अमृत विचार, लखनऊ : लोकसभा चुनावों के दृष्टिगत उत्तर प्रदेश शासन एवं आबकारी आयुक्त के निर्देशन में अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्री और तस्करी पर पूर्णत: अंकुश लगाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत गुरुवार को आबकारी निरीक्षक क्षेत्र- 2 मलिहाबाद द्वारा मयस्टॉफ थाना काकोरी अंतर्गत ग्राम रहमान खेड़ा, खालिसपुर एवं लोधौसी में आम के बागों, खेतों एवं बेहता नाला के किनारे के संदिग्ध स्थानों पर दबिश और छापेमारी की गई। दबिश के दौरान मौके से लगभग 10 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद करते हुए आबकारी अधिनियम के सुसंगत धाराओं में दो अभियोग पंजीकृत किए गए। जिला आबकारी अधिकारी राकेश कुमार सिंह ने बताया कि क्षेत्र में प्रवर्तन कार्य आगे भी जारी रहेगा। टीम में आबकारी निरीक्षक सुबाष चंद्र के साथ आबकारी सिपाहीगण कमलेश श्रीवास्तव, अश्वनी कुमार, नितिन सरोज आदि सम्मिलित रहे। आबकारी की विभिन्न टीमों दुकानों पर टेस्ट परचेसिंग करने के साथ ही दुकानों का गहनता पूर्वक निरीक्षण किया गया।

मारपीट का वीडियो बना रहे पुलिस कर्मी का मोबाइल छीन की अभद्रता

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

दो पक्षों में मारपीट व पथराव की सूचना पर पहुंचे थे

अमृत विचार : महानगर इलाके में मारपीट का वीडियो बना रहे पुलिसकर्मी का मोबाइल छीनने व अभद्रता करने का मामला सामने आया है।

थाना अंतर्गत बाबापुरवा बंधा पेपर मिल कालोनी निवासी संदीप साथी हिमांशू व कल्लू के साथ बुधवार को टहल रहे थे। कल्लू दुकान पर दही लेने चला गया। तभी स्मैक के नशे में धुत बाबू निषाद ने संदीप पर आपत्तिजनक टिप्पणी कर दी। विरोध करने पर बाबू, छोटू, विक्की व अन्य ने उसकी पिटाई कर दी। कल्लू ने विरोध किया तो बाबू ने उसे भी पीट दिया। कल्लू ने आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसी बात हुई मारपीट की सूचना पर सिपाही पहुंचे और रोकने का प्रयास किया। एक सिपाही ने मोबाइल फोन से वीडियो बनाना शुरू किया, छीन लिया। पुलिसकर्मी से अभद्रता की सूचना पर फोर्स मौके पर पहुंची, तब मामला शांत हुआ। मारपीट में कल्लू व उसका भाई घायल हो गया। अतिरिक्त इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार यादव ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

कार्रवाई को विधिक सलाह ले रही पुलिस

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

फॉलोअप

एसीपी महानगर बोले- वाहन स्वामी पर एमवी एक्ट की होगी कार्रवाई

अमृत विचार : पेपर मिल रोड पर दो महिलाओं को कार से रौंदने वाले नाबालिग चालक के पिता पर कार्रवाई के लिये पुलिस विधिक सलाह ले रही है। जिस कार से हादसा हुआ उसका तीन बार ओवर स्पीडिंग में चालान हुआ था। वहीं हादसे के बाद पूछताछ में शराब व्यवसायी प्रतीक जायसवाल ने पुलिस को गुमराह करने के लिये कहा कि बेटा कार कब ले गया जानकारी नहीं थी। जबकि चालान बता रहे हैं कि उन्हें नाबालिग बेटे के तेज रफ्तार में कार चलाने की जानकारी थी। उधर, एसीपी महानगर नेहा त्रिफाठी ने बताया कि मामले में वाहन स्वामी (मां ज्योत्सना जायसवाल) पर मोटर वेहिकल एक्ट में कार्रवाई की जाएगी।

बेटे को बचाने के लिए भेज दिया था दूसरा चालक

हादसे के जानकारी पर प्रतीक जायसवाल ने बेटे को बचाने दूसरा चालक तक थाने भेज दिया था। लेकिन पुलिस ने बताया कि चालक को मौके से पीआरवी ने पकड़ा है। ऐसे में उनकी सभी पैरवी गलत थी।

दो महिलाओं को कुचलने वाली कार के ओवर स्पीडिंग में चालान के मैसेज पहुंचने के बाद भी वाहन स्वामी ने बेटे को नहीं रोका। जो कि बेहद गंभीर है। शराब व्यवसायी की जानकारी में कार चलाई जा रही थी। इसके बाद भी महानगर पुलिस ने अभी तक कोई कार्रवाई पिता पर नहीं की। जबकि जी-20 मार्ग पर वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के बेटे की मौत के बाद पुलिस ने 24 घंटे में चालक व उसके पिता को जेल भेज दिया था। मामले में एसीपी ने बताया कि वाहन स्वामी पर कार्रवाई की जाएगी। पिता पर कार्रवाई के लिये विधिक राय ली जा रही है। लाइसेंस निरस्त के लिए आरटीओ को रिपोर्ट भेजी जा रही है।

टकराव आम की लकड़ी लोड ट्रैक्टर-ट्रॉली रोकने पर बढ़ा विवाद

वन दरोगा और चालक को बंधक बना मारपीट का आरोप

संवाददाता, मलिहाबाद

वन दरोगा की तहरीर पर रहीमाबाद पुलिस जांच में जुटी

अमृत विचार: अवैध आम के पेड़ लदे ट्रैक्टर ट्राली को वन रेंज लेकर आना एक वन दरोगा को महंगा पड गया। वन दरोगा के एक दबंग ने अपने 20 साथियों के साथ मिलकर बंधक बना मारपीट कर सरकारी वाहन की चाभी छीनकर फरार हो गये। वन दरोगा ने रहीमाबाद थाने पर तहरीर दी है।

रहीमाबाद थाने में मलिहाबाद रेंज के वन दरोगा माल पश्चिमी बीट शंकर सिंह ने तहरीर दी। बताया गुरुवार सुबह क्षेत्रीय वन अधिकारी की सूचना पर ग्राम गुरैरा अवैध कटान की जानकारी करने चालक मेवालाल के साथ जा रहे थे। ग्राम सिसवारा के पास ट्रैक्टर-ट्राली पर आम के बोटे देख गाड़ी रोकी। चालक से कागज मांगे गये तो नहीं दिखा सका। इस पर बोटों से लदे ट्रैक्टर ट्राली कार्यालय ला रहे थे। इस बीच ग्राम पाण्डेय खेड़ा उमरावल निवासी मुन्ना यादव अपने 15-20 साथियों के साथ पहुंच वन दरोगा व चालक को हाथापाई कर बंधक बना लिया। वन दरोगा ने मारपीट कर सरकारी वाहन की चाभी व चालक और उनका मोबाइल लूटने का आरोप लगाया। यह भी कहना है कि मुन्ना ने 150-200 महिला व पुरुषों को मौके पर बुलाकर दोनों की बेइज्जती की। इसके बाद ट्रैक्टर ट्रॉली समेत लकड़ी लेकर भाग गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने वन दरोगा व चालक को बंधन मुक्त करा मोबाइल व चाभी दिलाई।

क्या बोले जिम्मेदार

एसओ रहीमाबाद अनुभव ने बताया तहरीर मिली है। घटना की जांच कराई जा रही है। रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जायेगी।

ट्रैक्टर मालिक ने लगाया 20 हजार छीनने का आरोप

ग्राम गुरैरा के मुफीज अली का आरोप है कि उनके खेत में आम का सूखा पेड़ खड़ा था। जिसकी लकड़ी मुन्ना यादव के ट्रैक्टर से ले जाई जा रही थी। वन दरोगा ने ट्रैक्टर रोक मुन्ना यादव से 50 हजार रुपये मांगे। मना करने पर वन दरोगा ने उससे 20 हजार रुपये छीन लिये। मामले में दूसरे पक्ष से मुजीब अली ने तहरीर दी है। उनका आरोप है कि वह अपनी लकड़ी भराकर घर जा रहा था इसी बीच वन दरोगा ने उसे रोक कर रुपये मांगे। नहीं देने पर उसे पीट दिया और जेल भिजवाने की धमकी दी।

सड़क हादसों में दो युवकों की मौत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

हसनगंज और इटौंजा थाना क्षेत्र में हुईं घटनाएं

अमृत विचार: दो अलग-अलग हादसों में गुरुवार को दो लोग घायल हो गये। दोनों को ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान मौत हो गई।

हसनगंज थाना अंतर्गत कांशीराम कॉलोनी निवासी राहुल निषाद (22) चचेरे भाई राकेश संग डालीगंज पुल के पास छोले कुलचे का ठेला लगाता था कुछ दिन से राहुल डालीगंज रेलवे स्टेशन के पास किराए पर रह रहा था। भाई राकेश ने बताया कि बुधवार दोपहर राहुल समान लेकर दुकान जा रहा था। डालीगंज पुल के पास वाहन की चपेट में आकर घायल हो गया। पुलिस ट्रामा सेंटर ले गई। जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। उसके पास मिले मोबाइल से सूचना पर परिजन पहुंचे। पुलिस ने पंचनामा भर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया। परिवार में बहन प्रियंका एवं आशा हैं। उधर, सीतापुर के कमलापुर कान मऊ निवासी मनीष तिवारी (35) पत्नी अंजू के साथ जानकीपुरम में किराए के मकान में रह गाड़ी चलाता था। भाई अरविंद ने बताया बुधवार रात मनीष बाइक से कमलापुर घर जा रहा था। इटौंजा के अर्जुनपुर चौराहे के पास कंटेनर की टक्कर से घायल हो गया। उसे सीएचसी से ट्रामा रेफर किया गया। जहां मौत हो गई। परिजन के पहुंचने पर पुलिस ने पंचनामा भर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया।

एक नजर

फाखिर बने महानगर अध्यक्ष

अमृत विचार, लखनऊ : समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की स्वीकृति से फाखिर सिद्दीकी को लखनऊ महानगर का अध्यक्ष बनाया गया है। सपा के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने इन्दिरा नगर निवासी फाखिर का मनोनयन करते हुए चुनाव संबंधी विशेष निर्देश भी दिये हैं।

जेएनपीजी कॉलेज जीता

अमृत विचार, लखनऊ : जेएनपीजी कॉलेज ने शिया पीजी कॉलेज को 20 रन से हराते हुए विक्टर नारायण मेमोरियल अंतर महाविद्यालय क्रिकेट टूर्नामेंट जीत लिया। जेएनपीजी के 130 रन के जवाब में शिया पीजी कॉलेज की टीम 110 रनों के योग पर सिमट गई। विद्यांत पीजी कॉलेज की देखरेख में एनआर स्टेडियम में खेले गए फाइनल में पहले बल्लेबाजी करने उतरी जेएनपीजी कॉलेज ने 20 ओवर में 130 रन बनाए। जवाब में शिया पीजी कॉलेज की टीम 19 .1 ओवर 110 रन पर सिमट गई।

आज साफ होगी फाइनल की तस्वीर

अमृत विचार, लखनऊ : खेलो इंडिया महिला सब जूनियर हॉकी के फाइनल मुकाबले की तस्वीर शुक्रवार को साफ हो होगी। गोमती नगर स्थित पद्मश्री मो .शाहिद सिंथेटिक हॉकी स्टेडियम पर सेमीफाइनल मुकाबले खेले जाएंगे। पहले मुकाबले में साई शक्ति के सामने साई बाल टीम की चुनौती होगी। दूसरे सेमीफाइनल में प्रीतम सिवाच का मुकाबला ओडिसा नवल टाटा हाई परफार्मेंस सेंटर से होगा।

लखनऊ-गोरखपुर रूट पर 130 की रफ्तार से चलेंगी ट्रेनें

ऑटोमेटिक सिग्नलिंग का काम भी अंतिम चरण में

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : आगामी जून माह तक लखनऊ से गोरखपुर रूट पर ट्रेनों की रफ्तार बढ़ कर 130 किलोमीटर प्रतिघंटा हो जाएगी। इस रूट पर ट्रैक का काम पूरा हो गया है। ऑटोमेटिक सिग्नलिंग का काम भी अंतिम चरण में है।

एब्सोल्यूट सिग्नल को बदलकर ऑटोमोटिक सिग्नल से ट्रेनों का संचालन सुरक्षित तो होगा ही साथ ही ट्रेनों की लेटलतीफी भी कम होगी। यह सभी काम पूरा होने के बाद गोरखपुर को राजधानी एक्सप्रेस की सौगात मिलने की संभावना है। पूर्वोत्तर रेलवे के अधिकारी के अनुसार राजधानी ट्रेनों की मांग लंबे समय से की जा रही है। जिन शहरों से नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस चल रही है, उसकी रफ्तार 130 किलोमीटर प्रतिघंटा है।

साथ ही रेल प्रशासन ने गोरखपुर के रेलवे स्टेशन के यार्ड में भी ट्रेनों की गति बढ़ा दी है। लूप लाइन में ट्रेनें 10 किलोमीटर प्रति घंटे की जगह अब 30 किमी प्रति घंटे की से चलने लगी हैं।

110 की रफ्तार से दौड़ेंगी हाई स्पीड मेमू

अमृत विचार, लखनऊ : रेलवे ट्रैक पर जल्द ही 110 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से सेमी हाईस्पीड मेमू रैक दौड़ते नजर आएंगे। रायबरेली स्थित मॉडर्न कोच फैक्ट्री ने मेमू ट्रेन का विशेष रैक तैयार किया है, जिन्हें आसानी से 110 किमी प्रति घंटा की रफ्तार दौड़ाया जा सकता है। इस रैक को गुरुवार को अंतिम रूप दिया गया। यह मेमू ट्रेन आने वाले दिनों में दो महानगरों को जोड़ने में मददगार साबित होगी। रेलवे के अधिकारियों के अनुसार मेमू ट्रेनें 70 से 90 किमी प्रति घंटा की रफ्तार तक दौड़ती हैं, लेकिन एमसीएफ ने ट्रैक की मरम्मत और दोहरीकरण को देखते हुए सेमी हाईस्पीड के मेमू रैक तैयार किये हैं। एमसीएफ रायबरेली के महाप्रबंधक प्रशांत कुमार मिश्रा के अनुसार सेमी हाईस्पीड मेमू के निर्माण से यात्रियों को राहत मिलेगी।उन्होंने इस रैक का निर्माण करने वाली टीम को बधाई दी है। प्रत्येक कोच में 50 फीसदी आपातकालीन रोशनी के साथ एलईडी लाइटें मौजूद रहेंगी। ट्रेन के नियंत्रण और आसान संचालन के लिए ड्राइवर डिस्प्ले यूनिट होगा। आईजीबीटी आधारित माइक्रो-प्रोसेसर से पावर कनवर्टर, इन्दर व फिल्टर भी। प्रत्येक कोच में जीपीएस आधारित सार्वजनिक पता और यात्री सूचना प्रणाली होगा। वातानुकूलित ड्राइविंग कैब में इलेक्ट्रो-न्यूमेटिक एयर ब्रेक सिस्टम से लैस होगा। ब्रेकिंग सिस्टम से ब्रेक लगने पर ऊर्जा बनती है जिसे ओएचई में वापस भेजा जाएगा।

लखनऊ मेट्रो को मिला 15वां विश्वकर्मा पुरस्कार

उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लि. की लखनऊ परियोजना को सर्वश्रेष्ठ निर्माण परियोजना की श्रेणी में गुरुवार को प्रतिष्ठित 15वें निर्माण उद्योग विकास परिषद विश्वकर्मा पुरस्कार 2024 से सम्मानित किया गया। यूपीएमआरसी की ओर से निदेशक (वर्कस एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर) सीपी सिंह ने इस पुरस्कार को ग्रहण किया। पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन दिल्ली के इंडिया हैबिटेट सेंटर में किया गया।

सेवा पुरस्कार से सम्मानित किए गए रेलकर्मी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : गोमती नगर के विपिन खंड स्थित अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान में गुरुवार को 68वें रेल सप्ताह समारोह आयोजित किया गया। पूर्वोत्तर रेलवे के डीआरएम आदित्य कुमार इस कार्यक्रम में रेल कर्मचारियों को रेल सेवा पुरस्कार और स्टार परफार्मर आफ द ईयर के पुरस्कारों से समानित किया। इस मौके पर महिला कल्याण संगठन की अध्यक्ष रूबी राय और अन्य अधिकारी मौजूद रहे। लखनऊ मंडल के एक अधिकारी और 47 कर्मचारियों को रेल सेवा पुरस्कार से सम्मानित किया गया। 'स्टार परफार्मर ऑफ द ईयर'एवार्ड से मंडल के पांच अधिकारियों एवं 43 कर्मचारियों को नवाजा गया।

इस मौके पर डीआरएम आदित्य कुमार ने पुरस्कृत होने वाले सभी रेल कर्मियों को बधाई दी। कार्यक्रम में उन्होंने पिछले वित्तीय वर्ष 2023-24 की उपलब्धियां बताई। उन्हों बताया कि यात्री यातायात से प्राप्त होने वाली आय में भी भारी बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है। वर्ष 2023-24 में यात्री यातायात से 1371 करोड़ रुपए की आय हुई। जोकि वार्षिक लक्ष्य से 7.84 प्रतिशत और पिछले वर्ष की तुलना में 13.15 प्रतिशत अधिक है। माल यातायात 261.54 करोड़ रुपए की आय हुई जो जोकि वार्षिक लक्ष्य से 34.84 प्रतिशत और पिछले वर्ष की तुलना में 45.09 प्रतिशत अधिक है। अन्य कोचिंग 187.28 करोड़ रुपये की आय दर्ज की गई, जोकि पिछले वर्ष की तुलना में 2.03 प्रतिशत अधिक है। वाणिज्य के विविध मदों से 27.66 करोड़ आय दर्ज की गई, जोकि वार्षिक लक्ष्य से 14.48 प्रतिशत तथा पिछले वर्ष की तुलना में 19.37 प्रतिशत अधिक है।

इस समारोह में अपर मंडल रेल प्रबंधक (परि.) विक्रम कुमार, अपर मंडल रेल प्रबंधक (इंफ्रा.) राजीव कुमार एवं पूर्वोत्तर रेलवे महिला कल्याण संगठन के सदस्य मौजूद रहे।

डीआरएम के साथ पुरस्कृत हुए रेलवे कर्मचारी। अमृत विचार

बरमेश्वर राम को मिला स्टार परफार्मर ऑफ द ईयर

अमृत विचार, लखनऊ : पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के मंडल खेल सचिव (नरसा) टीटीआई (वाणिज्य) बरमेश्वर राम वरुण को डीआरएम आदित्य कुमार ने गुरुवार को स्टार परफार्मर द ईयर से सम्मानित किया। मंडल में खेलकूद गतिविधियों को बेहतर ढंग से संचालित किए जाने से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तपर खिलाड़ियों का प्रदर्शन बेहतर हुआ है। उन्होंने ऐशबाग रेलवे स्टेडियम की छवि को सुधार कर उनमें खिलाड़ियों के लिए विभिन्न उपकरण उपलब्ध कराए। इसीलिए उन्हें यह पुरस्कार प्रदान किया गया। एथलेटिक्स के पूर्व खिलाड़ी को सम्मानित किए जाने पर खेल जगत में भी खुशी की लहर दौड़ गई। लखनऊ फुटबॉल संघ के सचिव कन्हैया लाल के साथ ही पूर्व खिलाड़ी मनोज पटेल, रानी लक्ष्मी बाई एवार्डी स्वाति सिंह, विजय सिंह, हलीमुद्दीन सहित विभिन्न खिलाड़ियों ने बधाईदी।

बीआर वरुण को सम्मानित करते डीआरएम। अमृत विचार

सार-संक्षेप

लखनऊ के अथर्व ने जीते दोहरे स्वर्ण

अमृत विचार, लखनऊ : उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों ने 23वीं सब जूनियर राष्ट्रीय बालक व बालिका वूशु प्रतियोगिता में 4 स्वर्ण, 3 रजत व 6 कांस्य पदक अपने नाम किए। जम्मू विश्वविद्यालय में गत 26 से 31 मार्च तक आयोजित इस प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश ने ताओलु श्रेणी में द्वितीय उपविजेता की ट्रॉफी अपने नाम की। इस चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए लखनऊ के अथर्व सक्सेना ने बालक ताओलु श्रेणी में दाओशू और गुंशू में दोहरे स्वर्ण पदक पर कब्जा जमा लिया। चैंपियनशिप में बालक सांडा श्रेणी में मेरठ के शौर्य ने 48 किग्रा में स्वर्ण पदक जीता। उत्तर प्रदेश टीम के अच्छे प्रदर्शन की सराहना करते हुए उत्तर प्रदेश वूशु एसोसियेशन के महासचिव मनीष कक्कड़ ने खिलाड़ियों सहित टीम कोच मनोज गुप्ता, अमित रोसा एवं टीम मैनेजर प्रवीन कुमार व डिम्पी तिवारी को बधाई दी।

बल्लेबाजों ने लखनऊ को दिलाई शानदार जीत

अमृत विचार, लखनऊ : दो रन से शतक से चूके मैन ऑफ द मैच अक्शदीप नाथ (98) की कप्तानी पारी से क्रिकेट एसोसिएशन लखनऊ (सीएएल) ने वैभव मेमोरियल टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट में गौतमबुद्धनगर को 6 विकेट से हराते हुए शानदार जीत दर्ज की। जीत में कृतज्ञ सिंह (नाबाद 69) व प्रियांशु पाण्डेय (43) ने भी आतिशी पारियां खेली। मेरठ में खेले जा रहे टूर्नामेंट में गौतमबुद्धनगर ने 19 .2 ओवर में 4 विकेट पर 241 रन का स्कोर बनाया। जवाब में क्रिकेट एसोसिएशन लखनऊ (सीएएल) ने 19 .2 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 246 रन बनाकर 6 विकेट से जीत अपने नाम कर ली।

ज्योति क्लब ने दर्ज की जीत

अमृत विचार, लखनऊ : बॉक्स क्रिकेट टूर्नामेंट में ज्योति क्लब एनआर ने जीत दर्ज की साथ ही 25 हजार रुपये की ईनामी राशि पर कब्जा किया। एनआर लखनऊ मंडल के सहायक खेल अधिकारी प्रभात सिंह ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी। इस मौके पर महिला कोच प्रियंका शैली, बृजेश सिंह और ज्याति क्लब के कोच गोविंद सिंह मौजूद रहे।

दो दिवसीय बैठक में रेलवे मेंस यूनियन ने रखीं मांगें

अमृत विचार, लखनऊ : उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के मंडलीय कार्यालय में स्थित सभागार में नार्दर्न रेलवे मेंस यूनियन की 241वीं दो दिवसीय स्थाई वार्ता तंत्र का सम्पन्न हुई। इस दो दिवसीय वार्ता तंत्र में प्रशासन सम्बन्धी अनेक महत्वपूर्ण विषयों के साथ रेल कर्मियों से जुड़े अनेक मुद्दों एवं कर्मचारी कल्याण हित संबंधी विषयों पर अधिकारियों एवं यूनियन के पदाधिकारियों ने विचार रखे। यूनियन ने अपनी अनेक मांगों से प्रशासन को अवगत कराया एवं प्रशासन द्वारा इन मांगों को नियमानुसार पूर्ण करने का आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक एसएम शर्मा ने बताया कि यह दो दिवसीय वार्ता के माध्यम से आगामी समय में प्रशासन एवं यूनियन के संयुक्त प्रयासों के द्वारा मंडल को अनेक उल्लेखनीय उपलब्धियां प्राप्त होंगी।

सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रस्तुति देतीं छात्राएं। अमृत विचार

शिक्षा को सामाजिक विकास से जोड़ें : रितुल कमाल

अमृत विचार, लखनऊ : सिटी मोन्टेसरी स्कूल राजेन्द्र नगर द्वितीय कैम्पस द्वारा डिवाइन एजुकेशन कान्फ्रेन्स का आयोजन गुरुवार को सीएमएस कानपुर रोड ऑडिटोरियम में हुआ। समारोह की शुरुआत मुख्य अतिथि रितुल कमाल डेप्युटी डायरेक्टर गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। जबकि विशिष्ट अतिथि मधु पाण्डेय डिस्ट्रिक्ट आर्गनाइजिंग कमिश्नर भारत स्काउट एण्ड गाइड ने अपनी उपस्थिति से समारोह की गरिमा को बढ़ाया। इस अवसर पर अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि रितुल कमाल ने अभिभावकों व शिक्षकों का आह्वान किया कि समाज में सार्थक और स्थायी परिवर्तन के लिए शिक्षा को सामाजिक विकास से जोड़े। उद्देश्यपूर्ण शिक्षा का मनुष्य के ऊपर व्यापक प्रभाव होता है।

इनफिनिटी लर्न बॉय टॉप रैंकर्स बनाने के लिए तैयार

अमृत विचार, लखनऊ : इनफिनिटी लर्न बाय श्री चैतन्या भारत का एकमात्र हाइब्रिड लर्निंग प्लेटफॉर्म ने सहज के साथ साझेदारी की घोषणा गुरुवार को राजधानी में की। इस साझेदारी के माध्यम से प्लेटफॉर्म ने उत्कृष्ट परिणामों के लिए विख्यात श्री चैतन्या की 39 सालों की धरोहर को आगे बढ़ाते हुए देश के ग्रामीण भागों में आईआईटी-जेई, नीट, सीयूईटी जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं में टॉपर्स बनाने का लक्ष्य रखा है। संस्थापक उज्जवल सिंह ने कहा कि सहज के साथ यह साझेदारी मुझे डिजिटल अंतर को दूर करने और देश भर के ग्रामीण इलाकों में हजारों छात्रों के लिए किफ़ायती एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को सुलभ बनाने की उम्मीद से भर देती है।

कमलापुरी वैश्य महासभा ने मनाया होली मिलन समारोह

अमृत विचार, लखनऊ : अखिल भारतीय कमलापुरी वैश्य महासभा ने गुरुवार को सेक्टर-एन अलीगंज में होली मिलन समारोह का आयोजन किया। समारोह में मुख्य अतिथि कमलापुरी वैश्य महासभा के प्रांतीय अध्यक्ष जगप्रसाद गुप्ता रहे। इस समारोह में लखनऊ के अलावा प्रदेश के विभिन्न जनपदों के कस्बों और ग्रामीण इलाकों से बड़ी संख्या में कमलापुरी समाज के लोग शामिल हुए। इस आयोजन में बच्चों ने मंच पर रंगारंग कार्यक्रमों की भी मोहक प्रस्तुतियां दीं। साथ ही समुदाय के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े प्रतिनिधियों को उनकी उत्कृष्ट सामाजिक सेवाओं के लिये प्रदेश अध्यक्ष व मंच का संचालन कर रहे प्रदेश महामंत्री रामदीन गुप्ता कमलापुरी ने सम्मानित भी किया। प्रदेश मीडिया प्रभारी रवि गुप्ता ने बताया कि इस दौरान प्रदेश संरक्षक हरि प्रसाद गुप्ता, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष तरुण कमलापुरी, प्रदेश मंत्री चन्द्रभान गुप्ता सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

रोडवेज मुख्यालय पर निजी बस ऑपरेटर्स ने किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: शर्तों के अनुरूप भुगतान न मिलने का आरोप लगा कर निजी बस ऑपरेटर्स ने गुरुवार को परिवहन निगम मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। आरोप लगाया कि अनुबंध के समय ढेरों समय सपने दिखाए गए, भुगतान करने पर कैंची चला दी। इससे न ही बस की मासिक किश्त जा पाती है न ही घर का खर्च निकल पाता है।

आजमगढ़ से आए बस ऑपरेटर अजीत प्रताप सिंह ने बताया कि लंबे इंतजार के बाद जब आज एमडी मासूम अली सरवर से मुलाकात की। उन्होंने भुगतान के मामले में किसी तरह की राहत नहीं दी है। मांगों को लेकर जल्द ही परिवहन मंत्री दया शंकर सिंह से मिलेंगे। बस ऑपरेटर अभय कुमार सिंह ने कहा कि पिछले छह महीने से पत्राचार किया जा रहा था। आज की वार्ता में मांगे पूरी होने की उम्मीद थी लेकिन कुछ नहीं हुआ।

निगम मुख्यालय के बाहर मौजूद निजी बस ऑपरेटर। अमृत विचार

▸▸ शर्तों के अनुरूप भुगतान न मिलने से हैं नाराजगी

राकेश वाजपेयी ने आरोप लगाया कि अनुबंध नीति के नाम पर निजी बस स्वामियों का शोषण किया जा रहा है। अजीत सिंह ने कहा कि प्रदेश के निजी बस ऑपरेटरों की परेशानियां बढ़ती जा रही हैं। कोई वाहन स्वामी कैसे लाखों खर्च करके सड़कों पर बस दौड़ाने को तैयार होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद कई बार निगम और परिवहन विभाग के कार्यक्रमों में कह चुके हैं कि बसों का बेड़ा बढ़ाने के लिये अनुबंधित बस सेवाओं को बढ़ाया जाये। इससे लोगों को सफर की सुविधा मिले और रोजगार को बढ़ावा मिले।

मनाई गई आर्मी मेडिकल कोर की 260वीं वर्षगांठ

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ लेफ्टिनेंट जनरल कविता सहाय ने शहीदों को किया नमन

अमृत विचार : आर्मी मेडिकल कोर (एएमसी) सेंटर व कॉलेज में आर्मी मेडिकल कोर की 260वीं वर्षगांठ मनाई गई। इस मौके पर लेफ्टिनेंट जनरल कविता सहाय, एसएम, वीएसएम, कमांडेंट, एएमसी सेंटर एवं कॉलेज, प्रभारी अधिकारी एएमसी रिकॉर्ड्स और कर्नल कमांडेंट आर्मी मेडिकल कोर ने आर्मी मेडिकल कोर युद्ध स्मारक 'श्रद्धांजलि' पर पुष्पांजलि अर्पित की।

वहीं ड्यूटी के दौरान अपने प्राणों की आहुति देने वाले आर्मी मेडिकल कोर के लड़ाकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके साथ ही एक विशेष सैनिक सम्मेलन का भी आयोजन किया गया जिसमें लेफ्टिनेंट जनरल कविता सहाय ने अधिकारियों और सैनिकों की एक बड़ी सभा को संबोधित किया। उन्होंने सेना मेडिकल कोर के सभी रैंकों को दिए गए प्रशिक्षण के उच्च मानकों को बनाए रखने के लिए कड़ी मेहनत करने का आह्वान किया ताकि शांति और युद्ध के दौरान सैनिकों को सर्वोत्तम स्वास्थ्य देखभाल प्रदान की जा सके।

पत्नी की कमाई से चलता है घर तो फितरा निकालना भी उसी की जिम्मेदारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ मौलाना सैयद सैफ अब्बास नकवी ने दिए सवालों के जवाब

अमृत विचार : कार्यालय आयतुल्लाह अल उज़्मा सैय्यद सादिक़ हुसैनी शीराज़ी की ओर से जारी हेल्पलाइन पर रोजेदारों द्वारा विभिन्न धार्मिक मुद्दों पर पूछे गए सवालों के जवाब मौलाना सैयद सैफ अब्बास नक़वी और अन्य उलेमा के पैनल ने दिए।

इस हेल्पलाइन पर रोजाना सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक मोबाइल नम्बर 9415580936 और 9839097407 पर सम्पर्क कर सवाल पूछे जा सकते हैं। इस हेल्पलाइन पर गुरुवार को एक रोजेदार ने सवाल पूछा कि अगर किसी घर में परिवार का खर्च पत्नी की कमाई से चलता है तो फितरा पति अदा करेगा या पत्नी? इस सवाल के जवाब में बताया गया कि चूंकि यह शराई मसला है कि जिसके ज़िम्मे परिवार के खर्चे हों उसको ही फितरा भी निकालना है, इसलिए पत्नी ही फितरा का भुगतान करेगी।

हेल्पलाइन पर एक सवाल यह पूछा गया कि अगर पत्नी सैय्यद है तो क्या गैर-सैय्यद पति सैय्यद पत्नी का फितरा किसी सैय्यद को दे सकता है ? इस सवाल के जवाब में कहा गया कि अगर फितरा निकालने वाला गैर सैय्यद है तो उसका निकाला गया फितरा गैर सैय्यद में गिना जाएगा, भले ही वह किसी सैय्यद का फितरा निकाल रहा हो।

एक सवाल यह पूछा गया कि अगर खुम्स की तय तारीख पर आटा, दाल, चावल आदि बचा लिया जाए तो क्या इस बचत पर भी खुम्स निकाला जाएगा? इस सवाल के जवाब में बताया गया कि जिस तरह साल भर की बचत पर खुम्स अदा किया जाता है, उसी में यह भी शामिल है। इसी से जुड़ा एक दूसरा सवाल आया कि क्या खुम्स किसी गरीब व्यक्ति को दिया जा सकता है ? इके जवाब में कहा गया कि खुम्स में दो हिस्से होते हैं, एक हिस्सा इमाम का और दूसरा हिस्सा सादात का। सादात का हिस्सा एक गरीब सैय्यद को दिया जा सकता है लेकिन शर्त यह है कि वह नमाज़ और रोजा का पाबन्द हो।

लखनऊ विवि में फंसा परीक्षाओं का पेंच

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में अप्रैल माह के अंत में परीक्षाएं प्रस्तावित हैं। द्वितीय, चतुर्थ और छठें सेमेस्टर की परीक्षाओं के समयाकाल को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। बता दें कि अप्रैल माह के अंत में विवि में सेमेस्टर की परीक्षाएं होना प्रस्तावित हैं। इसमें अलग अलग विषयों को शामिल करते हुए समायोजित किया गया है। इसमें द्वितीय, चतुर्थ एवं छठे सेमेस्टर से जुड़े विषय शामिल हैं। एनईपी के तहत दिलाई जाने वाली परीक्षाओं के समायाकाल को लेकर छात्र संगठनों की ओर से सवाल उठाये जा रहे हैं। कम समय में कराई जाने वाली परीक्षाओं को लेकर छात्रों के सामने समस्या खड़ी होने की बात कही गई है। वहीं विवि प्रशासन 40 लेक्चर पूरी किये जाने की बात को दोहरा रहा है।

केडी सिंह बाबू स्टेडियम के बाल तरणताल में अभ्यास करते बच्चे। अमृत विचार

केडी सिंह बाबू स्टेडियम के बाल तरणताल में प्रशिक्षण शुरू

अमृत विचार, लखनऊ : केडी सिंह बाबू स्टेडियम के बाल तरणताल में अभ्यास शुरू हो गया है। चार से दस वर्ष तक के बच्चे यहां पर दाखिला लेकर तैराकी का ककहरा सीख सकते हैं। क्षेत्रीय खेल कार्यालय की देखरेख में संचालित किए जा रहे बाल तरणताल में शाम के समय तीन शिफ्टों में बच्चों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए निर्धारित फीस जमा करनी होगी, साथ ही उनका पहचान पत्र बनेगा। बाल तरणताल में प्रशिक्षण कार्य में जुटे प्रशिक्षकों के अनुसार, यहां पर तैराकी के पूरे इंतजाम किए गए हैं। सुबह के सत्र में बाबू स्टेडियम में तैराकी छात्रावास के खिलाड़ी अभ्यास कर रहे हैं। शाम के समय बाहरी बच्चो के लिए प्रशिक्षण शुरू किया जाएगा। मिर्गी और त्वचा रोग वाले बच्चों को भी अभ्यास में दाखिला नहीं मिलता है। साथ ही सामान्य बच्चों को भी चिकित्सकों से फिटनेस सार्टिफिकेट लाकर देना अनिवार्य है।

माध्यमिक शिक्षक संघ का होली मिलन समारोह कल

अमृत विचार, लखनऊ : उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ द्वारा शनिवार को सेन्टीनियल इण्टर कालेज गोलागंज में शाम 3 बजे से होली मिलन समारोह एवं संगीत संध्या कार्यक्रम का अयोजन किया जा रहा है। आयोजन की तैयारियों की समीक्षा जिलाध्यक्ष अनिल शर्मा की अध्यक्षता में जिला संगठन के कार्यालय उदयाचल मे प्रमुख पदाधिकारीयों की बैठक में की गई। प्रादेशिक उपाध्यक्ष एवं प्रवक्ता डॉ. आरपी मिश्र एवं प्रदशीय मंत्री डॉ. आरके त्रिवेदी ने बताया कि लखनऊ की गंगा-जमुनी संस्कृति को देखते हुए होली मिलन समारोह के पश्चात अप्रैल के तीसरे सप्ताह में ईद मिलन समारोह का भी आयोजन किया जाएगा।

उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव

निविदा सूचना

वरिष्ठ मण्डल यांत्रिक अभियन्ता (ओ&एफ) उत्तर रेलवे, हजरतगंज, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए निर्धारित प्रोफार्मा पर मुहरबन्द खुली निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

1.	निविदा सूचना संख्या	182-Mech-CW-ERW-BSB-22-1
2.	कार्य का नाम एक्सप्रेशन आफ इन्ट्रेस्ट फार इन्सटालेशन आफ मशीन्स, कमिशनिंग, आपरेशन एण्ड मैनेजमेन्ट आफ मैटेरियल रिकवरी फैसिलिटी (एमआरएफ) फार ड्राई वेस्ट ट्रीटमेन्ट एण्ड कम्पोस्टिंग प्लान्ट फार वेट वेस्ट ट्रीटमेन्ट ऐट वाराणसी कैन्ट रेलवे स्टेशन फार थ्री इयर्स (एक्सटेन्डबल अपटू टेन इयर्स)	
3.	निविदा मूल्य	रु.0.00
4.	रेलवे द्वारा उपलब्ध कराये जाने वाले बुनियादी ढांचे की अनुमानित लागत	रु. 2,35,42,911.03
5.	धरोहर राशि बुनियादी ढांचे की लागत का 1% (वापसी योग्य)	रु. 2,35,429.00 (सीनियर डिवीजनल फायनेंस मैनेजर, नार्दन रेलवे, हजरतगंज, लखनऊ के पक्ष में)
6.	परफारमेन्स सिक्योरिटी @3% आफ इन्फ्रास्ट्रक्चर कास्ट	रु. 7,06,288.00
7.	कार्य की समापन अवधि	3 वर्ष
8.	निविदा बाक्स का स्थान: टेण्डर बॉक्स संख्या 8 जो कि आर०पी०एफ० पोस्ट / गेट नं0–1 मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय, उत्तर रेलवे लखनऊ में स्थित है।	
9.	कार्यालय का पता तथा निविदा प्रपत्र उपलब्धता की तिथि एवं समय: वरिष्ठ मण्डल यांत्रिक अभियन्ता (ओ० & एफ) मंडल कार्यालय, उ०रे०, हजरतगंज, लखनऊ में दिनांक 12.04.2024 से 25.04.2024 तक 10.00 बजे से 15.00 बजे तक तथा दिनांक 26.04.2024 को 10.00 बजे से 12.00 बजे तक।	
10.	निविदा जमा करने की अंतिम तारीख/समय एवं निविदा खुलने की तारीख/समय: निविदा जमा करने की अंतिम तारीख/समय दिनांक 26.04.2024 को 15.00 बजे तक। निविदा खुलने की तारीख/समय दिनांक 26.04.2024 को 15.30 बजे। यह निविदा टेन्डर रूम में जो कि मण्डल रेल प्रबंधक कार्यालय, उत्तर रेलवे, हजरतगंज लखनऊ में स्थित सिक्योरिटी कंट्रोल रूम के बगल में मुख्य द्वार के पास स्थित है में खुलेगी।	
11.	उत्तर रेलवे बेबसाइट: www.nr.indianrailways.gov.in	
12.	निविदा प्रपत्र का मूल्य कैश/डाक द्वारा सीनियर डिवीजनल फायनेंस मैनेजर, नार्दन रेलवे, लखनऊ के पक्ष में कैश/डाक बैंक ड्राफ्ट प्रस्तुत करके प्राप्त किये जा सकते है। रु. 500/– एवं डाक द्वारा माँगे जाने पर रु.550/– (सीनियर डिवीजनल फायनेंस मैनेजर, नार्दन रेलवे, हजरतगंज, लखनऊ के पक्ष में)	

अन्य विवरण निविदा प्रपत्र में देखे जा सकेगे। टेण्डर फार्म हस्तानांतरित नहीं किया जायेगा और बिके हुए निविदा फार्म की कीमत वापस नहीं की जायेगी। निविदा के साथ धरोहर राशि एवं निविदा प्रपत्र के मूल्य को पूर्ण न करने की स्थिति में निविदा निरस्त कर दी जायेगी। 1010/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उपलब्धि | प्रदेश में पहली बार लोहिया संस्थान में हुई ऐसी जटिल सर्जरी

ब्रेन में फट गई थी खून की गांठ फिर भी डॉक्टरों ने बचा ली जान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में बेहोशी के हालत में पहुंचे 62 वर्षीय मरीज की जटिल सर्जरी कर डॉक्टरों ने जान बचा ली है। मरीज के ब्रेन में खून की गांठ फट गई थी। नई तकनीक से जटिल सर्जरी की है। इस तकनीक का प्रदेश में पहली बार इस्तेमाल हुआ है। मरीज को जीवन भर खून पतला करने की दवा भी नहीं खानी पड़ेगी।

गोण्डा निवासी लड्डन वेग (62) को करीब 9 दिन पूर्व बेहोशी की हालत में परिजन लोहिया संस्थान लेकर पहुंचे थे। न्यूरो सर्जरी विभाग के एचओडी प्रो. दीपक कुमार सिंह ने तत्काल सर्जरी का फैसला लेकर जांच कराई। जांच में मरीज के ब्रेन में खून की गांठ फटने से रक्तस्राव हो रहा था। डॉ. दीपक ने बताया कि गांठ का मुंह बहुत चौड़ा था। प्रचलित विधि से सर्जरी में मरीज को लाभ की संभावना कम थी। दो स्टेंट डाल कर सर्जरी करने पर मरीज को जीवन भर खून पतला करने की दवा खानी पड़ती। इससे नेक स्टेंट डिवाइस डालने का फैसला किया गया। तस्तरी नुमा यह डिवाइस गांठ के मुंह पर फिट बैठ जाती है। यूपी में सर्जरी में पहली बार इस तकनीक का प्रयोग किया गया। मरीज की सर्जरी सफल रही।

▸▸ बेहोशी की हालत में पहुंचे 62 साल के मरीज की बचाई जान

सिगरेट पीने से फट सकती है खून की गांठ

डॉ. दीपक ने बताया कि सिगरेट पीना इस बीमारी में काफी खतरनाक होता है। शोध बताते हैं कि इस बीमारी में सिगरेट का सेवन करने से खून की गांठ फटने का खतरा अधिक रहता है।

प्रत्येक महीने आ रहे 6 से 7 मामले

लोहिया संस्थान में इस बीमारी के 6 से 7 मरीज हर महीने आ रहे हैं। नेक स्टेंट डिवाइस से इलाज करने में खर्च में कोई बढ़ोतरी नहीं होती। सामान्य सर्जरी और इस तकनीक से की गई सर्जरी में करीब 5 लाख का खर्च आता है। मरीज को खून पतला करने के लिए दवाओं का प्रयोग नहीं करना पड़ता।

एक नजर

पिता ने मीनाक्षी संग काम करने वाले युवक पर जताया हत्या का संदेह

अमृत विचार, लखनऊ : निजी हॉस्पिटल में कार्यरत मीनाक्षी यादव की हत्या का आरोप लगा पिता ने सुशांत गोल्फ सिटी कोतवाली तहरीर दी है। सिद्धार्थनगर जंगलीपुर निवासी मनीक्षी एक हास्पिटल में हेल्पर थी। बुधवार को उसका शव अहिमामऊ स्थित कमरे में फंदे से लटका मिला था। पिता बिहारी यादव ने हॉस्पिटल में काम करने वाले एक युवक पर बेटी को परेशान करने का आरोप लगाया है। उन्होंने युवक पर ही मीनाक्षी की हत्या की आशंका जताई है। इंस्पेक्टर अंजनी कुमार मिश्र ने बताया कि दरवाजा तोड़ शव फंदे से उतारा था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हैंगिंग की है। आरोप सही नहीं है। फिलहाल तहरीर के आधार पर मीनाक्षी के साथ काम करने वाले युवक से पूछताछ की जाएगी।

स्कूली बच्चों ने किया राजभवन का भ्रमण

राज्य ब्यूरो, अमृत विचार। एयर फोर्स फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन लखनऊ की ओर से संचालित 'विद्या किरण विद्यालय' के 43 बच्चों, संगठन के पदाधिकारियों व शिक्षिकाओं ने गुरुवार को राजभवन में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से मुलाकात की। मुलाकात से पूर्व बच्चों ने राजभवन का भ्रमण किया। मुलाकात के दौरान बच्चों से वार्ता करते हुए राज्यपाल ने बच्चों को भ्रमण के अनुभव लिखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि भ्रमण के दौरान देखी गई चीजों के बारे में अपने अभिभावकों को भी बताएं। उन्होंने चर्चा के दौरान बच्चों से राजभवन के विभिन्न उद्यानों में लगे पुष्प, विविध वनस्पतियों, मूर्तियों, कलाकृतियों, पंचतंत्र वाटिका में प्रदर्शित मूर्तियों और उनसे सम्बन्धित पंचतंत्र की कहानियों के बारे में पूछा और बच्चों द्वारा सुनाई गई कहानी सुनकर उनका उत्साहवर्द्धन किया। उन्होंने बच्चों से कहा कि भ्रमण के दौरान मार्ग में देखी गई वस्तुओं, स्थलों, पेड़-पौधों को भी स्मरण रखें और वापस लौट कर उनके बारे में भी लिखकर शिक्षकों को दिखाएं।

पारिवारिक लाभ को भरे छह-सात फार्म, हो गए लापता

सबसे अधिक लंबित मामले लखनऊ मंडल के, फर्जीवाड़ा रोकने के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ ज्यादातर आवेदनों में गड़बड़ी होने से भुगतान प्रक्रिया अटक गई

▸▸ तीन वर्ष बाद भी पारिवारिक लाभ के डेढ़ लाख आवेदन लंबित

अमृत विचार: राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना में अभी भी डेढ़ लाख से अधिक आवेदन लंबित हैं। खास बात यह है कि आवेदनकर्ता योजना का लाभ लेने के लिए विभाग से गुहार भी नहीं लगा रहे हैं। निदेशालय आवेदनों की स्क्रीनिंग कर इनको निरस्त करने की तैयारी कर रहा है। सबसे अधिक लंबित आवेदन लखनऊ मंडल के हैं।

बता दें कि वर्ष 2015-16 में पारिवारिक लाभ योजना के तहत किए गए आवेदन में गड़बड़ियों के कारण भुगतान लटक गया

था। विभागीय अधिकारियों के अनुसार प्रदेश में राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना के लिए 11 लाख से अधिक आवेदन लंबित थे। इनमें कई आवेदन

पारिवारिक लाभ योजना के आवेदन ऑनलाइन ही स्वीकार किए जा रहे हैं। लंबित लगभग डेढ़ लाख आवेदनों की जांच कर उनको निस्तर किया जा रहा है। क्योंकि अधिकांश आवेदनों में गड़बड़ी है।

-कुमार प्रशांत, निदेशक समाज कल्याण

चार से पांच वर्ष पुराने थे। सबसे अधिक आवेदन कोविड के समय के लंबित हैं। जांच के दौरान एक ही लाभार्थी के छह से सात आवेदन मिले। आवेदनों की जांच करने में विभागीय अधिकारियों के पसीने छूट गए। कई आवेदन ऐसे भी मिले हैं जिसमें प्रपत्र पूर्ण नहीं है। किसी में आय प्रमाण पत्र

क्या है पारिवारिक लाभ योजना

राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना के तहत सरकार गरीबी की रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार के कमाऊ मुखिया की मृत्यु होने पर परिवार के आश्रित को तीस हजार रुपए की आर्थिक सहायता दी जाती है।

नहीं लगाया गया है तो किसी में आधार कार्ड गायब है। तमाम खामियों को देखते हुए अब ऑनलाइन आवेदन ही स्वीकार किए जा रहे हैं। ऑनलाइन आवेदन करते समय ही आय प्रमाण पत्र पर दिया गया नंबर भरना होगा। साथ ही आधार का नंबर भी भरना होगा। पारिवारिक लाभ योजना को एनआईसी से भी जोड़ दिया गया। आवेदनकर्ता के प्रपत्रों की जांच करने के दौरान उसका सारा विवरण स्वतः (ऑटो फेच) ही सामने आ जाएगा। आवेदक को स्व प्रमाणित दस्तावेज भी देने होंगे। जिला समाज कल्याण अधिकारी उनका सत्यापन कराकर उन्हें निरस्त या अग्रसारित करेंगे।

पारिवारिक योजना का लाभ उसी को मिलेगा जिसकी शहरी क्षेत्र में प्रतिवर्ष आय 56460 और ग्रामीण क्षेत्र में 46080 रुपये प्रतिवर्ष होगी।

हीट वेव से बचाव के लिए शीतल पेयजल व शेल्टर्स की भी व्यवस्था

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

▸▸ ज्यादातर भागों में तापमान सामान्य से अधिक रहने की संभावना

अमृत विचार: गर्मी के मौसम में मार्च से मई 2024 के मध्य सामान्य से अधिक तापमान की संभावनाओं के बाद प्रमुख सचिव स्वास्थ्य पार्थ सारथी सेन शर्मा ने हीट वेव से संबन्धित रोगों के इलाज व बचाव संबन्धी इंतजाम करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों, मुख्य चिकित्साधिकारियों को अन्य विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर स्वास्थ्य विभाग के कार्यक्रमों को संचालित करने के निर्देश दिये हैं।

उन्होंने कहा कि, हीट वेव की स्थिति शरीर की कार्य प्रणाली पर प्रभाव डालती है। तत्काल उचित उपचार उपलब्ध न होने की स्थिति में प्रभावित व्यक्ति की मृत्यु भी हो सकती है। इसे देखते हुए भीड़भाड़ वाले स्थानों पर शीतल एवं शुद्ध पेयजल की व्यवस्था, गर्मी से बचाव के लिए शेलटर्स, व्यस्त स्थानों पर मौसम के पूर्वानुमान व तापमान को प्रदर्शित किया जाये और विद्यालयों में हीट वेव से बचाव के लिए उपायों का जनमानस में व्यापक प्रचार प्रसार सम्मिलित है। पार्थ सारथी ने कहा , स्वास्थ्य विभाग के द्वारा चिकित्साधिकारियों, पैरामेडिकल कर्मचारियों एवं फ्रंटलाइन वर्कर्स का प्रशिक्षण दिया जाये। प्रशिक्षण में इन रोगों की पहचान व इलाज के विषय में भी बताया जाए।

समाज कल्याण के स्कूलों में यूनिफार्म देने पर लें निर्णय : हाईकोर्ट

विधि संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए, राज्य सरकार को आदेश दिया है कि समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित स्कूलों के बच्चों को यूनिफ़ॉर्म की सुविधा दिए जाने के विषय पर चाह सप्ताह में निर्णय लें। न्यायालय ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 20 मई की तिथि नियत करते हुए, बेसिक शिक्षा विभाग व समाज कल्याण विभाग के प्रमुख सचिवों का हलफ़नामा भी तलब किया है।

यह आदेश न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला की खंडपीठ ने यूपी अनुसूचित जाति प्राथमिक विद्यालय शिक्षक एसोसिएशन की ओर से दाखिल जनहित याचिका पर दिया है। याचिका में कहा गया है कि बेसिक शिक्षा द्वारा संचालित स्कूलों में कक्षा एक से आठ तक के बच्चों को यूनिफ़ॉर्म दिया जाता है जबकि 26 अक्टूबर 2023 के ऑफिस मेमोरेंडम के जरिए समाज कल्याण विभाग के स्कूलों के बच्चों को यूनिफ़ॉर्म की सुविधा देने से इंकार कर दिया गया है। पिछली सुनवाई के दौरान न्यायालय ने राज्य सरकार से इस मामले पर जवाब मांगा था। इस पर राज्य सरकार की ओर से पेश अधिवक्ता ने न्यायालय को बताया कि सरकार इस मामले पर पुनर्विचार कर रही है।

विशेष अदालत में मामला स्थानांतरित किए जाने पर रिपोर्ट तलब

विधि संवाददाता, लखनऊ

▸▸ राहुल गांधी द्वारा प्रधानमंत्री पर कथित अभद्र टिप्पणी का मामला

अमृत विचार: प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ख़िलाफ़ कथित अभद्र टिप्पणी करने को लेकर राहुल गांधी के खिलाफ दायर परिवाद को ख़ारिज करने के निचली अदालत के आदेश को चुनौती देने वाली निगरानी याचिका पर अगली सुनवाई 14 मई को होगी।

निगरानीकर्ता दिलीप श्रीवास्तव की ओर से अधिवक्ता राजेश श्रीवास्तव एवं प्रवीण सिंह के द्वारा वकालतनामा दाखिल किया गया जिसे अदालत ने पत्रावली पर लिए जाने का आदेश दिया। दूसरी ओर निगरानीकर्ता दिलीप कुमार श्रीवास्तव के ओर से सत्र अदालत के समक्ष एक प्रार्थना पत्र देकर मामले को विशेष न्यायाधीश एमपी एमएलए की अदालत में स्थानांतरित किए जाने की मांग की है। निगरानीकर्ता दिलीप श्रीवास्तव की ओर से अधिवक्ता राजेश श्रीवास्तव ने अदालत को बताया कि विपक्षी राहुल गांधी सांसद है तथा सांसद एवं विधायकों के मामलों को सुने जाने का अधिकार विशेष न्यायाधीश एमपी एमएलए कोर्ट को है।लिहाजा इस मामले को विशेष अदालत में स्थानांतरित किया जाए। जिस पर सत्र न्यायाधीश ने वर्तमान अदालत से रिपोर्ट तलब की है।निगरानी पर राहुल गांधी की ओर से अधिवक्ता प्रांशु अग्रवाल पहले ही वकालतनामा दाखिल कर चुके है।

पत्रावली के अनुसार वादी दिलीप श्रीवास्तव ने विशेष एसीजेएम एमपीएमएलए की कोर्ट में राहुल गांधीके ख़िलाफ़ परिवाद दायर करके आरोप लगाया था कि 18 मार्च 2018 को एआईसीसी की मीटिंग में राहुल गांधी ने अपने भाषण में प्रधानमंत्री की तुलना ललित मोदी और नीरव मोदी से किया जो भ्रष्टाचार में मामले मे लिप्त थे। आरोप है कि राहुल गांधी ने यू ट्यूब के ज़रिए समाज में प्रधानमंत्री के उपनाम मोदी को लेकर मानहानि कारक टिप्पणी की है और उनके वक्तव्यों से वादी को मानसिक व शारीरिक आघात भी पहुंचा है। सुनवाई के बाद कोर्ट ने परिवाद को खारिज कर दिया था ।

गर्मी में होने वाली बीमारियों से बचाव एवं रोकथाम को जागरूक करें : ब्रजेश पाठक

राज्य ब्यूरो, अमृत विचार : मौसम विभाग के पूर्वानुमान को देखते हुए प्रदेश के स्वास्थ्य विभाग ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने चिकित्साधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि गर्मी के मौसम में होने वाली बीमारियों से बचाव एवं रोकथाम के लिए जागरूक करें। अस्पतालों में दवाओं की कमी न होने दें। चिकित्सकों के ड्यूटी चार्ज को भी अप टू डेट करें। उप मुख्यमंत्री ने गुरुवार को सभी चिकित्सा अफसरों को निर्देशित किया है कि अस्पतालों में गर्मी से बचाव से संबंधित सभी तैयारियों को पूरा कर लें। हीट वेव को लेकर भी सतर्कता बरतें। गर्मी से होने वाली बीमारियों के आंकड़े जुटाएं। मौसम विभाग के अलर्ट के आधार पर अपनी तैयारी सुनिश्चित करें। ब्रजेश पाठक ने कहा कि अस्पतालों में आवश्यक दवाएं, इन्ट्रावेनस तरल पदार्थों, आइस-पैक, ओआरएस, पेयजल की व्यवस्था करें। समय-समय पर जागरूकता अभियानों का संचालन करें। श्यामा प्रसाद मुखर्जी अस्पताल के सीएमएस डॉ.राजेश श्रीवास्तव का कहना है कि बहुत जरूरी कार्य होने पर ही घर, दफ्तर या अपने प्रतिष्ठान से बाहर निकलें। गर्मी से घबराएं नहीं, सतर्क रहें। डिहाइड्रेशन से बचने के लिए नियमित अंतराल पर पानी पीते रहें। घर के बुजुर्गों, बच्चों और गर्भवती महिलाओं का विशेष ध्यान रखें। गर्मी लगने पर, बेहोशी, तेजी से सांस लेना, पसीना ना आना, गहरे रंग का पेशाब, तेज दिल की धड़कन, आठ घंटे से अधिक समय तक पेशाब न आना होता है। ऐसी स्थिति में तुरंत चिकित्सीय सलाह लें। गीले तौलिए को सिर, गर्दन, बगल और कमर की त्वचा पर लगाएं।

द्वारिकाधीश मंदिर में फूलों की होली खेलते श्रद्धालु और बड़ी संख्या में शिरकत करतीं महिलाएं। अमृत विचार

द्वारिकाधीश मंदिर में फूलों की होली, व्यापारियों ने किया प्रसाद वितरण

अमृत विचार , लखनऊ : चौक स्थित सौंधी टोला में प्राचीन द्वारिकाधीश मंदिर में गुरुवार को जमकर फूलों की होली खेली गई। श्री राधा-कृष्ण भजन संध्या का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। भक्तों ने द्वारिकाधीश की प्रतिमा पर फूलों की वर्षा की। व्यापारी और उनके परिवार की महिलाएं इसमें शामिल हुईं। इसके बाद महाआरती हुई। लखनऊ व्यापार मंडल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष उत्तम कपूर ने बताया कि इसमें व्यापारी परिवारों से जुड़ीं महिलाएं, पुरुष और उनके परिवारीजन शामिल हुए। शाम तक चले इस होली मिलन समारोह में मंदिर परिसर फूलों की पंखुरियों से पट गया। चौक, सर्राफा, चिकन समेत विभिन्न व्यवसाय से जुड़े लोगों ने प्रसाद वितरण कर पुण्य के भागीदार बने। प्रसाद वितरण देर शाम तक चला। इस मौके पर सुबोध टंडन, विनोद महेश्वरी, सुनील खन्ना, पार्षद अनुराग मिश्र,संजू सौंधी समेत कई स्थानीय लोग शामिल हुए। भजनों पर श्रद्धालुओं झूमते रहे। फूलों की होली में महिलाओं की संख्या अधिक रही।

चार ब्लॉकों के विरोध में फंसी पेयजल योजना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ बीकेटी, माल, मोहनलालगंज व सरोजनी नगर में काम प्रभावित

अमृत विचार : बीकेटी, माल, मोहनलालगंज व सरोजनी नगर ब्लॉक में पेयजल योजना विरोध में फंसी है। प्रधान व ग्रामीण पाइप लाइन के लिए सड़क नहीं खोदने दे रहे हैं। मांग है कि पानी की टंकी व नलकूप गांव में ही बनाए जाएं।

जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीण इलाकों में पेयजल योजना का काम जोरों पर हैं। बीकेटी, माल, मोहनलालगंज व सरोजनी नगर के गांवों में काम प्रगति पर है। लेकिन प्राकलन में शामिल ग्राम पंचायतों में प्रधान व ग्रामीण विरोध कर रहे हैं। इनमें बीकेटी की ग्राम पंचायत रेवामऊ, माल की आट, टीकरीकला, पीपरीकुरखा, दनौर, गुमसेना, मोहनलालगंज की शाहमोहम्मदपुर, अपैया, अचलीखेड़ा व सरोजनी नगर लतीफनगर, नानमऊ शामिल हैं। यहां प्रधान व ग्रामीण पाइप लाइन बिछाने नहीं दे रहे हैं। जल निगम ग्रामीण समझाने में विफल है। मांग है कि उनकी ग्राम पंचायतों में पानी की टंकी और नलकूप बनाया जाए। तभी खोदाई करने देंगे।

गुजरात से भीड़ बुलाकर भाजपा किस बात का कर रही प्रचार : कांग्रेस

राज्य ब्यूरो, अमृत विचार : प्रदेश कांग्रेस ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी गुजरात से भीड़ बुलाकर किस बात का प्रचार कर रही है जबकि अभी तक भाजपा का घोषणा पत्र जारी नहीं हुआ है।

कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता अंशू अवस्थी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी प्रचार की बात तो कर रही है लेकिन 19 अप्रैल को देश में पहले चरण के चुनाव हैं, आज तक भाजपा का घोषणा पत्र नहीं आ पाया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने देश के किसानों, युवाओं, महिलाओं, श्रमिकों और गरीबों के सामने अपनी बात रखी है। इस बार जनता हमारे पक्ष में मतदान करेगी।

सार-संक्षेप

फर्जी वीजा पासपोर्ट बना रुपये हड़पने वाले दो गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : नाका पुलिस ने फर्जी वीजा पासपोर्ट बना रुपये हड़पने के मामले में बुधवार को मामला दर्ज किया था। गुरुवार को मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर फर्जी वीजा व 2 मोबाइल फोन बरामद किये। आरोपियों की पहचान अमित कुमार गिरी निवासी नागली बिहार बापरौला थाना नजफगढ़ नई दिल्ली और फिरोज खान निवासी अमरनगर, कोतवाली रायबरेली, जिला रायबरेली के रूप में हुई।

निर्माण निगम के रिटायर्ड अकाउंटेंट पर रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार, लखनऊ : राजकीय निर्माण निगम के रिटायर्ड एकउंटेंट पर आय से अधिक संपत्ति के मामले में रिपोर्ट दर्ज की गई है। रिटायर्ड कर्मचारी का नाम ओमप्रकाश शर्मा है। कर्मचारी पर आरोप था की उसने अपने कार्यकाल में आय से अधिक संपत्ति बनाई। इसको लेकर विजिलेंस ने कार्रवाई की है। जांच में विजिलेंस ने पाया कि रिटायर्ड एकउंटेंट ने अपनी सैलरी के अतिरिक्त नौ लाख 61 हजार रुपये की संपत्ति अर्जित की है। अब कर्मचारी से इसको लेकर पूछताछ की जाएगी।

रोडवेज कर्मचारी संघ के प्रदेश संयोजक बने राजकमल

अमृत विचार, लखनऊ : उत्तर प्रदेश कर्मचारी संघ की परामर्श दात्री की बैठक में सर्वसम्मति से राजकमल सिंह को उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी संघ (नगरीय परिवहन) का प्रदेश संयोजक नियुक्त किया गया है। यह बैठक चारबाग बस स्टेशन पर हुई। भारतीय मजदूर संघ के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष राकेश कुमार की अध्यक्षता में यह बैठक आयोजित हुई। उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी संघ के सत्य नारायण यादव ने कहा कि राजकमल सिंह नगरीय परिवहन संगठन को गति प्रदान करने में हमेशा तैयार रहेंगे।

बटाईदार को बेची 44 बोरी यूरिया, चेतावनी

अमृत विचार, लखनऊ : जिले के बीकेटी में टॉप-20 के तहत एक किसान को मानक से अधिक यूरिया बेची गई। जांच में अनियमितता मिली तो बंटाईदार निकला। जिला कृषि अधिकारी ने विक्रेता को कार्रवाई की चेतावनी दी है। शाहपुर बीकेटी में एक विक्रेता के यहां यूरिया की बिक्री में गड़बड़ी मिली। जिला कृषि अधिकारी तेग बहादुर सिंह ने जांच कराई तो एक किसान को 44 बोरी यूरिया बिक्री करना पाया। इस पर स्पष्टीकरण मांगा और जांच की। बताया जिसे खाद बेची वह बटाई पर खेती करता है। यूरिया भी बटाई के लिए ली गई। विक्रेता ने शपथपत्र के माध्यम से गलती मानी। इस पर जिला कृषि अधिकारी ने आगे इस तरह की गड़बड़ी करने पर कार्रवाई की चेतावनी दी है।

स्थापना दिवस पर अखंड रामायण का होगा पाठ

अमृत विचार, लखनऊ : आवास विकास का स्थापना दिवस 6 अप्रैल को मनाया जाएगा। इस अवसर पर 5 अप्रैल को आवास विकास के महात्मा गांधी मार्ग स्थित मुख्यालय में अखंड रामायण पाठ होगा। आवास आयुक्त बलकार सिंह सहित परिषद के अन्य अधिकारी, कर्मचारी एवं अभियंता इस अवसर पर उपस्थित रहेंगे। शनिवार को हवन पूजन के बाद भंडारे का आयोजन किया जाएगा। जिसमें परिषद के समस्त कर्मचारी प्रसाद ग्रहण करेंगे। परिषद प्रशासन ने मुख्यालय कर्मचारियों का अवकाश शनिवार को निरस्त करने का आदेश कर दिया है।

तीन मोबाइल फोन बरामद

अमृत विचार,लखनऊ : बीते सितंबर माह में काशी विश्वनाथ सहित विभिन्न ट्रेनों में यात्रियों के बैग और मोबाइल चोरी हुए थे। इन घटनाओं को अंजाम देने वाले तीन शातिरों को जीआरपी ने पकड़ा। चारबाग जीआरपी ने प्लेटफार्म नंबर नौ पर संदिग्ध हालत में घूम रहे तीन शातिर चोरों को पकड़ा। जीआरपी इंस्पेक्टर संजय खरवार ने बताया कि पूछताछ में चोरों ने काशी विश्वनाथ, सुशासन एक्स और नई दिल्ली-जलपाईगुड़ी में सहित कई ट्रेनों में से यात्रियों के बैग और मोबाइल फोन चोरी की घटनाओं का खुलासा किया। इनके पास से एक लैपटाप, एप्पल का तीन मोबाइल फोन बरामद किया। इनकी कीमत एक लाख 45 हजार रुपये बताई गई। संजय खरवार ने बताया कि स्टेशन परिसर में सो रहे यात्रियों और ट्रेन में चढ़ने-उतरने वाले यात्रियों पर नजर रखते थे। मौका मिलते ही बैग या मोबाइल फोन चोरी कर भाग जाते थे।

अतिक्रमण हटाने गयी टीम के साथ धक्का मुक्की

अमृत विचार, लखनऊ : अतिक्रमण हटाने गयी नगर निगम टीम के साथ दुकानदारों ने धक्का मुक्की की। जोन एक नाका थाना क्षेत्र के गणेशगंज में फुटपाथ से अतिक्रमण हटाने के दौरान दुकानदार टीम से भिड़ गए। स्थानीय दुकानदारों ने नगर निगम कर्मचारियों को गाली गलौच करके भगा दिया। मौके पर वीडियो बना रहे कर्मचारियों के फोन से वीडियो डिलीट करवा दी। दोबारा अतिक्रमण हटाने पर देख लेने की धमकी दी। इसके बाद नगर निगम की टीम वापस लौट गयी।

भर्ती के लिए टीबी मरीज के परिजन से मांगे रुपये

अमृत विचार, लखनऊ : ठाकुरगंज संयुक्त चिकित्सालय की इमरजेंसी में गंभीर टीबी मरीज को भर्ती कराने के लिए रुपये मांगने का आरोप लगा है। रुपये न देने पर मरीज को भर्ती नहीं किया गया। सीएमएस के हस्तक्षेप बाद गुरुवार को मरीज को भर्ती किया गया। सीतापुर की बेती देवी 55 टीबी मरीज हैं। बुधवार सुबह 11 बजे बेटी उन्हें लेकर ओपीडी पहुंची। काफी देर बाद डॉक्टर ने देखा और दवा लिखकर भर्ती कराने की सलाह दी। आरोप है ओपीडी में मौजूद कर्मचारी ने पहले डॉक्टर को दिखाने के लिए 100 रुपए लिए फिर भर्ती लिए पांच 500 रुपये की मांग की। परिजन के इंकार करने पर मरीज को भर्ती करने से मना कर दिया।

व्यापारियों की हर समस्या का निराकरण होगा: ब्रजेश पाठक

अमृत विचार, लखनऊ: उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार में व्यापारियों का सम्मान हमेशा बनाए रखा गया। उनकी समस्याओं को सुना गया। यथासंभव सरकार ने निराकरण भी कराया। जो समस्याएं शेष हैं, आने वाले समय में उनका भी निराकरण कराया जाएगा। डिप्टी सीएम अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल महानगर एवं जिले की ओर से आयोजित होली मिलन समारोह में बोल रहे थे। गोमती नगर स्थित एक निजी उपवन में हुए इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक अनिल जी, मंगलयान अभियान के संयोजक प्रो. रामकुमार तिवारी, प्रदेश अध्यक्ष रिपन कंसल, राष्ट्रीय मंत्री प्रदीप अग्रवाल, अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल महानगर के अध्यक्ष सुरेश छबलानी मौजूद रहे। राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल ने कहा कि 9 अप्रैल से भारतीय नव संवत्सर चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से विक्रम संवत 2081 प्रारंभ होगा।

मां का फर्जी डेथ सर्टीफिकेट लगाकर पेंशन लेती रही बेटी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ जानकारी पर भाई ने गाजीपुर थाने में दर्ज करायी रिपोर्ट

अमृत विचार: गाजीपुर थाने में भाई ने सगी बहन पर जालसाजी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। मां के निधन के बाद बहन जाली डेथ सर्टिफिकेट से एक साल तक पेंशन हासिल की फिर अपने लिए आवेदन किया। डीसीपी उत्तरी अभिजीत आर शंकर के निर्देश पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

इंदिरानगर के सेक्टर -14 निवासी अश्वनी मैढ़ ने बताया कि पिता सीताराम प्रसाद 31 जुलाई 2006 को ग्रामीण अभियंत्रण विभाग से अवर अभियंता पद से रिटायर्ड हुए थे। 17 जनवरी 2018 को पिता के निधन पर मां गीता देवी को पारिवारिक पेंशन मिलने लगी। आरोप है कि अदिति मां के निधन की बात छिपा करीब एक साल तक पेंशन लेती रही। इसके लिये अदिति ने विभाग में मां गीता का निधन 1 मार्च 2022 में बता जाली डेथ सर्टिफिकेट लगा खुद के लिए पारिवारिक पेंशन का आवेदन किया। आवेदन पत्र में जाली डेथ सर्टिफिकेट, खुद का असत्य शपथ पत्र और लेखपाल का गलत बयान दिया गया। बहन की करतूत का पता चलने पर अश्वनी ने डीसीपी उत्तरी से शिकायत की। जांच में आरोप सही मिलने पर पुलिस ने अदिति पर रिपोर्ट दर्ज की है।

स्थापना दिवस पर घरों में लगाएंगे झंडा एवं स्टीकर

अमृत विचार, लखनऊ: भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने गुरुवार को पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। इसमें कहा कि छह अप्रैल को पार्टी स्थापना दिवस कार्यक्रम धूमधाम से मनाएगी। प्रत्येक बूथ पर कार्यक्रम होंगे। अपने-अपने बूथों पर सुबह नौ बजे एकत्र होकर पार्टी का ध्वज लगाएंगे। कार्यक्रम में भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी पर माला, पुष्प अर्पित किए जाएंगे। प्रदेश उपाध्यक्ष महानगर प्रभारी त्रयंबक त्रिपाठी ने कहा कि वरिष्ठ कार्यकर्ताओं से उनके घर जाकर संपर्क करेंगे। चुनाव संयोजक मुकेश शर्मा ने कहा कि प्रत्येक बूथ पर वरिष्ठ पदाधिकारी व्याख्यान के साथ बैठक करेंगे। पद यात्रा भी निकाली जाएगी।

लूट का खुलासा करने के लिए संदिग्धों से हिरासत में पूछताछ

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ आरोपियों की तलाश में पांच टीमें लगाई गईं

अमृत विचार: गोमतीनगर इलाके में ठेकेदार से स्कार्पियो लूटने वाले संदिग्धों को पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पकड़ा है। उनसे पूछताछ की जा रही है। एक फुटेज में लूट के दौरान एक संदिग्ध दिख रहा, जो उनके पीछे जा रहा है। एसीपी गोमतीनगर अंशु जैन ने बताया कि जल्द वारदात का खुलासा कर दिया जायेगा।

एसीपी ने बताया कि आरोपियों को पकड़ने और दो टीमें और बढ़ा कर पांच कर दी हैं। सभी टीमें अलग-अलग बिंदु पर काम कर रही हैं। बदमाशों के पिकअप प्वाइंट से लेकर जाने तक के मार्ग को ट्रेस कर 200 से ज्यादा सीसी कैमरों की फुटेज खंगाले जा चुके हैं। कुछ लोगों को शक के आधार पर पकड़कर पूछताछ की गई है। अहम सुराग मिले हैं, जिसकी मदद से आरोपियों तक पहुंचाने की संभावना है। इसके अलावा त्रिनेत्र एप पर पंजीकृत पुराने आरोपियों की लोकेशन भी खंगाली जा रही है। यदि वो व्यक्ति मिलता है, तो हिरासत में लिया जाएगा।

एसीपी ने बताया कि फुटेज खंगालने में एक व्यक्ति बाइक से आरोपियों के पीछे जाते दिखा है।

गर्भ संस्कार के सहारे बदली जीवन शैली

▸▸ छात्रा ने तीन वर्ष तीन माह में तीन सौ महिलाओं की जीवन शैली में किया बदलाव

▸▸ काउंसलिंग के सहारे ईश्वर के प्रति आस्था, योग, संगीत, पौष्टिक आहार के प्रति किया प्रेरित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय अब गर्भवती महिलाओं के बीच संस्कार, योग और संगीत की अलख जगा रहा है। इसको लेकर शोधार्थी छात्रा ने तीन सौ महिलाओं को अपना आधार बनाया और तीन साल तीन माह में परिवर्तन लाकर अपना शोध कार्य भी पूरा किया है।

लखनऊ विवि की मनोविज्ञान विभाग की पीएचडी छात्रा प्रज्ञा वर्मा द्वारा ये कार्य पूरा किया गया है। बताती हैं कि उन्होंने गर्भ संस्कार के आधार पर तीन सौ गर्भवती महिलाओं की काउंसलिंग की। शोध के आधार पर गर्भवती महिलाओ में होने वाले बच्चों के प्रति लगाव को बढ़ाने और गर्भवती महिलाओं के पूर्ण स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में कारगर साबित हुआ है। शोध एवं कार्य सफल होने पर विवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने विभागाध्यक्ष डॉ. अर्चना शुक्ला की उपस्थिति में शोधार्थी प्रज्ञा वर्मा को सम्मानित किया।

शोधार्थी छात्रा को पुस्तिका देकर पुरस्कृत करते कुलपति आलोक राय। अमृत विचार

इस तरह से लाए बदलाव- शोधार्थी बताती हैं कि उन्होंने महिलाओं को गर्भ की आयु के अनुसार अलग-अलग योग सिखाया, फिर संगीत की जानकारी दी। इसके बाद पौष्टिक आहार दिलवाकर मंत्र उच्चारण और ईश्वर की प्रार्थना व पूजा को लेकर प्रेरित किया। नियमित प्रयोग से महिलाओं में सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिले।

गर्भ संस्कार से मानसिक स्वास्थ्य में बदलाव

गर्भवती महिलाओं को गर्भ संस्कार देने से मानसिक स्वास्थ्य में सकारात्मक परिवर्तन आया। स्वास्थ्य लाभ के साथ महिलाओं को गर्भ में पल रहे बच्चे के प्रति लगाव भी बढ़ा। तीन वर्ष तीन माह के भीतर किये गए शोध के आधार पर कई स्वस्थ बच्चों के जन्म भी हुए।

अखिलेश अभी और बदलेंगे चेहरे, नाप तौल कर जिताऊ उम्मीदवार पर लगा रहे दांव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ जहां उम्मीदवार का विरोध या जातीय समीकरण फिट नहीं बैठ रहा वहां कर रहे बदलाव

अमृत विचार। टिकटों में निरंतर बदलाव को लेकर भाजपा भले सपा पर सवाल उठा रही हो लेकिन सूत्र बता रहे हैं कि पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव अभी टिकट परिवर्तन का यह सिलसिला जारी रखेंगे। फिलहाल सपा प्रमुख बदायूं से लेकर मेरठ और मुरादाबाद, रामपुर तक की सीटों पर उम्मीदवार बदल चुके हैं।

सपा की ताजा स्थिति यह है कि समाजवादी पार्टी के लखनऊ मुख्यालय पर नये टिकटार्थियों के अलावा टिकट बदलवाने वालों की भी भीड़ नजर आ रही है। कब किसका टिकट कट जाए और फिर कट कर किसी और को मिल जाए, तय नहीं। गिनती करें तो अब तक लगभग 10 सीटों बागपत, संभल, मिश्रिख, बदायूं, बिजनौर, रामपुर, मुरादाबाद, गौतमबुद्ध नगर, मुरादाबाद और मेरठ में टिकट बदले जा चुके हैं। सूत्र बता रहे हैं कि अखिलेश लोकल-फीडबैक के आधार पर पूर्व घोषित उम्मीदवार और संभावित उम्मीदवार का राजनीतिक वजन तौलकर आगे भी चेहरे बदलने का फैसला लेंगे। बहरहाल, टिकट पर टिकट बदलने के फैसले से सपा की राजनीतिक रणनीति दूसरे दलों के निशाने पर है।

एक नजर

राममंदिर डाक टिकट की होगी होम डिलेवरी

अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार : रामनगरी के दौरे पर गुरुवार को आए उप्र के चीफ पोस्ट मास्टर जनरल बी सेल्वाकुमार ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए बिक्री स्टॉल का गुरुवार को उद्घाटन किया। इस पर प्रधानमंत्री द्वारा श्रीराम जन्मभूमि मंदिर पर जारी डाक टिकट मिलेंगे। सीपीएमजे ने कहा कि श्रद्धालुओं के लिए सुगन्धित व खूबसूरत फ्रेम जड़ित राममंदिर डाक टिकट को होम डिलेवरी भी डाक विभाग करेगा। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने श्रीराम जन्मभूमि मंदिर पर छह स्मारक टिकट जारी किए थे।

आगरा एक्सप्रेस-वे छूकर उड़ जाएंगे फाइटर जेट

बांगरमऊ (उन्नाव), अमृत विचार : क्षेत्र के लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे की साढ़े 3 किलोमीटर लंबी हवाई पट्टी पर आगामी शनिवार व रविवार को लड़ाकू विमानों के अभ्यास को लेकर गुरुवार को अचानक वायु सेना व थल सेना के जवानों की हलचल बढ़ गई। गुरुवार को करीब दो दर्जन वाहनों से एयरफोर्स व आर्मी के जवान पहुंचे और एटीएस (एयर ट्रैफिक कंट्रोल सिस्टम) की स्थापना का कार्य शुरू किया। एयरफोर्स व आर्मी के जवानों में इंजीनियरिंग कोर के तकनीकी अधिकारी भी शामिल रहे। एयर फोर्स व आर्मी के जानकारों ने बताया कि फाइटर जेट के अभ्यास में एयर ट्रैफिक कंट्रोल रूम मुख्य भूमिका अदा करता है।

उन्नाव में कार से पकड़े गए पांच लाख रुपये

सफीपुर (उन्नाव), अमृत विचार : लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सचल दस्ते द्वारा की जा रही चेकिंग के दौरान एक कार सवार युवक के पास से पांच लाख रुपए बरामद हुए। इस पर अफसरों ने नकदी जब्त कर युवक से उसका पूरा ब्योरा मांगा है। आदर्श आचार संहिता का पालन कराने को उड़नदस्ते गठित किए गए हैं। आयोग के निर्देश पर गठित टीमें लगातार चेकिंग में जुटी हैं। धन बल के आधार पर चुनाव प्रभावित न हो इसके लिए अधिक नकदी लेकर चलने पर इसका पूरा ब्योरा उपलब्ध कराना होता है।

महिला कांस्टेबल से दो दरोगाओं ने की बदसलूकी

संवाददाता, प्रयागराज, अमृत विचार : आम जन मानस की सेवा और सुरक्षा का संकल्प लेने पुलिस जब खुद अपराध करने लगे तो समाज कहा सुरक्षित रहेगा। शहर रखी एक मामला ऐसा संज्ञान में आया है जहां महिला कांस्टेबल के साथ दो दरोगाओं ने पहले तो बदसलूकी की और फिर मारपीट की। जिस मामले में महिला कंस्टेबल ने थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। मामले में दोनों दरोगाओ को जेल भेजते हुए जांच शुरु करा दी गयी है। जानकारी के मुताबिक शिवकुटी थाना अंतर्गत बुधवार की रात दरोगा उज्ज्वल राय और कलीमुद्दीन ने ड्यूटी के वक्त शराब पी रखी थी। दोनो चलने की हालत मे नहीं थे।

मुख्तार की मौत: सरकार-जेल प्रशासन के बयान अलग

वकील रणधीर सिंह सुमन ने कोर्ट में खड़े किये सवाल, एफआईआर और विशेष जांच की मांग

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार। माफिया मुख्तार अंसारी गैंगस्टर मामले की गुरुवार को बाराबंकी कोर्ट में पेशी हुई। पेशी के दौरान वकील रणधीर सिंह सुमन ने एक बार फिर कोर्ट से मुख्तार अंसारी की मौत मामले में एफआईआर दर्ज करने का निर्देश देने की गुहार लगाई। उन्होंने कहा कि मुख्तार अंसारी की मौत को लेकर सरकार और बांदा जेल प्रशासन के बयानों में विरोधाभास है जबकि सरकारी वकील ने बचाव पक्ष के सभी तथ्यों को निराधार बताते हुए उनके द्वारा दिये प्रार्थनापत्र को खारिज करने की मांग की। एमपी-एमएलए कोर्ट नंबर 4 में विशेष सत्र न्यायाधीश कमलकांत श्रीवास्तव के सामने हुई पेशी के दौरान वकील रणधीर सिंह सुमन ने कहा कि मुख्तार असारी की मौत को लेकर राज्य सरकार और जेल प्रशासन के कथनों में बड़ा अंतर सामने आया है, क्योंकि सरकार द्वारा न्यायालय में लिखित में प्रार्थना पत्र देकर कहा गया कि मुख्तार अंसारी के हाथ-पैर और नसों में दर्द होने के कारण उन्हें बांदा मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया गया था। जहां इलाज के दौरान हार्ट अटैक आ जाने के कारण उनकी मौत हो गई। जबकि बांदा जेल प्रशासन अभी तक कहता रहा है कि मुख्तार अंसारी को जेल के अंदर हार्ट अटैक आया था।

मुख्तार का उपचार करने वाले चिकित्सकों के बयान दर्ज

बांदा। माफिया मुख्तार अंसारी की मौत के मामले में अलग-अलग कई तेजी से जांचें चल रही हैं। बुधवार को जहां न्यायिक और मजिस्ट्रेटीयल जांच के लिए नियुक्त अधिकारियों ने मंडल कारागार पहुंचकर जेल कर्मियों और बंदियों से बातचीत करके बयान दर्ज किए थे, वहीं गुरुवार को जेल अधीक्षक की ओर से की जा रही जांच के संबंध में मुख्तार की बीमारी के दौरान प्राथमिक उपचार करने वाले चिकित्सकों के भी बयान दर्ज किए गए हैं। जेल अधीक्षक के अनुसार वह मुख्तार की मौत को लेकर चल रही अलग-अलग जांचों में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। मंडल कारागार में करीब तीन साल से निरुद्ध दोषसिद्ध और विचाराधीन बंदी माफिया

मुख्तार अंसारी की हार्ट अटैक से हुई मौत के बाद पैदा हुए सवाल अभी थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। जहां एक ओर माफिया की मौत के संबंध में अलग-अलग कई जांचें चल रही हैं, वहीं परिजनों के आरोपों के आधार पर मानवाधिकार आयोग में भी केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी गई है। शासन ने प्राथमिक जांच के लिए वरिष्ठ कारागार अधीक्षक को आदेश दिये थे। अधीक्षक ने बुधवार को जिला अस्पताल के दोनो चिकित्सकों को गुरुवार को उपस्थित होने का पत्र भेजा था। वरिष्ठ जेल अधीक्षक डा. वीरेशराज शर्मा पूरे प्रकरण की जांच कर रहे हैं। 25/26 मार्च की रात से लेकर 28 मार्च तक बार-बार मुख्तार की तबियत बिगड़ने के बाद जेल और जिला अस्तपाल के चिकित्सकों ने भी जांच और प्राथमिक उपचार मुहैया कराया था। ऐसे में जेल अधीक्षक डा. शर्मा ने गुरुवार को उपचार करने वाले चिकित्सकों को भी बयान देने के लिए जेल परिसर में बुलाया।

डीएम और एसपी ने पकड़ी स्क्रैप चोरी

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

कार्रवाई

- बंद पड़ी फैक्ट्री से चोर गिरोह के आठ शातिर गिरफ्तार
- 2022 में भी तत्कालीन एसपी अनुराग वत्स ने की थी कार्रवाई

अमृत विचार : जहांगीराबाद थाना क्षेत्र में स्थित एक बंद पड़ी फैक्ट्री के अंदर की जा रही स्क्रैप की चोरी को जिला प्रशासन ने गुरुवार को रंगे हाथों पकड़ा। मौके से आठ लोगों को रंगेहाथ गिरफ्तार किया गया।

थाना क्षेत्र के सूतमिल इलाके में स्थित ईएन एरोमेटिक एण्ड पेट्रो केमिकल्स लिमिटेड में बीते काफी लंबे समय से चोरी छिपे लोहा, केमिकल समेत स्क्रैप का काफी सामान चुराने का गोरखधंधा चल रहा था। इसकी सूचना मिलते ही जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार और पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने व पुलिस फोर्स के साथ छापा मारा। छापेमारी में बंद पड़ी फैक्ट्री के अंदर चोरी करते हुए गिरोह के 8 सदस्य पकड़े गए।

पुलिस ने सभी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू की है। इनमें से छह बरेली जिले के निवासी है। एक गोंडा व एक बलरामपुर का रहने वाला है।

अयोध्या में पूर्व जिला पंचायत सदस्य समेत छह को उम्रकैद

अयोध्या कार्यालय

दोहरा हत्याकांड

- 21 वर्ष में आया फैसला, कब्जेदारी के विवाद में चाचा-भतीजे की हुई थी हत्या

अमृत विचार : मकान के कब्जेदारी के विवाद में चाचा और भतीजे की हत्या में कोर्ट ने 20 साल 12 महीने बाद यानी 21 साल पर गुरुवार को अपना फैसला सुनाया। मामले में पूर्व जिला पंचायत सदस्य हरिपाल वर्मा समेत छह आरोपियों को दोषी पाते हुए उम्र कैद की सजा सुनाई गई है। साथ ही दोषियों पर 11.80 लाख रुपये का जुर्माना भी ठोका है। जुर्माने की धनराशि में से चार लाख रुपये मृतक रामसुंदर की पत्नी गायत्री देवी को और पांच लाख विवेक उर्फ पिंकू के माता-पिता को देने का आदेश हुआ है।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता प्रवीण कुमार व वादिनी के अधिवक्ता अभय प्रताप सिंह ने बताया कि वारदात एक जून 2003 की है। पहाड़गंज स्थित एक मकान के कब्जेदारी विवाद को लेकर रामसुंदर पांडेय व उनके भतीजे पिंकू उर्फ विवेक की लाइसेंसी बंदूक और तमंचे से गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। वारदात वाले दिन सुबह 10:30 बजे मकान पर कब्जा करने की नीयत से पूर्व जिला पंचायत सदस्य हरिपाल वर्मा व उनके भाई पहाड़ी, श्रीपाल निवासी छतिरवा थाना पूरा कलंदर अपने साथी गिरीश पांडेय शकील निवासी हैदरगंज थाना कोतवाली नगर अन्य साथियों के साथ असलहों से लैस होकर आए। आते ही उसके किराएदार निर्मला मौर्य का सामान घर से बाहर फेंकने लगे। इस पर उनका भतीजा पिंकू उर्फ विवेक इसकी सूचना उसके पति राम सुंदर पांडेय को देने के लिए दुकान पर नवीन मंडी चला गया। बाद में हरिपाल ने अपनी बंदूक से फायर कर दिया। सुनवाई के बाद दुर्गा प्रसाद, रमेश यादव, सुकई वर्मा, राम शंकर, हरिश्चंद्र वर्मा, शकील व लालजी चौधरी दोष मुक्त हो गए थे। पूर्व जिला पंचायत सदस्य हरिपाल वर्मा, श्रीपाल वर्मा, शिव शंकर उर्फ पहाड़ी, लाल जी वर्मा, गिरीश पांडे व जगन्नाथ उर्फ लालू को हत्या और जानलेवा हमले की धारा में दोषी पाते हुए जेल भेज दिया। अन्य तीन की मुकदमे के दौरान ही मौत हो गई थी।

रेलवे के खिलाड़ी व कोच आज होंगे सम्मानित

गोरखपुर, अमृत विचार: महाप्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे एवं संरक्षक, पूर्वोत्तर रेलवे क्रीड़ा संघ सौम्या माथुर ने शुक्रवार को रेलवे प्रेक्षागृह गोरखपुर में आयोजित खेल सम्मान समारोह-2024 के अन्तर्गत वर्ष 2023-24 में राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर पदक प्राप्त करने तथा शानदार प्रदर्शन करने वाले 90 खिलाड़ियों व कोचों को सम्मानित करेंगी। इसके पूर्व महाप्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे प्रातः 8 बजे सैयद मोदी रेलवे स्टेडियम, गोरखपुर नवीनीकृत बैडमिंटन हॉल का उद्घाटन करेंगी।

इस बैडमिंटन हॉल को अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ सुसज्जित किया गया है। इसके अतिरिक्त महाप्रबंधक गोरखपुर एवं तीनों मण्डलों के अधिकारियों एवं उनके परिवारजनों के लिए 5 से 7 अप्रैल तक चलने वाले तीन दिवसीय स्पोर्ट्स मीट का उद्घाअन करेंगी। तीन दिवसीय स्पोर्ट्स मीट के अन्तर्गत विभिन्न आयु वर्ग में खेलों का आयोजन तथा मेंहदी एवं रंगोली प्रतियोगिता किया जायेगा। खेलों में क्रिकेट, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, कैरम, चेस, बास्केटबॉल, फुटबॉल, वॉलीबाल आदि सम्मिलित है। स्पोर्टस मीट के अन्तर्गत सांस्कृतिक प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जायेगा, जिसमें विभिन्न वर्ग में गायन, वादन एवं नृत्य स्पर्धा आयोजित होगी।

सिद्धार्थनगर: शिव मंदिर में तोड़फोड़, गांव में बढ़ा तनाव

सिद्धार्थनगर,

अमृत विचार। जनपद के खेसरहा थाना क्षेत्र में असामाजिक तत्वों द्वारा शिव मंदिर में तोड़फोड़ की घटना से हंगामा खड़ा हो गया। खबर लगते ही हिन्दू समुदाय में आक्रोश छा गया। मौके पर भीड़ जुटने पर सूचना पुलिस तक पहुंची। जिसके बाद कई थानों की पुलिस गांव में तैनात कर दी गई है। मंदिर क्षतिग्रस्त करने वालों की तलाश हो रही है।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गेगटा गांव में बुधवार की रात असामाजिक तत्वों ने शिव मंदिर में तोड़फोड़ कर दी। शिवलिंग और नंदी की मूत्रियां खंडित कर दी गईं। गुरुवार सुबह जब लोगों को जानकारी हुई तो हड़कंप मच गया। हिन्दू समाज के लोग आक्रोशित होकर नारेबाजी करने लगे। बड़ी संख्या में आस-पास के गांवों के लोग भी पहुंचने लगे। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाकर शांत कराया। एसपी प्राची सिंह ने भी गांव पहुंचकर जानकारी ली और आरोपियों पर सख्त कार्रवाई का भरोसा दिया। गांव में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

शिव मंदिर तोड़ने के मामले में पांच टीम गठित की गई हैं। स्थानीय पुलिस को निर्देशित किया गया है कि मूर्तियां तोड़ने वाले लोगों को शीघ्र गिरफ्तार किया जाए। आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। गांव में फिलहाल शांति कायम है, पुलिस बल तैनात किया गया है।
-प्राची सिंह, पुलिस अधीक्षक

बताया गया कि यह गांव खेसराहा थाने से करीब 15 किलोमीटर दूरी पर बसा हुआ है। गांव की पूरी आबादी लगभग 2200 है। जिसमें लगभग 250 मुस्लिम समाज के लोग भी रहते हैं। मंदिर के अंदर शिवलिंग और नंदी की मूर्ति भी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दी गई है। देर शाम खबर लिखे जाने तक मंदिर में तोड़फोड़ करने वाले पकड़े नहीं जा सके थे।

हिरण के सींग, हाथीदांत का बुरादा पकड़ा

उरई में कार्रवाई

- वनविभाग की टीम ने उरई क्षेत्र की दुकान पर मारा छापा

कार्यालय संवाददाता, जालौन

अमृत विचार। एनजीओ की शिकायत पर वनविभाग की टीम ने उरई कोतवाली के माहिल तालाब के पास पंसारी की दुकान से प्रतिबंधित लकड़ी, हाथी दांत का बुरादा, हिरण के सींग पकड़े हैं। इसकी बाजार कीमत दस लाख रुपये बताई है।

माहिल तालाब मार्केट में स्थित जड़ी बूटी की दुकान में वन विभाग के अधिकारियों ने छापा मारा। अधिकारियों को देख दुकान में देखकर मालिक ओम प्रकाश गुप्ता अधिकारियों को चकमा देकर फरार हो गया। टीम ने दुकान से भारी मात्रा में वन्यजीवों के अंगों व पौधों के अंशों को बरामद किया है।

बरामद किए गए सींग। अमृत विचार

दुकान में काम कर रहे चार लोगों को वनविभाग की टीम ने पकड़ा है। टीम ने दुकान से हिरण के सींग, हाथी दांत का बुरादा और प्रतिबंधित लकड़ी के टुकड़े बड़े पैमाने पर बरामद किए हैं। सामान की कीमत करीब दस लाख रुपये के आसपास बताई जा रही है।

अयोध्या: राम मंदिर ट्रस्ट की बैठक आज

अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार : राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की अहम बैठक शुक्रवार को होगी। जिसमें मंदिर निर्माण सहित आगामी रामनवमी को देखते हुए पांच प्रमुख बिंदुओं पर मंथन कर निर्णय होगा। इस बैठक में लगभग 11 सदस्य उपस्थित रहेंगे। अन्य सदस्य वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए जुड़ेंगे। निर्माणाधीन राम मंदिर और परकोटा के साथ सप्त मंडप के निर्माण का कार्य प्रारंभ हो रहा है। दूसरी तरफ प्राण प्रतिष्ठा के बाद भव्य मंदिर में पहली रामनवमी पड़ रही है। जिसमें रामलला के जन्मोत्सव को धूमधाम से मनाया जाना है। कार्यक्रमों की रूपरेखा को तैयार कर लिया गया है।

वर्ग पहेली-30

बाएं से दाएं

4.1. वह वस्तु जिसपर रंग-बिरंगे बेल-बूटे

5.1. मुड़ना 2. चक्कर लगाना, घूमना 3. (ज्योतिष) किसी ग्रह का अपने पथ से विचलित होना।

6. अनुमान करने योग्य, जिसे अनुमान से जाना जा सके।

7.1. साथ रहने वाली स्त्री, साथिन, सहचरी 2. पत्नी, भार्या 3. सखी, सहेली

8. संस्कृत भाषा।

9.1. माशूक 2. प्रिय, प्रेमी 3. प्रेमपात्र।

ऊपर से नीचे

1. बरगद की जाति का एक प्रसिद्ध वृक्ष।

2. समुद्र तट पर पानी के ऊपर बना लकड़ी का वह चबूतरा या स्थान जहां जहाज़ों पर माल लादा और उतारा जाता है।

3.1. बेसुध 2. अचेत, बेख़बर, संज्ञाहीन 3. दुर्दशाग्रस्त 4. मरणासन्न 5. व्याकुल, बेचैन।

5. बाल्यावस्था और यौवनावस्था के मध्य का समय, बाल्यावस्था और यौवनावस्था के मध्य की स्थिति।

6.1. यज्ञादि के समय किया जाने वाला स्नान 2. यज्ञ 3. शराब चुआना, आसवन 4. ख़मीर 5. कांजी।



वर्ग पहेली -29 का हल

गोंडा में रेल पटरी छिटकने से नौ श्रमिक घायल

गोंडा कार्यालय

अमृत विचार: गोंडा बस्ती रेलखंड पर मछमरवा गांव के पास रेल पटरी छिटकने से ट्रैक पर काम कर रहे 9 श्रमिक घायल हो गए। हादसे के बाद रेल महकमे में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंचे रेल अधिकारियों ने गोरखपुर की तरफ से गोंडा जा रही मालगाड़ी के जरिये सभी घायलों को गोंडा स्थित रेल हॉस्पिटल पहुंचाया जहां सभी का इलाज किया जा रहा है। पूर्वोत्तर रेलवे को डीईएम प्रांजल शुक्ला ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली।

रेलवे अस्पताल में भर्ती घायल श्रमिक। अमृत विचार

गोंडा बस्ती रेल खंड पर मनकापुर व मसकनवा रेलवे स्टेशन के बीच मछमरवा गांव के निकट बृहस्पतिवार को ट्रैक मेंटेनेंस का काम चल रहा था। श्रमिक रेल पटरी को गैस कटर से काट कर गैपिंग कर रहे थे इसी दौरान रेल पटरी अचानक छिटक गयी और श्रमिकों के ऊपर जा गिरी। इस हादसे में दिनेश कुमार यादव, अमित कुमार, कैसुम हुसैन, हरीलाल यादव, छेदीलाल, सत्यानंद मिश्रा, महेंद्र कुमार, अंकित पटेल व अशोक कुमार घायल हो गए। हादसे की सूचना रेल अफसरों तक पहुंची तो महकमे में हड़कंप मच गया। आनन फानन में रेलवे को अधिकारी और जीआरपी मौके पर पहुंची और सभी घायल श्रमिकों को मालगाड़ी पर बैठाकर रेलवे अस्पताल पहुंचाया गया।

घटनास्थल पर पड़ी क्षतिग्रस्त रेल पटरी।

सुडोकू -109

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

					4	7		9
4		1		3		8		
		2		5		4		
2	7						3	4
		5				9		
6	8			9			5	
		3				2		
		7		4		5		6
9			7					

सुडोकू -108 का हल

4	2	3	7	6	9	8	1	5
8	6	1	5	4	3	7	2	9
9	7	5	1	8	2	3	4	6
1	3	7	6	9	5	4	8	2
6	5	8	3	2	4	1	9	7
2	4	9	8	1	7	6	5	3
3	9	2	4	7	8	5	6	1
5	8	6	9	3	1	2	7	4
7	1	4	2	5	6	9	3	8

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 5 अप्रैल शुक्रवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-चैत्र, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-एकादशी 13 .28 तक तत्पश्चात द्वादशी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-वसंत।
चन्द्रबल-मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-धनिष्ठा 18 .07 तक तत्पश्चात शतभिषा।

मेष — आज कला क्षेत्र से जुड़े लोगों को सम्मान मिल सकता है। आर्थिक मामलों में काफी भाग्यशाली रहेंगे। अपनी बातों से आप लोगों को प्रभावित कर पाएंगे। युवाओं को जॉब के नए विकल्प मिलने से उत्साहित रहेंगे।

वृष — आज फिर भी किसी भी मुद्दे पर सावधानी पूर्वक प्रतिक्रिया दें। छोटे बच्चों के साथ अपने संबंध अच्छे रखें। उलझा हुआ धन आपको प्राप्त होगा। परिजनों का बेहतरीन सहयोग मिलने की संभावना है। करियर के लिए दिन बहुत अच्छा है।

मिथुन — आज कानूनी मामलों को लेकर थोड़ी सावधानी रखें। आप अनुसंधान के मूड में हो सकते हैं। बजट का ध्यान रखते हुए काम करें। भारी भोजन का सेवन करने से बचें। व्यर्थ के कार्यों में आप धन खर्च कर सकते हैं।

कर्क — आज आत्मकेन्द्रित होने के कारण मित्र गण आपसे नाराज हो सकते हैं। बुजुर्ग लोगों को घुटने व कमर में दर्द की शिकायत हो सकती है। अपने कार्यों के प्रति समर्पित रहें। अति आत्मविश्वास से बचें। प्रेम संबंधों में तनाव की आशंका है।

सिंह — आज साझेदारी में व्यवसाय शुरू करने की योजना बना सकते हैं। धर्म-कर्म में आपकी रुचि बढ़ेगी। जॉब में आपका प्रभाव बढ़ेगा। आपकी कोई मनोकामना पूर्ण होगी। वैवाहिक जीवन का तनाव दूर होगा। परिवार का वातावरण खुशनुमा रहेगा।

कन्या — आज प्रशासन से जुड़े लोगों के ऊपर से काम का दबाव कम होगा। स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव आते रहेंगे। अपनी कार्यप्रणाली में सुधार कर सकते हैं। यदि किसी मीटिंग पर जा रहे हैं तो आपको पूरी तैयारी करनी पड़ेगी। उधार लेन-देन सावधानी पूर्वक करें।

तुला — आज बातचीत के दौरान सरल शब्दों का प्रयोग करें। वरना आपकी बातों का गलत मतलब भी निकल सकता है। अप्रत्याशित खर्चों में वृद्धि हो सकती है। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे लोगों को तनाव हो सकता है।

वृश्चिक — आज रियल एस्टेट में सावधानी पूर्वक निवेश करें। पुराने दोस्तों से आज मुलाकात हो सकती है। विद्यार्थी पढ़ाई को लेकर थोड़े परेशान हो सकते हैं। कार्यक्षेत्र की समस्याओं को दूर करने में सफलता मिलेगी। दौड़-धूप ज्यादा करनी पड़ेगी।

धनु — आज जीवनशैली में नयापन आएगा। सरकारी जॉब कर रहे लोगों को अतिरिक्त मेहनत करनी पड़ेगी। मार्केटिंग संबंधी कारोबारियों को लाभ होगा। दांपत्य संबंधों में आनंद का अनुभव करेंगे। व्यावसायिक यात्रा होने के योग बन रहे हैं।

मकर — आज संतान को लेकर कुछ चिंतित हो सकते हैं। विद्यार्थियों को उच्च अध्ययन में थोड़ी कठिनाई होगी। स्वार्थी प्रवृत्ति के लोगों से आपको परेशानी होगी। आपको झूठ बोलने से बचना चाहिए। परिवार के सदस्यों की सेहत का ध्यान रखें।

कुंभ — आज अपने काम का भरपूर आनंद उठाएंगे। आपके व्यवहार में शालीनता रहेगी। विदेश यात्रा की संभावना बन रही है। खरीदारी के दौरान अपने बजट का ध्यान रखें। किसी रिश्तेदार को धन उधार देना पड़ सकता है।

मीन — आज राजनीतिक लोगों के लिए दिन शुभ नहीं है। परिस्थितियों पर क्रोध करने के बजाय उसे शांति से निपटाएं। वाहन चलाते समय सावधानी रखें। कारोबार में विस्तार करने में कठिनाई होगी। दिखावे के चक्कर में अपना नुकसान न करवाएं।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- तकदीर का तमाशा — सुबह : 10 .57
- जख्मी सिपाही — रात : 07 .02

&pictures
- मैं तेरा हीरो — सुबह : 11 .09
- मॉम — रात : 08 .00

SONY PIX
- होटल ट्रांसिल्वेनिया 2 — सुबह : 11 .06
- मैड मैक्स : फरी रोड — रात : 09 .00

ZEE CINEMA
- बधाई हो बधाई — सुबह : 10 .45
- गली बॉय — रात : 07 .20

colors CINEPLEX
- खुदा गवाह — दोपहर : 02 .00
- अग्निपथ — रात : 09 .31

आज की सुपरहिट फिल्म

एंड पिक्चर्स पर सुबह : 11 .09 बजे

जोक्स ऑफ द डे

गोलू अपने पड़ोसी से- मैं आपकी बेटी से शादी करना चाहता हूं।
पड़ोसी- कितना कमा लेते हो?
गोलू- 20 हजार रुपये प्रति माह।
पड़ोसी- मैं अपनी बेटी को 15 हजार रुपये प्रति माह पॉकेट मनी देता हूं।
गोलू- मैं भी तो उसी को जोड़कर ही तो बता रहा हूं।

मैडम- क्लास में जो बेवकूफ हो वो खड़ा हो जाए।
पप्पू मसूमियत से खड़ा हो गया
मैडम- क्या तुम बेवकूफ हो?
पप्पू- नहीं मैडम आप अकेली खड़ी थीं। इसलिए मुझे अच्छा नहीं लगा।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

उद्यमेनैव हि सिध्यन्ति, कार्याणि न मनोरथै ।
न हि सुप्तस्य सिंहस्य, प्रविशन्ति मृगा : ॥

प्रयत्न करने से ही कार्य पूर्ण होते हैं, केवल इच्छा करने से नहीं, सोते हुए शेर के मुख में मृग स्वयं प्रवेश नहीं करते हैं।

संपादकीय

भारत-अमेरिका संबंध

अमेरिका कई क्षेत्रों में भारत के साथ अपने रिश्ते मजबूत कर रहा है। भारत के साथ संबंधों को गहरा करना अमेरिकी विदेश नीति के सबसे महत्वपूर्ण तत्वों में से एक है। भारत और अमेरिका के व्यापक साझा हित हैं। अमेरिका उस क्षेत्र को खतरनाक मानता है जहां चीन आगे बढ़ रहा है। बुधवार को इंडो-पैसिफिक लैंड फोर्सेज कमांडर जनरल चार्ल्स फ्लिन ने कहा कि चीन की आधुनिक मिसाइलों का मुकाबला करने के उपायों का पता लगाने में अमेरिकी बलों की महत्वपूर्ण भूमिका है। अमेरिका निकट भविष्य में हिंद-प्रशांत क्षेत्र में मध्यम दूरी की मिसाइलें तैनात करने पर विचार कर रहा है। भारत की हिंद-प्रशांत महासागर पहल का उद्देश्य भी एक स्वतंत्र, खुले और समावेशी हिंद-प्रशांत को बढ़ावा देना और क्षेत्रीय स्थिरता बनाए रखना है। क्योंकि दुनिया का अधिकांश व्यापार संचार की समुद्री लाइनों पर निर्भर होने के कारण उनकी सुरक्षा बनाए रखना महत्वपूर्ण है। चूंकि व्यापार बड़े पैमाने पर महासागर के माध्यम से किया जाता है, इसलिए मजबूत समुद्री परिवहन सहयोग से हिंद-प्रशांत में देशों के भीतर और बीच शिपिंग नेटवर्क को मजबूत करने में मदद मिलेगी। समुद्री क्षेत्र में सहयोग निकट भविष्य में भारत-अमेरिका संबंधों का एक महत्वपूर्ण स्तंभ बन सकता है। साथ ही तेजी से सिर उठाते खतरों का सामना करने के लिए भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय ख़ुफिया सूचना सहयोग को न सिर्फ सशक्त करने की ज़रूरत है, बल्कि इसे विभिन्न क्षेत्रों में फैलाने के लिए तमाम संभावनाओं को तलाशने की भी आवश्यकता है।

भारत और अमेरिका खास तौर पर इंडो-पैसिफिक में महाद्वीपीय, समुद्र और अंतरिक्ष जैसे क्षेत्रों में संवेदनशील जानकारी साझा करने के साथ ही इंटेलिजेंस सेक्टर में आपसी सहयोग सशक्त करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। हिंद-प्रशांत क्षेत्र में दोनों देशों के बीच मज़बूत होती भागीदारी ने खुफिया मामलों में आपसी सहयोग की संभावनाओं के ऐसे द्वारा खोलने का काम किया है जिनके बारे में दो दशक पहले सोचना भी मुमकिन नहीं था। जिस प्रकार से क्षेत्रीय और वैश्विक स्तर पर सुरक्षा को लेकर माहौल में बदलाव आ रहा है, उसके मद्देनज़र अमेरिका और भारत की खुफिया एजेंसियों के बीच सशक्त सहयोग बेहद ज़रूरी हो गया है। समुद्री क्षेत्र से जुड़ी विभिन्न प्रकार की जानकारियां आज के दौर में क्षेत्रीय सुरक्षा और स्थिरता के लिए ख़ासी महत्वपूर्ण हो गई हैं। यही वजह है कि खुफिया जानकारी साझा करने का महत्व भी बहुत बढ़ गया है। इंडो-पैसिफिक में रणनीतिक सफलता हासिल करने के लिए समुद्री मार्गों की सुरक्षा, समुद्री लुटेरों का मुक़ाबला करना और प्राकृतिक आपदाओं का सामना करना बेहद अहम हो जाता है।

किसानों से गेहूं खरीद क्यों है जरूरी

अविनाश झा
डीएफएमओ, चित्रकूट

असल में सरकारी नियमानुसार प्रत्येक वर्ष एक अप्रैल को सेंट्रल पूल में 74.60 लाख मीट्रिक टन गेहूं रहना आवश्यक है। भारतीय खाद्य निगम स्वयं और राज्य सरकारों के सहयोग से बफर स्टॉक यानी सेंट्रल पूल के लिए किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं और चावल की खरीद करती है। इसी क्रय किए गए खाद्यान्न में से सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत खाद्यान्न वितरण किया जाता है।

सरकार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के अंतर्गत किसानों से की जाने वाली गेहूं खरीद नियत समय से पहले ही प्रारंभ कर दी है, क्योंकि केंद्रीय पूल का गेहूं स्टॉक बफर मानक से भी नीचे आ जाने की संभावना है और यदि ऐसा हो जाता है तो पिछले सोलह वर्षों में पहली बार ऐसा होगा। वस्तुत पिछले दो सालों से गेहूं की कम सरकारी खरीद, देश के 80 करोड़ लोगों को सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत मुफ्त राशन निरंतर दिए जाने और बाजार मूल्य नियंत्रण के लिए भारतीय खाद्य निगम द्वारा खुले बाजार में की गई अधिक बिक्री के कारण बफर स्टॉक की यह स्थिति हुई है।

असल में सरकारी नियमानुसार प्रत्येक वर्ष एक अप्रैल को सेंट्रल पूल में 74.60 लाख मीट्रिक टन गेहूं रहना आवश्यक है। भारतीय खाद्य निगम स्वयं और राज्य सरकारों के सहयोग से बफर स्टॉक यानी सेंट्रल पूल के लिए किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं और चावल की खरीद करती है। इसी क्रय किए गए खाद्यान्न में से सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत खाद्यान्न वितरण किया जाता है। देश में सूखा, बाढ़, भूकंप आदि जैसी प्राकृतिक आपदाओं के दौरान आने वाली खाद्यान्न की कमी को दूर करने के लिए खाद्यान्न इसी बफर स्टॉक से ही भेजा जाता है। किसी भी देश में खाद्यान्न की उपलब्धता की स्थिति को दर्शाने के लिए यह बफर स्टॉक महत्वपूर्ण है। वस्तुतः पिछले दो सालों से खुले बाजार में गेहूं का दाम न्यूनतम समर्थन मूल्य से अधिक है। स्वाभाविक रूप से किसानों ने सरकारी क्रय केंद्रों पर बेचने के बजाय खुले बाजार में बेचना श्रेयस्कर समझा। खुले बाजार में निजी व्यापारियों द्वारा गेहूं का ज्यादा मूल्य दिए जाने के कारण किसान सरकार को पहले की तरह गेहूं नहीं बेच रहे हैं। इन्हीं सब कारणों से इस वर्ष देश में गेहूं के रिकॉर्ड उत्पादन की संभावना के बावजूद सरकार ने अपना क्रय लक्ष्य 320 लाख मीट्रिक टन ही रखा है।

चुनावी वर्ष होने के कारण सरकार पर अतिरिक्त दबाव यह है कि किसी तरह से वह मंहगाई को नियंत्रण में रखें। इसी के दृष्टिगत बाजार में गेहूं के मूल्य नियंत्रण हेतु सरकार ने भारतीय खाद्य निगम के माध्यम से ओपन मार्केट सेल स्कीम के अंतर्गत

> हालांकि गिरते बफर स्टॉक के बावजूद गेहूं के आयात के बारे में कभी नहीं सोचा गया, क्योंकि विदेशी खरीद से देश की इमेज पर असर पड़ता है और किसानों में गलत संदेश जाता है। इसके अतिरिक्त अभी ऐसी स्थिति नहीं आई है कि गेहूं आयात करना पड़े।

सरकार द्वारा सिर्फ 2150 रुपये प्रति क्विंटल के रियायती दर पर 80.04 लाख मीट्रिक टन गेहूं निजी और सहकारी क्षेत्र को बेच चुकी है। खुले बाजार में इतनी अत्यधिक मात्रा में गेहूं आने के बावजूद गेहूं का मूल्य कोई विशेष कम नहीं हो पाया है। अभी खरीद सीजन प्रारंभ होने और मार्केट में नया गेहूं आने के बावजूद गेहूं का मूल्य ज्यादा नहीं गिरा है। सरकारी क्रय केंद्रों पर किसानों को गेहूं बेचने के लिए अनेक प्रकार की कागजी औपचारिकताएं पूरी करनी होती हैं, जबकि व्यापारी किसानों के घर से गेहूं खरीद बिना किसी कागजी प्रक्रिया के कर लेते हैं।

हालांकि इसको देखते हुए सरकार ने इस वर्ष शुरू से ही मोबाइल क्रय केंद्रों की स्वीकृति दे दी है। अब सरकार भी किसानों के घर से गेहूं खरीद करेगी। निजी व्यापारी 'जो जैसा है, जहां है' नियम के आधार पर खरीद करते हैं। जबकि सरकारी क्रय केंद्रों पर मानक निर्धारित हैं। सरकारी क्रय केंद्रों पर किसानों को उसके बिक्री का भुगतान पीएफएमएस के माध्यम से उनके बैंक खातों में किया जाता है। जबकि निजी व्यापारी अभी भी ज्यादातर नकद भुगतान करते हैं, जो किसानों को ज्यादा सुविधाजनक लगता है। खेती और पारिवारिक के खर्चों के लिए तत्काल नकद पैसे उनको अच्छा लगता है। इसके अतिरिक्त अधिकतर किसानों ने बैंकों, सहकारी समितियों या अन्य संस्थाओं से कृषि या अन्य कार्यों के लिए ऋण लिया होता है जिसके संबंध में उन्हें भी लगता है कि सरकारी केंद्रों पर बेचे गए गेहूं का भुगतान यदि उनके बैंक खातों में गया तो संबंधित बैंक अपना ऋण या बकाया पहले एडजस्ट कर लेगी। इसके अतिरिक्त वे निजी व्यापारियों से भी फसल लगाने से पूर्व ही अग्रिम ले लिया गया होता है। इन सब कारणों से यदि मार्केट रेट एमएसपी से ज्यादा कम नहीं है तो वे निजी व्यापारियों को खाद्यान्न बेचना ज्यादा पसंद करते हैं। यहां यह भी महत्वपूर्ण है कि गेहूं ऐसा खाद्यान्न है जिसका किसान स्वयं भी आसानी से भंडारण कर सकता है और यदि तत्काल उन्हें पैसे की आवश्यकता नहीं है तो वे गेहूं नहीं बेचते हैं।

केंद्रीय कृषि मंत्रालय के अनुसार वर्ष 2023-24 में गेहूं के अनुमानित उत्पादन 1120 लाख टन के सापेक्ष खपत मात्र 1077 लाख टन ही होने की संभावना है। हालांकि अमेरिका का कृषि विभाग आस्ट्रेलिया और भारत को छोड़कर कनाडा, रूस, यूक्रेन, यूरोपियन यूनियन में गेहूं के उत्पादन में गिरावट होने का अनुमान जारी किया है जिससे वैश्विक बाजार में भाव ज्यादा रहने की संभावना है। आम चुनाव के बाद देश में गेहूं के रिकॉर्ड उत्पादन की स्थिति में गेहूं एक्सपोर्ट शुरू होने की संभावनाएं भी जताई जा रही हैं। राष्ट्रीय कृषि बाजार यानी ई-नाम के अनुसार देश की कई मंडियों में गेहूं का दाम अभी भी एमएसपी से ज्यादा है। भारत चीन के बाद दुनिया का सबसे बड़ा गेहूं उपभोक्ता और उत्पादक देश है, लेकिन घटती सरकारी खरीद और घटते बफर स्टॉक के दृष्टिगत सरकार ने 2022 में गेहूं के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था। बफर स्टॉक में गेहूं के कम भंडारण से खुले बाजार में कीमतें बढ़ने की संभावना होती हैं।

हालांकि गिरते बफर स्टॉक के बावजूद गेहूं के आयात के बारे में कभी नहीं सोचा गया, क्योंकि विदेशी खरीद से देश की इमेज पर असर पड़ता है और किसानों में गलत संदेश जाता है। इसके अतिरिक्त अभी ऐसी स्थिति नहीं आई है कि गेहूं आयात करना पड़े। अमेरिकी कृषि विभाग की रिपोर्ट के अनुसार भारत का कम गेहूं भंडार सरकार को इस वर्ष दो मिलियन मीट्रिक टन खाद्यान्न आयात करने के लिए मजबूर कर सकता है, लेकिन सरकार अपना क्रय लक्ष्य और बफर स्टॉक पूरा करने के लिए कृत संकल्पित है। इसलिए उसने अनौपचारिक रूप से व्यापारियों सहित बड़े, बल्कि पर्चेजर्स कारगिल इंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड, लुइस ड्रेफस कंपनी औलम ग्रुप इत्यादि को भी संकेत दिया है कि वे किसानों से नए सीजन के गेहूं की खरीदारी कम से कम अप्रैल में करने से बचें। वर्ष 2007 के बाद से सरकार की ओर से यह इस तरह का प्रथम पहल है। वैसे भी मई के मध्य के बाद से गेहूं की खरीद कम होने लगती है। महंगाई पर नियंत्रण रखने के लिए गेहूं व्यापारियों को स्टॉक की घोषणा करने के काम को एक अप्रैल से आगे भी जारी रखने को कहा है। सरकार ने रेलवे से भी अप्रैल में बड़े व्यापारियों को माल ढुलाई हेतु मालगाड़ी उपलब्ध नहीं कराने के लिए कहा है जिससे बड़े पैमाने पर गेहूं बाहर नहीं जा पाएगा। अधिकारियों से यह सुनिश्चित करने के लिए कहा है कि बड़े व्यापारियों को बड़ी मात्रा में गेहूं खरीदने का मौका न मिले। डिस्ट्रेस सेल अर्थात् न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम पर खरीद तो कदापि न हो। हालांकि मध्य प्रदेश और राजस्थान में गेहूं की खरीद पर बोनस दिए जाने के चलते उत्तर प्रदेश में गेहूं की खरीद में समस्या आ सकती है, क्योंकि निजी खरीदार यहां गेहूं के दाम कम होने के कारण मध्य प्रदेश व राजस्थान की बजाय गेहूं खरीदने का प्रयास करेंगे, जिस पर रोक आवश्यक है। खुले बाजार में किसानों को अभी भी अपने गेहूं का मूल्य एमएसपी से ज्यादा मिल रहा है। यह अच्छी बात है, क्योंकि सरकार स्वयं किसानों को उनकी आय दुगुनी करने का वायदा कर चुकी है, परंतु सरकार के बफर स्टॉक और देश में खाद्यान्न प्रबंधन हेतु सरकारी खरीद भी जरूरी है तो इसका विकल्प यह है कि सरकार बोनस घोषित कर दे, परंतु इस पर विश्व व्यापार संगठन के नियम बाधक हैं। निर्यात पर रोक का वह पहले ही विरोध कर चुकी है। सबसे ज्यादा दबाव उत्तर प्रदेश की खरीद पर है, जो देश का सबसे बड़ा गेहूं उत्पादक राज्य है, परंतु यहां देश की कुल सरकारी खरीद में मात्र दो प्रतिशत का योगदान रहा है। सरकार के विशेष प्रयासों से इस बार अच्छी गेहूं खरीद होने की संभावना है। यहां खरीद को और गति प्रदान के लिए पंजाब और हरियाणा की तर्ज पर आढ़तिया खरीद की शुरुआत की जा सकती है, जिसे निजी क्षेत्र का योगदान भी सरकारी खरीद में शामिल हो जाएगा या राजस्थान और मध्य प्रदेश राज्यों की तरह गेहूं पर बोनस घोषित किया जा सकता है।

प्रसंगवश

पुराना पड़ गया है पुरस्कार और दंड का सिद्धांत

पुरस्कार और दंड की प्रक्रिया का दूसरे छात्रों की मनः स्थिति पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है और वे उत्साहित नहीं होते, शोध तो यही कहती है। इसी एप्रोच के चलते अव्वल आने वाले छात्र एक 'स्पेशल केटेगरी' के समझे जाते हैं और जो छात्र सामान्य हैं और 35-45 या 50 प्रतिशत अंक लेकर पास हुए हैं, उनकी कमियों पर रिसर्च करके दूर करने की कोशिश होनी चाहिए। इस बाबत क्लास टीचर्स के एनालिसिस और एक्शन फॉर इम्प्रूवमेंट क्या रहता है, इस बारे में रिवाड्र्स देते समय इनके पास कोई प्लान है तो उसका ब्योरा नहीं दिया जाता, क्योंकि सोच किसी और दिशा में काम कर रही होती है।

विदेशों में इस पर बहुत रिसर्च हुई हैः लेख और किताबें लिखी गई हैं और समाधान सुझाए गए हैं। रिकमेन्डेशन्स पर काम किया गया तो नतीजे भी अच्छे थे। प्रतिभा बढ़ाई जा सकती है अगर लर्निंग के तरीके में चालू प्रैक्टिसेस में कुछ परिवर्तन किए जाएं। एनसीईआरटी इस मामले में कुछ विशेष नहीं करता। रिवाड्र्स एंड पनिशमेंट की थ्योरी अब रिजेक्ट की जा चुकी है और 'इन्क्लूसिव थ्योरी' पॉपुलर है ताकि सभी बच्चे आत्मविश्वास के साथ और मजबूत इरादे के साथ न कि निरुत्साहित किए जाने वाले माहौल में स्कूल और कॉलेज की शिक्षा पूरी करें और एक 'मिनिमम डिज़यारेबल' लेवल तक तो पहुंचे ही। मैं बहुत ब्रिलियंट तो खुद भी नहीं रहा और न ही हूं, लेकिन परिश्रमी और लगनशील हूं और धीरे-धीरे वे तरीके सीख गया जिनके करने अडॉप्ट करने से विषय के प्रति अपनी समझ में इजाफा कर पाया। स्कूल और कॉलेज के दिनों में मैं औसत प्रतिभा का विद्यार्थी रहा, लेकिन विश्वविद्यालय में पहुंचने पर और विषय विशेष में गहन रुचि होने के कारण, अभ्यास से मैंने टॉप किया और मेरे से एकदम नीचे वाले और मेरे अंकों में 20 प्रतिशत का अंतर रहा। पद्धति बदलकर मैंने अपनी जानकारी का विस्तार किया और कुछ मायनों में थोड़ी से 'विजडम' भी हासिल की जो उम्र के साथ अनुभव बढ़ने से भी धीरे-धीरे बढ़ती है।

स्कूल एजुकेशन विभाग में टेक्स्ट बुक्स में दर्ज इन्फार्मेशन कंटेंट को डिलीवर करते समय परिवर्तन लाने की जरूरत है, जो इसलिए संभव ही नहीं, क्योंकि टीचर्स को इंस्ट्रक्शन्स इशू करने वाले महकमा और इसका थिंक टैंक ऐसा करने नहीं देता। असल में ये लोग एजुकेशनल फिलॉसफी और साइकोलॉजी के अलावा परिवेशी तत्वों और पृष्ठभूमि का ध्यान नहीं रखते। एक टाइट फ्रेम में शैक्षिक करियर निकालने वाले अध्यापकगण वही पिटी-पिटाई लकीर को आयुपर्यन्त फॉलो करते रहते हैं, बिना इस बात की परवाह किए कि वे किस तरह के कौशलयुक्त नागरिक देश को देना चाहते हैं। रिवॉर्ड और पनिशमेंट की नेचुरल थ्योरी मनुष्य द्वारा स्थापित रिवॉर्ड और पनिशमेंट की थ्योरीज से बिल्कुल अलग स्तर पर काम करती है, ऐसा आभास तभी हो सकता है जब अध्यापक गण हायर लर्निंग के रिसर्च जर्नल्स को पढ़ें।

रणवीर सिंह फोगाट
इतिहासकार

मेरे हिसाब से रिवाड्र्स एंड पनिशमेंट को कभी हाईलाइट तो करना ही नहीं चाहिए। आईएएस एंड अलाइड सर्विसेज के एग्जाम को क्वालीफाई करने वाले कैंडिडेट्स में से जो आईएएस की केटेगरी को एलॉट किए जाते हैं इनमें से उच्चतम और निम्नतम स्कोरिंग वाले चयनित व्यक्तियों की परफॉरमेंस के हिसाब से क्या इनकी पोस्टिंग डेवलप्ड और अंडर-डेवलप्ड डिस्ट्रिक्स में की जाती है। क्या हाईएस्ट 10 स्कोरर्स को इलीट पोस्टिंग दी जाती है। मैंने देखा है कि एक्साम क्लियर करने में जो बहुत मेधावी रहे और जो उक्त दस प्रतिशत से नीचे के रहे इनकी सर्विस परफॉरमेंस एक डिजायरेबल लेवल और उच्चतम लेवल के बीच उतार चढ़ाव पर रही। यह बात रिटायर हो गए आईएएस से बातचीत करके या इनमें से कुछेक के संस्मरण पढ़ के मैंने जानी। इस सब्जेक्टिविटी में ऑब्जेक्टिविटी किस तरह से देखी जा सकती है, यह देखने वाले की ऑब्ज़र्वेशनल स्किल्स पर भी निर्भर करता है। पोस्ट-रिटायरमेंट के बाद अपनी प्री-रिटायरमेंट परफॉरमेंस पर कौन दृष्टिपात करता है? मुझे लगता है एवरेज़ेज ड्रा करने के चक्कर में ऑब्जेक्टिविटी का इंसानी गुणों से मिलान करना हम अधिकांश अवसरों पर भूल जाते हैं। इसलिए टीचर्स को हाई और हायर-सेकंड्री लेवल के स्टूडेंट्स को कैसा माहौल देना चाहिए, इसके प्रति अत्यंत सावधान रहने की जरूरत होती है।

सब कुछ धुंधला-धुंधला सा है

डॉ. हेमंत कुमार झा
एसोसिएट प्रोफेसर, पाटलिपुत्र विवि, पटना (बिहार)

समझ में नहीं आ रहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार सत्ता में पहुंचने देने का विरोध कौन कर रहा और समर्थन कौन कर रहा? प्रत्यक्ष में बड़ी-बड़ी बातें बोलेंगे। संविधान पर खतरे की संभावनाएं गिनाएंगे, डिक्टेटर राज आने का डर दिखाएंगे, उखाड़ फेंकने की मुनादी करेंगे, लेकिन भीतर ही भीतर करतब ऐसी करेंगे कि मोदी की राह आसान हो जाए। अब यह डर के कारण से हो, लोभ के कारण से हो या जिस भी कारण से हो, ऐसे नेता और ऐसे राजनीतिक दल जनता के लिए किसी डिक्टेटर या किसी विभाजक राजनीतिज्ञ से भी अधिक खतरनाक हैं।

एक दौर था, जब इंदिरा गांधी के खिलाफ विपक्ष के नेताओं का गठजोड़ सामने आया था। भले ही यह एकता सत्ता में आने के बाद जल्दी ही बिखर गई, लेकिन इसने यह साबित किया कि अगर कोई शक्तिशाली सत्ताधीशों के संवैधानिक अधिकारों से खिलवाड़ करेगा, राजनीतिक विरोधियों के दमन के लिए सत्ता का अनुचित प्रयोग करेगा तो भारत की लोकतांत्रिक राजनीति में अंतर्निहित चेतना उसे उखाड़ फेंकने की शक्ति रखती है।

'इंदिरा इज इंडिया एंड इंडिया इज इंदिरा' ... राजनीतिक चारणों और चेले चपाटों के ऐसे बोल किस बियाबान में लुप्त हो गए, खुद मैडम भी समझ नहीं पाईं और जैसा कि कई इतिहासकार बताते हैं, वे इतनी बड़ी चुनावी हार के बाद कुछ दिनों के लिए सदमे में चली गई थीं। तब के नेताओं में नैतिक शक्ति थी। तब मोरारजी थे, अटल थे, चंद्रशेखर थे, चरण सिंह थे, मधु लिमये थे, मधु दंडवते थे, मृणाल गोरे थी, जॉर्ज फर्नांडिस थे, कई अन्य थे और सबसे बढ़कर जयप्रकाश नारायण का करिश्माई और प्रभावी नेतृत्व था। नेतृत्व की नैतिक आभा में जनता की राह आलोकित होती है, उसकी चेतना ज्योतिर्मयी होती है। जनचेतना में सत्ता विरोध की लहर उठी। दमन को अपना हथियार और मनमानियों को अपना औजार बना चुकी सत्ता की प्राचीरें जन चेतना के प्रतिरोध को झेल नहीं सकी। तब जबकि दक्षिण भारत में इंदिरा गांधी ने अच्छी खासी सीटें जीती थी, हिंदी पट्टी के राज्यों ने उनकी नियति का फैसला कर दिया था।

> जनचेतना में सत्ता विरोध की लहर उठी। दमन को अपना हथियार और मनमानियों को अपना औजार बना चुकी सत्ता की प्राचीरें जन चेतना के प्रतिरोध को झेल नहीं सकी।

आज वही हिंदी पट्टी मोदी की राजनीति का पैरोकार बना है। दो वक्त की रोटी के लिए और बच्चों की स्कूल फीस के लिए खून सुखाते मेहनतकश लोगों की चेतना "मोदी मोदी" के प्रायोजित शोर में कहीं लुप्त सी हो गई लगती है और उनकी मुक्ति की बातें करने वाले विपक्ष के कई नेता, कई राजनीतिक दल अपने ही करतबों में लिप्त हैं। वे मोदी से अधिक जनविरोधी हैं। भारतीय राजनीति का वर्तमान उनके नैतिक पतन का बोझ उठाते-उठाते थक चुका है और भविष्य में इस बात का खतरा चारों ओर मंडराता दिख रहा है कि इनमें से कई लोग, कई दल चुनावी भाषणों में मोदी विरोध, संविधान की रक्षा, डिक्टेटर शिप के खतरे आदि की बातें करेंगे और अपनी मानसिक और राजनीतिक ऊर्जा मोदी को ही पुनः सत्तासीन करने में जाया करेंगे। सब कुछ धुंधला-धुंधला सा है।

मीडिया जिम्मेवारी ले चुका है कि वह जनता तक सत्य को पहुंचने नहीं देगा। महज ऐसा ही होता तो गनीमत थी। बड़े-बड़े चैनल, बड़े-बड़े एंकर तैयार हैं कि वे झूठ को इतना महिमा मंडित करेंगे कि वह सत्य की जगह लेकर आम लोगों का दिमाग खराब कर दे। आज से कुछ दशकों के बाद जब भारत के आज के दौर की विसंगतियों को विश्लेषित किया जाएगा तो तीन अध्याय मुख्य होंगे, पहला, भारतीय शहरी मध्य वर्ग का मानसिक और नैतिक अंधकार, दूसरा विपक्ष की राजनीति का नैतिक पतन और तीसरा मीडिया की मुख्यधारा का जनता का शत्रु बन जाना। नवउदारवाद का भारतीय संस्करण अपनी ढाई तीन दशकों की यात्रा के बाद ऐसा ही राजनीतिक मंजर लाने वाला था। इस संस्करण ने राजनीति से उसकी नैतिकता को सोखना शुरू किया जिसका एक परिणाम कारपोरेट शक्तियों की उंगलियों में राजनीति और आर्थिकी की डोर आने के रूप में सामने आया। कारपोरेट मीडिया यूं ही विध्वंसक और जहरीली भूमिका में नहीं आता। जिसे 'नियो लिबरल इकोनॉमी' और इससे उत्पन्न 'नियो लिबरल पॉलिटिक्स' कहते हैं। वह यूरोप और अमेरिका जैसे संपन्न और पढ़े लिखे समाज में अपनी जो छाप छोड़ता रहा, भारत में उसके बहुत आगे जाकर अपने अमानुषिक रूप में सामने आया। इस रूप को भारतीय राजनीतिक फलक पर ऐसे ही सामने आना था।

सोशल फोरम

बेवकूफी का सौंदर्य

सोचते हैं कोई बहुत बड़ी बेवकूफी की बात कह डालें, लेकिन फिर आलस्य हावी हो जाता है। इस चक्कर में दूसरे बाजी मार ले जाते हैं। इसी चक्कर में कुछ लोगों ने तो इत्ती आला बेवकूफी की बातें कहीं कि मन किया कि उनको दुनिया का सर्वश्रेष्ठ बेवकूफ घोषित कर दें, लेकिन फिर आलस्य ने बाजी मार ली। साथ में बहाना भी कि ऐसे किसी को बेवकूफ घोषित करना उचित नहीं होगा।

अनूप शुक्ल
कानपुर

कायदे से टीम बनाकर सर्वे करके फिर वोटिंग कराकर 'सर्वश्रेष्ठ बेवकूफ' तय करना चाहिए। क्या पता कल को कोई ऐसा ऑनलाइन सर्वे कराने भी लगे। लोग एसएमएस करें- अपने प्यारे दोस्त को सबसे बड़ा बेवकूफ अवश्य चुनें। वोटिंग के लिए ये वाला बटन दबाएं। किसी का कोई प्रशंसक मेल करे कि फलाने भाई साहब को सबसे बड़ी बेवकूफी और सबसे बड़े बेवकूफ दोनों के लिए वोट दें। उससे ज्यादा बड़ा कायदे का बेवकूफ और कोई नहीं है दुनिया में। लोग अपने को सबसे बड़ा बेवकूफ साबित करने के लिए ज्ञानियों की सहायता से अपने बेवकूफी के किस्से बयान करें। तमाम नई कंपनियां खुल जाएं बेवकूफी का बायोडाटा बनाने वाली। किसी नुक्कड़ पर साइनबोर्ड लगा दिखे-यहां सब भाषाओं में बेवकूफों के बायोडाटा लिखे जाते हैं। यूनीकोड सुविधा उपलब्ध।

दुनिया में बेवकूफी का अस्तित्व हमेशा से रहा है, लेकिन बेवकूफी को उचित सम्मान कभी नहीं मिला। बहुमत हमेशा उपेक्षित रहा। हर व्यक्ति बेवकूफी से अपना पल्ला छुड़ाने की कोशिश करता दिखता है। किसी को बेवकूफ कह दो तो वह और ज्यादा बेवकूफी का तर्क देते हुए कहेगा 'हम बेवकूफ न हैं।' अगर बहुत उदारता में अपने को बेवकूफ मान भी लिया तो इस शर्त के साथ मानेगा कि आप उससे बड़े बेवकूफ़ हैं। ये वे लोग होते हैं, जो अशुद्ध बेवकूफ होते हैं जिनकी बेवकूफी में अक्ल की मिलावट हो जाती है।

शुद्ध बेवकूफ कभी अपने को ज्ञानी कहलाने के फेर में नहीं पड़ता। शुद्ध बेवकूफ पवित्रात्मा होता है। निर्मल। निडर। बेखौफ। वह अशुद्ध बेवकूफों और फर्जी ज्ञानियों की तरह अपने को बेवकूफी से दूर दिखाने के झमेले में नहीं पड़ता। छाती ठोंककर कहता है 'हां भाई हम बेवकूफ हैं।'

-फेसबुक वॉल से

राज्य के धन के प्रति चाणक्य की संवेदना

मनुष्यः कुरुते तत्तु यन्न शक्यं सुरासुरैः। (मुद्रा राक्षस) मनुष्य जो कर सकता है, वह न देवता के वश की बात है और न असुर ही वह कर सकता है। मनुष्य सृजन भी करता है, किंतु विनाश भी वही करता है। देवता भी उसी में है तो दानव भी उसी में है। मनुष्य की ऐसी पहचान किसने की? महामति चाणक्य ने। ई.पू चौथी शती। वही प्रचंड विद्रोही! चंद्रगुप्त ने देखा था, वह घास को उखाड़ रहा था। चंद्रगुप्त ने पूछा तो बोला- "यह घास मेरे पैर में चुभ गई, मैं भी इसकी जड़ खोदकर मठा डाल दूंगा"। वह वज्र संकल्प-"अब यह शिखा तभी बंधेगी, जब नंद वंश का समूल नाश कर दूंगा"। "आचार्य! अपने पक्ष के अनेक प्रभावशाली व्यक्ति आपका साथ छोड़कर विपक्षियों से जा मिले हैं।" कौटिल्य ने उत्तर दिया - "जो चले गए हैं, वे तो चले ही गए हैं, जो शेष रह गए हैं, वे भी जाना चाहें तो चले जाएं, नंदवंश का विनाश करने के लिए सैकड़ों सेनाओं से भी अधिक बलशाली मेरी बुद्धि ही मेरे साथ बनी रहे।"

डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

नंद के साम्राज्य को ध्वस्त करके एक नई राष्ट्रीयता का प्रतिपादक। राष्ट्र की अवधारणा का जनक। भारत की राजनैतिक एकता का स्वप्नद्रष्टा और उस स्वप्न को धरती पर साकार करने वाला : जीवन के यथार्थ को इतने स्पष्ट शब्दों में प्रकट कर देने वाला चिंतक! महान मेधावी चाणक्य! वही चाणक्य जिसने सिकंदर के आक्रमण को छोटे-छोटे स्वार्थों से ऊपर उठकर देखा था। सिकंदर के आक्रमण को उसने किसी जनपद, किसी राज्य, किसी जाति, किसी संप्रदाय, किसी वर्ण के संकट की नजर से नहीं देखा, राष्ट्र के संकट के रूप में देखा था और मौर्य साम्राज्य स्थापित किया था। वही चाणक्य जिसने प्रयोजनवाद की प्रतिष्ठा करते हुए कहा था कि न प्रयोजनमंतरा मनुष्यः स्वप्नेऽपि विचेष्टते। प्रयोजन के बिना मनुष्य स्वप्न में भी चेष्टा नहीं करता। वही चाणक्य जिसने अपने अर्थशास्त्र ग्रंथ में लिखा था कि सर्वज्ञता लोकज्ञता। शास्त्रज्ञोऽप्यलोकज्ञो भवेन्मूर्ख तुल्यः (542-54) अर्थात् जो शास्त्र को जानता है, किंतु लोक को नहीं जानता तो वह मूर्ख तुल्य ही है। लोक के संबंध में इतनी बड़ी बात चाणक्य ने क्यों ही कह दी थी? चाणक्य ने बड़े साफ-साफ शब्दों में निर्भय होकर अपनी बात कही थी, बोला - धर्मस्य मूलं अर्थः, अर्थस्य मूलं राज्यः। चाणक्य ने समझाया कि धर्म का मूल अर्थव्यवस्था है। अर्थव्यवस्था का मूल राज्य व्यवस्था है।

धर्म का मूल अर्थ है और अर्थ का मूल राज्य है। यदि अर्थव्यवस्था में कुछ गड्डमड्ड है तो समझ लीजिए कि धर्म के मूल में ही गड़बड़ी है। उसने योगसाधना और यज्ञ यागादि अनुष्ठान (धर्म के उपलक्षण) को धर्म का मूल नहीं बतलाया। धर्मवीर भारती ने कहा था कि पेशावर से पाटलिपुत्र तक का संचालन चाणक्य करते थे, स्वयं झोंपड़ी में रहते थे। चाणक्य के संबंध में ग्रीक-संदर्भ भी हैं, कोई यूनानी विद्वान उनसे मिलने गया तो वे अपनी कुटी में दीपक की रोशनी में कुछ लिख रहे थे। यूनानी विद्वान आया तो वे दीपक को बुझाकर बाहर चांदनी में बैठकर उससे बात करने लगे। यूनानी विद्वान को अचरज हुआ, उसने दीपक को बुझाने का कारण पूछा, तब चाणक्य बोले- राज्य का तेल बिना कारण के खर्च क्यों करूं? और चांदनी का इतना प्रकाश तो है ही कि हम-आप वार्ता कर सकते हैं। राज्य के धन के प्रति ऐसी संवेदना है किसी के मन में?

राष्ट्रपति पद की गरिमा

हमारे देश की लोकतांत्रिक प्रणाली में राष्ट्रपति सांविधानिक प्रमुख है और वही सरकार का गठनकर्ता एवं प्रधानमंत्री का नियोक्ता होता है। डा.राजेंद्र प्रसाद इस पद से हटने के बाद जब पटना से दिल्ली आए थे तो प्रधानमंत्री पं.जवाहर लाल नेहरू उन्हें एयरपोर्ट पर रिसीव करने गये थे। राजेंद्र बाबू बोले, "आपने क्यों कष्ट किया धूप में?" नेहरू जी ने कहा, "धूप में ताजा होता है आदमी"। हालांकि आजकल काफी दिन से इस पद की गरिमा गिरी हुइ प्रतीत हो रही है। ताजा उदाहरण लालकृष्ण आडवाणी को 'भारत रत्न' अलंकरण प्रदान करने के समय का परिदृश्य है। 96 वर्षीय आडवाणी को द्रौपदी मुर्मू जी खड़े होकर तत्संबंधी उपकरण प्रदान कर रही हैं और वहीं सम्मानित हो रही विभूति के बगल में प्रधानमंत्री बै

एक नजर

नसीर और आजम के परिवार समेत 12 पर आरोप तय

रामपुर, अमृत विचार : किसानों को डरा-धमकाकर उनकी जमीन कब्जाने के मामले में एमपी-एमएलए कोर्ट ने सपा नेता आजम खां, रिटायर्ड सीओ आलेहसन, एसओ कुशलवीर, पूर्व विधायक तंजीन फात्मा, पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम, अदीब आजम, निकहत अखलाक, जकी उर्ररहमान सिदद्की, मुश्ताक अहमद सिदद्की, फसीह जैदी और लेखपाल आनंदवीर सिंह पर तीन मामलों में आरोप तय किए हैं। चमरौआ विधायक नसीर खां और आनंदवीर कोर्ट में पेश हुए। जबकि, बाकी सभी वीसी के जरिए पेश हुए। अब इस मामले में 18 अप्रैल को सुनवाई होगी।

सुप्रीम कोर्ट में यूपी मदरसा बोर्ड की सुनवाई आज

लखनऊ : सुप्रीम कोर्ट में शुक्रवार को यूपी मदरसा बोर्ड मामले की सुनवाई होगी। शिक्षक संगठनों की ओर से दाखिल की गई पांच स्पेशल लीव पिटिशन (एसएलपी) का क्रम 19वां है। सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट के फैसले को लेकर शिक्षक संगठन के अधिवक्ता की ओर से अपना पक्ष रखा जाएगा।

बीते दिनों हाईकोर्ट ने उप्र मदरसा शिक्षा परिषद अधिनियम 2004 को असंवैधानिक करार दिया था। इसी को लेकर शिक्षक संगठनों ने मिलकर हाईकोर्ट के आदेश के विरुद्ध सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की। पांच स्पेशल लीव पीटिशन (एसएलपी) की सुनवाई 5 अप्रैल को होगी। शुक्रवार को होने वाली सुनवाई का क्रम 19वां बताया गया है। दायर की गई संयुक्त याचिका में टीचर्स एसोसिएशन मदारिसे अरबिया, मैनेजर एसोसिएशन मदारिसे अरबिया, ऑल इंडिया टीचर्स एसोसिएशन मदारिसे अरबिया, प्रबंधक मदरसा अजीजिया इशातुल उलूम मीर शिकरी और मैनेजर एसोसिएशन अरबी मदरसा संगठन शामिल हैं। सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की गई संयुक्त याचिका की सुनवाई के दौरान शिक्षक संगठन पक्ष के अधिवक्ता द्वारा अपना पक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

बलि सभ्य समाज की अंतरात्मा को झकझोर देने वाला कृत्य : कोर्ट

विधि संवाददाता, प्रयागराज



▸▸ हाई कोर्ट ने आरोपी की आजीवन कारावास की सजा बरकरार रखी

अमृत विचार : इलाहाबाद हाई कोर्ट ने मानव बलि देने वाले आरोपी की सजा को बरकरार रखते हुए अपने महत्वपूर्ण आदेश में कहा कि बच्चों की बलि सभ्य समाज की अंतरात्मा को झकझोर देने वाला कृत्य है। ऐसी सामाजिक बुराइयों पर अंकुश लगाने के लिए सभी को इसकी निंदा करनी चाहिए।

ऐसे मामले अंधविश्वास और हमारे समय की दुर्भाग्यपूर्ण वास्तविकताओं का एक निकृष्ट उदाहरण है। उपरोक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति राजीव गुप्ता और न्यायमूर्ति मोहम्मद अजहर हुसैन इदरीसी की खंडपीठ ने 47 वर्षीय राजेंद्र प्रसाद गौड़ को दी गई आजीवन कारावास की सजा को बरकरार रखते हुए दोषसिद्धि के खिलाफ उसकी याचिका खारिज करते हुए पारित किया। मामले के अनुसार 12 अप्रैल 2023 को शिकायतकर्ता अपनी पत्नी गंगोत्री, बेटी, दामाद और अपने 11 महीने के शिशु (मृतक) के साथ झाड़- फूंक द्वारा पत्नी की मानसिक बीमारी का इलाज करने के लिए मेले में जा रहे थे। मेले में एक 'ब्रह्म बाबा स्थान' था, जहां भूत-प्रेत भगाने का काम किया जाता था। याची ने झाड़- फूंक के बहाने बच्चे को उठाया और 10 कदम दूर जाकर बेरहमी से चाकू गोद कर मार डाला। अनेक प्रयासों के बाद भी शिकायतकर्ता व उनके परिवारीजन याची को पकड़ने में सफल नहीं हुए। हालांकि बाद में याची को गिरफ्तार कर लिया गया। ट्रायल कोर्ट ने याची को दोषी पाते हुए सजा सुनाई। इसके खिलाफ हाईकोर्ट में वर्तमान याचिका दाखिल की गई। मामले के अनुसार याची के विरुद्ध पुलिस स्टेशन बभनी जिला सोनभद्र में आईपीसी की धारा 302 के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया था। अंत में कोर्ट ने अभियुक्त की याचिका खारिज करते हुए उसकी सजा बरकरार रखी।

युवक को पिलाया गटर का पानी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- आरोपियों ने पूरे घटनाक्रम का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर किया वायरल
- सिविल लाइंस थाने में आठ नामजद, 10 अज्ञात के विरुद्ध एफआईआर, तीन गिरफ्तार

> हम मामले को काफी गंभीरता से लेकर वायरल हुए वीडियो में आरोपियों की पहचान कर रहे हैं। तीन लोगों को गिरफ्तार भी कर लिया है। आरोपी सगे भाई हैं। इसमें एक युवती का पिता है। मामला प्रेम-प्रसंग का है। -**राम प्रसाद शर्मा**, थानाध्यक्ष, सिविल लाइंस

अमृत विचार : युवक का अपहरण कर उसके गले में जूते-चप्पलों की माला डालकर पिटाई की। आरोपियों ने पेशाब और गटर का पानी भी पिलाया। आरोपियों ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया है। घटना का कारण युवक और युवती के बीच प्रेम-प्रसंग बताया जा रहा है। पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।

सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में अगवानपुर के युवक का अपहरण कर उससे अमानवीय व्यवहार और मारपीट का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़ित के पिता ने एसएसपी हेमराज मीना से मिलकर कार्रवाई की मांग की है। मामले में सिविल लाइंस थाना पुलिस ने आठ लोगों के विरुद्ध नामजद और करीब 10 अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। युवक के पिता ने बताया है कि 30 मार्च दोपहर 2 बजे हजारा, पिंकू व शर्मा उर्फ राजेश ने उनके बेटे को फोन कर अगवानपुर रेलवे स्टेशन नई बस्ती के पास बुलाया था। बेटे के पहुंचने पर उन लोगों ने वहीं से उसका अपहरण कर लिया और अपने गांव नानकबाड़ी उर्फ गिन्नौर दे माफी थाना पाकबड़ा ले गए। वहां आरोपी हजारा का बेटा आकाश और पिंकू की पत्नी रजनी, अंबरशरी, कमल, अरविंद और अन्य कई लोगों ने उनके बेटे के हाथ-पैर बांधकर गले में जूते चप्पलों की माला डालकर पीटा। और पेशाब पिलाया। हाथ-पैर बांधकर शौचालय में ले जाकर गटर का पानी पीने को मजबूर किया।



रमजान के पवित्र माह में अजमेर स्थित ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह में गुरुवार को आयोजित इफ्तार में शामिल मुस्लिम समुदाय के लोग।

सातताल आश्रम में वर्ष 1980 में तत्कालीन स्टेट मैनेजर मुराद मैसी ने कराया था बंद

2030 में खुलेगा तहखाने का दरवाजा

- ▸▸ दरवाजे को टाइम कैप्सूल कहते हैं आश्रम के कर्मचारी
- ▸▸ अभिलेख में भी उल्लेख नहीं है दरवाजे के पीछे का राज

संवाददाता, भीमताल

सातताल में टाइम कैप्सूल। ● अमृत विचार

अमृत विचार : भीमताल के समीप सातताल आश्रम में एक तिलिस्म छिपा है। वह भी ऐसा जिसके बारे में किसी को अधिक जानकारी नहीं है। आश्रम में हर दरवाजा खुला है, लेकिन तहखाने का एक दरवाजा आज भी बंद है। जिसे आश्रम के कर्मचारी टाइम कैप्सूल कहते हैं।

बताया जाता है कि सातताल आश्रम के इस दरवाजे को वर्ष 1980 में तत्कालीन स्टेट मैनेजर मुराद मैसी ने बंद कराया था। कर्मचारी बताते हैं कि मैसी ने इसे 44 साल पहले बंद कराया था, लेकिन यहां प्रवेश की अनुमति उससे पूर्व भी किसी को नहीं थी। दरवाजे के पीछे का राज किसी को पता नहीं है और न ही इसका उल्लेख किसी अभिलेख में है।

दरवाजे के निर्माणकर्ता की इच्छा के अनुरूप इसे वर्ष 2030 में खोला जाना है। दरवाजे को लेकर क्षेत्रवासियों के भिन्न-भिन्न मत हैं। यहां आने वाले पर्यटक बताते हैं कि इसमें तत्कालीन कुछ अभिलेख हो सकते हैं, जिसकी आवश्यकता संभव है कि वर्ष 2030 में पड़े। हो सकता है कि तत्कालीन समिति ने वर्ष 2030 के लिए संस्था को कुछ दिशा-निर्देश दिए हों। बहरहाल श्रद्धालुओं को इसका राज जानने के लिए 2030 तक इंतजार करना होगा।

यह है इतिहास

सातताल आश्रम को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के करीबी मित्र स्टेनली जोन्स ने वर्ष 1930 में बनवाया था। गांधी विचारधारा से प्रभावित जोन्स का झुकाव भारतीय संस्कृति की ओर अधिक था। क्षेत्रवासी बताते हैं कि पुराने अभिलेखों में तत्कालीन मैनेजर के हाथ कुछ ऐसे तथ्य लग गए होंगे, जिनका संबंध जोन्स से हो सकता है। स्टेनली जोन्स की इच्छा के अनुरूप दरवाजा बंद कर दिया गया होगा और 2030 में उनकी इच्छा के अनुरूप इसे खोला जाएगा।

जजों को प्रशासनिक जज का कार्यभार सौंपा गया

विधि संवाददाता, प्रयागराज

▸▸ न्यायमूर्ति संगीता चंद्रा लखनऊ न्यायमूर्ति विवेक चौधरी बरेली के प्रशसानिक जज बने

अमृत विचार : इलाहाबाद हाई कोर्ट ने प्रदेश के सभी जिला न्यायालयों में प्रशासनिक जज के रूप में इलाहाबाद और लखनऊ पीठ के न्यायमूर्तियों को कार्यभार सौंपा है। यह जानकारी हाईकोर्ट के महानिबंधक राजीव भारती की ओर से अधिसूचना के माध्यम से जारी की गई।

अधिसूचना के अनुसार न्यायमूर्ति सिद्धार्थ वर्मा को इलाहाबाद, न्यायमूर्ति संगीता चंद्रा को लखनऊ, न्यायमूर्ति विवेक चौधरी को बरेली, न्यायमूर्ति सौमित्र दयाल सिंह को वाराणसी, न्यायमूर्ति अरविंद सिंह सांगवान को रायबरेली, न्यायमूर्ति शेखर बी सराफ को गोरखपुर, न्यायमूर्ति सलिल कुमार राय को मेरठ, न्यायमूर्ति इरशाद अली को सुल्तानपुर, न्यायमूर्ति जेजे मुनीर को बुलंदशहर, न्यायमूर्ति राजीव गुप्ता को गौतमबुद्ध नगर, न्यायमूर्ति सिद्धार्थ को गोंडा और कासगंज, न्यायमूर्ति अजीत कुमार को अलीगढ़, न्यायमूर्ति अब्दुल मोइन को कानपुर नगर, न्यायमूर्ति अजय भनोट को मुरादाबाद, न्यायमूर्ति नीरज तिवारी को प्रतापगढ़, न्यायमूर्ति मनोज बजाज को सीतापुर, न्यायमूर्ति प्रकाश पाडिया को गाज़ीपुर, न्यायमूर्ति आलोक माथुर को सहारनपुर, न्यायमूर्ति पंकज भाटिया को लखीमपुर खीरी, न्यायमूर्ति सौरभ लवानिया को बदायूं, न्यायमूर्ति विवेक वर्मा को बिजनौर, न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह को मथुरा, न्यायमूर्ति पीयूष अग्रवाल को मुजफ्फरनगर, न्यायमूर्ति सौरभ श्याम शमशेरी को शाहजहांपुर, न्यायमूर्ति जसप्रीत सिंह को फैजाबाद और अयोध्या, न्यायमूर्ति राजीव सिंह को देवरिया, न्यायमूर्ति मंजू रानी चौहान को हरदोई, न्यायमूर्ति मनीष माथुर को झांसी, न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल को बलिया, न्यायमूर्ति विपिन चंद्र दीक्षित को बाराबंकी, न्यायमूर्ति गौतम चौधरी को फिरोजाबाद, न्यायमूर्ति दिनेश पाठक को फतेहपुर, न्यायमूर्ति मनीष कुमार को एटा, न्यायमूर्ति डोनाडी रमेश को मैनपुरी, न्यायमूर्ति सैयद आफताब हुसैन रिजवी को हमीरपुर, न्यायमूर्ति समीर जैन को जालौन, न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी को पीलीभीत, न्यायमूर्ति श्री प्रकाश सिंह को महाराजगंज, न्यायमूर्ति विकास बुधवार को हमीरपुर, न्यायमूर्ति विक्रम डी चौहान को कन्नौज, न्यायमूर्ति ओमप्रकाश शुक्ला को अमरोहा, न्यायमूर्ति राम मनोहर नारायण मिश्र को बलरामपुर, न्यायमूर्ति ज्योत्सना शर्मा को महोबा, न्यायमूर्ति सैयद कमल हसन रिजवी को चित्रकूट, न्यायमूर्ति मनीष कुमार निगम को औरैया, न्यायमूर्ति श्रीमती नंद प्रभा शुक्ला को ललितपुर, न्यायमूर्ति विनोद दिवाकर को अमेठी और संभल, न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार को महोबा के जिला न्यायालय का प्रशासनिक जज नियुक्त किया गया है। इन सभी न्यायमूर्तियों को 2024 से 2025 तक के लिए तैनाती दी गई है।

हर बूथ पर जीत दर्ज कराएं कार्यकर्ता : भूपेंद्र

अलीगढ़ में जनसभा को सम्बोधित करते भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी।

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : भारतीय जनता पार्टी ने गुरुवार के प्रदेश में कई कार्यक्रमों के जरिए कार्यकर्ताओं और मतदाताओं की नब्ज टटोली। प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने बुलन्दशहर में संगठनात्मक बैठक व अलीगढ़ में सभाएं करके हर बूथ पर बड़ी बढ़त के साथ जीत दर्ज कराने का आह्वान किया। उधर, मऊ में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने सुभासपा प्रत्याशी से नाराज कार्यकर्ताओं को सपा सरकार का गुंडा राज गिनाकर एकजुट रहने की ताकीद की।

कार्यक्रमों में प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में देश विश्व की तीसरी आर्थिक शक्ति बनेगा और विकसित भारत का संकल्प पूर्ण होगा। प्रत्येक कार्यकर्ता को मोदी का संदेश लेकर एक-एक घर, एक-एक व्यक्ति तक पहुंचकर मतदान अवश्य करने तथा भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील के साथ पहुंचना है। मोदी के नेतृत्व में प्रदेश की सभी 80 सीटें जीतकर केन्द्र में मजबूत सरकार बनाने की आधारशिला उत्तर प्रदेश में तैयार करना है।

चौधरी ने कहा देश व प्रदेश के विकास के लिए, गन्ना किसानों के समय से भुगतान के लिए, गरीब के आवास व राशन के लिए, गुण्डा मुक्त शासन के लिए, युवाओं को पढ़ाई के लिए, रोगियां को मुफ्त दवाई के लिए, खेत की सिंचाई को मुफ्त बिजली और किसान सम्मान निधि के लिए, बेटियों की सुरक्षा के लिए और प्लाट, दुकान की गुण्डों से रक्षा के लिए भारतीय जनता पार्टी को प्रत्येक बूथ पर बड़ी बढ़त के साथ जीत दर्ज कराने के लिए सभी को मिलकर काम करना होगा।

राजभर से उपमुख्यमंत्री ने मंगवाई माफी

मऊ में भाजपा के लोगों की नाराजगी दूर करने के लिए उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने सुभासपा प्रमुख ओमप्रकाश राजभर के पुत्र व घोसी सीट से प्रत्याशी अरविंद राजभर से भाजपा कार्यकर्ताओं के सामने सिर झुकवाकर नीचे बैठाकर माफी मंगवाई। इसके बाद पार्टी के लोगों और राजभर के बीच सुलह हुई। उपमुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं से पूछा अब ठीक है न, इस पर सभी ने हां में जवाब दिया।

बाबा तरसेम हत्याकांड: कत्ल की साजिश में चार गिरफ्तार

संवाददाता, खटीमा/नानकमत्ता

- आरोपियों के पास से दो कारें व दो मोबाइल फोन बरामद

अमृत विचार : नानकमत्ता डेरा कार सेवा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह हत्याकांड में पुलिस को सफलता मिली है। बाबा की हत्या के लिए सुपारी देने वाले मास्टर माइंड और बाबा के करीबी सेवादार समेत चार साजिशकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया है। हत्या के एवज में दस लाख की सुपारी दी गई थी। इधर, पुलिस महानिदेशक ने दोनों शूटर्स पर इनाम राशि बढ़ाकर एक-एक लाख रुपये करने का ऐलान किया है।

डेरा कार सेवा प्रमुख की 28 मार्च की सुबह बाइक सवार दो सिखों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने बताया कि मामले में दिलबाग सिंह, अमनदीप सिंह, हरमिंदर उर्फ पिंडी और बलकार सिंह को गिरफ्तार किया गया है। हरमिंदर सिंह उर्फ पिंडी शाहजहांपुर के रणधीरपुर, बलकार सिंह पीलीभीत जिले के ग्राम बाधे कंजा का रहने वाला है। आरोपियों से दो कार तथा दो मोबाइल फोन भी बरामद किए गए हैं।

दूसरा चरण : अंतिम दिन 94 नामांकन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ हेमा मालिनी व मुकेश धनगर समेत अन्य प्रत्याशी शामिल

अमृत विचार : प्रदेश में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए अंतिम दिन 94 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इनमें मथुरा सीट से भाजपा प्रत्याशी हेमा मालिनी व कांग्रेस से मुकेश धनगर समेत अन्य प्रत्याशी शामिल हैं। अब तक कुल 175 प्रत्याशी नामांकन कर चुके हैं। इस चरण में पांच अप्रैल को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। प्रत्याशी आठ अप्रैल को नाम वापसी कर सकेंगे। 26 अप्रैल को मतदान होगा।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि अब तक अमरोहा में 21, मेरठ में 22, बागपत में 16, गाजियाबाद में 35, गौतमबुद्धनगर में 34, बुलन्दशहर (अजा) में 10, अलीगढ़ में 21 व मथुरा में 16 नामांकन हुए। लोकसभा की गाजियाबाद में सर्वाधिक 35 प्रत्याशियों व बुलन्दशहर (अजा) में सबसे कम 10 प्रत्याशियों ने नामांकन किया।

उन्होंने बताया कि गुरुवार को अमरोहा में नौ प्रत्याशियों ने नामांकन किया। मेरठ में 13 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इसमें समाजवादी पार्टी से सुनीता वर्मा भी शामिल हैं। बागपत में आठ प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इसमें समाजवादी पार्टी से अमर पाल भी शामिल हैं। गाजियाबाद में 22 प्रत्याशियों ने नामांकन किया गया। गौतमबुद्धनगर सीट पर 16 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। बुलन्दशहर (अजा) में सात प्रत्याशियों ने नामांकन किया। अंतिम दिन कांग्रेस से शिवराम भी ने भी नामांकन दाखिल किया। अलीगढ़ में 10 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। मथुरा में नौ प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इसमें भारतीय जनता पार्टी से हेमा मालिनी धर्मेन्द्र देवोल, कांग्रेस से मुकेश धनगर, बहुजन मुक्ति पार्टी से छत्रपाल सिंह शामिल हैं।

भाजपा सत्ता में रही तो संविधान बदल देगी

पत्रकार वार्ता

▸▸ आईएनडीआईए से जुड़े कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार पर साधा निशाना

संवाददाता, नैनीताल

पत्रकार वार्ता करते इंडिया महागठबंधन के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

अमृत विचार : इंडिया महागठबंधन से जुड़े कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए विभिन्न संगठनों के कार्यकर्ताओं से लोकसभा चुनाव में प्रदेश की पांचों सीटों पर कांग्रेस को समर्थन देने की बात कही। कहा कि अगर भाजपा सत्ता में रही तो देश का संविधान बदल दिया जाएगा।

गुरुवार को तल्लीताल में आईएनडीआईए से जुड़े कांग्रेस, सीपीआईएमएल, उत्तराखंड लोक वाहिनी, उत्तराखंड महिला मंच से जुड़े कार्यकर्ताओं ने एक मंच पर पत्रकार वार्ता की। उन्होंने कहा कि भाजपा के पास विकास व चुनाव का कोई मुद्दा नहीं है। भाजपा धर्मगत राजनीति कर रही है। उन्होंने मणिपुर की घटना को सामने रखते हुए कहा कि भाजपा के राज में महिलांए सुरक्षित नहीं हैं। भाजपा सरकार के चलते देश के इतिहास में पहली बार कोई सीटिंग सीएम जेल गया है। चुनाव से ठीक पहले कांग्रेस के खाते सीज कर दिये गए हैं। भाजपा देश को बांटकर संविधान को बदलने की साजिश कर रही है।

बिना लाइफ जैकेट नौकायन कर रहे पर्यटक

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : नैनीझील में नौकायन के दौरान पर्यटक व नाव चालक लगातार नियमों की अनदेखी कर रहे हैं। गुरुवार को नैनीझील में लगभग 4 नौकाओं को एक साथ चलाते हुए पर्यटक खड़े होकर बिना लाईफ जैकेट के मस्ती करते नजर आए।

बता दें कि हाईकोर्ट व जिला प्रशासन के कडे. निर्देशों के बाद भी हर दिन नौकायन के दौरान पर्यटक बिना लाइफ जैकेट के खडे. होकर मस्ती कर रहे हैं। जबकि पालिका ने नाव चालकों को पर्यटकों को लाइफ जैकेट पहनकर ही नौकायन करने के निर्देश दिए हैं। पालिका अधिकारियों ने बोट स्टैंड में जाकर मुनादी कर नाव चालकों को लाइसेंस निरस्त करने की चेतावनी दी थी। लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

इधर, ईओ राहुल आनंद ने बताया कि बिना लाइफ जैकेट नौकायन होने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। नाव चालकों के साथ ही अब पर्यटकों के चालान भी किए जाएंगे।

हर आंख नम थी पर गर्व से चौड़ा हो रहा था सीना

संवाददाता, अल्मोड़ा

▸▸ मणिपुर में शहीद सैनिक कमल की सैन्य सम्मान के साथ अंत्येष्टि

अमृत विचार : मणिपुर में एक नक्सली हमले में शहीद सोमेश्वर की चनौदा घाटी के बूंगा गांव निवासी शहीद सैनिक कमल सिंह भाकुनी का पार्थिव शरीर गुरुवार को उनके पैतृक घर पहुंचा।

घर मे अंतिम दर्शनों के बाद उनका पार्थिव शरीर सोमेश्वर के त्रिवेणी घाट पर अंतिम संस्कार के लिए ले जाया गया। कमल की अंतिम यात्रा में पूरे इलाके के लोगों ने शिरकत की। कमल के शहीद होने का गम से लोगों की आंखें नम थी। लेकिन सीना गर्व से इसलिए भी चौड़ा था कि मां भारती की रक्षा के लिए सोमेश्वर क्षेत्र के एक लाल ने अपनी जीवन अपर्ण कर दिया।

बूंगा गांव निवासी 24 वर्षीय कमल सिंह भाकुनी पुत्र चंदन सिंह भाकुनी चार साल पहले 16 कुमाऊं रेंजीमेंट में भर्ती हुए थे। इन दिनों उनकी तैनाती मणिपुर में थी। बीते दिनों एक नक्सली हमले में गोली लगने से वह शहीद हो गए थे। कमल की शहादत की खबर सुनकर पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई थी और लोग उनके पार्थिव शरीर का इंतजार कर रहे थे। गुरुवार को कुमाऊं रेंजीमेंट के अधिकारी व जवान शहीद का पार्थिव शरीर लेकर उनके घर पहुंचे। अपने लाल को तिरंगे में लिपटा देख जहां जहां परिजनों और क्षेत्र के लोगों के आंसू नहीं रूक रहे थे। काफी देर तक क्षेत्र के लोग शहीद के दर्शन के लिए यहां पहुंचते रहे। बाद में उनके पार्थिव शरीर को अंतिम संस्कार के लिए त्रिवेणी घाट ले जाया गया। शहीद कमल की अंतिम यात्रा कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या समेत क्षेत्र के सैकड़ों लोग मौजूद रहे। त्रिवैणी घाट पर पूरे सैन्य सम्मान के साथ शहीद का अंतिम संस्कार किया गया।

शहीद कमल भाकुनी को सलामी देतीं कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या।

ग्रामीणों ने बताया कि करीब बीस पच्चीस दिन पहले ही वह छुट्टी से ड्यूटी पर लौटा था। शहीद के पिता चंदन सिंह भाकुनी गांव में खेती बाड़ी करते हैं और माता गृहणी हैं। कमल के बड़े भाई प्रदीप भाकुनी भी सेना में ही सेवारत हैं। कमल के पिता चंदन भाकुनी ने इस दौरान कहा कि उन्हें अपने बेटे के असमय जाने का दुख हमेशा रहेगा। लेकिन उन्हें फक्र ही कि उसने अपना जीवन देश के लिए बलिदान किया।

रिकार्ड मतों से जीते नानाजी देशमुख , सबसे कम मतों से हारे अटल

कांग्रेस की सुभद्रा जोशी ने जनसंघ के अटल बिहारी को था हराया

भाजपा के सत्यदेव सिंह को रिजवान जहीर तथा सपा के रिजवान जहीर को बृजभूषण ने हैट्रिक बनाने से था रोका

लालजी सिंह, बलरामपुर

अमृत विचारः भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी तथा राष्ट्र ऋषि नानाजी देशमुख के नाम बलरामपुर लोकसभा चुनाव क्षेत्र से सबसे कम तथा सबसे अधिक मतों से हारने जीतने का रिकॉर्ड आज भी कायम है । जनसंघ के अटल जी को कांग्रेस की सुभद्रा जोशी ने 1962 में सबसे कम मतों से हराया था। जनसंघ के नानाजी देशमुख ने बलरामपुर राज परिवार की कांग्रेस उम्मीदवार महारानी राजलक्ष्मी को सबसे अधिक मतों से चुनाव हराया था ।



बात करते है 1957 के लोकसभा चुनाव से। इस चुनाव में जनसंघ उम्मीदवार अटल बिहारी वाजपेयी बलरामपुर के साथ-साथ लखनऊ और मथुरा से भी लोकसभा का चुनाव लड़ रहे थे । बलरामपुर से उनको जीत मिली जबकि लखनऊ और मथुरा में वह चुनाव हार गए । उन्हें भारतीय संसद में पहली बार पहुंचने का मौका बलरामपुर संसदीय क्षेत्र से ही मिला । वर्ष 1962 में जनसंघ के अटल बिहारी वाजपेयी को कांग्रेस उम्मीदवार सुभद्रा जोशी ने चुनौती दी। इस चुनाव में सुभद्रा जोशी को 1,02,260 मत मिले । जबकि अटल बिहारी वाजपेयी को 100208 मतों पर संतोष करना पड़ा। अटल बिहारी वाजपेयी को इस चुनाव में मात्र 2052 मतों से हार का मुंह देखना पड़ा। हालांकि इसका बदला अटल बिहारी वाजपेयी ने 1967 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की सुभद्रा जोशी को 32,000 मतों से पराजित कर ले लिया। 1971 में इस सीट पर कांग्रेस के चंद्रभाल मणि तिवारी ने जनसंघ के प्रताप नारायण मिश्र को करीब 5000 मतों से हरा दिया था। 1977 का लोकसभा चुनाव काफी रोचक रहा। इंदिरा गांधी की इमरजेंसी के बाद हुए चुनाव में जनसंघ ने बलरामपुर लोकसभा सीट पर नानाजी देशमुख को अपना उम्मीदवार बनाया। कांग्रेस ने उनके सामने बलरामपुर राज परिवार की महारानी राज लक्ष्मी को उतारा। पूरे देश में कांग्रेस के खिलाफ उठी लहर को महारानी भी अपने पक्ष में नहीं कर पाईं। नाना जी देशमुख को इस चुनाव में 2,17,254 मत मिले जबकि महारानी राज लक्ष्मी को 1,03,248 मतों से ही संतोष करना पड़ा। नाना जी को सर्वाधिक 1,14,006 मतों से जीत मिली। 1980 के लोकसभा चुनाव में एक बार फिर कांग्रेस प्रत्याशी चंद्रभाल मणि तिवारी ने जनता पार्टी के शारदा प्रसाद द्विवेदी को करीब 21000 मतों से पराजित कर दिया ।1984 में कांग्रेस के प्रत्याशी दीपनरायन वन ने निर्दलीय उम्मीदवार फलजुल बारी को लगभग 9000 मतों से चुनाव हराया। वर्ष 1989 में भाजपा के सत्यदेव सिंह को निर्दलीय उम्मीदवार फसीउर् रहमान उर्फ मुन्नन खान करीब 20000 मतों से चुनाव हरा दिया। और इस सीट पर पहली बार किसी निर्दल उम्मीदवार को सांसद बनने का मौका मिला। 1991 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के सत्यदेव सिंह ने जनता पार्टी के सैयद मुजफ्फर हुसैन को करीब एक लाख मतों से चुनाव हराया। 1996 में भी सत्यदेव सिंह ने जीत का सिलसिला जारी रखा। उन्होंने सपा के अकबाल हुसैन को करीब 60,000 मतों से पराजित किया। 1998 में सपा प्रत्याशी रिजवान जहीर ने भाजपा के सत्यदेव सिंह को हैट्रिक बनाने से रोक दिया और रिजवान जहीर करीब 57000 से चुनाव जीतकर सांसद बने ।1999 में भी रिजवान जहीर ने सपा प्रत्याशी के रूप में अपने जीत का सिलसिला जारी रखा और भाजपा के कुशल तिवारी को करीब 20000 मतों से चुनाव हराया। वर्ष 2004 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने बलरामपुर सीट से गोंडा के बृजभूषण शरण सिंह को मैदान में उतारा। बृजभूषण ने रिजवान जहीर की हैट्रिक रोकी और उन्हें करीब 52000 मतों से



वर्ष 2009 में खत्म हो गया था बलरामपुर लोकसभा का अस्तित्व

2009 के परिसीमन में बलरामपुर लोकसभा का अस्तित्व ही खत्म हो गया। चुनाव आयोग ने बलरामपुर जिले के तीन तथा श्रावस्ती जिले की दो विधानसभाओं को मिलाकर श्रावस्ती नाम से नया लोकसभा क्षेत्र बनाया। इस लोकसभा क्षेत्र से पहली बार कांग्रेस के डॉक्टर विनय कुमार पांडे को सांसद बनने का मौका मिला। वर्ष 2014 में भाजपा के दद्दन मिश्रा ने सपा के माफिया आतीक अहमद को हराकर चुनाव जीत लिया। वर्ष 2019 में सपा बसपा गठबंधन के बसपा प्रत्याशी राम शिरोमणि वर्मा ने भाजपा के दद्दन मिश्रा को करीब 5000 मतों से चुनाव हराकर यह सीट बसपा की झोली में डाल दी।

गोंडा-बलरामपुर की चीनी की मिठास में घुली जौनपुर की पीढ़ी

जौनपुर छोड़ यहीं के हो गए सत्यदेव सिंह व उनका पूरा परिवार

अरुण कुमार मिश्र, गोंडा

अमृत विचारः फर्राटेदार हिंदी और अंग्रेजी का ज्ञान, किसी प्रोफेसर की तरह वक्तव्य, देश विदेश की राजनीति व वहां की सामाजिक व्यवस्था का बारीकी ज्ञान रखने वाले सत्यदेव सिंह शायद ही किसी को विस्मृत हुए हों। नपी तुली भाषा व अपनी बात का लोहा मनवाना उनके लिए आम बात थी।

अतीत के झरोखे से

बलरामपुर चीनी मिल यूनिट के तुलसीपुर इकाई में महाप्रबंधक के पद पर कार्यरत सत्यदेव सिंह अपने पिता बाबू राजपति सिंह का हाथ पकड़कर जौनपुर से गोंडा आ गए। जौनपुर जिले के दरवेशपुर गांव के रहने वाले सत्यदेव सिंह ने अपनी पढ़ाई के दौरान ही छात्र राजनीति को आगे बढ़ाने का काम किया। वर्ष 1970 में वह जौनपुर से गोंडा आए और 1977 में ही उनकी राजनीतिक सक्रियता के चलते जनता पार्टी ने गोंडा से टिकट दे दिया और सत्यदेव सिंह ने लोकसभा का यह चुनाव भारी मतों से जीत लिया।

सत्यदेव सिंह का जन्म पूर्वांचल के जौनपुर के दरवेशपुर गांव में हुआ था। वे पिता राजपती सिंह के साथ वह भी गोंडा आ गए। पढ़ाई लिखाई के साथ उन्होंने राजनीति में कदम रखा। 1975 के आपात काल के बाद पूरे देश में चली कांग्रेस विरोधी लहर में वह भी शामिल हो गए। उनकी सक्रियता को देखते हुए जनता पार्टी ने उन्हें गोंडा लोकसभा सीट से टिकट दे दिया। कांग्रेस विरोधी लहर में सत्यदेव सिंह ने कांग्रेस से सांसद रहे मनकापुर राजघराने के कुंवर आनंद सिंह को मात देकर चुनाव जीत लिया। सत्यदेव सिंह ने 71273 के भारी अंतर से आनंद सिंह को परास्त किया था।

उनकी राजनीतिक सक्रियता, सोच व विचार को देखते हुए 1980-85 तक उन्हें भारतीय जनता पार्टी के युवा संगठन भारतीय जनता युवा मोर्चा का राष्ट्रीय अध्यक्ष बना दिया गया। इसके बाद उन्होंने मुड़कर नहीं देखा। एक बार भाजपा की बागडोर थामी तो वह अपने अंतिम समय तक भाजपा, संघ के होकर रह गए। कुशल वक्ता होने के साथ ही वह प्रखर विद्वान थे।

1990 में राम मंदिर आंदोलन में सक्रिय रहे और पार्टी ने उन्हें 1991 में बलरामपुर से चुनाव लड़ाया। वह भाजपा के टिकट पर बलरामपुर सीट से चुनाव जीतने में सफल रहे। इसके बाद 1996 में भी वह भाजपा के टिकट पर चुनाव जीतने में सफल रहे। जौनपुर से आकर गोंडा बलरामपुर की राजनीति में घुलने के कारण उनका परिवार भी राजनीति से जुड़ गया। उनकी पत्नी सरोज रानी सिंह भी गोंडा और बलरामपुर से जिला पंचायत अध्यक्ष रह चुकी हैं।

सत्यदेव सिंह एक संभ्रांत परिवार से थे। वह तीन भाई थे। उनके एक भाई आईएएस तो दूसरे बैंक के अधिकारी रहे। राजनीतिक रूप से अपने अंत समय तक वह सक्रिय रहे लेकिन कोरोना जैसी महामारी ने पहले उनकी पत्नी सरोज रानी सिंह उसके बाद सत्यदेव सिंह को निगल लिया।

एक बार गोंडा तथा दो बार बलरामपुर से हुए सांसद

सत्यदेव की मांग पर बना था देवीपाटन मंडल व बलरामपुर जिला

वर्ष 1997 में गोंडा से कटकर बलरामपुर जिला बन गया और गोंडा को मंडल मुख्यालय बनाकर देवीपाटन कमिश्नरी का नाम रखा गया। 1997 में सत्यदेव सिंह बलरामपुर के सांसद थे और प्रदेश भाजपा के महामंत्री थे। उनकी मांग पर मंडल मुख्यालय और बलरामपुर जिला अस्तित्व में आया था।

सत्यदेव सिंह

गोंडा उत्तरी, पश्चिमी व पूर्वी के रूप में बंटा था लोकसभा क्षेत्र

गोंडा लोकसभा के लिहाज से तीन क्षेत्रों में बंटा था। गोंडा उत्तरी से चौधरी हैदर हुसैन, गोंडा पश्चिमी से शंकुतला नायर तथा गोंडा पूर्वी जिसमें बस्ती का कुछ भाग शामिल था। वहां से केशवदेव मालवीय ने पहला चुनाव जीता था। गोंडा उत्तरी में बलरामपुर व गोंडा का कुछ भाग शामिल था। यहां से चौधरी हैदर हुसैन कांग्रेस से चुनाव जीते थे। गोंडा पश्चिमी से जो आज कैसरगंज है वहां से हिंदू महासभा की शकुंतला नायर ने चुनाव जीता था जबकि गोंडा का पूवी एरिया जिसमें मनकापुर, छपिया व नवाबगंज सहित अन्य भाग तथा बस्ती का कुछ भाग मिलाकर क्षेत्र बना था वहां से केशवदेव मालवीय चुनाव जीते थे।

बलरामपुर सीट

चौधरी हैदर हुसैन	1952	कांग्रेस
अटल बिहारी वाजपेयी	1957	जनसंघ
सुभद्रा जोशी	1962	कांग्रेस
अटल बिहारी वाजपेयी	1967	जनसंघ
चंद्रभाल मणि तिवारी	1971	कांग्रेस
नाना जी देशमुख	1977	जनसंघ
चंद्रभाल मणि तिवारी	1980	कांग्रेस
दीप नरायन वन	1984	कांग्रेस
फसीउर्रहमान मुन्नन खां	1989	निर्दल
सत्यदेव सिंह	1991	भाजपा
सत्यदेव सिंह	1996	भाजपा
रिजवान जहीर	1998	सपा
रिजवान जहीर	1999	सपा
बृजभूषण शरण सिंह	2004	भाजपा
विनय कुमार पांडेय	2009	कांग्रेस
दद्दन मिश्रा	2014	भाजपा
राम शिरोमणि वर्मा	2019	बसपा

भाजपा की चुनौती आसान करेगा तीसरा मोर्चा

25 सीटों पर लोकसभा चुनाव में कांग्रेस व सपा की बाजी पलटने में सक्षम है ओवैसी-पल्लवी की जोड़ी

सपा को विधानसभा चुनाव में कई सीटों पर हारने से लेकर माहौल बिगाड़ने की वजह थी एआईएमआईएम

अखिलेश पर हमलावर ओवैसी साध रहे मुस्लिम वोट बैंक, इंडिया गठबंधन ठहरा रही भाजपा की बी टीम

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

अमृत विचारः लोकसभा चुनाव में विपक्ष का विखराव भाजपा की चुनौती आसान कर सकता है। खासकर हाल ही में बना तीसरा मोर्चा, जिसमें छोटी-छोटी चार पार्टियां हैं, लेकिन प्रदेश में पूरब से मध्य और पश्चिम तक 25 सीटों पर ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहाद-उल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी और अपना दल (कमेरावादी) की पल्लवी पटेल की जोड़ी असरदार दिख रही है। ओवैसी का असर प्रदेश में हुए विधानसभा चुनाव में सपा पहले ही भुगत चुकी है, जबकि बिहार और महाराष्ट्र में उलटफेर समेत कई राज्यों में महागठबंधन को नुकसान उठाना पड़ा था।

असदुद्दीन ओवैसी जब से उत्तर-प्रदेश में सक्रिय हुए हैं, तब से अखिलेश यादव की मुश्किलें बढ़ गई हैं। वे न सिर्फ मुस्लिमों को वोट बैंक समझने वाली पार्टियों की पोल खोलकर माहौल बिगाड़ रहे हैं, वरन माफिया डॉन मुख्तार अंसारी के घर जाने से लेकर कई मौकों पर मुसलमानों को अपने बीच का प्रतिनिधि चुनने का नारा बुलंद करते दिखते हैं। लोकसभा चुनाव में उनकी पूरी तैयारी थी कि बसपा के साथ गठबंधन करके इंडिया गठबंधन (कांग्रेस, सपा, राष्ट्रीय जनता दल, टीएमसी आदि) को उत्तर-प्रदेश, बिहार, राजस्थान, मध्यप्रदेश, पंजाब, हरियाणा, महाराष्ट्र आदि राज्यों को चुनौती पेश की जाए। लेकिन, मायावती से बात नहीं बनीं, जबकि इंडिया गठबंधन का हिस्सा बनने की उनकी कोशिश भी नाकाम रही। अलबत्ता अखिलेश समेत कई नेताओं ने उन्हें भाजपा की बी टीम ठहरा कर अछूत बना दिया।

यही हाल राज्य सभा चुनाव में सपा को वोट देने के बावजूद भी अखिलेश यादव के आंख से उतर चुकीं अपना दल (कमेरावादी) की पल्लवी पटेल का रहा। अंततः ओवैसी और पल्लवी ने एक साथ आकर पीडीए के जवाब में पीडीएम (पिछड़ा, दलित, मुसलमान) न्याय मोर्चा बनाकर 40 सीटों पर प्रत्याशी उतारने की रणनीति से इंडिया गठबंधन का खेल बिगाड़ने में जुट गए हैं। उनके साथ नए मोर्चे में बाबूराम पाल की राष्ट्रीय उदय पार्टी, प्रेमचंद बिंद की प्रगतिशील मानव समाज पार्टी भी शामिल है।

प्रदेश में कुल मुस्लिम आबादी 19.3 फीसदी (3.84 करोड़) है. इसमें पश्चिमी उत्तर प्रदेश, रुहेलखंड और पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुछ इलाकों में मुसलमानों की मजबूत उपस्थिति है। प्रदेश में 30 फीसदी से ज्यादा मुस्लिम आबादी वाली 21 लोकसभा सीटें हैं। इसमें खासतौर पर सहारनपुर, मेरठ, कैराना, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, संभल, बुलंदशहर, अलीगढ़, घोसी और गाजीपुर है। लेकिन 20 से 30 फीसदी मुस्लिम वोटर वाली सीटों की संख्या जोड़ दें तो, आंकड़ा कुल 80 सीटों में 65 सीटों तक पहुंचेगा। अपना दल कमेरावादी पार्टी का असर भी पूरब से मध्य उप्र. के कई जिलों में है। पल्लवी पटेल सपा के साथ कौशांबी की सिराथू विधानसभा क्षेत्र से पिछली बार उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को हराकर असर दिखा चुकी है। इस दौरान 'मिले मुलायम-सोनेलाल' यानी यादव और कुर्मी के साथ पोस्टर के जरिए सियासी संदेश दिया गया था। प्रदेश में ओबीसी का सबसे बड़ा हिस्सा इन्हीं दो जातियों का है।

अखिलेश को ओवैसी दे चुके हैं तगड़ा झटका

- **– ऑल इंडिया मजलिस–ए–इत्तेहाद–उल मुस्लिमीन** (एआईएमआईएम) प्रमुख असदुद्दीन ओवैशी बीते विधानसभा चुनाव में सपा प्रमुख अखिलेश के सत्ता में आने का सपना तोड़ने में सबसे आगे थे। 95 सीटों पर प्रत्याशी उतारकर 4 .5 लाख वोट हासिल किए, जिसमें सात विधानसभा सीटों पर 10 हजार से ज्यादा वोट मिलने से सपा जीती हुई बाजी हार गई थी। इन सीटों पर सपा की भाजपा से हार का अंतर 217 वोट से 1647 वोट तक का था। इसके पहले 2017 में ओवैसी ने पहली बार प्रदेश में 38 सीटों पर प्रत्याशी उतारकर 2 .05 लाख वोट हासिल किए थे। चुनाव–दर–चुनाव दूना हो रहा ओवैसी का वोट बैंक इसबार लोकसभा चुनाव में पीडीएम न्याय मोर्चा से जितना असर दिखाएगा, उतना की करारा झटका इंडिया गठबंधन को लगना तय है।

यह है मुस्लिम वोटिंग पैटर्न

- सीएसडीएस के मुताबिक साल 2019 के लोकसभा में उप्र में मुस्लिम वोटिंग कांग्रेस को 14 फीसदी, भाजपा को 8 फीसदी, सपा व बसपा गठबंधन को 73 फीसदी और अन्य के खाते में 5 फीसदी थी। वहीं साल 2014 में कांग्रेस को 11 फीसदी, भाजपा को 10 फीसदी, बसपा को 18 फीसदी और सपा को 58 फीसदी मुस्लिम वोट गए थे। हालांकि विधानसभा चुनाव 2017 में ओवैसी की पार्टी 38 सीटों पर लड़ी थी, जिसमें 37 पर जमानत जब्त हो गई थी। उसे कुल 2 .46 फीसदी वोट मिले। साल 2022 के विधानसभा चुनाव में ओवैसी ने 95 सीटों पर चुनाव लड़ाया और सभी पर प्रत्याशियों की जमानत जब्त हो गई, मगर 2 .01 फीसदी वोट मिले।

ऐसे अप्रत्यक्ष तौर पर भाजपा की मददगार रही ओवैसी की पार्टी

सीट का नाम	भाजपा को वोट	रालोद को वोट	सपा को वोट	बसपा को वोट	ओवैसी की पार्टी को वोट	जीत का अंतर
बिजनौर	97,165	95,720	गठबंधन में सीट रालोद को	52,035	2,290	1,445
नकुड़	1,04,114	गठबंधन में सीट सपा को	1,03,799	55,112	3,593	315
कुर्सी	1,18,720	गठबंधन में सीट सपा को	1,18,503	35,561	8,541	217
सुल्तानपुर	92,715	गठबंधन में सीट सपा को	91,706	22,521	5,251	1,009
औराई	93,691	गठबंधन में सीट सपा को	92,044	28,413	2,190	1,647
शाहगंज	87,233 (निषाद पार्टी के साथ)	गठबंधन में सीट सपा को	86,514	48,957	8,128	719
मुरादाबाद नगर	1,48,384	गठबंधन में सीट सपा को	1,47,602	14,013	2,261	782

पहली बार मैदान में नहीं होगा कांग्रेस का प्रत्याशी

पं. जवाहर लाल नेहरू कर चुके हैं मछलीशहर का प्रतिनिधित्व

जौनपुर

उत्तर प्रदेश में जौनपुर जिले की मछलीशहर लोकसभा सीट का गठन 1962 में हुआ था,इससे पहले 1952 के चुनाव में यह क्षेत्र फूलपुर लोकसभा क्षेत्र में था, यहीं से उस समय पंडित जवाहर लाल नेहरू पहला चुनाव जीतकर देश के प्रधानमंत्री मंत्री बने थे।

इस सीट पर चार बार कांग्रेस का परचम लहरा चुका है जबकि एक बार भारतीय लोकदल, तीन बार जनता दल, तीन बार भाजपा , दो बार सपा और एक बार बीएसपी के सांसद चुने गये हैं। मछलीशहर में 1962 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के गनपतराम सांसद चुने गये थे। 1967 और 1971 में कांग्रेस के ही स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पंडित नागेश्वर द्विवेदी सांसद बने थे। 1977 में भारतीय लोकदल के टिकट पर राजकेशर सिंह सांसद चुने गये थे। 1980 शिव शरण वर्मा जनता पार्टी से सांसद बने थे। 1984 के चुनाव में श्रीपति मिश्रा ने कांग्रेस का पुनः परचम लहराया था, 1989 चुनाव में पूर्व सांसद शिवशरण वर्मा ने पुनः यह सीट कांग्रेस से छीनकर जनतादल की झोली में डाल दिया था और 1991 के चुनाव में जनता दल से ही शिवशरण वर्मा पुनः सांसद बने थे। 1996 के चुनाव में इस सीट पर भाजपा के डॉ राम विलास वेदांती सांसद चुने गये । वर्ष 1998 में भाजपा के स्वामी चिन्मयानंद एमपी बने थे। 1999 के चुनाव में सपा प्रत्याशी सी एन सिंह सांसद बने थे। 2004 आम चुनाव में



बसपा के बाहुबली उमाकांत यादव जेल रहते हुए भारतीय जनता पार्टी के कद्दावर नेता पंडित केसरी नाथ त्रिपाठी को हराकर सांसद बने थे।

2009 में सपा प्रत्याशी तूफानी सरोज सांसद चुने गये। 2014 चुनाव में मोदी लहर के दौरान एक बार फिर बीजेपी के रामचरित निषाद सांसद चुने गये थे और 2019 में यहां से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी बीपी सरोज बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी टी राम को मात्र 181 मतों से पराजित कर सांसद चुने गए हैं।

मौजूदा लोकसभा चुनाव में अभी तक मछलीशहर सुरक्षित लोकसभा क्षेत्र से किसी भी पार्टी ने अपने प्रत्याशी के नाम की घोषणा नहीं की है। 1984 के चुनाव के बाद आज तक 40 वर्ष हो रहे हैं कांग्रेस पार्टी का पहली बार यहां से प्रत्याशी चुनाव नहीं लड़ेगा, इस बार कांग्रेस का चुनाव चिन्ह इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन पर नहीं रहेगा। क्योंकि यह सीट चुनावी समझौते में समाजवादी पार्टी के खाते में गई है।

तैयारी जीत की लोस चुनाव को लेकर दोनों ही दलों ने गीतों के जरिए मतदाताओं को लुभाने की तैयारी

राजनीतिक बयानबाजी ही नहीं, पार्टियों के बीच सॉन्ग–वार भी

एनडीए का गीत - सपने नहीं हकीकत को बुनते हैं, तभी तो सब मोदी को चुनते हैं

सपा-कांग्रेस गठबंधन का गीत- दिल्ली में प्रवेश की खातिर ये इंडिया का गठबंधन है

अजय दयाल, लखनऊ

अमृत विचारः हर चुनाव की तरह इस बार भी राजनीतिक दलों के बीच 'सॉन्ग-वार' चल रही है। उत्तर प्रदेश में भाजपा गठबंधन के मुकाबले सपा-कांग्रेस गठबंधन के बीच गीत-संगीत के माध्यम से भी आरोप-प्रत्यारोपों का सिलसिला है। इन गीतों में अपने-अपने दलों की उपलब्धियों का बखान करने के साथ दूसरे दलों की खामियां निकाल कर आमजन को रिझाने का प्रयास है। इस तरह के म्यूजिक एल्बम अलग-अलग क्षेत्रों में प्रचलित भाषा के मद्देनजर भी बनवाए जा रहे हैं। इसके लिए पार्टियों में एक अलग फंड की भी व्यवस्था है।

रोचक यह कि एक पार्टी अगर कोई गाना बनवा कर दूसरे पर हमला करती है तो दूसरा दल भी उसी तर्ज पर गीत के जरिए ही जवाब देने को आगे आ जाता है। यानि एक-दूसरे पर सोशल मीडिया से तीखी बयानबाजियां और मंच से भाषण देने के अलवा गीत-संगीत से भी हमला किया जा रहा है।

उदाहरण देखें तो सपा-कांग्रेस गठबंधन का पिछले दिनों थीम सॉन्ग लांच हुआ। इसमें इंडिया गठबंधन का बखान करते हुए गाने के बोल कुछ इस तरह हैं-

गठबंधन है, गठबंधन है ये इंडिया का गठबंधन है,

दिल्ली में प्रवेश की खातिर, राहुल और अखिलेश की खातिर

वहीं, इससे पहले खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाजपा का चुनावी थीम सॉन्ग जारी किया था। यह गीत कुछ इस तरह है-

जन–जन की आंखों के सपने लेकर चले, उम्मीदों को देखो कैसे नये पंख मिले।

तीन रंग में रंगा तिरंगा शान से लहराया, भारत मां के माथे पर फिर से मुकुट सजाया।।

दोनों ही दलों के गीत बकायदा वीडियोज आधारित भी हैं जिसमें इन दलों से जुड़े नेताओं की वीडियो क्लिपिंग्स को दर्शाया गया है। हालांकि भाजपा ने अन्य दलों के मुकाबले इस गीत-संगीत वाले प्रचार में भी बाजी मार रखी है। लोस चुनाव के मद्देनजर भाजपा कुछ और गाने कान में पड़ रहे हैं-

बढ़ना हर उम्मीद के पार, नई भारत की यही पुकार,एक बार फिर मोदी सरकार...

एक गीत मैं मोदी का परिवार हूं पर भी आधारित है। दूसरी ओर समाजवादी पार्टी भी एक वीडियो गीत को लेकर सत्तापक्ष के सांसदों को कटघरे में खड़ा कर रही है। यह गाना कुछ इस तरह है—

हाजिर हों, हाजिर हों सांसद जी हाजिर हों,

पांच साल दें हिसाब, क्षेत्र को क्या दिया दें जवाब।

बहरहाल, इन्हीं चुनावी गीतों, म्यूजिक एल्बम के बहाने स्थानीय कलाकारों को भी कमाई करने का भी अवसर मिल रहा है। बकायदा किसी-किसी को पूरे लोकसभा चुनाव का ही कॉन्ट्रेक्ट मिल रहा है।

चुनाव आयोग की भी है नजर

चुनावी गीत हों या ऐसे म्यूजिक एल्बम, चुनाव आयोग की आदर्श आचार संहिता के तहत इन पर भी पैनी नजर है। बीते दिनों राजस्थान दिवस के मौके पर पर्यटन विभाग की ओर से एक सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ। इस कार्यक्रम के दौरान लोक कलाकारों ने एक निर्दलीय लोस उम्मीदवार की तारीफ करते गीत गाया। चूंकि कार्यक्रम सरकारी था, इसलिए मामला आचार संहिता के उल्लंघन का बना।

फिर उसी कलाकार को मौका

पिछले लोकसभा चुनाव में नरेन्द्र मोदी पर राहुल गांधी चौकीदार शब्दावली को लेकर हमलावर थे। उस वक्त भाजपा की ओर से जवाब में, मैं भी चौकीदार गाने को अभियान की तरह सामने लाया गया। यह गीत मोदी के समर्थन में माहौल बनाने में काफी सहायक माना गया। इस बार के चुनाव में उसी कलाकार को मोदी का परिवार शीर्षक गीत का जिम्मा दिया गया है।

महाभारत काल और जंगे आजादी का इतिहास समेटे कैराना की कहानी में नफरत, पलायन, असुरक्षा और अराजकता का गुनहगार विलेन है, तो मोहब्बत और इंसानियत के जीतने की इबारत लिखने वाला लोगों के दिलों में धड़कता हीरो है। चुनावों में बाजी मारने वाला एक अनूठा राजनीतिक घराना है, तो ध्रुवीकरण और जातीय समीकरण के दृश्यों के साथ 'जिन्ना और गन्ना' जैसे सवालों के बीच कानों में शहद घोलने वाला किराना घराना का संगीत है, 'जो मिले सुर मेरा तुम्हारा तो बने सुर हमारा' का अमिट संदेश सुनाता है। इन सबके बीच दर्शक के रूप में खड़ा वह मतदाता है, जो देश की संसद में अपना प्रतिनिधि भेजते समय डॉ. लोहिया की उस बात से इत्तफाक रखता है, कि रोटी को जलने से बचाने के लिए जिस तरह उलटना-पलटना जरूरी है, वैसे ही लोकतंत्र की मजबूती के लिए सरकार या प्रतिनिधि को भी बदलते रहना चाहिए।

कैराना का किससे याराना किसे मिलेगा ठिकाना

मनोज त्रिपाठी

अमृत विचारः कभी हिंदुओं के पलायन की वजह से सुर्खियां बटोरने वाले कैराना के चुनावी माहौल को पिछले हफ्ते शामली की जनसभा में मुख्यमंत्री योगी की इस बात से समझा जा सकता है कि 'वोट में बहुत ताकत होती है। जब वोट गलत हाथ में जाता है तो कैराना में पलायन होता और कर्फ्यू लगता है। जब वोट सही हाथ में जाता है तो अपराधी पलायन करता है। कांवड़ यात्रा निकलती है और धूम-धड़ाके के साथ विकास होता है।' कैराना का सच भी यही है, असुरक्षा के कारण पलायन के बदनुमा दाग से बाहर निकल कर अब यह कस्बा विकास के पथ पर अग्रसर है।

कैराना का अपना पौराणिक और ऐतिहासिक इतिहास है। मान्यता है कि महाभारत काल में कर्ण ने इसे बसाया था। आजादी की लड़ाई में अंग्रेजों के खिलाफ मराठों को छिपने की जमीन यहीं मिली थी। लेकिन शास्त्रीय संगीत की किराना घराना परंपरा को जन्म देने वाले कैराना की राजनीतिक पहचान किसी एक नेता के साथ सुर-ताल मिलाने की नहीं है। यहां मतदाता बीते तीन चुनावों से अलग उम्मीदवार चुन रहे हैं। इस बार भाजपा ने अपने सांसद प्रदीप चौधरी को फिर से मैदान में उतारा है। वह गुर्जर मतों के अलावा हिंदू और भाजपा के परंपरागत वोट बैंक को जोड़ने में जुटे हैं।

अनूठा घराना हसन परिवार, तीन सदस्य सांसद, एक रहा विधायक

- कैराना का अनूठा राजनीतिक घराना है, हसन परिवार। इसके चार में तीन सदस्य सांसद रहे और एक सदस्य कई बार विधायक चुना गया।
- सपा प्रत्याशी इकरा हसन के पिता मुनव्वर हसन तो विधायक, एमएलसी के अलावा लोकसभा व राज्यसभा दोनों सदनों के सांसद रहे।

- भाजपा ने दोबारा गुर्जर कार्ड खेलकर सांसद प्रदीप चौधरी पर जताया है भरोसा, हिंदू-मुस्लिम गुर्जर होंगे आमने-सामने
- सपा ने इकरा हसन पर लगाया दांव, उनकी मां तब्बसुम 2014 व 19 में हारीं, 2018 में जीतीं थीं उपचुनाव



सपा ने प्रत्याशी बदल इकरा पर लगाया दांव

- सपा ने प्रत्याशी बदलकर अपने विधायक नाहिद हसन की छोटी बहन इकरा हसन को टिकट दिया है। इकरा की मां तब्बसुम बेगम ने 2018 के उपचुनाव में रालोद के टिकट पर सपा के समर्थन से भाजपा प्रत्याशी हुकुम सिंह की बेटी मृगांका सिंह को पराजित किया था। लेकिन 2019 में चुनाव हार गई थीं। इन दोनों के मुकाबले बसपा ने सहारनपुर निवासी श्रीपाल राणा पर दांव खेला है। वह राजपूत वोटों के साथ दलित वोटों पर फोकस कर रहे हैं। इस सीट पर 14 प्रत्याशी मैदान में हैं, जिनकी किस्मत का फैसला पहले चरण के मतदान में 19 अप्रैल को होगा।

... यहां समीकरण और गुणा-भाग नेता नहीं जनता तय करती

पश्चिमी यूपी के शामली जिले का प्रतिनिधित्व कैराना लोकसभा सीट करती है। मुजफ्फरनगर से अलग होकर वर्ष 2011 में शामली जिला अस्तित्व में आया था। मुस्लिम और जाट बाहुल्य कैराना लोकसभा सीट पर ध्रुवीकरण और जातीय खेमेबंदी का बोलबाला रहता है। लेकिन राजनीतिक दलों और नेताओं का सारा गुणा-भाग यहां की जनता हर बार गलत साबित कर देती है। यह सिलसिला 1962 से चला आ रहा है। कोई दल लगातार दो चुनाव नहीं जीत पाया है। 1989 और 1991 में जनता दल के प्रत्याशी ने दो लगातार चुनाव जीते, लेकिन तीसरी बार हार गए। ऐसे में कोई दल दावा नहीं कर सकता कि यह उसका गढ़ है। कांग्रेस को इस सीट पर जीत का 40 सालों से इंतजार है। 2014 व 2019 में भाजपा जीती लेकिन 2018 का उपचुनाव हार गई थी।

लोकसभा चुनाव 2019 का परिणाम

भाजपा	प्रदीप चौधरी	5,66,961
सपा	तबस्सुम बेगम	4,74,801
कांग्रेस	हरेंद्र मलिक	69,355

2018 लोकसभा उपचुनाव परिणाम

रालोद	तबस्सुम हसन	4, 81,181
भाजपा	मृगांका सिंह	4, 36, 564 मत

लोकसभा चुनाव 2014 के नतीजे

भाजपा	हुकुम सिंह	5,65,909
सपा	नाहिद हसन	3, 29, 081
बसपा	कंवर हसन	1, 60, 414
रालोद	करतार भड़ाना	42,706

रालोद अध्यक्ष की दादी सांसद रहीं, मायावती हारीं थीं पहला चुनाव

कैराना सीट से 1980 में पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की पत्नी एवं रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी की दादी गायत्री चौधरी सांसद रह चुकी हैं। मायावती ने अपना पहला चुनाव यहीं से लड़ा था। कांसीराम ने बहुजन समाज पार्टी बनाई और मायावती को 1984 में इस सीट से खड़ा किया। लेकिन सपा की मौजूदा प्रत्याशी इकरा हसन के बाबा अख्तर हसन ने उन्हें हरा दिया था, मायावती तीसरे स्थान पर रही थीं।

ढाई लाख बुजुर्ग तय कर सकते हवा का रुख

- कैराना लोकसभा सीट पर 60 से 100 वर्ष आयु के दो लाख 57 हजार से अधिक मतदाता हैं। ये बुजुर्ग मतदाता किसी भी दल और प्रत्याशी के पक्ष में हवा का रुख तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

35% से ज्यादा मुस्लिम करीब 20% गुर्जर मतदाता भाग्य विधाता

- कैराना लोकसभा सीट पर 17,22,432 मतदाताओं में पुरुष 9,21,820, महिला मतदाता 8,00,518 तथा 871 थर्ड जेंडर मतदाता है। एक अनुमान के मुताबिक इनमें सर्वाधिक छह लाख मुस्लिम मतदाता हैं। दलित वर्ग के दो लाख वोटर और तकरीबन इतने ही जाट मतदाता हैं। इसके बाद सवा लाख से ऊपर कश्यप मतदाता बताए जाते हैं। हिंदू और मुस्लिम गुर्जर मिलाकर तीन लाख से अधिक हैं।

भाजपा प्रत्याशी प्रदीप चौधरी

विधानसभा में भाजपा व रालोद ने दो-दो, सपा ने जीती एक सीट

- कैराना लोकसभा क्षेत्र में विधानसभा सीटें आती हैं। इनमें दो सीटें सहारनपुर और तीन सीटें शामली जिले में आती हैं।
- 2022 के विधानसभा चुनाव में नकुर और गंगोह सीट पर भाजपा जीती थी तो कैराना विधानसभा सीट सपा के हिस्से में गई थी। थाना भवन और शामली सीट पर राष्ट्रीय लोकदल का कब्जा है।

स्थानीय मुद्दे

- छुट्टा पशु
- बकाया गन्ना भुगतान
- फैक्ट्रियों का प्रदूषित पानी
- नाले की समस्या।

वोट जरूर डालें

● कर्नाटक के हुबली में लोकसभा चुनाव के मद्दे नजर मतदाता जागरूकता अभियान के लिए कुछ इस अंदाज में वाहन पर निकाली गई रैली।

बैलेट से चुनाव की मंशा रह गई अधूरी

अमृत विचारः छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र में गुरुवार को प्रत्याशियों के नामांकन के अंतिम दिन पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का 384 प्रत्याशियों वाला फार्मूला फेल हो गया। यहां नामांकन पत्र खरीदने के अंतिम दिन 241 लोगों ने नामांकन पत्र खरीदे थे। लेकिन नामांकन दाखिल करने के अंतिम दिन 23 उम्मीदवारों ने 32 नामांकन पत्र जमा किए। कल नामांकन की जांच की जाएगी। यहां चुनावी सभा में पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने कहा था कि 384 नामांकन फार्म जमा करें, ताकि बैलेट पेपर से मतदान हो सके।

मेनका-वरुण के बिना बदले समीकरण

वैभव शुक्ला, पीलीभीत

अमृत विचारः पीलीभीत में इस बार का लोकसभा चुनाव राजनीतिक दलों की प्रतिष्ठा से जुड़ चुका है। भाजपा चार लाख से अधिक वोट से जीत दर्ज करने का लक्ष्य तय करके नए चेहरे के साथ मैदान में है, तो समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी के लिए तराई क्षेत्र में अपनी सियासी जमीन पाने का मौका है। साढ़े तीन दशक में यह पहला चुनाव है जब मेनका गांधी या वरुण गांधी मैदान में नहीं हैं। हालांकि भाजपा प्रत्याशी जितिन प्रसाद का पीलीभीत से जुड़ाव रहा है, लेकिन इस सीट पर वह चुनाव पहली बार लड़ रहे हैं। ऐसे में भी सपा की साइकिल ने रफ्तार नहीं पकड़ी और बसपा के हाथी की चाल सुस्त रही तो दोनों दलों के लिए

पीलीभीत लोकसभा सीट मेनका गांधी और वरुण गांधी के चलते हाई प्रोफाइल बनी रही है। सूबे की सत्ता से दूर रहते हुए भी भाजपा लोकसभा चुनाव में मेनका गांधी या वरुण गांधी को प्रत्याशी बनाकर जीत दर्ज करती रही। दो बार चुनाव में भाजपा ने निर्दलीय उम्मीदवार मेनका गांधी को समर्थन किया था। इसके उलट समाजवादी पार्टी और बसपा पीलीभीत में कभी जीत दर्ज नहीं कर सकी हैं। प्रदेश में सरकार होने और जिले की अधिकांश विधानसभा सीटों पर विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष समेत कई जनप्रतिनिधि होने के बाद भी बसपा या सपा यहां कभी अपना सांसद नहीं बना पाए। 2007 में प्रदेश में बहुजन समाज पार्टी की सरकार बनी थी। जिले की दो विधानसभा सीटों पर बसपा के विधायक चुने गए। जिला पंचायत अध्यक्ष की कुर्सी पर भी बसपा काबिज रही, लेकिन 2009 के लोकसभा चुनाव में बसपा महज 13.44 प्रतिशत वोट ही हासिल कर सकी थी। इस चुनाव में वरुण गांधी ने 4,19,539 वोट पाकर जीत दर्ज की थी। बसपा के प्रत्याशी गंगाचरन राजपूत को 1,12,576 वोट ही मिल सके थे। समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी हाजी रियाज अहमद ने 1,17,903 (14.08) प्रतिशत वोट पाए थे। समाजवादी पार्टी की 2012 में सूबे में सरकार आई। जिले की चार में से तीन सीटों पर समाजवादी पार्टी के विधायक चुने गए। लेकिन 2014 के लोकसभा चुनाव में साइकिल रफ्तार नहीं पकड़ सकी। भाजपा की मेनका गांधी ने 5,46,934 वोट पाकर जीत दर्ज की। इस चुनाव में सपा के बुद्धसेन वर्मा को 2,39,882 वोट मिले थे। बहुजन समाज पार्टी के अनीस अहमद खां उर्फ फूलबाबू ने 1,96,294 वोट पाए थे। 1999 में निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में मेनका गांधी ने 4,33,421 वोट पाकर जीत दर्ज की। बसपा के अनीस अहमद खां उर्फ फूलबाबू दूसरे नंबर पर रहे थे। समाजवादी पार्टी के रामसरन को महज 58792 वोट मिले थे।

2004 में भाजपा के सिंबल पर मेनका गांधी ने 2,55,615 वोट पाकर जीत दर्ज की थी। सपा के सत्यपाल गंगवार 1,52,895 वोट पाकर दूसरे जबकि बसपा के अनीस अहमद खां उर्फ फूलबाबू 1,21,269 वोट तीसरे नंबर पर रहे थे। लेकिन इस बार तस्वीर कुछ बदली हुई है। 35 साल बाद पीलीभीत के सियासी परिदृश्य से मेनका और वरुण गायब हैं। भाजपा प्रत्याशी की ही तरह सपा प्रत्याशी भगवत सरन गंगवार पहली बार पीलीभीत से चुनाव मैदान में हैं।



इस बार चुनाव में प्रत्याशी

जितिन प्रसाद : भारतीय जनता पार्टी
भगवत सरन गंगवार : सपा (गठबंधन)
अनीस अहमद खां उर्फ फूलबाबू : बसपा

पीलीभीत में सपा-बसपा 2019 में साथ लड़कर भी ढाई लाख वोटों से पिछड़े

- पीलीभीत सीट पर सपा-बसपा कभी जीत दर्ज नहीं करा सकी है। इस सीट पर भाजपा का विजय रथ रोकने में दोनों दल तब भी सफल नहीं हो पाए थे जब 2019 में साथ मिलकर गठबंधन में चुनाव लड़ा था। सपा ने इस चुनाव में पूर्व मंत्री हेमराज वर्मा को प्रत्याशी बनाया था। गठबंधन प्रत्याशी के रूप में उन्हें 4,48,922 वोट मिले, जबकि उनके मुकाबले भाजपा प्रत्याशी वरुण गांधी ने 7,04,549 वोट पाकर 2,55,627 मतों के बड़े अंतर से जीत दर्ज की थी। इस बार चुनाव में दोनों दल अलग-अलग हैं। हालांकि समाजवादी पार्टी का कांग्रेस के साथ गठबंधन है।

हेमा मालिनी पर टिप्पणी में सुरजेवाला की शिकायत

दिल्ली। कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला के विरुद्ध राष्ट्रीय महिला आयोग ने निर्वाचन आयोग से शिकायत की है। सुरजेवाला पर मथुरा से भाजपा की उम्मीदवार फिल्म अभिनेत्री एवं सांसद हेमा मालिनी के विरुद्ध आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप है।

राष्ट्रीय महिला आयोग हेमा मालिनी के खिलाफ कथित तौर पर अशोभनीय टिप्पणी करने के मामले में कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला के खिलाफ कार्रवाई के लिए निर्वाचन आयोग का रुख किया। भाजपा आईटी विभाग के प्रमुख अमित मालवीय ने 'एक्स' पर वीडियो साझा किया था। इसमें कांग्रेस सांसद सुरजेवाला कथित तौर पर सत्तारूढ़ दल पर हमला करते हुए हेमा मालिनी के बारे में कुछ आपत्तिजनक टिप्पणी कर रहे हैं। आयोग ने कहा कि वह सुरजेवाला की बेहद आपत्तिजनक टिप्पणियों की कड़ी निंदा करता है। आयोग ने एक ट्वीट में कहा कि ये महिला विरोधी टिप्पणियां हैं और किसी महिला की गरिमा के लिए अपमानजनक हैं। आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने औपचारिक रूप से मुख्य निर्वाचन आयुक्त को पत्र लिखकर सुरजेवाला के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करने और तीन दिन के भीतर कार्रवाई रिपोर्ट देने का अनुरोध किया है। भाजपा ने बुधवार को सुरजेवाला पर हेमा मालिनी के खिलाफ अशोभनीय टिप्पणी करने का आरोप लगाते हुए कहा था कि इस टिप्पणी से पता चलता है कि कांग्रेस महिला विरोधी है। सुरजेवाला ने 31 मार्च को कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र के फरल गांव में 'इंडिया' गठबंधन के समर्थन में एक चुनावी रैली के दौरान कथित टिप्पणी की थी।

बसपा की तैयारी पिछली बार की 10 सीटें और घटता जनाधार बचाने की चुनौती, भीम आर्मी चीफ की पार्टी से युवाओं को अपनी तरफ खींचने की कवायद

...और नगीना लोकसभा क्षेत्र बना आकाश आनंद का लांचिंग पैड

महेश शर्मा,कानपुर

अमृत विचारः दलित, मुस्लिम और ओबीसी के दिग्गज नेताओं के बसपा छोड़ जाने के बाद पार्टी सुप्रीमो मायावती ने स्टार प्रचारक के रूप में अपने भतीजे आकाश आनंद पर भरोसा जताया है। यूपी का नगीना लोकसभा क्षेत्र आकाश का लांचिंग पैड होगा। यहां वह छह अप्रैल को जनसभा करेंगे, जबकि मायावती 13 अप्रैल को उत्तराखंड के हरिद्वार से लोकसभा चुनाव प्रचार अभियान की शुरूआत करेंगी। बिट्रेन से एमबीए की पढ़ाई करके आए आकाश मायावती के छोटे भाई आनंदकुमार के बेटे हैं।

मायावती भतीजे आकाश के साथ।

नगीना लोकसभा सीट को बसपा ने अपनी जिताऊ सीट में रखा है। यहां कुल मतदाताओं में 20 फीसदी दलित और 40 फीसदी मुस्लिम हैं। बसपा का पश्चिमी उत्तर प्रदेश में यही आधार वोट रहा है। नगीना सीट पर 2019 में बसपा प्रत्याशी गिरीशचंद्र ने सपा के समर्थन से भाजपा को 1.66 लाख वोटों से हराया था। इस बार बसपा ने गिरीश का टिकट काटकर सुरेंद्रपाल सिंह को प्रत्याशी बनाया है। यहां भीम आर्मी चीफ आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के नेता चंद्रशेखर आजाद भी प्रत्याशी हैं। नगीना बसपा के नेशनल कोआर्डिनेटर आकाश आनंद की चुनावी राजनीति में एंट्री प्वाइंट माना जा रहा है। यहां का युवा दलित चंद्रशेखर आजाद से प्रभावित है। आकाश आनंद की कोशिश युवा वर्ग को बसपा से जोड़ने की है। बसपा ने आकाश आनंद की 25 रैलियां कराने की योजना बनाई है। इनमें से अधिकतर पश्चिमी उत्तर प्रदेश में होंगी। आकाश आनंद मध्यप्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ में भी चुनाव संभाल रहे हैं।

विधान सभा चुनावों में 30.43 से घटकर 12.88 पहुंचा मत प्रतिशत

- 2007 में 206 सीटें जीतकर पूर्ण बहुमत से यूपी में सरकार बनाने वाली बसपा को तब 30 .43 प्रतिशत वोट मिला था जो लगातार घट रहा है। 2022 के विधान सभा चुनाव में यह सिर्फ 12 .88 फीसदी ही रह गया। पार्टी का सिर्फ एक विधायक है। लोकसभा चुनाव 2019 में सपा के साथ मिलकर लड़ने पर बसपा को दस सीटें हासिल हुई थीं। अब इन्हें बचाकर रखना और पार्टी का ग्राफ बढ़ाना मायावती और आकाश आनंद दोनों के सामने बड़ी चुनौती है।
- लोकसभा चुनाव को आनंद के राजनीतिक चातुर्य की कड़ी परीक्षा माना जा रहा है। वह 2019 में पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक बनाए गए थे। उन्हें मायावती के उत्तराधिकारी के रूप में तैयार किया जा रहा है। हालांकि एंट्री उस वक्त पर हुई है जब बसपा का जातीय गणित गड़बड़ा चुका है। यूपी में भीम आर्मी के चंद्रशेखर आजाद लोकप्रियता में अपना मुकाम बना चुके हैं।

राजस्थान विस चुनाव में मेहनत नहीं लाई थी रंग

आकाश ने राजस्थान में हुए विधानसभा चुनाव में काफी मेहनत की थी। पार्टी 184 सीटों पर लड़ी थी और 1.82 फीसदी वोटों के साथ दो सीटों पर जीती थी, जबकि 2018 में वहां 4 .03 फीसदी वोट हासिल करके छह सीटों पर विजय हासिल की थी। अन्य राज्यों में बसपा को मुंह की खानी पड़ी थी। ऐसे में आकाश आनंद के सामने छिटकते दलित वोटों को जोड़ना और उसके साथ ही मुस्लिम और ब्राह्मणों में सामंजस्य बैठाना चुनौती है। यही समीकरण 2007 में बसपा को यूपी की सत्ता में लाया था

दीवानगी

बेंगलुरु दक्षिण भाजपा उम्मीदवार तेजस्वी सूर्या के समर्थन में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह दिखा। पार्टी की महिला कार्यकर्ता मोदी की गारंटी से लोगों को लुभाते नजर आए।

मैंथा बाजार भाव

रामपुर–शिवालिक 1015 फ्लैग 1120 डीएमओ 895 बोल्ड 1185, **सम्भल–चन्दौसी**–शिवालिक 1010 फ्लैग 1120 बोल्ड 1170 डीएमओ 900।

लखनऊ मंडी

अनाज (प्रति क्वि.)–	
गेहूं (आरआर 21)	2360–2800
गेहूं (के 65)	3500–3800
बाजरा	2200–2300
मक्का	2700–2800
जौ	2900–3000
चावल (प्रति क्वि.)	
चावल सेल्हा	2800–3100
चावल बासमती	7000–8000
चावल मोटा	2800–3000
चावल मन्सूरी	3200–3500
चावल शक्कर चीनी	4800–5200
चावल गोल्डन सेल्हा	5600–8600
चावल राजरानी	7000–7500
दाल दलहन	
चना देशी	6800–7000
चना फार्मी	7200–7500
चना काबली	14500–17000
मटर हरा	6000–6200
मटर सफेद	6100–6500
दाल चना	8000–8400
दाल मटर	6400–6500
उड़द हरा	12000–12500
उड़द काला	9000–9500
दाल उड़द हरी	15500–16000
दाल उड़द काली	10500–11000
दाल उड़द धोवा	12000–12500
मूंग खड़ा	10000–10500
मूंग दाल	10500–11000
मूंग धोवा	12000–13000
मसूर	8800–9000
मलका	9000–9500
दाल अरहर फूल	16000–17000
दाल स्पेशल	13000–14000
राज्मा सफेद	13000–14000
राज्मा काला	11500–12500
मूंगफली का दाना	11000–12000
तेल तिलहन	
अलसी	5310–5510
लाही	4800–5200
काली सरसों	4900–5300
पीली सरसों	5600–5800 रुपये।

प्याज और टमाटर के बढ़ गए दाम शाकाहारी थाली मार्च में 7% महंगी

प्याज 40%, टमाटर 36%, आलू 22%, चावल 14% और दालों की कीमतें 22% तक बढ़ीं

मुंबई, एजेंसी

- शाकाहारी थाली की कीमत मार्च में बढ़कर 27.3 रुपये प्रति प्लेट हुई

मार्च महीने में प्याज, टमाटर और आलू की कीमतें बढ़ने से शाकाहारी थाली सालाना आधार पर सात प्रतिशत तक महंगी हो गई। घरेलू रेटिंग एजेंसी क्रिसिल की इकाई ने गुरुवार को यह सर्वेक्षण पेश किया। क्रिसिल मार्केट इंटेलिजेंस एंड एनालिसिस ने मासिक 'रोटी चावल दर' रिपोर्ट में कहा कि पॉल्ट्री की कीमतें घटने से पिछले महीने मांसाहारी थाली की लागत में सात प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई।

शाकाहारी थाली में रोटी, सब्जियां (प्याज, टमाटर और आलू), चावल, दाल, दही और सलाद आता है। इस थाली की कीमत मार्च में बढ़कर 27.3 रुपये प्रति प्लेट हो गई, जो एक साल पहले की समान अवधि में 25.5 रुपये थी। हालांकि, फरवरी के 27.4 रुपये की तुलना में मार्च में शाकाहारी थाली की कीमत घटी है। रिपोर्ट अनुसार, आवक कम होने और कम आधार दर के कारण प्याज का दाम सालाना आधार पर 40 प्रतिशत, टमाटर का दाम 36 प्रतिशत और आलू का दाम 22 प्रतिशत बढ़ने से शाकाहारी थाली महंगी हो गई है।

क्रिसिल मार्केट इंटेलिजेंस एंड एनालिसिस की सर्वे रिपोर्ट के मुताबिक, कम आवक के कारण एक साल पहले की तुलना में चावल का दाम भी 14 प्रतिशत और दालों की कीमतें 22 प्रतिशत बढ़ गई हैं।

मांसाहारी थाली की लागत में आई कमी

मांसाहारी थाली की कीमत एक साल पहले की समान अवधि में 59.2 रुपये थी जो पिछले महीने घटकर 54.9 रुपये रह गई। लेकिन फरवरी के 54 रुपये प्रति थाली की तुलना में इसकी कीमत अब भी अधिक है। दरअसल ब्रॉयलर मुर्गे की कीमतों में 16 प्रतिशत की गिरावट आने से सालाना आधार पर मांसाहारी थाली की लागत घटी। मांसाहारी थाली में ब्रॉयलर का भारांक 50 प्रतिशत होता है। हालांकि, फरवरी की तुलना में मार्च में रमजान के पवित्र महीने की शुरुआत होने और अधिक मांग आने से ब्रॉयलर की कीमतें पांच प्रतिशत बढ़ गईं।

सेंसेक्स 351 अंक चढ़कर नए रिकॉर्ड पर पहुंचा

मुंबई। नीतिगत ब्याज दर में स्थिरता और कंपनियों के मजबूत तिमाही प्रदर्शन की उम्मीदों के बीच स्थानीय शेयर बाजार के मानक सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी बृहस्पतिवार को आधा प्रतिशत की बढ़त के साथ नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गए। शेयर बाजारों में इस तेजी के पीछे सूचना प्रौद्योगिकी, टिकाऊ उपभोक्ता सामान और बैंकिंग शेयरों में खरीदारी की अहम भूमिका रही। बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 350.81 अंक यानी 0.47 प्रतिशत बढ़कर 74,227.63 के अपने अबतक के उच्चतम स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स 74,501.73 से 73,485.12 अंक के दायरे में रहा। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी भी 80 अंक यानी 0.36 प्रतिशत की बढ़त के साथ 22,514.65 के अपने नए शिखर पर पहुंच गया।

भारत के सेवा क्षेत्र की वृद्धि मार्च में साढ़े 13 वर्ष के उच्चतम स्तर पर

नई दिल्ली, एजेंसी

- सेवा क्षेत्र की 400 कंपनियों को भेजे गए सवालों के जवाबों के आधार पर तैयार किया है सर्वेक्षण

भारत में सेवा क्षेत्र की गतिविधियां मजबूत मांग के दम पर मार्च में साढ़े 13 वर्ष के उच्चतम स्तर पर पहुंच गईं। एक मासिक सर्वेक्षण के अनुसार मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया, भारत सेवा पीएमआई कारोबारी गतिविधि सूचकांक मार्च में 61.2 पहुंच गया। यह फरवरी में 60.6 पर था।

खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में 50 से ऊपर अंक का मतलब गतिविधियों में विस्तार से और 50 से कम अंक का आशय संकुचन से होता है। एचएसबीसी इंडिया सर्विस पीएमआई को एसएंडपी ग्लोबल ने सर्वेक्षण सेवा क्षेत्र की करीब 400 कंपनियों को भेजे गए सवालों के जवाबों के आधार पर तैयार किया है। एचएसबीसी के अर्थशास्त्री इनेस लैम ने कहा, फरवरी में मामूली गिरावट के बाद मार्च में भारत की सेवाओं का पीएमआई 61.8 हो गया और मजबूत मांग के कारण बिक्री तथा व्यावसायिक गतिविधि में तेजी आई। सेवा प्रदाताओं ने उत्पादन क्षमता बढ़ाने के लिए अगस्त 2023 के बाद से सबसे तेज गति से नियुक्तियां बढ़ाई हैं। सर्वेक्षण में कहा गया, रोजगार में नवीनतम वृद्धि कई महीनों में 22वीं और नवंबर 2022 के बाद से संयुक्त रूप से सबसे मजबूत है।

सर्राफा

कानपुर	
चॉदी 999 (प्रति किलो)	81,600
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	71,750
गिन्नी (प्रति नग)	53,450–53,650
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	69,050
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	68,900
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	77,300
चांदी तैयार	77,400
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	68,600
सोना जेवरात गिन्नी	67,600
चांदी पक्की	765 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	69,350
चांदी आभूषण	78,100।

देश के आठ प्रमुख शहरों में आवासीय बिक्री नौ प्रतिशत बढ़ी

नई दिल्ली, एजेंसी

- नाइट फ्रैंक ने जनवरी-मार्च के जारी किए आंकड़े

देश के आठ प्रमुख शहरों में लक्जरी मकानों और प्रीमियम कार्यक्षेत्र की मजबूत मांग के दम पर जनवरी-मार्च में आवासीय बिक्री में सालाना आधार पर नौ प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि कार्यालयों की मांग 43 प्रतिशत बढ़ी। संपत्ति सलाहकार नाइट फ्रैंक इंडिया ने बृहस्पतिवार को एक वेबिनार में 'भारत रियल एस्टेटः कार्यालय तथा आवासीय रिपोर्ट (जनवरी-मार्च 2024)' जारी की।

नाइट फ्रैंक इंडिया के अनुसार, दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर), मुंबई, चेन्नई, कोलकाता, हैदराबाद, बेंगलुरु, पुणे और अहमदाबाद में जनवरी-मार्च में आवासीय कीमतें सालाना आधार पर दो से 13 प्रतिशत के दायरे में बढ़ीं। कार्यालय का किराया एक से नौ प्रतिशत बढ़ा। आंकड़ों के अनुसार, जनवरी-मार्च में आठ प्रमुख शहरों में आवासीय बिक्री बढ़कर 86,345 इकाई हो गई, जो एक साल पहले 79,126 इकाई थी। इस वर्ष जनवरी-मार्च में कार्यालय स्थान का सकल पट्टा 43 प्रतिशत बढ़कर 1.62 करोड़ वर्ग फुट हो गया,।

उत्तर प्रदेश, राजस्थान व बिहार से गेहूं खरीद को 7 गुना करने का लक्ष्य

नई दिल्ली। केंद्र ने बृहस्पतिवार को उत्तर प्रदेश, राजस्थान और बिहार जैसे गैर-पारंपरिक राज्यों में गेहूं खरीद में उल्लेखनीय वृद्धि करने की योजना की घोषणा की तथा चालू विपणन वर्ष 2024-25 में खरीद को सात गुना बढ़ाकर 50 लाख टन करने का लक्ष्य रखा। इन तीन राज्यों ने 2023-24 विपणन वर्ष (अप्रैल-मार्च) के दौरान केंद्रीय पूल में केवल 6.7 लाख टन का योगदान दिया है। वहीं केंद्रीय खाद्य मंत्रालय ने 2024-25 के लिए 310 लाख टन के कुल गेहूं खरीद लक्ष्य का 16 प्रतिशत इनसे खरीदने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

वरिष्ठ पदों पर औसत 20% वेतन वृद्धि का अनुमान

नई दिल्ली, एजेंसी

- माइकल पेज इंडिया सैलरी गाइड ने जारी की रिपोर्ट

इस साल वरिष्ठ पदों पर वेतन वृद्धि औसतन 20 प्रतिशत तक पहुंचने की उम्मीद है। माइकल पेज इंडिया सैलरी गाइड 2024 के अनुसार, पारंपरिक उद्योगों में फिर से नियुक्तियां फिर से बढ़ रही हैं जो विशेष रूप से विनिर्माण तथा परिचालन भूमिकाओं की निरंतर उच्च मांग से स्पष्ट है। इसके अतिरिक्त, विभिन्न क्षेत्रों में डेटा एनालिटिक्स, जेनरेटिव एआई और मशीन लर्निंग में कुशल पेशेवरों की आवश्यकता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

वार्षिक मार्गदर्शन रिपोर्ट में बीएफएसआई, इंजीनियरिंग तथा विनिर्माण, वित्त व लेखा, स्वास्थ्य देखभाल तथा जीवन विज्ञान, मानव संसाधन, विधि, अनुपालन, खरीद व आपूर्ति श्रृंखला, संपत्ति व निर्माण, बिक्री तथा विपणन और प्रौद्योगिकी के प्रमुख क्षेत्रों को शामिल किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत की छह प्रतिशत जीडीपी वृद्धि वैश्विक चुनौतियों के बीच भी भारत को इस क्षेत्र में विशिष्ट स्थान पर रखती है।

पेजग्रुप के प्रबंध निदेशक अंकित अग्रवाल ने कहा-भारत की अर्थव्यवस्था के इस तरह के लचीलेपन तथा आशावाद को प्रदर्शित करने और वैश्विक महामारी के पहले के अपने प्रदर्शन को पार करने के बाद क्षमताओं का दोहन करने पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। इस प्रकार प्रतिभा को फलने देना और नवप्रवर्तन को बढ़ावा देना महत्वपूर्ण बना हुआ है।

राष्ट्रीय

विपक्षी गठबंधन सीएए को लेकर अफवाह फैला रहा: मोदी

पश्चिम बंगाल के कूचबिहार जिले की चुनावी रैली में प्रधानमंत्री बोले-नागरिकता देना मोदी की गारंटी

कूचबिहार (पश्चिम बंगाल), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) को लेकर झूठी अफवाह फैलाने के लिए विपक्षी गठबंधन इंडिया की बृहस्पतिवार को आलोचना की और कहा कि 'मां भारती' में आस्था रखने वालों को नागरिकता देना मोदी की गारंटी है। पश्चिम बंगाल के कूचबिहार के रास मेला मैदान में एक विशाल रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने भ्रष्ट लोगों को बचाने के प्रयासों को लेकर विपक्षी दलों निशाना साधा और उनकी सजा सुनिश्चित करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता जताते हुए कहा कि अगले पांच वर्ष में और भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी। संदेशखालि में हाल की घटनाओं का उल्लेख करते हुए मोदी ने आश्वासन दिया कि दोषियों को अपना शेष जीवन जेल में बिताना होगा। संदेशखालि में तृणमूल कांग्रेस के नेताओं के खिलाफ यौन शोषण के आरोप सामने आए हैं।

मोदी ने कहा-उन्होंने कभी हाशिए पर पड़े समुदायों की परवाह नहीं की। अब जब हम सीएए लाए हैं तो वे अफवाहें और झूठ फैला रहे हैं। मां भारती में आस्था रखने वालों को नागरिकता देना मोदी की गारंटी है। उनकी टिप्पणी तृणमूल कांग्रेस समेत विपक्षी दलों के उन दावों की पृष्ठभूमि में आई है जिसमें कहा गया है कि सीएए के लिए आवेदन करने से वैध नागरिक विदेशी बन जाएंगे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कूच बिहार जिले में एनडीए उम्मीदवारों के समर्थन में एक चुनाव प्रचार रैली के दौरान उन्हें भेंट की गई अपनी तस्वीर दिखाई। ● एजेंसी

सांप पर भरोसा किया जा सकता है, लेकिन भाजपा पर नहीं: ममता बनर्जी

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बृहस्पतिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर लोकसभा चुनाव के लिए लागू आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) का पालन नहीं करने का आरोप लगाते हुए कहा कि जहरीले सांप पर भरोसा किया जा सकता है, लेकिन भाजपा पर नहीं। कूचबिहार में एक रैली को संबोधित करते हुए, बनर्जी ने आरोप लगाया कि केंद्रीय जांच एजेंसियां, सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) और केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) भाजपा के इशारे पर काम कर रहे हैं। उन्होंने निर्वाचन आयोग से इस पर गौर करने और सभी के लिए समान अवसर सुनिश्चित करने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने कहा–आप एक जहरीले सांप पर भरोसा कर सकते हैं, आप इसे पाल भी सकते हैं, लेकिन आप भाजपा पर कभी भरोसा नहीं कर सकते... भाजपा देश को बर्बाद कर रही है। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी टीएमसी, केंद्रीय एजेंसियों की धमकी के आगे नहीं झुकेगी।

देश बनाने और बिगाड़ने वालों के बीच फर्क करना होगा

नई दिल्ली, एजेंसी

- राहुल गांधी ने पोस्ट में कहा भारत निर्णायक मोड़ पर खड़ा

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को कहा कि देश इस समय निर्णायक मोड़ पर खड़ा है और ऐसे में हर वर्ग को देश बनाने और देश बिगाड़ने वालों के बीच का फर्क पहचानना होगा।

राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया, देश इस वक्त निर्णायक मोड़ पर खड़ा है। हर वर्ग को 'देश बनाने' और 'देश बिगाड़ने' वालों के बीच का फर्क पहचानना होगा। उन्होंने कहा-कांग्रेस और इंडिया गठबंधन का मतलबः युवाओं की पहली नौकरी पक्की, किसानों को एमएसपी की गारंटी, हर गरीब महिला लखपति, श्रमिक को न्यूनतम 400 रू प्रतिदिन, जातिगत गिनती और आर्थिक सर्वे और सुरक्षित संविधान एवं नागरिक के अधिकार है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा का मतलब बेरोज़गारी पक्की, किसानों पर कर्ज़ का बोझ, असुरक्षित और अधिकार विहीन महिलाएं, मजबूर और बेबस मज़दूर, वंचितों के साथ भेदभाव और शोषण, तानाशाही और दिखावे का लोकतंत्र है। राहुल गांधी ने कहा-आपका भविष्य आपके हाथों में है, सोचिए, समझिए और सही फैसला कीजिए।

कांग्रेस आज जारी करेगी अपना घोषणापत्र

कांग्रेस शुक्रवार को लोकसभा चुनाव के लिए अपना घोषणापत्र जारी करेगी जो पांच 'न्याय' और 25 'गारंटी' पर आधारित होगा। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी यहां कांग्रेस मुख्यालय में घोषणापत्र जारी करेंगे। इसके अगले दिन जयपुर एवं हैदराबाद में जनसभाएं आयोजित की जाएंगी जिनमें पार्टी के शीर्ष नेता शामिल होंगे। जयपुर में आयोजित घोषणापत्र संबंधी रैली को कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा संबोधित करेंगी। हैदराबाद में घोषणापत्र संबंधी जनसभा को राहुल गांधी संबोधित करेंगे। कांग्रेस के अनुसार, उसका घोषणापत्र पार्टी के पांच न्याय – हिस्सेदारी न्याय, किसान न्याय, नारी न्याय, श्रमिक न्याय और युवा न्याय पर आधारित होगा।

एक नजर

कांग्रेस प्रवक्ता गौरव व पूर्व अध्यक्ष शर्मा ने थामा भाजपा का दामन

नई दिल्ली। कांग्रेस प्रवक्ता गौरव वल्लभ ने बृहस्पतिवार सुबह यह कहते हुए पार्टी से इस्तीफा दे दिया कि वह न तो सनातन विरोधी नारे लगा सकते हैं और न ही दिन–रात 'वेल्थ क्रिएटर्स (परिसंपत्तियों का सृजन करने वालों)' को गाली दे सकते हैं। कुछ ही घंटों के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'विकसित भारत' के आह्वान से प्रभावित होकर वह भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। वल्लभ के अलावा कांग्रेस की बिहार इकाई के पूर्व अध्यक्ष अनिल शर्मा और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता उपेन्द्र प्रसाद ने भी पार्टी महासचिव विनोद तावड़े की मौजूदगी में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

पप्पू यादव ने निर्दलीय नामांकन किया

पटना। हाल ही में कांग्रेस में शामिल हुए पूर्व सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने बृहस्पतिवार को बिहार की पूर्णिया लोकसभा सीट से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। असंतुष्ट कांग्रेस नेता मोटरसाइकिल पर सवार होकर अपना नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए आरओ के कार्यालय में पहुंचे। यादव जब कार्यालय पहुंचे तो वहां कोई भी कांग्रेस नेता मौजूद नहीं था।

दिल्ली में प्रेमिका की हत्या कर अलमारी में छिपाया शव

नई दिल्ली, एजेंसी

- लिव इन पार्टनर पर पुलिस ने दर्ज किया मामला

दक्षिण पश्चिम दिल्ली के द्वारका इलाके में एक घर की अलमारी से 26 वर्षीय महिला का शव बरामद हुआ है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। मृतक महिला के पिता ने उसके सह-जीवन (लिव-इन) साथी पर उसकी हत्या करने का आरोप लगाया है। यह मामला तब सामने आया जब मृतक महिला के पिता कई दिनों तक उससे संपर्क नहीं कर पाए। उसके बाद वह शिकायत लेकर पुलिस के पास पहुंचे।

पुलिस के अनुसार, पुलिस नियंत्रण कक्ष में बुधवार रात 10:40 बजे फोन आया, जिसमें एक व्यक्ति ने शिकायत की कि शायद उसकी बेटी की हत्या कर दी गई है। सूचना मिलने के बाद डाबड़ी थाने की एक टीम द्वारका के राजापुरी इलाके में उक्त घर पर पहुंची। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया-पुलिसकर्मियों को फ्लैट की एक अलमारी में महिला का शव मिला। अपराध जांच टीम और फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने कहा कि मृतक के पिता ने आरोप लगाया कि उसके सह-जीवन साथी विपल टेलर ने उनकी बेटी की हत्या की है। उन्होंने बताया कि शिकायतकर्ता ने महिला के साथ अपनी आखिरी कॉल का हवाला देते हुए पुलिस को बताया कि उनकी बेटी ने बताया था कि उसका साथी विपल टेलर उसके साथ मारपीट करता है और उसे यह भी डर था कि वह उसकी हत्या कर सकता है। उन्होंने पुलिस को बताया कि उनकी बेटी पिछले डेढ़ महीने से टेलर के साथ किराए के फ्लैट में रह रही थी। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि पोस्टमार्टम के लिए शव को डीडीयू अस्पताल के शवगृह में भेज दिया गया है। अधिकारी ने कहा-आरोपी विपल टेलर का पता लगाने के प्रयास किए जा रहे हैं। वह गुजरात के सूरत का रहने वाला है। उन्होंने कहा-शिकायतकर्ता के बयान के आधार पर आरोपी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 302 (हत्या) के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच करने के लिए इलाके के सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है।

शरद पवार, अजित पवार गुट आदेशों का करें पालन

नई दिल्ली, एजेंसी

- उच्चतम न्यायालय ने दोनों धड़ों को दिया निर्देश

लोकसभा चुनाव से कुछ दिन पहले उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के शरद पवार और अजित पवार के नेतृत्व वाले धड़ों से चुनावों के लिए प्रचार सामग्री में चुनाव चिह्न, पार्टी के नाम और 'डिस्क्लेमर' (दावा अस्वीकरण) के इस्तेमाल पर उसके दिशा-निर्देशों का पालन करने को कहा।

न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति के. वी. विश्वनाथन की पीठ ने उसके 19 मार्च के आदेश का अनुपालन न किये जाने के आरोप वाली दोनों पक्षों की याचिकाओं का निस्तारण करते हुए कहा कि अब वक्त आ गया है कि दोनों गुटों के नेताओं को कहीं और होना चाहिए, न कि अदालतों में। उसने शरद पवार गुट से कहा कि वह आगामी लोकसभा चुनाव और चार राज्यों के विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियानों में 'राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरदचंद्र पवार' का नाम और 'तुरही बजाता आदमी' चुनाव चिह्न के इस्तेमाल के लिए अपने कार्यकर्ताओं को जागरूक करे। आंध्र प्रदेश, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश और ओडिशा में विधानसभा चुनाव भी लोकसभा चुनाव के साथ ही हो रहे हैं।

सांसद राणा को राहत, जाति प्रमाणपत्र रद करने संबंधी आदेश खारिज

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने अमरावती सांसद नवनीत कौर राणा को राहत देते हुए उनका अनुसूचित जाति प्रमाणपत्र बहाल कर दिया, जिससे भाजपा के टिकट पर दलितों के लिए आरक्षित महाराष्ट्र सीट से चुनाव लड़ने का रास्ता साफ हो गया है। सुप्रीम कोर्ट ने बंबई हाईकोर्ट के 2021 के फैसले को खारिज करते राणा का जाति प्रमाणपत्र बहाल किया। यह फैसला नामांकन दाखिल करने के अंतिम दिन आया है। भाजपा ने राणा को अमरावती से उम्मीदवार बनाया है। हाईकोर्ट ने 8 जून 2021 को कहा था कि राणा ने धोखाधड़ी कर फर्जी दस्तावेज के जरिए 'मोची' जाति का प्रमाणपत्र हासिल किया था। हाईकोर्ट ने सांसद पर दो लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया था और कहा था कि रिकॉर्ड से पता चलता है कि वह 'सिख-चमार' जाति से हैं।

अनुच्छेद 370 हटने के बाद जम्मू–कश्मीर चुनावों पर पूरे देश की नजर

ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली

अमृत विचार: जम्मू कश्मीर में धारा 370 हटने के बाद पहली बार लोकसभा का चुनाव हो रहा है। जिसमें न सिर्फ वर्षों से इस राज्य में रहने वाले लोगों के राजनीतिक अधिकार बहाल हुए हैं बल्कि आजादी के बाद से इस राज्य में रहने वाले उन तमाम लोगों को लोकसभा चुनाव में वोट देने का अधिकार भी मिलेगा जो धारा 370 हटने से पहले नहीं था।

धारा 370 का विरोध वहां के प्रमुख क्षेत्रीय दल नेशनल कांफ्रेंस एवं पीडीपी ने किया था और इसके प्रमुख नेताओं महबूबा मुफ्ती और उमर अब्दुल्ला को नजर बंद भी किया गया था। इंडिया गठबंधन में जम्मू कश्मीर भी है। बिल्कुल उसी तरह जैसे पंजाब या पश्चिम बंगाल में है। इस बार नेशनल कांफ्रेंस और पीडीपी ने जम्मू एवं उधमपुर की सीट पर कांग्रेस को समर्थन दिया है और कश्मीर की तीन सीटों पर कांग्रेस अपने उम्मीदवार नहीं उतारेगी, नेशनल कांफ्रेंस या पीडीपी उम्मीदवारों को समर्थन देगी। हालांकि घाटी की अनंतनाग, बारामूला और श्रीनगर संसदीय क्षेत्र में नेशनल कांफ्रेंस और पीडीपी के बीच विवाद चल रहा है। दोनों दलों का कहना है कि केंद्र में हम इंडिया गठबंधन के साथ हैं लेकिन राज्य में हम अलग-अलग रहेंगे। जैसे पंजाब में आम आदमी पार्टी और कांग्रेस अलग-अलग चुनाव लड़ रही है। यही स्थिति पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस और कांग्रेस की है। जम्मू कश्मीर के दोनों क्षेत्रीय दल दिल्ली में 31 मार्च को हुई रैली में एक साथ थे। फिलहाल घाटी की तीन सीटों पर नेशनल कांफ्रेंस का कब्जा है।

इस बार के चुनाव में जम्मू कश्मीर में मत विभाजन को रोकने के लिए कांग्रेस काफी सक्रिय है। यदि मत विभाजन हुआ तो बीजेपी को लाभ मिलेगा। 2019 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी के सामने कांग्रेस, नेशनल कांफ्रेंस व पीडीपी अलग-अलग थे। जिसका लाभ बीजेपी को मिला और उसे 46 फीसद मत प्राप्त हुए थे। जबकि कांग्रेस को 28.38 फीसद, नेशनल कांफ्रेंस को 7.87 फीसद और पीडीपी को 3.5 फीसद मत प्राप्त हुए थे। इस बार के चुनाव में पूर्व मुख्यमंत्री गुलाम नबी आजाद कांग्रेस से अलग हैं। उन्होंने डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी का गठन किया है। आजाद से बीजेपी को फायदा और इंडिया गठबंधन को नुकसान होने की आशंका है।

मगर पूरे देश के लिए सबसे दिलचस्प यह है कि धारा 370 हटने के बाद जम्मू कश्मीर में चुनाव परिणाम क्या होंगे? बीजेपी के लिए भी यह सवाल काफी बड़ा है। राष्ट्रपति शासन लगने के बाद केंद्र सरकार ने जम्मू कश्मीर एवं लद्दाख को अलग-अलग कर वहां विकास के नए-नए कार्यों के करने का दावा किया है। अब देखना है कि इसका लाभ उसे कितना मिलता है।

लोकसभा चुनाव

- मत विभाजन को रोकने के लिए काफी सक्रिय है कांग्रेस
- घाटी की तीन सीटों पर नेशनल कांफ्रेंस का कब्जा है

2019 के चुनाव परिणाम

संसदीय क्षेत्र	दल
1. जम्मू	बीजेपी
2. उधमपुर	बीजेपी
3. लद्दाख	बीजेपी
4. अनंतनाग	नेशनल कांफ्रेंस
5. श्रीनगर	नेशनल कांफ्रेंस
6. बारामूला	नेशनल कांफ्रेंस

ऑरेंज कैप

खिलाड़ी	मैच	रन
विराट कोहली (आरसीबी)	04	203
रियान पराग (आरआर)	03	181
हेनरिक क्लासेन (एसआरएच)	03	167

पर्पल कैप

खिलाड़ी	मैच	विकेट
मुस्तफिजुर रहमान (सीएसके)	03	07
मोहित शर्मा (जीटी)	04	07
मयंक यादव (एलएसजी)	02	06

अंकतालिका

टीम	मैच	जीत	हार	टाई	अंक	रन रेट
कोलकाता नाइट राइडर्स	03	03	00	00	06	+2.518
राजस्थान रॉयल्स	03	03	00	00	06	+1.249
चेन्नई सुपरकिंग्स	03	02	01	00	04	+0.976
लखनऊ सुपर जायंट्स	03	02	01	00	04	+0.483
पंजाब किंग्स	04	02	02	00	04	-0.220
गुजरात टाइटंस	04	02	02	00	04	-0.580
सनराइजर्स हैदराबाद	03	01	02	00	02	+0.204
रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु	04	01	03	00	02	-0.876
दिल्ली कैपिटल्स	04	01	03	00	02	-1.347
मुंबई इंडियंस	03	00	03	00	00	-1.423

मुस्तफिजुर के बिना सीएसके का सामना सनराइजर्स हैदराबाद से

हैदराबाद, एजेंसी

फॉर्म में चल रहे तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान के बिना चेन्नई सुपर किंग्स शुक्रवार को आईपीएल के मैच में सनराइजर्स हैदराबाद से खेलेगी जो अपना दिन होने पर किसी भी आक्रमण की बखिया उधेड़ने में सक्षम है।

दिल्ली कैपिटल्स से पिछले मैच में पराजय झेलने के बाद चेन्नई टीम जीत की राह पर लौटने उतरेगी। इतने लंबे टूर्नामेंट में प्रदर्शन में उतार चढाव आना लाजमी है और चेन्नई के कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने पिछले मैच में मिली हार के बाद यही कहा था। उन्हें और उनके सलामी जोड़ीदार रचिन रविंद्र को हालांकि घूमती गेंदों का सामना करने के लिये तैयार रहना होगा, जिसमें वे दिल्ली के खिलाफ चूक गए थे। क्रिकेट प्रेमी महेंद्र सिंह धोनी को आठवें नंबर से ऊपर बल्लेबाजी करते देखना चाहते थे। उन्होंने पिछले मैच में अपना पुराना फिनिशिर फॉर्म दिखाते हुए 16 गेंद में 37 रन बनाये थे। वैसे उनके ऊपर आने की संभावना कम ही है क्योंकि वह शिवम दुबे और समीर रिजवी को फिनिशर की भूमिका निभाते देखना चाहते हैं।

गेंदबाजी में चेन्नई को संयोजन पर विचार करना होगा क्योंकि मुस्तफिजुर अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी20 विश्व कप के लिये वीजा की प्रक्रिया पूरी करने बांग्लादेश लौट गए हैं। अभी तक मुस्तफिजुर और मथीषा पथिराना की जोड़ी सीएसके के लिये अच्छा प्रदर्शन कर रही थी। मुस्तफिजुर की जगह मुकेश चौधरी ले सकते हैं जबकि शार्दुल ठाकुर ने अभी तक एक भी मैच नहीं खेला है। दूसरी ओर सनराइजर्स हैदराबाद को घरेलू मैदान पर खेलने का फायदा मिलेगा। उसके बल्लेबाजों ने मुंबई के खिलाफ दूसरे मैच में आईपीएल के इतिहास का सर्वोच्च स्कोर बनाया था हालांकि सलामी बल्लेबाज मयंक अग्रवाल अभी तक प्रभावित नहीं कर सके हैं।

गुजरात टाइटंस के खिलाफ पहली बार सनराइजर्स के बल्लेबाज नाकाम रहे। गेंदबाजी में जयदेव उनादकट, मयंक मार्कण्डेय और भुवनेश्वर कुमार महंगे साबित हुए हैं। भुवनेश्वर ने नयी गेंद से निराश किया है और तीन मैचों में तीन ही विकेट ले सके हैं। कप्तान पैट कमिंस ने आठ रन प्रति ओवर की दर से रन दिये हैं लेकिन उन्हें दूसरे छोर से सहयोग चाहिये।

चेन्नई सुपर किंग्स : महेंद्र सिंह धोनी , मोईन अली, दीपक चाहर, तुषार देशपांडे, शिवम दुबे, ऋतुराज गायकवाड़ (कप्तान), अजय मंडल, मुकेश चौधरी, अजिंक्य रहाणे, शाइक रशीद, मिचेल सेंटनेर, सिमरजीत सिंह, निशांत सिंधू, प्रशांत सोलंकी, महीष तीक्षणा, रचिन रविंद्र , शार्दुल ठाकुर, डेरिल मिचेल, समीर रिजवी, मुस्ताफिजूर रहमान, अवनीश राव अरावेली। **सनराइजर्स हैदराबाद :** पैट कमिंस (कप्तान), अब्दुल समाद, अभिषेक शर्मा, एडेन मार्कराम, ट्रेविस हेड, वानिंदु हसरंगा, मार्को यानसेन, राहुल त्रिपाठी, वॉशिंगटन सुंदर, ग्लेन फिलिप्स, सनवीर सिंह, हेनरिच क्लासेन, भुवनेश्वर कुमार, मयंक अग्रवाल, टी नटराजन, अनमोलप्रीत सिंह, मयंक मार्कण्डेय, उपेंद्र सिंह यादव, उमरान मलिक, नीतिश कुमार रेड्डी, फजलहक फारूकी, शाहबाज अहमद, जयदेव उनादकट, आकाश सिह, जे सुब्रहमण्यन। **समय :** शाम 7 .30 से।

शशांक की पारी से गुजरात के हाथ से फिसली जीत

पंजाब किंग्स के शशांक सिंह ने नाबाद 61 और आशुतोष शर्मा ने बनाए 31 रन, गुजरात की 3 विकेट से हार

अहमदाबाद, एजेंसी

शशांक सिंह नाबाद 61 रन और आशुतोष शर्मा 31 रनों ने आखिरी ओवरों में धुआंधार बल्लेबाजी करते हुए गुरुवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 17वें मुकाबले में पंजाब किंग्स को एक गेंद शेष रहते गुजरात टाइटंस पर तीन विकेट से जीत दिला दी है। पंजाब की चार मैचों में यह दूसरी जीत है।

200 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पंजाब किंग्स की टीम की शुरुआत खराब रही। उमेश यादव ने दूसरे ही ओवर में कप्तान शिखर धवन एक रन को बोल्ड कर पंजाब को पहला झटका दिया। उसके बाद छठें ओवर में जॉनी बेयरस्टो 13 गेंदों में चार चौकों की मदद से 22 रन बनाकर पवेलियन लौट गये। उन्हें नूर अहमद ने बोल्ड आउट किया। प्रभसिमरन सिंह ने 24 गेंदों में पांच चौके और एक छक्का लगाकर 35 रन बनाये। सैम करेन पांच रन, सिकंदर रज़ा 15 रन और जितेश शर्मा 16 रन बनाकर आउट हुये। शशांक सिंह ने 29 गेंदों में छह चौके और चार छक्कों की मदद से नाबाद 61 जुटाये और आशुतोष शर्मा 17 गेंदों में तीन चौके और एक छक्के की मदद से 31 रन बनाये। हरप्रीत बरार एक रन बनाकर नाबाद रहे। पंजाब ने 19.5 ओवर में सात विकेट पर 200 रन बनाकर तीन विकेट से मुकाबला जीत लिया। गुजरात टाइटंस की ओर से नूर अहमद ने दो विकेट लिये। अजमतउल्लाह उमरजई, उमेश यादव, राशिद खान, दर्शन नालकंडे और मोहित शर्मा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले शुभमन गिल नाबाद 89 रनों की कप्तान पारी के दम पर गुजरात टाइटंस ने पंजाब किंग्स को जीत के लिए 200 रनों का लक्ष्य दिया था। आज यहां नरेंद्र मोदी स्टेडियम में पंजाब किंग्स के कप्तान शिखर धवन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया है। बल्लेबाजी करने उतरी गुजरात की टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने तीसरे ही ओवर में सलामी बल्लेबाज रिद्धिमान साहा 11 रन का विकेट गवां दिया। इसके बाद केन विलियम्सन 26 रन बनाकर पवेलियन लौट गये। साई सुदर्शन ने 19 गेंदों में छह चौकों की मदद से 33 रन बनाये। विजय शंकर आठ रन बनाकर आउट हुये। शुभमन गिल ने 48 गेंदों में छह चौकों और चार छक्कों की मदद से नाबाद 89 रनों की पारी खेली। वहीं राहुल तेवतिया आठ गेंदों में तीन चौके और एक छक्का लगाकर 23 रन पर नाबाद रहे। गुजरात की टीम ने 20 ओवरों में चार विकेट पर 199 रन बनाए। पंजाब किंग्स की ओर से कगिसो रबाडा ने दो विकेट लिये। हरप्रीत बरार और हर्षल पटेल ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

पहले दस मैचों में आईपीएल की रिकॉर्ड दर्शक संख्या

मुंबई। इंडियन प्रीमियर लीग के पहले दस मैचों को 35 करोड़ दर्शकों ने देखा जो टूर्नामेंट के किसी भी सत्र से अधिक है जिसमें कोरोना महामारी के दौरान खेले गए सत्र भी शामिल हैं। डिजनी स्टार द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार टूर्नामेंट का कुल 'वॉचटाइम' 8028 करोड़ मिनट रहा जो पिछले साल से बीस फीसदी अधिक है। डिजनी स्टार (स्पोर्ट्स) के प्रमुख संजोग गुप्ता ने एक विज्ञप्ति में कहा, ''टाटा आईपीएल 2024 की रिकॉर्ड व्यूअरशिप से हम आहलादित हैं। हमने दर्शकों को केंद्र में रखकर कई पहल की जिससे दर्शकों की संख्या में इजाफा हुआ।'' डिजनी स्टार आईपीएल का 10 भाषाओं में प्रसारण कर रहा है जिसमें मूक, बधिरों और दृष्टिबाधित प्रशंसकों के लिये स्पेशल फीड भी शामिल है।

गुजरात 199/4

20 ओवर, अतिरिक्त : 09

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
रिद्धीमान साहा का धवन बो रबाडा	11	13	2/0
शुभमन गिल नाबाद	89	48	6/4
केन विलियम्सन का बेयरस्टो बो हरप्रीत	26	22	4/0
साई सुदर्शन का जितेश बो हर्षल	33	19	6/0
विजय शंकर का हरप्रीत बो रबाडा	08	10	0/0
राहुल तेवतिया नाबाद	23	08	3/1

गेंदबाजी : हरप्रीत बरार 4-0-33-1, अर्शदीप सिंह 4-0-33-0, कगिसो रबादा 4-0-44-2, सैम कुरेन 2-0-18-0, हर्षल पटेल 4-0-44-1, सिकंदर रजा 2-0-22-0

पंजाब 200/7

19 .5 ओवर, अतिरिक्त : 13

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
शिखर धवन बो उमेश	01	02	0/0
जॉनी बेयरस्टो बो नूर अहमद	22	13	4/0
प्रभसिमरन सिंह का मोहित बो नूर अहमद	35	24	5/1
सैम करेन का विलियम्सन बो अजमतुल्लाह	05	08	0/0
सिकंदर रजा का रिद्धिमान बो मोहित	15	16	0/0
शशांक सिंह नाबाद	61	29	6/4
जितेश शर्मा का दर्शन बो राशिद	16	08	0/2
आशुतोष शर्मा का राशिद बो दर्शन	31	17	3/1
हरप्रीत बरार नाबाद	01	02	0/0

गेंदबाजी : अजमतउल्लाह उमरजई 4-0-41-1, उमेश यादव 3-0-35-1, राशिद खान 4-0-40-0, नूर अहमद 4-0-32-2, मोहित शर्मा 4-0-38-1, दर्शन नालकंडे 0 .5-0-6-1

खेल डायरी

पाकिस्तान वालीबॉल महासंघ ने भारत को एशियाई चैलेंज लीग के लिए न्योता दिया

कराची। पाकिस्तान वॉलीबॉल महासंघ ने भारत को अगले महीने इस्लामाबाद में होने वाली एशियाई चैलेंज वॉलीबॉल लीग में टीम भेजने के लिये न्योता दिया है। पीवीएफ के अध्यक्ष चौधरी याकूब ने कहा कि उन्होंने टूर्नामेंट के लिये भारतीय वॉलीबॉल महासंघ को न्योता दिया है। उन्होंने कहा, ''हमने काफी प्रयासों के बाद इस टूर्नामेंट की मेजबानी हासिल की है। हम चाहते हैं कि 11 से 17 मई तक होने वाले टूर्नामेंट में सभी शीर्ष टीमें भाग लें।'' ईरान, श्रीलंका, भूटान, तुर्कमेनिस्तान, अफगानिस्तान, कजाखस्तान, किर्गीस्तान ने टूर्नामेंट में भागीदारी की पुष्टि कर दी है।

पांच महिला बैडमिंटन खिलाड़ी क्वार्टर फाइनल में

अस्ताना। अनमोल खरब समेत पांच भारतीय महिला खिलाड़ी गुरुवार को कजाखस्तान इंटरनेशनल चैलेंज बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गईं। देविका सिहाग, पूर्व राष्ट्रीय चैम्पियन अनुपमा उपाध्याय, सातवीं वरीयता प्राप्त तान्या हेमंत और ईशारानी बरूआ ने महिला एकल में अंतिम आठ में जगह बनाई। तरुण चौथे वरीय स्थानीय खिलाड़ी दिमित्री मनारिन से भिड़ेंगे जबकि रवि और भरत आमने-सामने होंगे। मिश्रित युगल में रोहन कपूर और रूत्विजा गाडे, अभ्युदय चौधरी और वैष्णवी खाडकेकर, संजय श्रीवत्स और मनीषा के और अलीशा खान और झाकुओ सेयी भी क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए।

भारतीय फुटबॉल टीम 121वें स्थान पर पहुंची

नयी दिल्ली। भारतीय फुटबॉल टीम ताजा फीफा रैंकिंग में चार पायदान गिरकर 121वें स्थान पर खिसक गई जो पिछले कुछ साल में उसका सबसे खराब प्रदर्शन है। भारत को पिछले महीने गुवाहाटी में फीफा विश्व कप 2026 क्वालीफायर के दूसरे दौर में अफगानिस्तान ने 2-1 से हराया था। पिछले साल इंटर कांटिनेंटल कप, त्रिकोणीय टूर्नामेंट और सैफ चैम्पियनशिप जीतकर भारत शीर्ष सौ में पहुंचा था लेकिन 26 मार्च को अपने से नीची रैंकिंग वाली अफगानिस्तान टीम से हार अप्रत्याशित रही। जनवरी में एशियाई कप में भारतीय टीम एक भी मैच नहीं जीत सकी। गत विश्व चैम्पियन अर्जेंटीना शीर्ष पर है जबकि फ्रांस दूसरे, इंग्लैंड तीसरे और बेल्जियम चौथे स्थान पर है। ब्राजील पांचवें स्थान पर है।

दक्षिण अफ्रीकी फुटबॉलर ल्यूक की लूटपाट में हत्या

जोहानिसबर्ग। दक्षिण अफ्रीका के फुटबॉलर और ओलंपियन ल्यूक फ्लूर्स की यहां लूटपाट की एक घटना में हत्या कर दी गई। उनके क्लब काइजेर चीफ्स ने यह जानकारी दी। चौबीस वर्ष के डिफेंडर ल्यूक को उस समय गोली मारी गई जब वह हनीड्यू इलाके में पेट्रोल पंप पर अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे। क्लब ने एक बयान में कहा, ''ल्यूक फ्लूर्स की जोहानिसबर्ग में लूटपाट की घटना में कल रात हत्या हो गई है। इस कठिन समय में उनके परिवार और दोस्तों के प्रति हमारी संवेदनायें।'' पुलिस के प्रवक्ता मावेला मासोंडो ने बताया कि हमलावर ल्यूक की कार लेकर भाग गए। पुलिस कार लूटने और हत्या की जांच कर रही है।

सात्विक-चिराग बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप से हटी

नयी दिल्ली। स्टार भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी कंधे की चोट से नहीं उबर पाए हैं जिसके कारण उनकी और चिराग शेट्टी की गत चैंपियन पुरुष युगल जोड़ी गुरुवार को अगले सप्ताह होने वाली बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप से हट गई। सात्विक और चिराग की दुनिया की नंबर एक जोड़ी ने पिछले साल अप्रैल में 58 साल के सूखे को खत्म करते हुए इतिहास रचा था क्योंकि वे दिनेश खन्ना के बाद दुबई में एशिया बैडमिंटन चैंपियनशिप में चैंपियन बनने वाले पहले भारतीय बने थे। दिनेश ने 1965 में स्वर्ण पदक जीता था। हालांकि मौजूदा सत्र में फ्रेंच ओपन सुपर 750 जीतने के अलावा दो टूर्नामेंट के उप विजेता रहे सात्विक और चिराग ने गुरुवार को टूर्नामेंट से बाहर होने का फैसला किया।

थॉमस और उबेर कप में नहीं खेलेंगी पीवी सिंधु

नयी दिल्ली। भारतीय बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधु पेरिस 2024 ओलंपिक को ध्यान में रखते हुए थॉमस और उबेर कप में नहीं खेलेंगी। उनकी जगह अनमोल खरब को टीम में शामिल किया गया है। भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) ने गुरुवार को चीन में के चेंगदू में 27 अप्रैल से होने वाले थॉमस और उबेर कप के लिए भारतीय पुरुष और महिला टीम की घोषणा करते हुए कहा है कि दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु इस साल के उबेर कप में हिस्सा नहीं लेंगी। सिंधु ने पेरिस 2024 ओलंपिक पर ध्यान केंद्रित करने के लिए इस साल के उबेर कप से हटने का फैसला किया है।

डोपिंग टेस्ट फेल होने के सर्वाधिक मामले भारत में

नयी दिल्ली, एजेंसी

- **3865 नमूनों की जांच की गई जिनमें से 125 पॉजीटिव रहे**

विश्व डोपिंग निरोधक एजेंसी द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार 2000 या अधिक नमूनों की जांच कराने वाले देशों में 2022 टेस्टिंग आंकड़ा रिपोर्ट के अनुसार भारत में डोपिंग टेस्ट में नाकाम रहने के मामले सर्वाधिक हैं जबकि दक्षिण अफ्रीका दूसरे स्थान पर है।

वाडा ने बुधवार को जारी रिपोर्ट में कहा कि भारत में 3865 नमूनों (मूत्र और रक्त दोनों) की जांच की गई जिनमें से 125 पॉजीटिव रहे जो नमूनों की संख्या का 3.2 प्रतिशत है। नमूनों की जांच के मामले में भारत 11वें स्थान पर है लेकिन डोपिंग के मामले रूस (85), अमेरिका (84), इटली (73) और फ्रांस (72) जैसी खेल महाशक्तियों से अधिक है। दक्षिण अफ्रीका ने 2023 नमूनों की जांच की जिसमें से 2.9 प्रतिशत पॉजीटिव रहे। तीसरे स्थान पर कजाखस्तान है जिसके 2174 नमूनों में से 1.9 प्रतिशत पॉजीटिव निकले। चौथे स्थान पर नॉर्वे और अमेरिका रहे। चीन ने रिकॉर्ड 19228 नमूनों की जांच की जबकि प्रतिकूल नतीजे 0.2 प्रतिशत रहे। डोपिंग मामलों के कारण अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति का निलंबन झेलने वाले रूस ने 10186 नमूनों की जांच की और 0.8 प्रतिशत पॉजीटिव रहे।

ऋषभ पंत पर धीमी ओवरगति के लिए 24 लाख रुपये जुर्माना

विशाखापत्तनम। दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत पर इंडियन प्रीमियर लीग 2024 में दूसरी बार धीमी ओवरगति रहने के कारण 24 लाख रूपये जुर्माना लगाया गया है। पंत की कप्तानी वाली दिल्ली कैपिटल्स की ओवरगति बुधवार को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ मैच में धीमी रही थी। आईपीएल ने एक बयान में कहा, ''दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत पर कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ आईपीएल मैच में धीमी ओवरगति के लिये जुर्माना लगाया गया है।'' इंपैक्ट खिलाड़ी समेत बाकी खिलाड़ियों पर मैच फीस का 25 प्रतिशत या छह लाख रूपये में से जो कम हो, जुर्माना लगाया गया है।''

सलीमा को प्लेयर ऑफ द ईयर 2023 का पुरस्कार

नयी दिल्ली, एजेंसी

भारतीय महिला हॉकी टीम की मिडफील्डर सलीमा टेटे को प्लेयर ऑफ द ईयर 2023 के लिए बलबीर सिंह सीनियर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इससे पहले दो अप्रैल को भारतीय पुरुष हॉकी टीम के मिडफील्डर हार्दिक सिंह को भी इसी पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। इन दोनों खिलाड़ियों को पुरुष और महिला वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए इस पुरस्कार से नवाजा गया है। पुरस्कार के तहत दोनों खिलाड़ियों को 25- 25 लाख रुपये का चेक भी प्रदान किये गये।

हार्दिक सिंह भारतीय हॉकी पुरुष टीम के उप-कप्तान के रूप में टोक्यो ओलंपिक 2023 में कांस्य पदक जीतने वाली दल और हांग्जो एशियाई टीम का हिस्सा थे। वहीं सलीमा टेटे ने भी भारतीय महिला हॉकी टीम का हिस्सा बनकर 2023 हांग्जो एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीता था। झारखंड के सिमडेगा जिले की रहने वाली सलीमा ने पुरस्कार जीतने पर खुशी व्यक्त की और कहा कि मेरे करियर में पहली बार इतने बड़े पुरस्कार से सम्मानित होना बहुत अच्छा लग रहा है। यह एक बड़ा सम्मान है और मेरे पूरे करियर के दौरान मेरे लिए यह एक बड़ी प्रेरणा होगी।

करीबी ने बताया- भद्दे कमेंट करने वाले कॉमेडियन पर केस नहीं करेंगे सलमान



मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान अक्सर ही चर्चा में बने रहते हैं। कभी अपनी फिल्मों के कारण तो कभी किसी के द्वारा की गई टीका-टिप्पणी की वजह से। अब हाल ही में स्टैंडअप कॉमेडियन कुणाल कामरा ने सलमान खान पर अभद्र टिप्पणी की थी वहीं जब केआरके ने उनका वीडियो शेयर किया तो उन्होंने हेकड़ी दिखाते हुए कहा था कि वह जोक्स के लिए माफी नहीं मांगते हैं। इसी दौरान केआरके ने दावा किया था कि सलमान खान, कुणाल कामरा के खिलाफ मानहानि का केस करने वाले हैं। हालांकि ऐसा नहीं हुआ। अब इसके पीछे की वजह भी सामने आ गई है। दबंग खान के एक करीबी ने हाल ही में बताया है कि सलमान खान को अब इस तरह की चीजों की आदत हो गई है। वह कोर्ट के चक्कर नहीं काटना चाहते। इसलिए अब वह इस तरह का कोई भी कदम नहीं उठाना चाहते। जूम टीवी की रिपोर्ट के मुताबिक सलमान खान के एक करीबी सूत्र ने बताया है कि अगर सलमान खान ऐसे हर गाली देने वाले के खिलाफ मुकदमा करते रहे तो वह कोर्ट रूम के ही चक्कर लगाते रहेंगे। इतने सालों में सलमान खान इन सबके आदी हो चुके हैं। वह बहुत अच्छे से जानते हैं कि उनका नाम लेकर अटैक करने वाले सिर्फ अटेंशन पाने के लिए ऐसा करते हैं। इसलिए वह कुणाल कामरा पर केस नहीं कर रहे हैं। बता दें कि हाल ही में कॉमेडियन कुणाल कामरा एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसमें वह कहते नजर आ रहे थे कि 'मुझे ऑफर आया कि अंबानी के ओटीटी पर जानकर सलमान से मॉरल ज्ञान लेने का।

करवाचौथ सीन पर ट्रोल होने पर रश्मिका मंदाना ने तोड़ी चुप्पी

मुंबई, एजेंसी। रश्मिका मंदाना ने संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म 'एनिमल' को लेकर खूब सुर्खियां बटोरीं, इस फिल्म में वो रणबीर कपूर के किरदार रणविजय की पत्नी के रोल में थीं। फिल्म का जब ट्रेलर सामने आया तो करवा चौथ वाले सीन में रश्मिका मंदाना रणबीर पर गुस्सा जाहिर करती हैं और दांत पीसकर बोलने की वजह से उन्हें खूब ट्रोल किया गया। सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अभिनेत्री का मजाक उड़ाया गया और उनकी एक्टिंग एबिलिटी पर भी सवाल उठाए गए। फिल्म की रिलीज के बाद चीजें बदल गईं क्योंकि यह सीन फिल्म के सबसे चर्चित सीन में से एक बन गया।रश्मिका मंदाना ने आखिरकार टॉक शो नो फिल्टर नेहा में फिल्म की रिलीज से पहले हुई ट्रोलिंग के बारे में खुल कर बात की है। रश्मिका ने बताया कि ट्रेलर के बाद शुरुआती आलोचना ने एक्ट्रेस को खुद से सवाल करने पर मजबूर कर दिया था। रश्मिका ने कहा, "करवा चौथ का सीन जो कि नौ मिनट लंबा सीन था और सीन करते समय सेट पर मौजूद लोगों को यह बहुत पसंद आया। वे तालियाँ बजा रहे थे और महसूस कर रहे थे कि यह बहुत अच्छा शूट हुआ है, लेकिन ट्रेलर आया और उसी सीन के एक खास डायलॉग के लिए मुझे इतना ट्रोल किया गया।

इस वजह से शाहरुख खान के साथ कभी आईपीएल मैच नहीं देखती हैं जूही

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान और जूही चावला न सिर्फ अच्छे दोस्त और बेहतरीन को-स्टार हैं, बल्कि दोनों आईपीएल टीम कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के को-ऑनर्स भी हैं। इन दिनों आईपीएल 2024 का खुमार चल रहा है। अब हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में जूही चावला ने खुलासा किया है कि वह शाहरुख खान के साथ कभी भी आईपीएल मैच नहीं देखती हैं। उन्होंने इसके पीछे की बड़ी ही मजेदार वजह भी बताई है। दरअसल हाल ही में जूही चावला ने बताया कि आईपीएल हमेशा रोमांचक होता है। हम सभी अपने टेलीविजन सेट के सामने होते हैं। जब हमारी टीम खेलती है, तो उन्हें देखना दिलचस्प होता है और हम सभी बहुत ज्यादा तनाव में होते हैं। शाहरुख खान के साथ मैच देखना अच्छा नहीं है क्योंकि जब हमारी टीम अच्छा परफॉर्म नहीं कर रही होती है, तो वह मुझ पर अपना गुस्सा निकालते हैं। मैं उनसे कहती हूं कि वह यह बात मुझे नहीं बल्कि टीम को बताएं। एक्ट्रेस ने आगे कहा कि इसलिए हम मैच देखने के लिए अच्छे लोग नहीं हैं। मुझे लगता है कि यही बात आईपीएल टीम के कई मालिकों के साथ भी लागू होती है, उन सभी को अपनी टीमों के खेलने के दौरान पसीना बहाते हुए देखा जा सकता है। बता दें कि जूही चावला और शाहरुख खान फैमिली फ्रेंड हैं। दोनों की दोस्ती दशकों पुरानी है। जूही चावला ने शाहरुख खान के साथ कई फिल्मों में काम किया है। वह आर्यन खान के भी बेहद करीब हैं। जब आर्यन खान क्रूज केस में फंसे थे तो जूही चावला ने ही उनकी मदद की थी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

एक नजर

छत्तीसगढ़: सुरक्षाबलों ने दो इनामी महिला नक्सली को किया गिरफ्तार

बीजापुर। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों ने दो इनामी महिला नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के फरसेगढ़ और कुटरू थाना क्षेत्र में सुरक्षाबलों ने एक लाख रुपये की इनामी महिला नक्सली पोयाम फगनी और 10 हजार रुपये की इनामी पोयाम सन्नी को गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने कहा- बुधवार को चुचकोंटा गांव से महिला नक्सली पोयाम सन्नी (34) को गिरफ्तार किया, वहीं दूसरी को केतुलनार गांव से फरसेगढ़ से पोयाम फगनी (30) को गिरफ्तार कर किया गया है। उन्होंने बताया कि दोनों महिला नक्सली एक ग्रामीण की हत्या, मारपीट और पुलिस दल पर हमला समेत अन्य नक्सली घटनाओं में शामिल थीं।

कर्नाटक में बोरवेल में गिरा दो साल का बच्चा, 20 घंटे बाद बाहर निकाला

विजयपुरा। कर्नाटक के लचायन गांव में एक दो वर्षीय बच्चा बुधवार की शाम को 15-20 फीट की गहराई बोरवेल में गिर गया। बच्चे की पहचान सात्विक मुजागोंद के तौर पर की गई है जो विजयपुड़ा जिले में सिर के बल बोरवेल में गिरा था। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ ने 20 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद बच्चे को बोरवेल से बाहर निकाल लिया है। बुधवार शाम अपने माता-पिता के खेत में खेलते समय बोरवेल में गिर गया।

एयरलाइन विस्तारा का गतिरोध बरकरार, 20 उड़ानें रद

मुंबई। पायलटों की नाराजगी की वजह से टाटा समूह की एयरलाइन विस्तारा की उड़ानों के रद होने का सिलसिला गुरुवार को भी जारी रहा। समस्या बरकरार रहने से करीब 20 उड़ानें रद करनी पड़ीं। बुधवार को भी 26 उड़ानें रद हुई थीं। हालांकि, एयरलाइन के सीईओ विनोद कन्नन ने नाराज पायलटों से समस्या के समाधान का वादा किया था। समस्या अबतक हल नहीं हो पाई है। जिससे गुरुवार को 20 उड़ानें रद कर दीं।

हिमाचल में 5.3 की तीव्रता से आया भूकंप, भय से बाहर निकले लोग

शिमला/चंडीगढ़। हिमाचल प्रदेश के जिला चंबा समेत उत्तर भारत के कई हिस्सों में गुरुवार देर रात भूकंप के तेज झटका महसूस किए गए। अचानक लगे भूकंप के झटके के बाद लोग अपने घरों से निकाल कर खुली जगह पर पहुंच गए। भूकंप के झटके की तीव्रता 5.3 आंकी गई। किसी के हताहत होने की कोई जानकारी नहीं है। चंडीगढ़ के साथ ही पंजाब और हरियाणा के विभिन्न हिस्सों में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप का केंद्र चंबा में 10 किमी की गहराई में आया।

संदेशखालि की घटना बेहद शर्मनाक हर नागरिक की सुरक्षा जरूरी: हाईकोर्ट

कोलकाता, एजेंसी

- कलकत्ता हाईकोर्ट ने ममता सरकार को लगाई फटकार, कहा- सुरक्षा प्रदान करना बंगाल सरकार की नैतिक जिम्मेदारी

कलकत्ता हाईकोर्ट ने गुरुवार को ममता सरकार को फटकार लगाते हुए कहा है कि संदेशखालि की घटना बेहद शर्मनाक है। कोर्ट ने कहा कि यह राज्य सरकार की जिम्मेदारी है कि हर नागरिक को सुरक्षा प्रदान की जाए। साथ ही कोर्ट ने नसीहत देते हुए कहा कि संदेशखालि मामले में जिला प्रशासन और बंगाल सरकार को नैतिक जिम्मेदारी लेनी चाहिए।

बता दें कि संदेशखालि में अनेक टीएमसी नेताओं पर स्थानीय लोगों की जमीन हड़पने व महिलाओं के यौन शोषण के आरोप लगे हैं। कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवगणनम और न्यायमूर्ति हिरण्मय भट्टाचार्य की खंडपीठ ने गुरुवार को संदेशखालि की घटना पर दायर कुल पांच जनहित याचिकाओं पर सुनवाई की। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि यदि इनमें से एक भी हलफनामा सही है तो यह शर्मनाक बात होगी। उन्होंने कहा, पूरे जिला प्रशासन और सत्तारूढ़ शासन को 100 प्रतिशत नैतिक जिम्मेदारी निभानी होगी। जज बोले सांख्यिकीय रिपोर्ट के अनुसार पश्चिम बंगाल महिलाओं के लिए सबसे सुरक्षित राज्य है। उन्होंने कहा, पश्चिम बंगाल महिलाओं की सुरक्षा के मामले में नंबर एक पर है, और अगर टिबरेवाल द्वारा दायर एक हलफनामा सही साबित होता है, तो राय बदल जाएगी और राज्य की छवि खराब हो जाएगी। एक याचिकाकर्ता के वकील ने कोर्ट से पूरी घटना की जांच किसी स्वतंत्र एजेंसी से कराने की मांग की। एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया जाना चाहिए और राज्य के बाहर के एक अधिकारी को प्रभारी रखा जाना चाहिए। मणिपुर की तरह एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश के नेतृत्व में जांच समिति बनाई जानी चाहिए। पीड़ितों को मुआवजा मिलना चाहिए। एक अन्य जनहित याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि इस मामले में गवाहों को सुरक्षा प्रदान की जाए।

पांच साल में 28 फीसदी बढ़ी राहुल गांधी की संपत्ति

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को केरल के वायनाड से नामांकन दाखिल किया। राहुल ने जो हलफनामा दिया है, उसके मुताबिक उनके पास कुल 20.39 करोड़ रुपये की संपत्ति है। इसमें 9.24 करोड़ रुपये चल और 11.15 करोड़ की अचल संपत्ति है। 2019 में राहुल ने कुल 14.85 करोड़ रुपये की संपत्ति बताई थी है। यानी 5 साल में उनकी संपत्ति 5.54 करोड़ रुपये से 28 फीसदी बढ़ोतरी हुई है। बचत से ज्यादा निवेश: राहुल बैंक से ज्यादा शेयर और म्यूचुअल फंड में निवेश पर भरोसा करने लगे हैं। उनके पास 4.33 करोड़ के शेयर और 3.81 करोड़ के म्यूचुअल फंड हैं। हालांकि बैंक में महज 6.25 लाख जमा हैं।

- 18 केस दर्ज... राहुल ने शपथ पत्र में 18 आपराधिक केस का जिक्र किया है। इसमें मानहानि केस में सूरत कोर्ट की तरफ से सुनाई सजा का भी जिक्र है। 2019 में दाखिल हलफनामे में उन्होंने अपने खिलाफ 6 केस का जिक्र किया था।

2004 के चुनाव में इतनी थी संपत्ति



राहुल गांधी ने साल 2004 में नामांकन के दौरान दिए गए हलफनामे में बताया था कि उनके पास महज 55 लाख 83 हजार 123 रुपये मूल्य की कुल संपत्ति है। फिर 2009 के अगले लोकसभा चुनाव में उन्होंने अपनी कुल संपत्ति की कीमत 2 करोड़ रुपये बताई जो 2014 के लोकसभा चुनाव के वक्त 9 करोड़ 40 लाख रुपये हो गई। हलफनामें में कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने बताया कि उनके पास 40 हजार रुपये नकदी है, उनके 17.93 लाख रुपये कई बैंकों में जमा हैं। इसके अलाव राहुल गांधी ने 5.19 करोड़ रुपये विभिन्न कंपनियों के बॉन्ड, डिबेंचर और शेयरों में लगा रखे हैं। उनके पास 333.3 ग्राम सोना भी है। दिल्ली के सुल्तानपुर गांव में उनके पास खेती की पैतृक जमीन भी है, इसके अलावा गुरुग्राम में उनके पास दो कार्यालय भी हैं।

कमाई करोड़ों की बैंक में मात्र 26 लाख रुपये...

राहुल गांधी ने शपथ पत्र में बताया है कि बीते पांच सालों में उन्हें कुल 6 करोड़ रुपये की आमदनी हुई। उनके पास कुल 20.39 करोड़ रुपये की संपत्ति है। राहुल गांधी ने बताया है कि उनके पास कुल नकदी 55 हजार रुपये की है और इसके अलावा 26 लाख रुपये की धनराशि बैंक में जमा है। राहुल के एफीडेविट में जिक्र किए ब्योरे के अनुसार उनकी संपत्ति में 2019 की तुलना में 28 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है।

परिवर्तनकारी सुधारों से युद्ध क्षमताओं को धारदार बनाएगी भारतीय सेना

सैन्य कमांडर सम्मेलन में भारतीय सेना की बहुआयामी रणनीति पर दिया जोर

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय सेना भविष्य में सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए अपनी युद्ध क्षमता को विकसित करेगी। इसके लिए 'प्रतिद्वंदी बल' के रूप में एक विशेष संगठन तैयार करने पर विचार किया है। इसकी वजह यह है कि प्रतिद्वंदी बल के साथ भारतीय सेना युद्ध और प्रशिक्षण की बारिकियों पर ध्यान दे सके। दिल्ली में आयोजित सैन्य शीर्ष कमांडर सम्मेलन में उच्च पदस्थ अफसरों ने भारतीय सेना की मानव संसाधन प्रबंधन नीति को संशोधित करने का भी निर्णय लिया।

अफसरों का मानना है कि भविष्य में भारतीय सेना की तकनीक संबंधित आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए मानव संसाधन प्रबंधन नीति का नवीनीकरण जरूरी है। इस दौरान भारतीय सेना के उप प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने सैन्य कमांडरों और वरिष्ठ अधिकारियों को संबोधित किया। उन्होंने मौजूदा सुरक्षा माहौल की समीक्षा करते हुए भारतीय सेना की बहुआयामी रणनीति और केंद्रीय दृष्टिकोण की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सेना के तकनीक-सक्षम और आत्मनिर्भर भविष्य के लिए सर्वोत्तम प्रणालियों को अपनाना जरूरी है। साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि भारतीय सेना के लिए यह पहल एक बड़ा परिवर्तन साबित हो सकती है। बता दें, सैन्य कमांडरों का सम्मेलन मंगलवार को दिल्ली में संपन्न हुआ। यह द्विवार्षिक कार्यक्रम 28 मार्च को थलसेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे की अध्यक्षता में एक ऑनलाइन सत्र के साथ शुरू हुआ था इसके बाद एक और दो अप्रैल को आमने-सामने की चर्चा हुई।

संशोधित होगी मानव संसाधन प्रबंधन नीति, मजबूत होगा बुनियादी ढांचा

सम्मेलन में शीर्ष अधिकारियों ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। यह फैसला लिया गया कि भारतीय सेना की मानव संसाधन प्रबंधन नीतियों को संशोधित किया जाएगा। यह संशोधित नीति सेना के तकनीक-सक्षम भविष्य के लिए मददगार होगी। इसके अलावा सीमावर्ती क्षेत्रों में उन्नत क्षमता निर्माण और बुनियादी ढांचे के विकास के प्रयासों में तेजी लाई जाएगी। इसके लिए अन्य मंत्रालयों के साथ सहयोग करने के अधिक अवसर तलाशे जाएंगे।

आत्मनिर्भरता पर रहेगा फोकस, नवाचार क्षमता को बढ़ाया जाएगा

सम्मेलन के दौरान सेना के शीर्ष अधिकारियों ने आत्मनिर्भरता पर ध्यान देने की बात कही। उनका मानना है कि भविष्य की क्षमता विकास की दिशा में विशिष्ट प्रौद्योगिकी को शामिल करना बड़ी पहल साबित होगा। इस दिशा में आर्मी डिजाइन ब्यूरो की नवाचार क्षमता को बढ़ाया जाएगा। सेना ने कहा कि इस पहल को और मजबूत करने के लिए अलग से एक फंड हेड का विकल्प तलाशा जाएगा। इसके अलावा सैन्य परीक्षणों में अधिक दक्षता और निरंतरता सुनिश्चित की जाएगी।

सीबीआई की कार्रवाई सऊदी अरब से भारत लाया गया वांछित

नई दिल्ली। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) द्वारा जांच किए जा रहे सोना तस्करी के एक मामले में वांछित और इंटरपोल के रेड नोटिस का सामना कर रहे एक आरोपी को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा समन्वित एक अभियान में सऊदी अरब से वतन वापस लाया गया है।

अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। सीबीआई के प्रवक्ता ने बताया कि जांच एजेंसी के वैश्विक अभियान केंद्र ने शौकत अली की सऊदी अरब से मुंबई वापसी के लिए इंटरपोल के माध्यम से राष्ट्रीय केंद्रीय ब्यूरो-रियाद के साथ समन्वय किया है। अली को बुधवार रात वापस लाया गया। अली राजस्थान के जयपुर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर तस्करी कर लाई गई सोने की छड़ों की जब्ती से संबंधित 2020 में दर्ज मामले में वांछित था। इस मामले की जांच एनआईए कर रही है।

अधिकारी ने बताया, "जांच के दौरान यह पता चला कि आरोपी शौकत अली ने सह आरोपियों के साथ मिलकर सऊदी अरब से भारत में सोने की छड़ों की तस्करी की साजिश रची थी।

चीन-पाक को छोड़कर सभी पड़ोसी देशों से रिश्ते बेहतर

तिरुवनंतपुर, एजेंसी

- विदेश मंत्री जयशंकर बोले-चीन के साथ भारत के संबंध चुनौतीपूर्ण

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने गुरुवार को कहा कि चीन और पाकिस्तान को छोड़कर सभी पड़ोसी देशों से भारत के संबंधों में पहले की तुलना में काफी सुधार हुआ है। क्षेत्र में भारत की कूटनीतिक प्रगति के बारे में मीडिया से बातचीत के दौरान जयशंकर ने कहा कि चीन के साथ भारत के संबंध चुनौतीपूर्ण हैं, लेकिन देश आश्वस्त है और अपने हितों की रक्षा करने में सक्षम है।

विदेश मंत्री बोले- भारत के आसपास के छोटे देशों में चीनी हस्तक्षेप चिंता का विषय है, लेकिन भारत एक ऐसा देश है जो आज आश्वस्त है, जो अपने हितों को आगे बढ़ाने और उनकी रक्षा करने में सक्षम है, दुनिया में हम प्रतिस्पर्धा करेंगे। मंत्री ने इस बात को खारिज किया कि एक दशक पहले की तुलना में अब ऐसे पड़ोसियों की संख्या अधिक है जो भारत के प्रति मित्रवत नहीं हैं। विदेश मंत्री ने कहा, पड़ोस में ऐसी ताकतें हो सकती हैं जो समस्याएं पैदा करती हैं और भारत में ऐसे लोग हो सकते हैं जो इन समस्याओं को तूल देना पसंद करते हैं। जयशंकर ने कहा, चीन के साथ हमारे संबंध बहुत ही असामान्य हैं, और पाकिस्तान के साथ भी हमारे संबंध ठीक नहीं हैं - आप सभी जानते हैं कि हमारे वर्तमान संबंधों की स्थिति क्या है।

कच्चातिवु वार्ता में द्रमुक पक्षकार थी : जयशंकर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कच्चातिवु को लेकर दिए गए बयान के बाद से ही राजनीतिक सरगर्मियां बढ़ गई है। तमाम दलों के बीच बयानबाजी का दौरा शुरू हो गया है। इस बीच डीएमके पर कटाक्ष करते हुए जयशंकर ने दावा किया कि तत्कालीन केंद्र के साथ डीएमके ने पांच दशक पहले बातचीत की थी, बाद में जो निर्णय लिया गया उसमें भी उन्होंने सहमति दिखाई थी। डीएमके पर कटाक्ष करते हुए जयशंकर ने कहा कि जो सबसे खास है वह यह है कि तमिलनाडु के लोगों को सच्चाई पता होनी चाहिए।

भारत की जेल में बंद मिशेल की रिहाई के लिए सुनक से मांग

लंदन। ब्रिटेन सरकार ने कहा कि वह वीवीआईपी हेलीकॉप्टर घोटाले के आरोपी क्रिश्चियन मिशेल को राजनयिक सहायता प्रदान करना जारी रखेगी। ब्रिटेन के विदेश, राष्ट्रमंडल और विकास कार्यालय (एफसीडीओ) का बयान लगभग 15 साल पुराने अगस्ता वेस्टलैंड हेलीकॉप्टर सौदा मामले में आरोपी बिचौलिए की रिहाई के लिए मिशेल के परिवार की एक और याचिका के जवाब में आया। मिशेल के बेटे एलोइस ने लंदन में सुनक से मामले में हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया है। ब्रिटेन सरकार के एक प्रवक्ता ने कहा, हम मिशेल और उसके परिवार को राजनयिक सहायता प्रदान करना जारी रखे हुए हैं। आगे कहा भारत से इस मामले में वार्ता की है।

नाटो का लंदन में जश्न...

लंदन: अमेरिका के नेतृत्व वाली गठबंधन सेना नाटो की 75वीं वर्षगांठ (डायमंड जुबली) 4 अप्रैल को थी। इसकी पूर्व संध्या पर चेंजिंग ऑफ द गार्ड सेरेमनी मनाई गई। इसी दौरान शाही परिवार के विशेष घुड़सवारी दल के साथ बैंड ने परेड की। जश्न गुरुवार तक जारी रहा। इस उत्सव में नाटो देशों के विदेश मंत्री भी जुटे। इसके अलावा जुलाई में अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन में भी आयोजन होगा। नाटो की स्थापना 4 अप्रैल 1949 को हुई थी। इस गठबंधन में अभी 32 देश शामिल हैं। इनमें से 30 देश तो यूरोप के हैं। ● एजेंसी

अमेरिका में भारतीय समेत दो लोगों की हत्या के दोषी को फांसी

वाशिंगटन। 2002 में अमेरिकी राज्य ओक्लाहोमा में एक भारतीय सहित दो लोगों की गोली मारकर हत्या करने के दोषी 41 वर्षीय व्यक्ति को गुरुवार को फांसी दे दी गई। माइकल ड्वेन स्मिथ को मैकलेस्टर शहर में ओक्लाहोमा स्टेट पेनिटेंटरी में घातक इंजेक्शन द्वारा मार डाला गया था। 22 फरवरी, 2002 को अलग-अलग घटनाओं में 24 वर्षीय भारतीय स्टोर क्लर्क शरथ पुल्लुरु और 40 वर्षीय जेनेट मूर की हत्या के लिए स्मिथ मौत की सजा पर थे। ओक्लाहोमा के अटॉर्नी जनरल ने स्मिथ की फांसी के बाद कहा कि आज का दिन जेनेट मिलर-मूर और शरथ पुल्लुरु के परिवारों के लिए कुछ हद तक शांति लाएगा। उनके प्रियजनों के लिए यह 22 साल लंबे और कठिन रहे हैं।

कम लागत में होगा कैंसर का इलाज मुर्मू ने लांच की पहली स्वदेशी थेरपी

मुंबई, एजेंसी

- राष्ट्रपति बोलीं- सीएआर टी-सेल थेरेपी से मानव जाति को मिलेगी नई उम्मीद

कैंसर वैश्विक स्तर पर तेजी से बढ़ती गंभीर बीमारी है, जिसका जोखिम साल-दर साल बढ़ता देखा जा रहा है। भारत में भी कैंसर रोग एक बड़ा खतरा रहा है। पवई स्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) बॉम्बे में आयोजित एक कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को कैंसर के इलाज के लिए स्वदेशी रूप से विकसित सीएआर टी-सेल थेरेपी की शुरुआत की।

आईआईटी बॉम्बे और टाटा मेमोरियल सेंटर द्वारा विकसित यह जीन-आधारित थेरेपी विभिन्न प्रकार के कैंसर को ठीक करने में मदद करेगी। एक अध्ययन के अनुसार, भारत में साल 2019 में लगभग 12 लाख नए कैंसर के मामले और 9.3 लाख मौतें दर्ज की गई थीं। भारत, एशिया में इस बीमारी के बोझ वाल दूसरा सबसे बड़ा देश है। सीएआर टी-कोशिका-सेल थेरेपी भारत की पहली 'मेड इन इंडिया' सीएआर टी-कोशिका-सेल थेरेपी है, जिससे इलाज की लागत में काफी कमी आने की उम्मीद जताई गई है।

टाटा मेमोरियल सेंटर के निदेशक सुदीप गुप्ता ने कहा कि सीएआर टी-सेल थेरेपी एक बेहद महंगा उपचार है, जो अधिकतर लोगों की पहुंच से बाहर है। उन्होंने कहा, नेक्ससीएआर19 का भारत के बाहर उपलब्ध इलाज की कीमत से तकरीबन 10 गुना कम खर्च है।

लद्दाख में सैन्य हेलीकॉप्टर की आपात लैंडिंग, कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी का आदेश

नई दिल्ली। भारतीय वायु सेना के एक अपाचे हेलीकॉप्टर को लद्दाख में आपातकालीन लैंडिंग करनी पड़ी। इस दौरान उतार-चढ़ाव वाले इलाके और अधिक ऊंचाई के कारण हेलीकॉप्टर को नुकसान पहुंचा है। हालांकि इसमें सवार दोनों पायलट सुरक्षित हैं। वायुसेना ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घटना बुधवार को हुई।

वायु सेना ने घटना की कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी के आदेश दे दिए हैं। आईएएफ ने एक संक्षिप्त बयान में कहा, 'आईएएफ के अपाचे हेलीकॉप्टर ने 3 अप्रैल को लद्दाख में एक परिचालन प्रशिक्षण उड़ान के दौरान एहतियाती लैंडिंग की। इस लैंडिंग की प्रक्रिया के दौरान, उतार-चढ़ाव वाले इलाके और उच्च ऊंचाई के कारण इसे नुकसान हुआ।'

इसमें कहा गया, 'विमान पर सवार दोनों पायलट सुरक्षित हैं और उन्हें निकटतम एयरबेस पर ले जाया गया है। कारण का पता लगाने के लिए कोर्ट ऑफ इंक्वायरी का आदेश दिया गया है।

बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि प्राइम का हुआ सफल परीक्षण

नई दिल्ली, एजेंसी

- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने डीआरडीओ को दी बधाई

सामरिक बल कमान ने डीआरडीओ के साथ मिलकर कल (बुधवार) शाम लगभग 7:00 बजे ओडिशा के तट पर डॉ एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से नई पीढ़ी की बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि-प्राइम का सफल उड़ान परीक्षण किया। रक्षा मंत्रालय ने इस परीक्षण की पुष्टि की। मंत्रालय ने कहा- रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) के साथ मिलकर 1,000 से 2,000 किमी की मारक क्षमता वाली मिसाइल का सफल परीक्षण किया।

प्रक्षेपण के मौके पर सीडीएस जनरल अनिल चौहान, स्ट्रैटजिक फोर्सेज कमांड के प्रमुख और डीआरडीओ और भारतीय सेना के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सफल परीक्षण के लिए डीआरडीओ, एसएफसी और सशस्त्र बलों को बधाई दी है। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा, "रणनीतिक बल कमान (एसएफसी) ने रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) के साथ मिलकर 3 अप्रैल को लगभग 07:00 बजे ओडिशा के तट पर एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से नई पीढ़ी की बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि-प्राइम का सफल उड़ान परीक्षण किया गया है।

विज्ञान मुख्य खोजकर्ता डॉ. निकोल नेविल ने की खोज, सूर्य की उत्पत्ति से पहले अस्तित्व में आया है यह कण

वैज्ञानिकों ने की ब्रह्मांड के दुर्लभ कण की खोज

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार: वैज्ञानिकों ने एक ऐसे दुर्लभ धूल कण की खोज की है, जिसका सम्बंध हमारे सूर्य के अलावा किसी अन्य तारे से है। कर्टिन विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने यह खोज की है, जो प्राचीन धूल कणों की उत्पत्ति में प्रकाश डाल सकती है।

मुख्य खोजकर्ता डॉ. निकोल नेविल ने अपने सहयोगियों के साथ यह खोज की है। उल्कापिंड हमारे सौर मंडल में बने पदार्थों से बने होते हैं और इनमें बहुत छोटे कण भी हो सकते हैं, जो हमारे सूर्य से बहुत पहले पैदा हुए सितारों से उत्पन्न होते हैं। इन्हें प्रीसोलर ग्रेन के रूप में जाना जाता है। इन कणों के अंदर विभिन्न प्रकार के तत्व मौजूद होते हैं। का विश्लेषण करके पाए जाते हैं।

ब्रह्मांड के कणों की फोटो।

डॉ. नेविल के अनुसार ये कण एक तरह के आकाशीय कैप्सूल की तरह हैं, जो अपने मूल तारे के जीवन का एक स्नैपशॉट हैं। यह हमारे सौर मंडल में निर्मित सामग्री में आइसोटोप का अनुमानित अनुपात होता है। इस खोज को लेकर डॉ. डेविड सैक्से ने कहा है कि अनुसंधान विश्लेषणात्मक तकनीक और खगोल भौतिकी मॉडल को आगे बढ़ाने में यह खोज महत्वपूर्ण हो सकती है।

इससे ब्रह्मांड को समझने के तरीके में नई दिशा मिलती है।। हाल ही में हाइड्रोजन बर्निंग सुपरनोवा की खोज भी हुई है, यह एक तारा है। इस सुपरनोवा में नई खोज की तरह के कण मौजूद हैं। दोनों के धूल कण का विश्लेषण करने के बाद यह जानकारी सामने आई है।

ब्रह्मांड के रहस्यों को समझने में मिलेगी मदद

कर्टिन स्कूल ऑफ अर्थ एंड प्लैनेटरी साइंसेज के प्रोफेसर फिल ब्लैंड कहते हैं कि ब्रह्मांड के अनेक रहस्यों को जानने के लिए उल्कापिंडों में दुर्लभ कण बड़ा योगदान दे सकते हैं। ब्रह्मांड के अनेक रहस्य आज भी बने हुए हैं। जिन्हे समझने के लिए निरंतर अनुसंधान जारी हैं।

इंदौर में एकतरफा प्यार में युवक और युवती की गोली मारकर हत्या

इंदौर, एजेंसी

- आरोपी ने खुद भी कॉलेज परिसर में जाकर गोली मारकर आत्महत्या कर ली, पास से देसी पिस्तौल जब्त

इंदौर में एक सिरफिरे प्रेमी ने एकतरफा प्यार में लड़की और उसके रिश्तेदार की गोली मारकर हत्या कर दी। इसके बाद आरोपी ने खुद को एक कॉलेज परिसर में जाकर गोली मारकर आत्महत्या कर ली।

यह घटना स्वामी नारायण मंदिर की है। इंदौर की रहने वाली युवती स्नेहलता जाट महाराजा रणजीत सिंह कॉलेज की छात्रा है। वह अपने रिश्तेदार दीपक जाट के साथ मंदिर आई थी। इस बीच मंदिर परिसर में युवक अभिषेक यादव आया। वह स्नेहालता को चाहता था और प्रपोज भी किया था। बाद में युवती ने बातचीत बंद कर दी। इससे अभिषेक नाराज था। उसने युवती को जान से मारने की धमकी भी दी थी। परिजनों को यह बात युवती ने बताई थी। मंदिर परिसर में आने के बाद अभिषेक ने स्नेहालता से बहस शुरू कर दी। विवाद बढ़ गया और आरोपी ने पिस्तौल निकाल कर पहले युवती को गोली मारी। उसका रिश्तेदार दीपक बचाने आया तो उसे भी अभिषेक ने गोली मार दी।

इसके बाद वह भाग गया। लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया, लेकिन दोनों की मौत हो चुकी थी। दोनो को गोली मारने के बाद आरोपी अभिषेक अरिहंत कॉलेज में घुसा खुद को गोली मार ली। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर हत्या में प्रयुक्त रिवाल्वर जब्त कर ली है। आरोपी अभिषेक सिहोर का रहने वाला था। फिलहाल वह द्वारकापुरी में रहता था।